
सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका

# समसामयिकी क्रॉनिकल

अप्रैल 2023 ■ ₹ 40

- बाफ्टा अवार्ड-2023
- संसद रत्न अवॉड्र्स 2023
- भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास तरकश
- जम्मू के बाग-ए-बहू में सरस आजीविका मेला 2023
- सुप्रीम कोर्ट में सात नए जजों की नियुक्ति
- इंदौर हरित बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला नगर निकाय
- मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण 2022-23 लॉन्च
- इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो कोलकाता में संपन्न
- 'मॉर्निंग कंसल्ट' के अनुसार नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता
- यूपी सरकार द्वारा वन फैमिली वन आइडेंटिटी पोर्टल लॉन्च
- काला घोड़ा कला महोत्सव 2023
- हरियाणा के फतेहाबाद जिले के गोरखपुर में परमाणु संयंत्र
- ग्लोबल क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स
- मुंबई विश्व का दूसरा सबसे बड़ा प्रदूषित शहर
- ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार महिला टी 20 विश्व कप का खिताब जीता
- बीवीआर सुब्रमण्यम नीति आयोग के नये CEO नियुक्त
- अजय बंगा विश्व बैंक के अध्यक्ष नामित
- भारतीय संगीतकार रिकी केज को ग्रैमी पुरस्कार
- पैगी मोहन को 'मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर' पुरस्कार




**पत्र पत्रिका सार संक्षेप**
(योजना और कुरुक्षेत्र-फरवरी, 2023)

**चर्चित शब्द मंजूषा**

**उत्तर प्रदेश बजट-2023-24**
(पॉइंटर रूप में)

**राजस्थान बजट-2023-24**
(पॉइंटर रूप में)

**यूपीएसएसएससी पीईटी परीक्षा 2022**
(हल प्रश्न पत्र)




**50 वस्तुनिष्ठ समसामयिक प्रश्न**
26 जनवरी, 2023 से 25 फरवरी, 2023
के घटनाक्रम पर आधारित

**GK/GS तथ्यावलोकन**
- विज्ञान के प्रमुख नियम

प्रतियोगिता परीक्षा
**प्रश्नोत्तर सार**
- 68वीं बी पी एस सी प्रारंभिक परीक्षा
- यूपीपीएससी न्यायिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023

अप्रैल 2023 | वर्ष : 10 | अंक : 2

सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका

समसामयिकी क्रॉनिकल

# इस अंक में...

## 04 राज्य

- "वन फैमिली वन आइडेंटिटी'' यूपी सरकार द्वारा पोर्टल लॉन्च
- लाडली बहना योजना को लेकर गाइडलाइन जारी
- कोल जनजाति महाकुंभ
- तीजनबाई को संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (अकादमी रत्न)
- राजस्थान सरकार द्वारा वृक्षारोपण बढ़ाने के लिए नई पहल
- पद्म पुरस्कार-2023 में राजस्थान
- पश्चिम बंगाल बजट 2023-24 पेश किया गया
- बिहार में आभा अकाउंट नम्बर
- जेबरा बबली की मौत
- हृषीकेश सुलभ को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

## 14 राज्य बजट 2023-24

- उत्तर प्रदेश बजट 2023-24
- राजस्थान बजट 2023-24

## 20 राष्ट्रीय

- जम्मू के बाग-ए-बहू में सरस आजीविका मेला 2023
- कर्नाटक के तुमकुरु में हेलीकॉप्टर उत्पादन इकाई
- सुप्रीम कोर्ट में 5 कुल 7 नए जजों की नियुक्ति
- इंदौर हरित बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला नगर निकाय
- जम्मू-कश्मीर में लीथियम भंडार की खोज
- मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण 2022-23 लॉन्च
- 13 नए राज्यपालों की नियुक्ति

## 26 आर्थिकी

- वर्ष 2023-24 में अनुमानित आर्थिक विकास दर 6.5%
- भारत और सिंगापुर के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी
- मुख्य फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान 2022-23
- ''अग्रदूत-2023'' हैकथॉन

## 29 अंतरराष्ट्रीय

- तुर्की में भूकंप
- अक्साई चीन क्षेत्र में एक नई रेलवे लाइन
- मारबर्ग वायरस
- श्री कटास राज मंदिर
- विश्व बैंक के प्रमुख डेविड मालपास का इस्तीफा

## 32 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- INS विक्रांत पर तेजस और मिग-29K की लैंडिंग
- डिजिटल फोरेंसिक प्रयोगशाला की स्थापना
- हाइड्रोजन से चलने वाला ट्रक
- गूगल का नया एआई चैटबॉट 'बार्ड' लांच
- MobiKwik यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड को सपोर्ट करने वाला ऐप

## 36 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

- कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए
- भारत में पैंगोलिन का अवैध शिकार और तस्करी
- विश्व आर्द्रभूमि दिवस
- 50 मिलियन डॉलर के जलवायु कोष की घोषणा
- लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल

## 38 रिपोर्ट एवं सूचकांक

- 'मॉर्निंग कंसल्ट' सर्वेक्षण के अनुसार सबसे लोकप्रिय नेता
- ग्लोबल क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स-2021

## 40 योजना एवं कार्यक्रम

- कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर
- सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन
- राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय
- ब्लाक आकांक्षी जिला कार्यक्रम

## 42 बैंकिंग, फाइनेंस, सेवा और बीमा

- वोडाफोन-आइडिया के ब्याज बकाया हेतु इक्विटी की मंजूरी
- कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड "डिजिटल रुपी" लागू करेगा
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सोशल स्टॉक एक्सचेंज
- पेमेंट एग्रीगेटर्स के लिए लाइसेंस जारी
- बीमा सुगम पोर्टल लांच

### सार-संक्षेप

- निधन ........................................ 44
- नियुक्ति........................................ 45
- पुरस्कार ........................................ 46
- अभ्यास, दिवस ........................ 48
- विविध ........................................ 49

## 50 खेल

## 53 वनलाइनर समसामयिकी

## 56 प्रत्र पत्रिका सार संक्षेप

## 61 चर्चित शब्द मंजूषा

## 64 GK/GS तथ्यावलोकन

## 66 प्रश्नोत्तर सार

## 75 यू.पी. PET हल प्रश्न-पत्र

## 80 समसामयिक प्रश्न

**संपादकः** एन.एन. ओझा
**अध्यक्षः** संजीव नन्दक्योलियार
**उपाध्यक्षः** कीर्ति नंदिता
**संपादकीयः** 9582948817, cschindi@chronicleindia.in
**विज्ञापनः** 9953007627, advt@chronicleindia.in
**सदस्यताः** 9953007629, subscription@chronicleindia.in
**प्रसारः** 9953007630, circulation@chronicleindia.in
**व्यावसायिक कार्यालयः** क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
ए-27 डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301
**Tel.:** 0120-2514610-12, info@chronicleindia.in

**क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.:** प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। उनसे संपादक का सहमत या असहमत होना जरूरी नहीं है। संपादक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धृत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता। पाठकों से अनुरोध है कि पत्रिका में छपे किसी भी विज्ञापन की सूचना की जांच स्वयं कर लें। समसामयिकी क्रॉनिकल, विज्ञापनों में प्रकाशित दावों के लिए किसी प्रकार जिम्मेदार नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा.लि. के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक-मृणाल ओझा** द्वारा एच-31, प्रथम तल ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नयी दिल्ली-110016, से प्रकाशित एवं राजेश्वरी फोटोसेटर्स प्रा. लि., 2/12 ईस्ट पंजाबी बाग नयी दिल्ली से मुद्रित- **संपादक एन.एन. ओझा**

# राज्य समाचार

## उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड

### "वन फैमिली वन आइडेंटिटी'' यूपी सरकार द्वारा पोर्टल लॉन्च

उत्तर प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल, **'फैमिली आईडी - वन फैमिली वन आइडेंटिटी'** लॉन्च किया है।

- यह पोर्टल प्रदेश के परिवारों के लिए सरकारी योजनाओं तक पहुंच को आसान बनाने के लिए किया गया है।
- इसका उद्देश्य उन परिवारों को **मुफ्त या सस्ता राशन उपलब्ध कराना** है, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है।
- यह उत्तर प्रदेश में परिवारों का एक **व्यापक डेटाबेस** तैयार करेगा।

### आगरा के किले में मनायी गयी शिवाजी जयंती

19 फरवरी, 2023 आगरा किले के दीवान-ए-आम में शिवाजी जयंती का आयोजन किया गया।

- इसी किले में छत्रपति शिवाजी का अपमान हुआ था।
- छत्रपति शिवाजी महाराज की 393वीं जयंती के अवसर पर आगरा किले के दीवान-ए-आम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- महाराष्ट्र सरकार द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को 'शिव जयंती उत्सव' के रूप में मनाया गया।

### विधायी डिजिटल वीथिका' का लोकार्पण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विधान भवन में 'विधायी डिजिटल वीथिका' का लोकार्पण किया गया। यह वीथिका देश के सबसे बड़े राज्य के विधानभवन का गौरवशाली इतिहास डिजिटल गैलरी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करेगा।

- देश और दुनिया के सबसे बड़े राज्य विधानमंडल के गौरवशाली इतिहास से आने वाली पीढ़ी और छात्र विशेष रूप से रूबरू होंगे। गैलरी में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में विधानमंडल के 1887 से लेकर अब तक सभी महत्वपूर्ण घटना के दर्शन होंगे।
- इस दौरान विधानमंडल के उतार-चढ़ाव की हर एक महत्वपूर्ण घटना का विवरण गैलरी के माध्यम से लखनऊ आने वाले लोगों को मिलेगा।

### बलिया के इतिहास पर फिल्म निर्माण

मोन्टीनिग्रो की राजदूत द्वारा बलिया के इतिहास पर फिल्म निर्माण किया जायेगा।

- मोन्टीनिग्रो की राजदूत और 1942 में बलिया के तत्कालीन जिलाधिकारी रहे जे. निगम की नातिन डा. जेनिस दरबारी के अनुसार 1942 में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कुछ दिनों के लिए स्वतंत्र हुए बलिया के इतिहास पर अंतरराष्ट्रीय फिल्म बनाई जाएगी ।
- डा. दरबारी ने नाना जे. निगम पर केंद्रित किताब 'द एडमिनिट्रेटर' लिखी है ।
- देश की आजादी से पांच वर्ष पहले ही 1942 में 19 अगस्त को बलिया ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हो गया था।
- यह पूरी दुनिया में सत्ता के शांतिपूर्वक हस्तांतरण की अनोखी मिसाल है। तब चालीस हजार की भीड़ के सामने बिना एक बूंद खून बहे जे. निगम द्वारा सत्ता का हस्तांतरण हुआ था।
- स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कुछ दिनों के लिए स्वतंत्र हुए बलिया के इतिहास पर अंतरराष्ट्रीय फिल्म बनाई जाएगी ।

### समग्र शिक्षा अभियान अभियान

इसका उद्देश्य वंचित वर्ग की लड़कियों को सशक्त बनाना है।

- समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में लड़कियों की सुरक्षा के लिए आरोहिणी पहल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत काम करेगा।
- आरोहिणी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, जिसे तीन चरणों में लागू किया जाएगा, लिंग संवेदीकरण है।
- पहले चरण में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो 1 फरवरी, 2023 से शुरू होगा।
- आरोहिणी अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को स्वतंत्र और आत्मविश्वासी बनाना है।

### चित्रकूट में 50वां राष्ट्रीय रामायण मेला शुरू

उत्तर प्रदेश के पौराणिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में 50वें राष्ट्रीय रामायण मेले का उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा किया गया ।

- चित्रकूट प्रभु श्रीराम की कर्म स्थली है, यहां पर उन्होंने रहकर पूरे विश्व को जीवन जीने की शैली बताई है। रामायण के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म भी चित्रकूट के राजापुर में हुआ था। राम वन गमन मार्ग का निर्माण भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा कराया जा रहा है।

### भारत की पहली हरित सौर पैनल फैक्ट्री

ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज द्वारा उत्तराखंड में देश की पहली हरित ऊर्जा आधारित सौर पैनल निर्माण फैक्ट्री की स्थापना करेगी।

**मुख्य बिन्दुः** इसका निर्माण रुद्रपुर में किया जायेगा। इसके 2023 के अंत तक पूरी तरह से शुरू हो जायेगा।

- 4.5 लाख वर्ग फुट/10 एकड़ में फैली यह सुविधा 500 मेगावाट प्रतिवर्ष की सौर उत्पादन क्षमता को सक्षम करने में मदद करेगी, जिसे 1 गीगावॉट तक बढ़ाया जा सकता है।
- यह 40W से 600W के बिजली उत्पादन के साथ सौर पैनलों की एक शृंखला का उत्पादन करेगी।
- यह सौर पैनल सुविधा पूरी तरह से रोबोटिक है और 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा से ऊर्जा का उपयोग करेगी।

## मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़

### लाडली बहना योजना को लेकर गाइडलाइन जारी

मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना को लेकर गाइडलाइन जारी हो गई है। इसका लाभ निम्न ही नहीं, बल्कि मध्यमवर्गीय परिवार को भी मिलेगा।

- इस योजना के तहत महिलाओं को 1000 रुपये महीना पेंशन प्राप्त होगा।
- वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- इस तरह सरकार को साल भर में 12,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जबकि 5 साल में यह आंकड़ा 60 हजार करोड़ पर पहुंच जाएगा।

### कोल जनजाति महाकुंभ

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के सतना में शबरी माता जयंती के अवसर पर आयोजित 'कोल जनजाति महाकुंभ' को संबोधित किया।

**मुख्य बिन्दुः** 50,699 लाख रुपये की लागत के 17 विकास कार्यों का शिलान्यास और 2,565 लाख रुपये लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

- कोल जनजाति मध्य प्रदेश के रीवा, पन्ना एवं सतना जिलों में पाई जाती है। यह भारत की आदिम जनजातियों में गिनी जाती है।
- कोल जनजाति में पंचायत का अत्यंत महत्व होता है, जिसके निर्णय को सभी लोग मानते हैं। पंचायत को 'गोहिया' एवं 'मैयारी' कहा जाता है।

### तीजनबाई को संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (अकादमी रत्न)

पद्म विभूषण श्रीमती तीजन बाई को गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित गरिमापूर्ण समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप और छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका, पद्मश्री सम्मान से सम्मानित और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ. मोक्षदा (ममता) चंद्राकर को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया।

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 23 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में वर्ष 2019, 2020 और 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी की फैलोशिप (अकादमी रत्न) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किया।

### ग्रामीण तकनीकी केन्द्र की स्थापना

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य के सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के सहयोग से ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य के 300 गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण कराया जा रहा है।

**उद्देश्यः** यहां ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापित कर ग्रामीण युवाओं को विभिन्न रोजगार-व्यवसाय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन केन्द्रों में फल सब्जियों और लघु वनोपजों के विभिन्न उत्पाद तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### छतीसगढ़ के 5 जिलों में देश की पहली मोहल्ला लोक अदालत

देश की पहली मोहल्ला लोक अदालत का आयोजन 10 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के पांच जिलों में एकसाथ किया गया।

- न्याय तुहर द्वार योजना के तहत इस अभियान की शुरुआत की जा रही है।
- यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर किया गया है।
- बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर और अंबिकापुर संभागीय मुख्यालय में इसकी शुरुआत हो रही है।
- इसमें जनोपयोगी सुविधाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी।
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का सूत्र वाक्य है- लोगों को घर पहुंचकर न्याय मिले।

### लिथियम खनिज का भंडार

कोरबा जिले में कटघोरा ब्लाक अंतर्गत महेशपुर में लिथियम खनिज का भंडार मिला है। ग्राम महेशपुर के अलावा रामपुर और नवागांव में भी खुदाई के दौरान लिथियम पाए जाने के संकेत मिले हैं। जमीन से लगभग 80 फीट नीचे लिथियम का भंडार मिला है। भारत में जम्मू-कश्मीर में लिथियम का भंडार मिला था। इसकी क्षमता 59 लाख टन है। भारत में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में लीथियम मिला है।

## राजस्थान/गुजरात

### राजस्थान सरकार द्वारा वृक्षारोपण बढ़ाने के लिए नई पहल

राजस्थान के वन विभाग की सरकार और अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएआईडी) ने 6 फरवरी, 2023 को राजस्थान में राष्ट्रीज आउटसाइड फॉरेस्ट्स इन इंडिया (टीओएफआई)' कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य राज्य में वृक्षारोपण को बढ़ाना है।

**मुख्य बिन्दुः** यह पहल किसानों, कंपनियों और अन्य निजी संस्थानों को एक साथ लाकर राज्य में पारंपरिक वनों के बाहर तेजी से वृक्षारोपण का विस्तार किया जायेगा।

- इस नई पहल से कार्बन पृथक्करण को बढ़ाएगी, स्थानीय समुदायों का समर्थन करेगी और कृषि के जलवायु लचीलेपन को मजबूत करेगी, जिससे वैश्विक जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन लक्ष्यों का समर्थन होगा।

### भारत में वनों के बाहर पेड़ कार्यक्रम सितंबर 2022 में आरम्भ

यह कार्यक्रम असम, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों में $25 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक आवंटित करेगा और इसे इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च

इन एग्रोफोरेस्ट्री (ICRAF, जिसे ICRAF के रूप में भी जाना जाता है) के साथ साझेदारी में लागू किया गया है।

- इस कार्यक्रम द्वारा 2030 तक 2.5 से 3 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर अतिरिक्त 'कार्बन सिंक' बनाने के भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान लक्ष्य में योगदान देगा।

## भरतपुर अभयारण्य के अंदर डॉल्फिन, गैंडों के लिए चिड़ियाघर की योजना

राजस्थान राज्य वन विभाग ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के अंदर एक चिड़ियाघर बनाने का प्रस्ताव दिया है, जो एक विश्व धरोहर स्थल है, जिसे भरतपुर पक्षी अभयारण्य के रूप में जाना जाता है, जिसमें गैंडों, जलीय भैंसों, मगरमच्छ, डॉल्फिन और विदेशी प्रजातियों सहित आर्द्रभूमि प्रजातियों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी।

- वेटलैंड एक्स-सीटू कंजर्वेशन इस्टैब्लिशमेंट (डब्ल्यूईएससीई) कहे जाने वाले इस चिड़ियाघर का उद्देश्य, केओलादेव राष्ट्रीय उद्यान की जैव-विविधता का कायाकल्प करना है, जिससे इसके उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा मिले।"

## इंटीग्रटेड वेब एप्लीकेशन

ऊंटों की घटती संख्या को गंभीरता से लेते हुए 9 फरवरी, 2023 को पंत कृषि भवन में उष्ट्र संरक्षण योजना के आवेदन हेतु बनाये गये इंटीग्रटेड वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण किया गया।

- इस एप्लीकेशन में ऊंट पालक का पंजीयन पशु चिकित्सक द्वारा ऊंटनी व टोडिये की टेगिंग तथा जिला स्तरीय वित्तीय स्वीकृति का प्रावधान किया गया है।
- राज्य पशु ऊंट के संवर्द्धन व संरक्षण की दिशा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने "उष्ट्र संरक्षण योजना" की घोषणा वर्ष 2022-23 के बजट में की थी। इसके अंतर्गत ऊंट प्रजनन को प्रोत्साहित करने के लिए टोडियों के जन्म के अवसर पर 5000-5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दो किश्तों में पशुपालकों को दी जाएगी। ऊंट संरक्षण एवं विकास नीति लागू करने के लिए 10 करोड़ रुपए के प्रावधान किया गया था।

## इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार योजना

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हर हाथ को रोजगार और बेरोजगारों को सम्बल प्रदान करने के लिए 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन रोजगार के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। यह योजना मनरेगा की तर्ज पर आरम्भ किया गया है।

- यह संशोधन 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी होगा। शहरी बेरोजगारों को 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराने से लगभग 1100 करोड़ रुपए का व्यय होना संभावित है।
- मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में बजट 2023-24 में घोषणा की गई है।
- **शुभारम्भः** 9 सितम्बर, 2022
- **योजना शुभारंभ स्थलः** खानिया की बावड़ी (जयपुर)
- **उद्देश्यः** प्रदेश के शहरी निकायों में गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु।

## पद्म पुरस्कार-2023 में राजस्थान

राजस्थान राज्य से 3 पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले 4 व्यक्ति हैं।

- **कला के क्षेत्र में:** गजल गायक अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ है।
- **समाजसेवा के क्षेत्र में:** मूलचंद लोढ़ा को पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- **समाजसेवा के क्षेत्र में:** लक्ष्मण सिंह को पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- जयपुर के प्रख्यात गजल गायक अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन को संयुक्त रूप से कला के क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।
- हुसैन बंधुओं को वर्ष 2000 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

## मूलचंद लोढ़ा

डूंगरपुर के मूलचंद लोढ़ा को समाज सेवा के क्षेत्र में पद्म पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। श्री लोढ़ा आदिवासी उत्थान की दिशा में वर्षों से कार्यरत है। इनके द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सालय भी खोले गए हैं।

## लक्ष्मण सिंह लापोड़िया

जयपुर जिले के दूदू ब्लॉक के लापोड़िया गांव निवासी लक्ष्मण सिंह लापोड़िया को पद्मश्री अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है। उन्हें ये सम्मान पिछले 40 सालों से पानी बचाने और पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

## जल जन अभियान का वर्चुअली उद्घाटन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी, 2023 को राजस्थान के सिरोही जिले के आबू रोड में जल जन अभियान का वर्चुअली उद्घाटन किया।**

- यह अभियान ब्रह्माकुमारी संस्था और जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा शुरू किया गया है।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य **वाटर हार्वेस्टिंग के साथ पेड़ लगाने और जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करना** है।
- अभियान के माध्यम से 10 करोड़ लोंगों तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया है।
- अभियान के माध्यम से देश भर में 5,000 से अधिक जलाशयों के संरक्षण और नए जलाशय बनाने के लिए सार्वजनिक जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

## सोनिया गोकानी गुजरात हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश

जस्टिस सोनिया गोकानी गुजरात हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश हैं। उनका कार्यकाल सिर्फ 9 दिनों का रहा। वे 25 फरवरी, 2023 को सेवानिवृत्ति हो गईं।

- गोकानी वर्तमान में किसी भी हाईकोर्ट में अकेली महिला मुख्य न्यायाधीश बन गई हैं। जस्टिस गोकानी की नियुक्ति को केंद्र सरकार ने 12 फरवरी, 2023 को मंजूरी दी थी।
- उनकी नियुक्ति जस्टिस अरविंद कुमार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए जाने के बाद हुई थी।

## ओड़िशा/पश्चिम बंगाल

### एसएफएसएस के तहत 5 किलोग्राम चावल मुफ्त

ओडिशा सरकार ने जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक एक वर्ष की अवधि के लिए एसएफएसएस के तहत 5 किलोग्राम चावल मुफ्त में लाभार्थियों को प्रदान करने का निर्णय लिया है। योजना का कुल व्यय 185 करोड़ रुपये होगा।

- ओडिशा सरकार द्वारा आर्थिक तौर पर कमजोर नागरिकों को बहुत कम कीमत पर खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने हेतु सन 2013 में "ओडिशा खाद्य सुरक्षा योजना" की शुरुआत की गई थी।
- यह 2018 से एसएफएसएस के तहत कवर किए गए छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलोग्राम चावल 1 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से वितरित कर रहा है।
- राज्य खाद्य सुरक्षा योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत, ओडिशा सरकार बहुत कम कीमत पर चावल प्रदान करती है।

### अंतरराष्ट्रीय शिल्प शिखर सम्मेलन

इसका उद्घाटन जाजपुर जिले में एक अंतरराष्ट्रीय शिल्प शिखर सम्मेलन में किया गया। अंतरराष्ट्रीय शिल्प शिखर सम्मेलन अग्रणी शिल्पकारों, संस्कृति और कला के प्रति उत्साही लोगों को शामिल करने वाला अपनी तरह का पहला सम्मेलन है।

- जाजपुर ओडिशा की प्राचीन राजधानी थी और यहां धार्मिक पर्यटन, शहरी पर्यटन और बौद्ध पर्यटन की मौजूदा संपत्तियां हैं।

## पश्चिम बंगाल

### पश्चिम बंगाल बजट 2023-24 पेश किया गया

पश्चिम बंगाल की राज्य वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने हाल ही में विधानसभा हॉल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य का बजट पेश किया। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार 2023-24 में स्टार्ट-अप, ग्रामीण कनेक्टिविटी और विनिर्माण उद्योग पर ध्यान केंद्रित करेगी।

- वित्त मंत्री ने 3.39 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस बजट का एक अन्य प्रमुख आकर्षण स्टार्टअप्स के लिए धन आवंटन था। राज्य सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए 350 करोड़ रुपये आवंटित किए। प्रत्येक उद्यमी को अपना स्टार्टअप खड़ा करने के लिए पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**मुख्य बिंदु:** राज्य सरकार 3,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 12,500 किलोमीटर सड़क का निर्माण करेगी।

- चाय बागानों पर कृषि कर अगले दो साल के लिए माफ किया जाएगा।
- महंगाई भत्ते में 3% की बढ़ोत्तरी।
- विधायक वार्षिक आवंटन राशि बढ़ाई जाएगी। इसे बढ़ाकर 70 लाख रुपये कर दिया गया है। वर्तमान में यह 60 लाख रुपये है।
- **मत्स्यजीवी बंधु योजना:** मृत मछुआरे परिवारों की मदद के लिए 2 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता
- स्टैंप ड्यूटी में छूट सितंबर 2023 तक जारी रहेगी। महिलाओं के लिए लक्ष्मी बंधार परियोजना आरंभ की गई है।
- पश्चिम बंगाल सरकार का मौजूदा बकाया कर्ज: 5.86 लाख करोड़ रुपए।
- पश्चिम बंगाल की विकास दर 8.4% रहने की उम्मीद है।

## बिहार-झारखण्ड

### बिहार में आभा अकाउंट नम्बर

ABHA एक 14 अंकों की विशिष्ट संख्या है, जिसका उपयोग लोगों की पहचान करने, उन्हें प्रमाणित करने और उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड (केवल उनकी सहमति से) को कई स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच थ्रेड करने के लिए किया जाता है। ABHA (हेल्थ आईडी) ABHA नंबर, PHR एड्रेस, PHR ऐप/हेल्थ लॉकर का संयोजन है।

- बिहार में 20 लाख 31 हजार आभा अकाउंट बनाने का टारगेट दिया गया है। हर व्यक्ति के अकाउंट में उसके स्वास्थ्य से जुडी समग्र जानकारी होगी।
- इस अकाउंट को राज्य का कोई भी व्यक्ति बना सकता है। यह आयुष्मान कार्ड से अलग प्रकार का कार्ड है।

### जेबरा बबली की मौत

संजय गाँधी जैविक उद्यान में सात वर्ष की जेबरा बबली का निधन हो गया।

- इसे वन्य प्राणियों की अदला-बदली कार्यक्रम के अनुसार कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर से 26 जून, 2019 को पटना के चिड़ियाघर में लाया गया था।
- इससे पहले 1 फरवरी, 2023 को बाघिन संगीता के एक शावक मगध की मौत हो गयी है।

### डाक टिकट संग्रहकर्ता प्रदीप जैन सम्मानित

पटना के प्रसिद्ध डाक टिकट संग्रहकर्ता प्रदीप जैन को विशिष्ट डाक टिकट संग्रहकर्ता अवार्ड आरडीपी से सम्मानित किया गया है।

- यह सम्मान उन्हें 26 मई, 2023 को जर्मनी के एसेन शहर में प्रदान किया जायेगा।
- यह अवार्ड लन्दन की रॉयल फिलाटेली सोसाइटी द्वारा घोषित की गयी है।
- इससे पहले भारत के डी.एन. जटिया को 1983 में तथा 1993 में ब्रिगेडियर डी.एस. विर्क को प्राप्त हो चुका है।
- पटना के प्रदीप जैन 1991 में बिहार रत्न से सम्मानित प्रदीप जैन राज्य के एकमात्र पेशेवर डाक टिकट संग्रहकर्त्ता हैं।

### सीतामढ़ी में माता सीता की सबसे ऊँची प्रतिमा

बिहार में माता सीता की विश्व की सबसे ऊंची 251 फीट की प्रतिमा सीतामढ़ी में उनके प्रकट स्थली पर बनाई जाएगी।

**मुख्य तथ्य:** रामायण रिसर्च काउंसिल के द्वारा 30 एकड़ में माता सीता की प्रतिमा बनवाई जाएगी। इसका शिलान्यास देश के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जायेगा।

- प्रतिमा के चारों ओर वृत्ताकार रूप से 108 ऐसे प्रतिमाओं का निर्माण होगा, जिसमें माता जी के जीवन दर्शन का उल्लेख हो सके।
- इसके साथ ही शोध केंद्र, अध्ययन केंद्र, डिजिटल लाइब्रेरी जैसे कई कार्यों को प्रारंभ किया जाएगा। दुनिया भर के 51 शक्तिपीठों इंडोनेशिया बाली, अशोक वाटिका से मिट्टी एवं जल लाकर और नलखेड़ा (मध्य प्रदेश) में माता बगलामुखी सिद्ध पीठ से ज्योति लाकर माता सीता को श्री भगवती के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- इसके साथ ही भारत के अलग-अलग प्रमुख मंदिरों से मिट्टी और जलाकर माता सीता के गर्भगृह को भी विकसित किया जाएगा।

## हृषीकेश सुलभ को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में संगीत नाटक अकादमी अवार्ड प्रदान किया।

### बिहार के कुल छः लोगों को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है

- बिहार के चर्चित नाटककार व रंगकर्मी हृषीकेश सुलभ,
- वरिष्ठ अभिनेता नीलेश्वर मिश्रा (नीलेश),
- लोकगायिका रंजना झा,
- चर्चित ठुमरी गायिका कुमुद झा दीवान तथा वरिष्ठ नाट्य निर्देशक मिथिलेश राय को अपनी-अपनी विधाओं में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया।
- बिहार के दरभंगा घराने के वरिष्ठ ध्रुपद गायक तथा इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संगीत शिक्षक पंडित प्रेम कुमार मल्लिक को भी यह पुरस्कार दिया गया।
- संगीत नाटक अकादमी के मुख्य पुरस्कारों के लिए देशभर से रंगमंच, नृत्य तथा संगीत के क्षेत्र के 2019, 2020 और 2021 के पुरस्कारों के लिए चुने गये कुल 128 दिग्गज कलाकारों को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बिहार का पहला फिल्म एक्टिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

आर्यभट्ट ज्ञान विवि में बिहार का पहला फिल्म एक्टिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का आरम्भ किया जायेगा।

इस इंस्टीट्यूट में भारत के बेस्ट एक्टिंग स्कूल पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के द्वारा युवाओं को एक्टिंग, डायरेक्शन, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, साउंड रिकॉर्डिंग, साउंड डिजाइन, आर्ट डायरेक्शन, प्रोडक्शन डिजाइन, एक्टिंग, डांसिंग सहित अन्य ट्रेनिंग दी जाएगी।

## हेल्पलाइन सेवा का नंबर 1930

बिहार में साइबर क्राइम से जुड़ी शिकायतों को दर्ज करने और इनका निपटारा करने के लिए 24 घंटे काम करने वाली हेल्पलाइन सेवा 26 फरवरी, 2023 से शुरू हो गई है।

**मुख्य बिन्दुः** डायल-112 की तर्ज पर काम करने वाले इस हेल्पलाइन सेवा का नंबर 1930 रखा गया है।

- पूरे राज्य में साइबर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलेगा। हेल्पलाइन नंबर पर राज्यभर से साइबर अपराध से जुड़े मामलों की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।
- किसी तरह के साइबर अपराध होने के दो से तीन घंटे के अंदर शिकायत करने पर मामले के जल्द निपटारे में बेहद मदद मिलेगी।

## इंटीग्रेटेड लैंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट सिस्टम

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता द्वारा बिहार में इंटीग्रेटेड लैंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधा लॉन्च की है।

**मुख्य बिन्दुः** बिहार का राजस्व रिकॉर्ड अब ऑनलाइन कर दिया गया है। अब कोई भी व्यक्ति 10 रुपए शुल्क जमा कर जमीन के दस्तावेज प्राप्त कर सकेगा।

- इससे विभाग की सारी योजनाओं व गतिविधियों को लेकर सिंगल विंडो सिस्टम के तहत ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराये जाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।
- बेहतर कार्य के लिए 5 जिलों के अपर समाहर्ता को मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके तहत प्रथम स्थान बांका, दितीय पूर्णिया, तृतीय पश्चिम चम्पारण, चतुर्थ सीतामढ़ी एवं पंचम स्थान मधेपुरा का रहा।

## मनोज पांडे

मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट प्रखंड निवासी मनोज पांडे की मात्र 13 मिनट की फिल्म 'माधुरी द एंड इज बिगिनिंग को 38 से अधिक अवार्ड मिल चुके हैं।

**मुख्य बिन्दुः** माधुरी द एंड इज बिगिनिंग 12 साल की बच्ची के हिम्मत और जज्बे की कहानी है।

- माधुरी द एंड इज बिगिनिंग बिहार व महाराष्ट्र में भीख मांगने वाले बच्चों के दर्द और प्रतिभा पर लिखी गई फिल्म है।
- इस फिल्म को क्राउन वुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, पुणे फिल्म फेस्टिवल समेत कई फिल्म्स फेस्टिवल में अवार्ड मिले हैं।
- मनोज 'माई फादर इकबाल' जैसी फिल्म में अपना अभिनय दिखा चुके हैं।

## बिहार में हलका के अंक के आधार पर दाखिल-खारिज की नई व्यवस्था

राज्य सभी अंचलों में 1 मार्च, 2023 से राजस्व अधिकारी और अंचलाधिकारी दाखिल-खारिज के मामले का निपटारा करेंगे।

- इनके बीच कार्य का बंटवारा हलका के अंक के आधार पर होगा।
- सम संख्या (2, 4, 6…) वाले हलकों का काम राजस्व अधिकारी करेंगे तो विषम संख्या (1, 3, 5..) वाले हलका के दाखिल-खारिज का काम अंचलाधिकारी करेंगे।
- दाखिल-खारिज में फीफो (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) का पालन अनिवार्य कर दिया है।
- अर्थात, पहले आए आवेदन का निपटारा पहले करना होगा। 18 जनवरी, 2023 को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने पांच अंचलों पटना के फतुहा, भागलपुर के सबौर, सीवान के सीवान सदर,

किशनगंज के ठाकुरगंज और समस्तीपुर के कल्याणपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे लागू किया गया था। ऑनलाइन सिस्टम में 'स्कीप फॉर द डे' मेनू जोड़ा गया है।

### मुरली पहाड़ी और अजगैबीनाथ मंदिर की शिलाओं पर गुप्तकालीन मूर्तियों की खोज

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज स्थित मुरली पहाड़ के पश्चिमी भाग में स्थित तीन बड़े-बड़े शिलाखंडों पर गुप्तकालीन मूर्तियों की प्राप्ति हुई है।

**मुख्य बिन्दुः** कुछ मूर्तियों के नीचे गुप्तकालीन ब्राह्मी लिपी और संस्कृति भाषा में अभिलेख भी खुदा हुआ है।

- इन मूर्तियों और अभिलेखों से ऐसा जान पड़ता है कि गंगा नदी उस समय इससे कुछ दूरी पर ही बहती रही होगी
- इन अभिलेखों की लिपि और भाषा का समय पांचवीं-छठी शताब्दी का माना जा सकता है, लेकिन इन मूर्तियों व चित्रों में क्षरण शुरू हो गया है।
- मुरली पहाड़ की तरह ही अजगैबीनाथ मंदिर की शिलाओं पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र उकेरे हुए हैं।
- इन देवी-देवताओं में विष्णु, सूर्य, शिव, अर्द्धनारीश्वर, गणेश, देवी, महिषमर्दिनी, उमा-महेश्वर आदि की मूर्तियां हैं।
- इनके अलावा बुद्ध, नवग्रह, सिंहवाहिनी और दुर्गा की मूर्तियां हैं। यह सभी मूर्तियां भी गुप्तकालीन हैं।

### तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव शुरू

झारखंड के चतरा जिले में 19 से 21 फरवरी, 2023 तक तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजना किया गया।

- राजकीय इटखोरी महोत्सव हर साल भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित किया जाता है।
- महोत्सव का मुख्य उद्देश्य लोगों में सांस्कृतिक सद्भाव और पर्यटन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाना है।
- इटखोरी का शाब्दिक अर्थ है 'यहां खोया हुआ'। यह स्थान तीन धर्मों का संगम है; हिंदू, बौद्ध और जैन।
- भद्रकाली मंदिर पवित्र मुहाने एवं बक्सा नदी के संगम पर स्थित है।

**GK फैक्ट**

- इटखोरी महोत्सव 2015 में शुरू हुआ था।
- वर्ष 2016 में इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला।
- इटखोरी झारखण्ड के चतरा जिले में अवस्थित है।

### देवघर मार्टः स्थानीय कारीगरों के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेस

झारखण्ड में देवघर मार्ट नामक ऑनलाइन मार्केटप्लेस का आरम्भ किया गया है। यह मार्केटप्लेस स्थानीय कला और शिल्प बेचने वाली एक ई-कॉमर्स वेबसाइट है।

**मुख्य उद्देश्यः** कारीगरों और शिल्पकारों के कार्यों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाना है। यह प्लेटफार्म मुख्य रूप से स्थानीय कला और शिल्प को लक्षित करता है।

- यह मिठाई, पेड़ा, कपड़े, परिधान, हस्तशिल्प, ललित कला, जैविक उत्पाद, वन उत्पाद, अगरबत्ती आदि बेचता है। क्षेत्र की स्थानीय आबादी इन सभी का उत्पादन करती है।
- इसे मंजूनाथ भजंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था।
- वह मूल रूप से बांस कारीगर समुदाय से हैं। उनके गांव में 34 से अधिक विभिन्न कारीगर परिवार हैं। मंजूनाथ ने अपने सामुदायिक कौशल को देवघर मार्ट के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया है।
- देवघर यह झारखंड का एक महत्वपूर्ण शहर है। वैद्यनाथ मंदिर, 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, यहाँ पर स्थित है। शहर को आमतौर पर इसकी विविधता के लिए झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जाना जाता है।

### मेगा उपन्यास 'कंथा' के रचनाकार श्याम बिहारी श्यामल

विश्व पुस्तक मेला 2023 में झारखंड महाकवि जयशंकर प्रसाद के जीवन-युग पर केंद्रित मेगा उपन्यास 'कंथा' के रचनाकार श्याम बिहारी श्यामल को सम्मानित है।

- श्यामल पलामू जिला मुख्यालय डाल्टनगंज के नावाटोली के मूल निवासी हैं।
- श्यामल ने अपनी पहली बहुचर्चित कृति 'धपेल' और बाद में 'अग्निपुरुष' समेत दो उपन्यास लिखे। दोनों उपन्यास पलामू की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

## हिमाचल प्रदेश

### 'हिमाचल निकेतन'

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली (Delhi) के द्वारका में सेक्टर 19 स्थित राज्य अतिथि गृह हिमाचल निकेतन का शिलान्यास किया।

- इसे स्थापित करने का उद्देश्य देश की राजधानी में पढ़ाई कर रहे छात्रों को ठहरने की सुविधा प्रदान करना भी है।

## पूर्वोत्तर राज्य

### अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम का स्थापना दिवस

20 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

- मिजोरम की स्थापना के साथ मिजो नेशनल फ्रंट के संघर्ष का समापन हुआ, मिजो नेशनल फ्रंट की स्थापना 1961 में की गयी थी। भारत सरकार ने 1967 में मिजो नेशनल फ्रंट पर प्रतिबन्ध लगाया था।
- संविधान लागू होने के बाद नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (NEFA) का कार्यभार असम के राज्यपाल को सौंपा गया। बाद में NEFA का नाम बदलकर अरुणाचल प्रदेश कर दिया गया।
- 1972 में अरुणाचल प्रदेश केंद्र शासित प्रदेश बना। 1975 में अरुणाचल प्रदेश परिषद् को अस्थायी विधानसभा में परिवर्तित किया गया।
- **वर्तमान में मिजोरम के मुख्यमंत्रीः** पुजोरम थांगा; राज्यपालः पी.एस. श्रीधरन पिल्लई।
- **वर्तमान अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रीः** पेमा खा; राज्यपालः बी. डी. मिश्रा।

## त्रिपुरा में टिपरालैंड की मांग

टिपरालैंड त्रिपुरियों के लिए एक प्रस्तावित क्षेत्र है। वे अब त्रिपुरा राज्य का हिस्सा हैं। वे त्रिपुरा राज्य के 68% हिस्से की मांग करते हैं। टिपरा मोथा पार्टी की स्थापना प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मा ने की थी।

- इस पार्टी की मुख्य मांग "ग्रेटर टिप्रालैंड" है। साथ ही यह पार्टी क्षेत्र से बाहर रह रहे त्रिपुरियों को भी जोड़ना चाहती है।
- त्रिपुरी राज्य की प्रमुख जनजातियाँ हैं। वे 2011 की जनगणना के अनुसार त्रिपुरा राज्य की आबादी का 50% से अधिक हिस्सा हैं।

## तीसरा वार्षिक ऑरेंज फेस्टिवल 2023

तीसरे वार्षिक ऑरेंज फेस्टिवल 2023 का आयोजन नागालैंड के कोहिमा में किया गया। यह त्यौहार संतरा उत्पादकों की कड़ी मेहनत को रेखांकित करने के लिए आयोजित किया जाता है।

- इसका आयोजन रसोमा गांव में किया गया है।
- यह गांव शुद्ध जैविक संतरे की खेती करता है।

## मणिपुर ने B20 सम्मेलन की मेजबानी

G20 शिखर सम्मेलन के मौके पर, मणिपुर राज्य ने B20 सम्मेलन की मेजबानी की। इस सम्मेलन का विषय सतत विकास और विकास था। यह G-20 शिखर सम्मेलन की थीम के अनुरूप था, जो 'एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य' है।

- **B20 सम्मेलन:** इस सम्मेलन में 23 से अधिक देशों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री, विदेश राज्य मंत्री आदि शामिल हुए। B20 का मतलब Business 20 है। यह G20 के इंगेजमेंट ग्रुप में से एक है।
- **G20 के इंगेजमेंट ग्रुप:** B20 एंगेजमेंट ग्रुप या कोई अन्य एंगेजमेंट ग्रुप (जैसे स्टार्टअप ग्रुप या यूथ ग्रुप आदि) का नेतृत्व मेजबान देश करता है। 2023 में, भारत अन्य G20 देशों के साथ काम करेगा और नीतियां बनाएगा।

# पंजाब और हरियाणा

## पंजाब में पहला राज्य स्तरीय 'झींगा मेला'

पंजाब का पहला राज्य स्तरीय 'झींगा मेला' मुक्तसर जिले के एनाखेड़ा गांव में 17 फरवरी, 2023 को शुरू हुआ।

- यह मेला झींगा की खेती के बारे में अधिक जागरुकता पैदा करने के लिए राज्य सरकार का एक प्रयास है।
- यह मेला किसानों को मछली पालन के लिए विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने और प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।
- राज्य में झींगा की खेती 2016-17 में शुरू हुई थी। यह मानव उपभोग के लिए झींगा का उत्पादन करने के लिए समुद्री या मीठे पानी में जलीय कृषि आधारित गतिविधि है।
- पंजाब के पांच दक्षिण-पश्चिमी जिले मुक्तसर, फाजिल्का, फिरोजपुर, बठिंडा और फरीदकोट झींगा खेती के जाना जाता है।
- दक्षिण-पश्चिम पंजाब में खारा भूजल है, जो कृषि के लिए उपयुक्त नहीं है। इस बेल्ट में जलभराव एक बारहमासी समस्या है।
- मुक्तसर जिले के रत्ता खेड़ा गांव में एक एकड़ भूखंड पर 2016-17 में झींगा की खेती शुरू की गई।

## सूरजकुंड मेला

सूरजकुंड मेला प्राधिकरण ने हाल ही में हरियाणा के पर्यटन विभाग और केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के साथ मिलकर "सूरजकुंड मेला" आयोजित किया।

- 2023 में, 20 से अधिक देश मेले में भाग ले रहे हैं। 2023 मेले का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया।

**थीम स्टेट्स और थीम नेशंस:** इस वर्ष, थीम राष्ट्र हैं: SCO सदस्य देश। थीम राज्य हैं: सभी आठ पूर्वोत्तर राज्य।

**मुख्य बिंदु:** यह दुनिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कला और शिल्प मेलों में से एक है।

- सूरजकुंड मेला हस्तशिल्प, सांस्कृतिक कपड़े, हथकरघा आदि के विविध और समृद्ध प्रदर्शन के लिए लोकप्रिय है।
- 2012 तक इस मेले का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर होता था। इसे 2014 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड किया गया था।

## पंजाब सरकार की नई औद्योगिक और ईवी नीति

यह नीति 17 अक्टूबर, 2022 से प्रभावी मानी जाएगी। नई नीति के तहत पंजाब के मूल निवासियों को रोजगार देने वाले उद्योगों को 'रोजगार सृजन सब्सिडी' प्रदान करेगी।

- मुख्य इकाइयों को 5 साल की अवधि के लिए प्रति कर्मचारी 36,000 रुपये सालाना और महिला एससी, बीसी व ओबीसी कर्मचारियों के लिए 48,000 रुपये सालाना तक रोजगार उत्पत्ति सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- इस नीति के जरिये राज्य सरकार का लक्ष्य 5 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने का है।

### नीति में प्रमुख प्रावधान

राज्य भर में 15 औद्योगिक पार्क और 20 ग्रामीण क्लस्टर विकसित किए जाएंगे।

- एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए, प्रदेश का उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एक विंग के रूप में 'एमएसएमई पंजाब' नामक सामान्य सुविधा और प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करेगा।
- इसके लिए प्रदेश सरकार विश्व बैंक से सहायता प्राप्त भारत सरकार की योजना 'एमएसएमई' को भी लागू करेगी।
- उद्योगों को पांच साल तक स्थिर 5.50 रुपये प्रति केवीएएच की दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।
- 25 करोड़ रुपये तक के निवेश वाली परियोजनाओं की मंजूरी जिला स्तर पर हो जाएगी।
- इससे बड़ी परियोजनाओं को राज्य स्तर पर मंजूरी मिलेगी।
- राज्य में बासमती शैलरों को बढ़ावा देने के लिए शैलर इकाइयों का मंडी शुल्क माफ कर दिया गया है।

- अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में लगे सूक्ष्म व लघु उद्योगों, निर्यात इकाइयों और सेवा उद्यमों को भी 50 लाख रुपये तक के स्थिर पूंजी निवेश पर 50 फीसदी पूंजी सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को 10 साल की अवधि के लिए 100 फीसदी मार्केट फीस/आरडीएफ की 100 फीसदी छूट, आईटी के ढाई करोड़ तक के यूनिटों को 50 फीसदी पूंजी सब्सिडी दी जाएगी।

### हरियाणा पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' सम्मान

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 14 फरवरी, 2023 को हरियाणा के करनाल में हरियाणा पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' (President's Colour) प्रदान किया। यह देश की 10वीं पुलिस है, जिसको यह सम्मान मिला है।

### क्या है प्रेसिडेंट कलर'

- यह 25 साल तक सातत्यपूर्ण सेवा, साहस, शौर्य और समर्पण की बारीकी से जाँच करने के बाद ही प्रेसिडेंट कलर प्रदान किया जाता है। 'प्रेसिडेंट कलर' संगठन व संस्था दोनों के लिए बढ़ती विश्वसनीयता का परिचायक है।
- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, त्रिपुरा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और असम के बाद अब हरियाणा पुलिस को यह प्रदान किया है।
- 1951 में पहली बार यह सम्मान भारतीय नौसेना को मिला था और उसके बाद 10 राज्य पुलिस बलों और कई केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) को भी प्रेसिडेंट कलर प्राप्त हुआ है।

### हरियाणा के फतेहाबाद जिले के गोरखपुर में परमाणु संयंत्र

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के गोरखपुर में परमाणु संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

- ये परमाणु संयंत्र 1400 मेगावाट बिजली पैदा करेगा। इसमें 700 मेगावाट की दो यूनिट होंगी।
- इनमें से प्रत्येक में प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए हैं।
- भारत की परमाणु क्षमता बढ़ाने के लिए 10 परमाणु रिएक्टरों की स्थापना को केंद्र ने मंजूरी दी है।
- परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की भी अनुमति दी गई है।

## दक्षिण भारतीय राज्य

### तुमकुरु औद्योगिक टाउनशिपः

यह दक्षिण भारत की पहली औद्योगिक गलियारा परियोजना है।

- प्रधानमंत्री द्वारा 6 फरवरी, 2023 को पहले औद्योगिक कॉरिडोर तुमकुरु इंडस्ट्रियल टाउनशिप का शुभारंभ किया।
- दक्षिण भारत की पहली औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी।
- जो चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर के तहत 8,500 एकड़ भूमि में विस्तृत होगी।
- तुमकुरु औद्योगिक टाउनशिप की योजना पीएम-गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुरूप समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण के साथ बनाई गई है।
- चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर में तीन नोड्स कृष्णापटनम (आंध्र प्रदेश), तुमकुरु (कर्नाटक) और पोन्नेरी (तमिलनाडु)।
- परियोजना के चरण-ए से लगभग 88,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने और 5-6 वर्षों की अवधि में 7,000 करोड़ लगभग रुपये के निवेश को आकर्षित करने की उम्मीद है।
- इस परियोजना का उद्देश्य देश की मेक इन इंडिया पहल में योगदान देना है।
- यह भारत सरकार के मंत्र "Reform, Perform, and Transform" के अनुरूप है।

### ग्रीन हाइड्रोजन हब की घोषणा

केरल सरकार द्वारा राज्य के बजट प्रस्तुति में "ग्रीन हाइड्रोजन हब" स्थापित करने की घोषणा की है।

- यह हब कोच्चि और तिरुवनंतपुरम में स्थापित किये जायेंगे।
- इस परियोजना को निजी भागीदार इंडिया हाइड्रोजन एलायंस (India Hydrogen Alliance) के साथ लागू किया जाएगा।
- राज्य सरकार इसके लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित कर रही है।
- **ग्रीन हाइड्रोजन हबः** यह योजना हरित हाइड्रोजन संयंत्रों (Green Hydrogen Plants) का निर्माण करेगी, जो प्रतिदिन 60 टन हाइड्रोजन का उत्पादन कर सकते हैं।
- यह संयंत्र 150 मेगावाट के इलेक्ट्रोलाइजर और स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ स्थापित किया जाएगा।
- केरल हाइड्रोजन हब परियोजना को भारत के लिए एक ब्लूप्रिंट माना जाता है।
- यह पहली बार है, जब भारत में इस तरह की परियोजना शुरू की गई है।
- दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्थापित अंतरराष्ट्रीय हाइड्रोजन हब को "हाइड्रोजन वैली प्रोजेक्ट" कहा जाता है।
- **हाइड्रोजन वैली प्रोजेक्टः** हाइड्रोजन हब योजना देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली हाइड्रोजन वैली परियोजनाओं पर आधारित है।
- हाइड्रोजन घाटी मूल रूप से एक भौगोलिक क्षेत्र है।
- जहां हाइड्रोजन उत्पादन पर काम करने वाली कंपनियां एक साथ मिलकर हाइड्रोजन संयंत्रों का निर्माण करती हैं।
- इसमें हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, वितरण आदि की सभी सुविधाएं मौजूद हैं।
- अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया में हाइड्रोजन वैली परियोजनाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

## एर्नाकुलम बना 10,000 नए MSMEs पंजीकृत करने वाला पहला जिला

केरल के एर्नाकुलम 10,000 से अधिक नए एमएसएमई पंजीकृत करने वाला राज्य का पहला जिला बन गया है।

- केरल सरकार ने अपने 2022-23 के बजट के दौरान उद्यम अभियान (Enterprises Campaign) शुरू किया था।
- राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 को उद्यम वर्ष घोषित किया है।
- यह राज्य में MSME क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।
- यह अभियान राज्य के विभिन्न हिस्सों में "My Enterprises, Nations Pride" टैगलाइन के तहत आयोजित किया गया था।
- इस अभियान के कारण राज्य में एमएसएमई कंपनियों की संख्या में वृद्धि हुई। कनिष्ठ वकीलों के लिए केरल ने स्टाइपेंड योजना शुरू की।
- केरल के मुख्यमंत्री ने हाल ही में राज्य में वकीलों के लिए स्टाइपेंड योजना शुरू की। योजना को राज्य की बार काउंसिल द्वारा लागू किया जाएगा। काउंसिल को एडवोकेट्स वेलफेयर ट्रस्ट से जोड़ा जाएगा।
- इस योजना के तहत राज्य के कनिष्ठ वकीलों को हर महीने तीन हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। पात्रता केवल कनिष्ठ।

## द विजन फॉर ऑल स्कूल आई हेल्थ' कार्यक्रम

गोवा सरकार ने One Sight Essilor Luxottica Foundation और प्रसाद नेत्रालय के साथ साझेदारी में 'विजन फॉर ऑल स्कूल आई हेल्थ प्रोग्राम' लॉन्च किया है।

- यह कार्यक्रम 'ऑल गोवा आई हेल्थ प्रोग्राम' के लिए वर्तमान विजन का विस्तार है।
- विजन फॉर ऑल गोवा आई हेल्थ प्रोग्राम फरवरी 2021 में शुरू हुआ और इसके मासिक शिविरों ने 50,000 नागरिकों की जांच की और 16,000 लोगों को मुफ्त चश्मा प्रदान किया था।
- One Sight Essilor Luxottica Foundation ने अपवर्तक त्रुटि वाले बच्चों को 25,000 मुफ्त चश्मा प्रदान करने की घोषणा की है।

## 'पुदुमई पेन' छात्रवृत्ति योजना

हाल ही में इस योजना के लिए तमिलनाडु सरकार ने 698 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह योजना राज्य की 6 लाख से अधिक लड़कियों को लाभान्वित करेगी।

**मुख्य बिन्दुः** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने 'पुदुमई पेन' छात्रवृत्ति योजना को लॉन्च किया था।

- पुदुमई पेन योजना के अंतर्गत कक्षा V से कक्षा XII में पढ़ने वाली छात्राओं को छात्रवृति दी जाती है।
- राज्य सरकार का पहले निर्णय एक विवाह सहायता योजना लागू करने का था, जिसे बाद में शिक्षा योजना में परिवर्तित कर दिया गया है।

## मूवलूर रामामिरथम अम्मैयर

उनका जीवनकाल 1883 और 1962 के बीच था। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता थीं और द्रविड़ आंदोलन (स्टालिन के पिता करुणानिधि इसका हिस्सा थे) में सक्रिय भागीदार थीं।

- उन्होंने तमिलनाडु राज्य में देवदासी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी। यह शिक्षा योजना 'मूवलूर रामामिरथम अम्मैयर (1883-1962)' के नाम पर है, जो एक सामाजिक कार्यकर्त्ता थीं। वे द्रविड़ आंदोलन में भी सक्रिय भागीदार थीं।
- अम्मैयर ने राज्य में देवदासी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

## आंध्र प्रदेश में टूरिस्ट पुलिस स्टेशन

आंध्र प्रदेश में पर्यटन सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने कई जिलों में 20 महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर टूरिस्ट पुलिस थानों का उद्घाटन किया।

## तेलंगाना ऑफ-बजट उधार

तेलंगाना के वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार पर राज्य के विकास में बाधाएं पैदा करने का आरोप लगाया गया।

- उन्होंने कहा कि **राज्य ने कम समय में सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए ऑफ-बजट उधारी का सहारा** लिया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उधार की सीमा तय कर दी।
- केंद्र ने राज्यों के लिए शुद्ध उधार सीमा 8,57,849 करोड़ रुपये या जीएसडीपी का 3.5 प्रतिशत तय की है।
- राज्य बिजली क्षेत्र में सुधारों के लिए जीएसडीपी के 0.50 प्रतिशत की अतिरिक्त उधारी के लिए भी पात्र हैं।
- उन्होंने तर्क दिया कि उधार सीमा में यह कटौती **संघवाद की भावना** के खिलाफ है।

**GK फैक्ट**

- **ऑफ-बजट उधारः** यह केंद्र सरकार के निर्देश के तहत सार्वजनिक संस्थानों द्वारा उधार लिए गए ऋण हैं। इन ऋणों का उपयोग करके सरकार का खर्च पूरा किया जाता है। ये राष्ट्रीय राजकोषीय घाटे में शामिल नहीं हैं, क्योंकि इन ऋणों का भुगतान करने की देयता केंद्र सरकार पर नहीं पड़ती है।
- अनुच्छेद 292 में केंद्र सरकार द्वारा उधार लेना तथा **अनुच्छेद 293** में राज्यों द्वारा उधार लेने से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।

## सप्तकोटेश्वर मंदिर

350 साल पुराने सप्तकोटेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद गोवा की सावंत सरकार ने 11 फरवरी, 2023 को मंदिर का उद्घाटन किया। पुर्तगालियों द्वारा गोवा विजय के पश्चात इस मंदिर को नष्ट कर दिया गया था।

- गोवा सरकार इस तरह के मंदिरों को सर्वे करा रही है, जिनको पुर्तगालियों ने नष्ट कर दिया था।
- सप्तकोटेश्वर मंदिर गोवा के नरवे गाँव में स्थित भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर हैं। इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी के कदंब वंश के शासक शिवचित्त परमर्दिदेव ने करवाया था।
- 1668 ईस्वी में पुर्तगालियों पर विजय के पश्चात शिवाजी ने मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया।

- इस मंदिर में घंटियों से चिह्नित एक छोटा प्रवेश द्वार है, जबकि पाँच स्तंभों वाले मुख्य हॉल को मेहराब से सजाया गया है।
- इसके गर्भगृह की दीवार सादी लकड़ी से निर्मित है।
- मंदिर का मंडप एक विशिष्ट यूरोपीय शैली में निर्मित है।
- मंदिर के चारों ओर ब्राह्मण धर्म से संबंधित लेटराइट एवं पत्थर की गुफाएँ हैं।

### 'जय जय महाराष्ट्र माझा' राज्य गीत घोषित

महाराष्ट्र सरकार ने 'जय जय महाराष्ट्र माझा' को राज्य गीत के रूप में घोषित किया, जो आमतौर पर 1 मई को स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किया जाता है। यह गाना अब आधिकारिक अवसरों पर बजाया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल द्वारा स्थापित नियमों के अनुसार, राष्ट्रगान को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी, और सरकार द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में राज्य गीत बजाया जाएगा।

### काला घोड़ा कला महोत्सव 2023

काला घोड़ा कला महोत्सव 2023 का आयोजन मुंबई (महाराष्ट्र) में 4-12 फरवरी, 2023 के बीच किया जा रहा है। काला घोड़ा फेस्टिवल नृत्य, कला और संगीत से संबंधित महोत्सव है।

- प्रतिवर्ष फरवरी के पहले शनिवार से इसकी शुरुआत होती है और दूसरे रविवार को इसका समापन होता है।
- इस महोत्सव में नृत्य, संगीत, चित्रकारी, हैंडीक्राफ्ट, सिनेमा और साहित्य के अलावा कई अन्य कलाओं की प्रदर्शनी देखने को मिलती है।
- यह महोत्सव मुंबई में कालाघोड़ा संस्था द्वारा 1999 में शुरू किया गया था।

### महाराष्ट्र में पीएम श्री योजना

महाराष्ट्र में **पीएम श्री योजना** के तहत स्कूलों को विकसित किया जाएगा। केंद्र सरकार इसके लिए 1.88 करोड़ रुपये प्रदान करेगी।

- महाराष्ट्र के 846 स्कूलों को वर्ष 2022 में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया' योजना के तहत विकसित किया जाएगा।
- केंद्र के साथ एक समझौते के तहत महाराष्ट्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करेगी।
- इन स्कूलों के माध्यम से प्रायोगिक शिक्षा प्रदान की जाएगी।
- छात्रों का मूल्यांकन उनकी वैचारिक समझ और वास्तविक जीवन स्थितियों और उपयुक्तता में ज्ञान के अनुप्रयोग के आधार पर किया जाएगा।
- इन विद्यालयों का विकास मुख्य रूप से 6 प्रमुख स्तंभों पर किया जाएगा।

**ये स्तभ हैं-**

1. पाठ्यक्रम
2. शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन
3. प्रवेश और बुनियादी सुविधा
4. मानव संसाधन और स्कूल नेतृत्व
5. समावेशी व्यवहार, प्रबंधन, निगरानी और प्रशासन
6. लाभार्थी संतुष्टि।

### मुंबई में 'दिव्य कला मेला' का आयोजन

16 से 25 फरवरी, 2023 तक मुंबई में दिव्य कला मेला का आयोजन किया गया।

- इस मेले का आयोजन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया गया है।
- दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए बाजार तैयार करने वाली एक पहल है।
- दिव्य कला मेला 2023 में जम्मू और कश्मीर तथा उत्तर पूर्व राज्यों सहित देश के विभिन्न हिस्सों के उत्पादों के साथ-साथ हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई कार्यों और खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया जा रहा है।
- मेले में लगभग 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 200 दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों और शिल्प कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### नागपुर में विश्व के सबसे बड़े दिव्यांग पार्क

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 20 फरवरी 2023 को नागपुर (महाराष्ट्र) में विश्व के सबसे बड़े और अनोखे दिव्यांग पार्क - **अनुभूति समावेशी पार्क** की आधारशिला रखी।

- इसका उद्देश्य देश और पूरे विश्व में समावेश का संदेश देना है।
- इसका नोडल मंत्रालय - सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय है।
- पार्क में 21 प्रकार की विकलांगताओं के लिए अनुकूलित सुविधाएं होंगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी समाज के निर्माण के विजन को ध्यान में रखते हुए इस पार्क को विकसित किया जा रहा है।
- वर्ष 2016 में केंद्र सरकार ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम को पारित किया।

## संघ शासित प्रदेश

### भारत का पहला समुद्री स्थानिक योजना (MSP) फ्रेमवर्क लॉन्च

हाल ही में पुडुचेरी ने भारत का पहला समुद्री स्थानिक योजना (MSP) फ्रेमवर्क लॉन्च किया है। इस पहल को भारत के लिए राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (NCCR) के माध्यम से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा लागू किया जाएगा।

**मुख्य बिन्दुः** इसे इंडो-नॉर्वे इंटीग्रेटेड ओशन इनिशिएटिव (Indo-Norway Integrated Ocean Initiative) के तहत एक समझौते के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया है।

**उद्देश्यः** समुद्री संसाधनों और तटीय पर्यावरण संरक्षण के सतत प्रबंधन के साथ-साथ विकास को संतुलित करना।

**समुद्री स्थानिक योजनाः** यूनेस्को के अनुसार, समुद्री स्थानिक योजना (MSP) राजनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित पारिस्थितिक, आर्थिक और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए समुद्री क्षेत्रों में मानव गतिविधियों के स्थानिक (spatial) और सामयिक (टेम्पोरल) वितरण का विश्लेषण और आवंटन करने की एक सार्वजनिक प्रक्रिया है।

- इसमें महासागरीय संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा दिया जायेगा। ■■

# राज्य बजट 2023 – 24

## उत्तर प्रदेश बजट 2023 – 24

**प्रमुख आँकड़े**

- राज्य सरकार द्वारा कितने लाख करोड़ का बजट पेश किया गया है? **- 6.90 लाख करोड़**
- राज्य सरकार का 2022-23 वर्ष का मूल बजट कितना था? **- 6.15 लाख करोड़ रुपए**
- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कब 2023-2024 के लिए सबसे बड़ा वार्षिक बजट पेश किया गया? **- 22 फरवरी, 2023**
- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के अनुसार बजट किन क्षेत्रों पर केन्द्रित है? **- बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य क्षेत्र और शिक्षा**
- उत्तर प्रदेश के बजट का आकार कितना है? **- 6,90,242.43 करोड़ रुपए**
- बजट में नई योजनाओं पर खर्च कितना है? **- 32,721.96 करोड़ रुपए**
- राज्य की कुल प्राप्तियां कितनी है? **- 6,83,292.74 करोड़ रुपए**
- राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियां कितनी है? **- 5,70,865.66 करोड़ रुपए**
- राज्य की कुल राजस्व पूंजीगत प्राप्तियां है? **- 1,12,427.08 करोड़ रुपए**
- राज्य की कुल कर राजस्व प्राप्तियां कितनी है? **- 4,45,871.59 करोड़ रुपए**
- राज्य का कर राजस्व कितना है? **- 2,62,634 करोड़ रुपए**
- केंद्रीय करों में राज्य का अंश कितना है? **- 1,83,237.59 करोड़ रुपए**
- राज्य का कुल व्यय (अनुमानित) कितना है? **- 6,90,242.43 करोड़ रुपए**
- राज्य का राजस्व बचत कितना है? **- 68,511.65 करोड़ रुपए**
- राज्य का राजकोषीय घाटा कितना है? **- 84,883.16 करोड़ रुपए**
- देश की जी डी पी में उत्तर प्रदेश का योगदान कितने प्रतिशत है? **- 08% से अधिक**
- साल 2021-22 में राज्य का विकास दर 16.8 फीसदी था, यह देश की ग्रोथ रेट से कैसा है? **- ज्यादा**
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जी एस डी पी में वृद्धि की दर कितनी प्रतिशत अनुमानित है? **- 19 प्रतिशत**

**राजस्व व्यवस्था**

- राज्य वस्तु एवं सेवा कर तथा मूल्य संवर्द्धित कर से राजस्व संग्रह का कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है? **- 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपये (1,50,000 करोड़ रुपये)**
- आबकारी शुल्क से राजस्व संग्रह का कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है? **- 58 हजार करोड़ रुपये**
- स्टाम्प एवं पंजीकरण से राजस्व संग्रह का कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है? **- 34 हजार 560 करोड़ रुपये**
- वाहन कर से राजस्व संग्रह का लक्ष्य कितना निर्धारित किया गया है? **- 12 हजार 672 करोड़ रुपये**
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 33.50 लाख करोड़ रुपये के कितने एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं? **- 19,000 से अधिक**
- उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कितने स्टार्टअप काम कर रहे हैं? **- 72,000**
- कपड़ा उद्योग के अंतर्गत कितने हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है? **- 31 हजार**
- स्टार्टअप के लिये सीड फंड के लिए कितने रुपये का प्रावधान किया गया है? **- 100 करोड़**
- राज्य में कितने नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है? **- 14**
- एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज योजना के अंतर्गत राज्य में कितने कॉलेज की स्थापना की जा चुकी है? **- 45**
- कितने जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना पीपीपी मॉडल के तहत की जाएगी? **- 16 जिलों में**
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 2023-24 के बजट में कितने रुपये की व्यवस्था की गई है? **- 400 करोड़**
- इमरजेंसी मेडिसिन एवं रीनल ट्रांसप्लांट केंद्र की स्थापना किस मेडिकल कॉलेज में की गयी है? **- एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ**
- लीवर ट्रांसप्लांट सेंटर व अडवांस डायबिटिक सेंटर की स्थापना किस मेडिकल कॉलेज में की गयी है? **- एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ**
- असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए संचालित मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए वित्तवर्ष 2023-24 के बजट में कितने रुपए का प्रावधान किया गया है? **- 100 करोड़**
- वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में कितने रुपये का बजट प्रावधान प्रस्तावित है? **- 7,248 करोड़**

- देश की GDP में उत्तर प्रदेश का का योगदान कितना प्रतिशत का है? **- 8% से अधिक**
- वर्ष 2021-22 में प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है? **- 16.8 प्रतिशत**
- वर्ष 2021-22 में प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद देश की विकास दर से कैसी रही है? **- अधिक रही**
- प्रदेश के लगभग 46 लाख 22 हजार गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से 2022 तक कितने रुपये से अधिक का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया है? **- 1,96,000 करोड़**
- राज्य में 'गन्ना उत्पादकता में कितने टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई है? **- 1,00,875 टन प्रति हेक्टेयर**
- औसतन 349 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कितने रुपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई है? **- 34,656 रुपये**
- गन्ना मूल्य भुगतान वर्ष 2012 से 2017 तक की अवधि में किए गए कुल गन्ना मूल्य भुगतान 95,125 करोड़ रुपये से कितने रुपये अधिक है? **- 86,728 करोड़**
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में अब तक 51,639.68 करोड़ रुपये से अधिक राशि वितरित की गई है। धनराशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई है।
- प्रदेश में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनश्चित करने हेतु कितने महिला पीएसी बटालियन का गठन किया जा रहा है? **- 03**

¤ बेसहारा महिलाओं को पेंशन और विवाह योजना के लिए 600 करोड़ दिए जाएंगे।
¤ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 1050 करोड़ रुपये का प्रस्ताव पास किया है।
¤ बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे और डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना के लिए 2023-24 के बजट में 550 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया है।
¤ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे एवं बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थानों पर औद्योगिक निर्माण संकुल बनाने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 4 संकुल पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे, 2 संकुल बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के किनारे बनाए जाएंगे।
¤ कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के तहत कार्यस्थल पर किसी श्रमिक की मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये, स्थायी दिव्यांगता पर 4 लाख रुपये एवं आंशिक दिव्यांगता पर 3 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।
¤ UP में OPD एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।
¤ असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों हेतु संचालित मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के लिये 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

- प्रदेश में ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए किस प्रकार के मॉल की स्थापना की जाएगी? **- यूनिटी मॉल**
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 2023-24 में कितने आवासों का लक्ष्य प्रस्तावित है? **- 12,39,877**
- योजना हेतु 9,000 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था दी गई है
- महाकुंभ मेला, 2025 की तैयारी के लिए कितने करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है? **- 2,500 करोड़**
- ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर किस प्रकार की लाइब्रेरी की स्थापना की नई योजना का प्रावधान किया गया है? **- डिजिटल लाइब्रेरी**

## सामाजिक विकास

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामान्य वर्ग की बालिकाओं और ओबीसी कन्याओं के विवाह क्रमशः कितना धन आवंटित किया गया है?
  **- क्रमशः 600 करोड़ रुपये, 150 करोड़ रुपये**
- निराश्रित विधवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए कितने रुपये आवंटित किए गए हैं? **- 4,032 करोड़**
- प्रदेश में वर्तमान में लगभग कितनी महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है? **- 32.62 लाख**
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कितने रुपये का प्रावधान किया गया है? **- 1,050 करोड़**
- साल 2022 में साल 2016 की तुलना में डकैती में कितने प्रतिशत की कमी आई है **- 80.31 प्रतिशत**
- साल 2022 में साल 2016 की तुलना में हत्या में कितने प्रतिशत की कमी आई है? **- 32.45 प्रतिशत**
- कोरोना से बचाव हेतु वैक्सीनेशन के 39.20 करोड़ से अधिक डोज लगाने वाला देश में उत्तर प्रदेश का स्थान है **- प्रथम**
- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के पात्र छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन देने हेतु बजट में कितने करोड़ की व्यवस्था की गई है? **- 3,600 करोड़**
- मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत दुर्घटनावश मृत्यु / दिव्यांगता की दशा में अधिकतम कितने लाख रुपये दिये जाने का प्रावधान है?
  **- 5 लाख। योजना हेतु 750 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित हैं।**

## कृषि

- रबी विपणन वर्ष 2022-23 में कितने रुपये प्रति कुंतल गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित था? **- 2015 रुपये**
- खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी हेतु 2040 तथा ए ग्रेड हेतु कितना मूल्य निर्धारित किया गया है? **- 2060 रुपये प्रति क्विंटल**
- साल 2022-23 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के जरिए कितने करोड़ रुपये डारेक्ट ट्रांसफर किए गए? **- 51,639.68**

- दुग्ध उत्पादन, गन्ना एवं चीनी उत्पादन तथा एथेनॉल की आपूर्ति में उत्तर प्रदेश का स्थान कितना है? - प्रथम

### रोजगार

- मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश किस स्थान पर था? **- देश में प्रथम स्थान**
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कितने स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है? **- 1 लाख 7 हजार**
- एमएसएमई अधिनियम 2020 के माध्यम से इकाइयों को कितने दिवस तक किसी भी विभाग से निरीक्षण से छूट प्रदान की गयी है? **- 1000 दिवस**
- नई उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में कितने रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? **- 20 हजार**
- वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश की बेरोजगारी दर 14.4% थी, यह 2022 में घटकर लगभग कितने प्रतिशत रह गयी है? **- 4.2%**

### अवस्थापना

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में कौन से नई परियोजनाओं की व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है? **- झाँसी लिंक एक्सप्रेस वे तथा चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे**
- यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कितने एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी की स्थापना की जा रही है? **- 1000 एकड़ भूमि पर**
- 2022 तक राज्य में कितने हवाई अड्डों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है? **- 4**
- राज्य में कितने हवाई अड्डों का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है? **- 6**
- राज्य में 5 अंतरराष्ट्रीय और 16 घरेलू हवाई अड्डे कार्यात्मक हो जाएंगे, इस प्रकार कुल 21 हवाई अड्डे होंगे।
- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के किनारे कितने स्थानों पर औद्योगिक निर्माण संकुल बनाने का फैसला किया गया है? **- 6 स्थानों**

### चिकत्सा शिक्षा

- उत्तर प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ फर्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट की स्थापना हेतु कितने करोड़ की व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है? **- 20 करोड़**
- उत्तर प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल कितना है? **- 240.93 लाख हेक्टेयर**
- उत्तर प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना ने हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य है? **- 188.40 लाख हेक्टेयर**
- उत्तर प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के कितने क्षेत्रफल पर कृषि कार्य होता है? **- 165.40 लाख हेक्टेयर**

## राजस्थान बजट 2023 – 24

### बजट के प्रमुख बिन्दु

- वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों में कितने करोड़ की राजस्व प्राप्तियों का अनुमान है? **-2 लाख 33 हजार 988 करोड़ 1 लाख रुपए**
- वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों में राजस्व व्यय का अनुमान कितना लगाया गया है? -2 लाख 58 हजार 883 करोड़ 68 लाख रुपए का
- वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों में राजस्व घाटा कितना अनुमानित है **- 24 हजार 895 करोड़ 67 लाख रुपए**
- वर्ष 2023-24 का राजकोषीय घाटा कितने रुपये का अनुमानित है? **- 62 हजार 771 करोड़ 92 लाख**
- वर्ष 2023-24 का राजकोषीय घाटा GSDP का कितना प्रतिशत है? **- 3.98 प्रतिशत**
- राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2023-24 में कितने से अधिक का महंगाई राहत पैकेज की घोषणा की है? **-19 हजार करोड़ रुपए**
- मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के अंतर्गत बजट में कितने यूनिट प्रतिमाह तक बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को नि:शुल्क बिजली प्रदान किया जायेगा? **- 100 यूनिट प्रतिमाह**

### सामाजिक सुरक्षा

- मनरेगा एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में प्रतिवर्ष कितने रोजगार दिवस की गारंटी प्रदान की जाएगी? **- 125 दिवस**
- कथौडी, सहरिया एवं विशेष योग्यजन को स्थाई रूप से 100 दिवस के स्थान पर कितना रोजगार मिल सकेगा? **- 200 दिवस**
- सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों को न्यूनतम कितना पेंशन प्रदान किया गया है? **- एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन**
- सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों को हर वर्ष कितने प्रतिशत की स्वत: वृद्धि का प्रावधान किया गया है? **- हर वर्ष 15 प्रतिशत**
- Gig Workers Welfare and Development Fund कितने करोड़ का स्थापित किया जायेगा? **- 200 करोड़ रुपए का**
- 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक संबल योजना' में Hospitalised श्रमिकों को 7 दिवस तक कितने रुपये प्रतिदिन सहायता राशि का प्रावधान किया गया है? **- 200 रुपए**
- किस योजना के तहत कामकाजी महिलाओं के शिशुओं की देखभाल का प्रावधान किया गया है? **- प्रियदर्शिनी-डे-केयर सेन्टर योजना**
- अंतरराष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन (आईआरसी) का आयोजन किसके लिए किया जायेगा? **- प्रवासी राजस्थानियों के लिए**

- बीकानेर व पचपदरा-बाड़मेर में क्या स्थापित किया जायेगा? **- अंतर्देशीय कंटेनर डिपो**
- ब्लू पॉटरी के लिए कहाँ उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी? **- जयपुर में**
- 'ग्रामीण हाट' की स्थापना कहाँ किये जाने का प्रावधान है? **- अलवर एवं पुष्कर-अजमेर**
- किन शहरों के लिए GIS आधारित '3D City' परियोजना की घोषणा की गयी है? **- जोधपुर, उदयपुर, कोटा एवं अजमेर**

### ऊर्जा

- किस जिले में एक हजार 100 मेगावाट का लिग्नाइट आधारित Power Plant स्थापित करने की घोषण की गयी है?
- अक्षय ऊर्जा की निकासी हेतू कहाँ बल्क पॉवर कॉरिडोर की स्थापना की जाएगी? **- भड़ला-बीकानेर**
- राजस्थान ग्रीनिंग एंड रिवाइल्डिंग मिशन का उद्देश्य क्या है? **- राजस्थान को 'हरित प्रदेश' बनाना**
- राजस्थान के प्रत्येक जिले में कौन सी वाटिका स्थापित की जाएगी? **- एक-एक लव-कुश वाटिका**
- एकीकृत संसाधन रिकवरी पार्क की स्थापना कहाँ की जाएगी? - जमवारामगढ़-जयपुर में

### पर्यटन, कला एवं संस्कृति

- माउण्ट आबू-सिरोही, जोधपुर तथा उदयपुर सहित 5 स्थलों पर अन्तरराष्ट्रीय स्तर के क्या स्थापित किये जायेंगे? **- गोल्फ कोर्स**
- किस जिले में अन्तरराष्ट्रीय स्तर के जयपुर कला समागम का आयोजन किया जायेगा? - जयपुर में
- लोक कलाकार कल्याण कोष व मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना कितने करोड़ की राशि के साथ आरम्भ की जाएगी **- 100 करोड़ रुपए राशि**
- किस स्तर पर पर महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केंद्र की स्थापना की जाएगी? **- ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायत/वार्ड स्तर**
- राज्य में कितने 'महात्मा गांधी सेवा प्रेरक' केंद्र की स्थापना की जाएगी? **- 50 हजार**

### कृषि बजट

- 11 लाख किसानों को कितने यूनिट तक फ्री बिजली देने की घोषणा की गयी है? **- 2,000 यूनिट**
- कृषक कल्याण कोष को 5000 करोड़ से बढ़ाकर कितने करोड़ किया जाएगा? **- 7,000**
- किसानों के लिए सहकारी बैंकों से कितने करोड़ के ब्याज को ऋण मुक्त कराने की घोषणा की गयी है? **- 3,000 करोड़**
- राज्य के 60 हजार किसानों को ग्रीन हाउस और अन्य सुविधाओं के लिए कितने करोड़ का अनुदान दिया जाएगा? **- 1 करोड़**
- किस जिले में ऑर्गेनिक फॉर्म की स्थापना कर 5 हजार किसानों को ट्रेनिंग दी जाएगी? **- जोधपुर और जयपुर में**
- एग्रीकल्चर ग्रेजुएट बेरोजगार युवाओं को कितना ड्रोन उपलब्ध कराया जायेगा? **- 1000**
- जोधपुर और जयपुर में ऑर्गेनिक प्रोडक्ट को किस नाम से स्थापित किया जाएगा? **- माटी**
- जोधपुर में 10 करोड़ की लागत से क्या बनाया जाएगा? **- प्लेनेटोरियम**
- सलीम दुर्रानी क्रिकेट एकेडमी कहाँ खोला जायेगा? **- उदयपुर में**
- एयर कार्गो सेवा का का आरम्भ कहाँ किया जायेगा? **- उदयपुर में**
- कृषक कल्याण कोष की राशि को 5 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर कितना किया गया है? **- 7 हजार 500 करोड़ रुपए**
- मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना में युवाओं के लिए कौन से मिशन की शुरुआत की गयी है? **- 12वें मिशन**
- 2 वर्षों में फार्म पौण्ड के निर्माण हेतु कितने हजार किसानों को अनुदान दिया जायेगा? - 50
- कितने कृषकों को जैविक खेती हेतु प्रति कृषक 5 हजार रुपए की इनपुट सब्सिडी प्रदान की जाएगी? - 50 हजार
- 100 करोड़ रुपए की लागत से जैविक उत्पाद मार्ट की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- जयपुर एवं जोधपुर में**
- किस जिले में अंजीर का उत्कृष्टता का केंद्र स्थापित किया जायेगा? **- सिरोही में**
- हरी खाद उत्पादन हेतु 5 लाख किसानों को कौन से बीज के नि:शुल्क मिनीकिट प्रदान किये जायेंगे? **- ढैंचा बीज**
- कृषि स्नातक बेरोजगार युवाओं को एक हजार ड्रोन हेतु कितने तक का अनुदान प्रदान किया जायेगा? **- 4.4 लाख रुपए**
- एपिकल्चर के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- टोंक में**
- पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना का प्रावधान कहाँ किया गया है? **- सीकर व बस्सी-जयपुर में**
- कितने कृषि महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी? - 7
- किस स्थान पर उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गयी है? **- दुर्गापुरा-जयपुर**

राजस्थान बजट 2023 किन मुद्दों पर केंद्रित है। - **बसों में फ्री यात्रा, 100 यूनिट बिजली, युवाओं के लिए रोजगार, किसानों को पेंशन व रोजगार भत्ता और नए जिलों व सम्भागों के लिए क्या खास, जैसे 5 मुख्य मुद्दों पर केंद्रित।**

- राजस्थान का बजट 2023-24 किस थीम पर आधरित है? **- बचत, राहत, बढ़त**
- 2023 का राजस्थान बजट में किन पाँच बिन्दुओं को खासा महत्व प्रदान किया गया है? **- 1. बसों में फ्री यात्रा, 2. 100 यूनिट फ्री बिजली, 3. युवाओं के लिए रोजगार, 4. किसानों को पेंशन व रोजगार भत्ता 5. नए जिलों व सम्भागों हेतु किये गये प्रयास**

## बजट 2023 की प्रमुख घोषणाएँ

### युवा

- राज्य में युवाओं को अब प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कितना शुल्क देना होगा? **- शुल्क फ्री**
- राज्य के सरकारी कॉलेज कैंपस में कितने रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा? **- 100 जॉब फेयर**
- राज्य में छात्र-छात्राएँ सरकारी बसों के माध्यम से कितने तक की निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे? **- 75 किलोमीटर**
- स्किल डेवलपमेंट के लिए बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया है? **- 100 करोड़**
- राज्य में अब छात्राओं के साथ-साथ छात्रों को भी RTE के तहत किस क्लास तक फ्री शिक्षा प्रदान की जाएगी? **- कक्षा 1 से 12**
- शिक्षा, छात्रवृति और संसाधन पर खर्च बढ़ाकर कितने रुपए किया जाएगा? **- 200 करोड़**
- कितनी राशि के साथ युवा कल्याण कोष का गठन किया जाएगा? **- 500 करोड़ रुपए**
- वर्ष 2023-24 का बजट किस वर्ग को केन्द्रित कर बनाया गया है? **- युवाओं पर केंद्रित**
- नवीन युवा नीति के तहत 500 करोड़ रुपए के किस कोष का गठन किया गया है? **- युवा विकास एवं कल्याण कोष**
- 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना' का उद्देश्य क्या है? - **30 हजार विद्यार्थियों को प्रोफेशनल कोर्स और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराना।**
- जिला मुख्यालयों पर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए किस हॉस्टल' का निर्माण किया जाएगा? **- 'विवेकानन्द यूथ हॉस्टल'**
- समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर किस नाम से वाचानालय की स्थापना की जाएगी **- सावित्री बाई फूले वाचनालय**
- 18-35 वर्ष के उद्यमियों हेतु किस योजना का आरम्भ किया गया है? - मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना
- मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना में कितने प्रतिशत की margin money का प्रावधान किया गया है? **- 10 एवं 15 प्रतिशत**
- अल्प आय वर्ग जिसके अंतर्गत महिलाएं, कामगार, हस्तशिल्पी, केशकला व माटी कला कारीगर एवं घुमंतू आदि को स्वरोजगार के लिए कौन सी योजना का प्रस्ताव किया गया है? **- 'विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना'**
- Rajasthan Venture Capital Fund के तहत युवाओं को स्टार्टअप की स्थापना हेतु कितने करोड़ की राशि उपलब्ध करायी जाएगी? **- 250 करोड़**
- ग्रामीण तथा स्कूल के विद्यार्थियों हेतु चयनित विद्यालय में कौन सी योजना आरम्भ की जाएगी **- आईस्टार्ट लांचपैड नेक्स्ट**
- Rajiv Gandhi Innovations Challenge में पुरस्कार राशि व संख्या में वृद्धि?
- राजस्थान के किन जिलों में Planetariums का निर्माण किया जायेगा? **. जोधपुर, कोटा एवं उदयपुर में**
- Bio Technology Policy-2023 के तहत APJ Abdul Kalam Institute of Bio Technology की स्थापना किस जिले में स्थापित की जाएगी? **- जयपुर में**
- राजीव गाँधी उड़ान अकादमी की स्थापना किस जिले में की जाएगी ? **- जयपुर में**
- खनन विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव किस संभाग में किया गया है? **- कोटा संभाग**
- राज्य में कितने नए राजकीय महाविद्यालय एवं नए कन्या महाविद्यालय की स्थापना का प्रावधान किया गया है? **- 27 और 20 नए कन्या महाविद्यालय**
- Faculty Development Academy की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- जयपुर में**
- प्रत्येक जिला मुख्यालय पर कितने ITI को 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस' बनाने का लक्ष्य तय किया गया है? **- एक**
- किस योजना में बालिकाओं को 30 हजार स्कूटी देने की घोषणा की गयी है? **- कालीबाई भील तथा देवनारायण योजनाओं**
- कॉलेज छात्राओं हेतु किस स्कीम का आरम्भ किया गया है? **- ट्रांसपोर्ट वाउचर**
- राज्य के प्रत्येक संभाग में किस नाम से आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल खोले जाने का प्रावधान किया गया है? **- सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल**
- राज्य में कितने नए खेल स्टेडियम की स्थापना की जाएगी? **- 27**
- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- भरतपुर में**
- फुटबॉल अकादमी की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- कोलिडा-सीकर व बांसवाड़ा में ( बीकानेर में साइकिलिंग, भीलवाड़ा में कुश्ती, राजगढ़-चुरू में एथलेटिक्स तथा बाड़मेर व सीकर में बास्केटबॉल अकादमी )**
- सिन्थेटिक एथलेटिक्स ट्रैक की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- अजमेर, बीकानेर, भरतपुर व जोधपुर**

### शिक्षा क्षेत्र

- राज्य की राजधानी में 300 करोड़ की लागत से किस संस्थान की स्थापना की घोषणा की गयी है? **- ए.पी.जे. अब्दुल कलाम इंस्टिट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी**
- प्रदेश के किन तीन जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी? **- प्रतापगढ़, जालोर एवं राजसमंद में**
- कहाँ मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा की गई है? **- जोधपुर, मारवाड़**

- किस जिले में 25 करोड़ रुपये की लागत से महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय तैयार किया जाएगा? **- जोधपुर में**
- दिव्यांग महाविद्यालय की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- उदयपुर में**
- प्रदेश में कितने इंग्लिश मीडियम स्कूल और खोले जाएंगे।? **- 1000**
- रिसर्च करने वाले छात्रों को प्रतिमाह कितने रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी? **- 30,000 रुपये**
- स्कूलों में मिड डे मील के तहत अब रोजाना बच्चों को कौन सा पेय पदार्थ उपलब्ध करवाया जाएगा? **- दूध**
- राज्य सरकार कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत छात्राओं को कौन दुपहिया वाहन देगी? **- 30,000 इलेक्ट्रिक वाहन**

## चिकित्सा और बीमा क्षेत्र में घोषणाएँ


- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रति परिवार बीमा राशि 10 लाख से बढ़ाकर कितना किया गया है? **- 25 लाख रुपए**
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में परिवार की दुर्घटना बीमा राशि को 5 लाख से बढ़ाकर कितना कर दिया गया है? **- 10 लाख रुपए**
- 'सेंटर फॉर पोस्ट-कोविड रिहैबिलिटेशन' एवं श्वसन रोग संस्थान की स्थापना कहाँ की जाएगी **- RUHS जयपुर में**
- साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेंटर्स की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में**
- श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, भरतपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा एवं अजमेर सहित 15 स्थानों पर किस केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है? **- नशामुक्ति केन्द्र**
- एक हजार करोड़ रुपए की लागत से कहाँ सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रावधान किया गया है? **- प्रतापगढ़, जालोर एवं राजसमंद में**
- 500 करोड़ रुपए की लागत Marwar Medical University की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- जोधपुर में**
- Centre of Excellence for Sickle Cell Disease की स्थापना कहाँ की जाएगी? **- आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में**
- सायकोलॉजिकल काउन्सलिंग सेंटर्स का आरम्भ कहाँ किये जाने का प्रस्ताव है? - जयपुर, जोधपुर और कोटा
- Centre of Excellence in Panchkarama किस स्थान पर खोला जाएगा? **- चाकसू-जयपुर**
- आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा का एकीकृत महाविद्यालय की स्थापना का प्रावधान कहाँ किया गया है? **- नाथद्वारा-राजसमंद में**

## महिलाओं हेतु

- राज्य की महिलाओं को राजस्थान रोडवेज की बसों के किराए में कितनी की छूट की घोषणा की गयी है **- 50 फीसदी**
- सरकार प्रदेश की महिलाओं को सिलाई मशीन के लिए कितनी सहायता राशि प्रदान करेगी? **- 5000-5000**

## आमजन

- राज्य में किस लिए नया कानून लाया जाएगा? **- सामाजिक सुरक्षा पेंशन**
- किस स्तर पर रोड सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा? **- जिला स्तर पर**
- राजस्थान में कितने यूनिट तक घरेलू बिजली नि:शुल्क दी जाएगी? **- 100 यूनिट**
- उज्जवला योजना के 76 लाख गैस उपभोक्ता परिवारों को कितने रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा? **- 500 रुपए**
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर कितना कर दिया गया है? **- 1000 रुपए**
- मेलों में जाने के लिए श्रद्धालुओं को बस किराए में कितने प्रतिशत की छूट की घोषणा की गयी है? **- 50 प्रतिशत**
- कैलादेवी, रामदेवरा, अजमेर दरगाह, पुष्कर, खाटू श्याम, बेणेश्वर धाम, बीकानेर मुकाम धाम के लक्खी मेलों में रोडवेज बसों से जाने पर श्रद्धालुओं को किराए में कितनी छूट दी जाएगी **- 50 प्रतिशत छूट**



# राष्ट्रीय

## जम्मू के बाग-ए-बहू में सरस आजीविका मेला 2023

**जम्मू-कश्मीर** के उपराज्यपाल **मनोज सिन्हा** ने 4 फरवरी, 2023 को जम्मू के **बाग-ए-बहू में सरस आजीविका मेला 2023** का उद्घाटन किया। 11 दिवसीय यह मेला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अपनी तरह का पहला मेला है।

- मेले में देश भर के लगभग **सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से महिला स्वयं सहायता समूहों** की भागीदारी हो रही है, जो हस्तशिल्प, हथकरघा और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन करेंगे।
- यह मेला **ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों** को अपने स्व-निर्मित उत्पादों को बेचने, बढ़ावा देने और विभिन्न बिक्री प्लेटफार्मों के साथ विपणन संबंध बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।
- यह **केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के दीन दयाल उपाध्याय योजना** की एक पहल है।

## कर्नाटक के तुमकुरु में हेलीकॉप्टर उत्पादन इकाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर उत्पादन इकाई का 6 फरवरी, 2023 को उद्घाटन किया है। **कर्नाटक के तुमकुरु** स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) की इस यूनिट में लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (LUH) बनेंगे।

- LUH स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित तीन टन वर्ग का, एकल इंजन बहुउद्देश्यीय उपयोगिता हेलीकॉप्टर है।
- इस फैक्ट्री से 20 साल में तीन से चार टन वाले एक हजार से ज्यादा हेलीकॉप्टर्स के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।
- यहां पर लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर्स और इंडियन मल्टीरोल हेलीकॉप्टर्स का निर्माण भी किया जाएगा।
- इस फैक्ट्री को अत्याधुनिक उद्योग 4.0 मानक उपकरणों और तकनीकों से लैस किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट में 5 कुल 7 नए जजों की नियुक्ति

6 फरवरी, 2023 को सुप्रीम कोर्ट में 5 नए जजों को मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने शपथ दिलाई। इससे पहले 10 जनवरी 2023 को 2 अन्य न्यायाधीशों की न्युक्ति की गई थी।

- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर 2023 को इन जजों के नाम मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास भेजे थे। सुप्रीम कोर्ट में जजों के 34 पद स्वीकृत हैं।

### इन 5 जजों की नियुक्ति हुई है

1. राजस्थान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पंकज मित्तल
2. पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय करोल
3. मणिपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पीवी संजय कुमार
4. पटना हाई कोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह
5. इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्र

इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस राजेश बिंदल और गुजरात हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरविंद कुमार को सुप्रीम कोर्ट में 10 जनवरी 2023 को जज नियुक्त किया गया है।

- इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या क्षमता के तहत पूरी 34 हो गई है।

## इंदौर हरित बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला नगर निकाय

इंदौर नगर निगम हरित बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला शहरी निकाय बन गया है। इस बॉन्ड के जरिये निगम की 244 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

- इंदौर नगर निगम शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए जुलाध पम्पिंग स्टेशन से पानी पंपिंग करता है।
- खरगोन जिले में पड़ने वाली नर्मदा नदी के किनारे शहर का सबसे बड़ा पंपिंग स्टेशन जुलाध है।
- सामराज और आशुखेड़ी गांवों में जुलाध पम्पिंग स्टेशन को बिजली देने के लिए 60 मेगावाट का सौर संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

**GK फैक्ट**

✧ **ग्रीन बॉन्ड:** ग्रीन बॉन्ड किसी संगठन द्वारा उन परियोजनाओं के वित्तपोषण या पुनर्वित्त के उद्देश्य से जारी किया जाता है, जो पर्यावरण और/या जलवायु में सकारात्मक योगदान देते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में लीथियम भंडार की खोज

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने जम्मू और कश्मीर के **रियासी जिले के सलाल-हैमाना क्षेत्र में** 5.9 मिलियन टन के लीथियम भंडार का पता लगाया है।

- यह देश में मिला लीथियम का पहला भंडार है।

**लीथियम का प्रयोगः** लीथियम एक धातु है, जिसका प्रयोग इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बनाने में किया जाता है।

- लीथियम आयन बैटरियों की क्षमता ज्यादा होती है और अन्य रासायनिक क्रियाओं पर आधारित बैटरियों की तुलना में इनकी उम्र भी लंबी होती है।
- लीथियम का प्रयोग ईवी बैटरियों के बनाने में उपयोग होता है।
- लीथियम आयन बैटरियों के कारण ही इलेक्ट्रिक वाहनों की रेंज बढ़ाने में मदद मिली है और एक ही चार्ज में 500 से 700 किलोमीटर तक चलने वाली कारें बन पा रही हैं।
- वर्तमान में चीन और ऑस्ट्रेलिया लीथियम के बड़े उत्पादक देश हैं।

## मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण 2022–23 लॉन्च

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने 9 फरवरी, 2023 को मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण 2022-23 का शुभारंभ किया।

- इस मिशन को देश के सभी 2,69,253 ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जाएगा।
- सर्वेक्षण 2022 प्रश्नावली में 21 क्षेत्रों को कवर करते हुए 183 संकेतक चुने गए हैं।
- देश भर की ग्राम पंचायतों में वार्षिक सर्वेक्षण मिशन अंत्योदय ढांचे का एक महत्वपूर्ण पहलू है।
- यह मिशन विभिन्न सरकारी योजनाओं के समन्वय से संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करेगा।
- सर्वेक्षण प्रश्नों को **पांच स्तरों** में वर्गीकृत किया गया है- (i) पंचायत, अवसंरचना, (ii) पंचायत सेवाएं, (iii) ग्राम अवसंरचना, (iv) ग्राम सेवाएं तथा (अ) ग्राम व्यवहार।
- सर्वेक्षण में शामिल क्षेत्रों में मत्स्य पालन, कृषि, ईंधन और चारा, सुशासन, सड़कें, संचार आदि शामिल हैं।
- प्रश्नावली को 13 भाषाओं में तैयार किया जाएगा।

**GK फैक्ट**

✧ **अंत्योदय मिशनः** इस मिशन को बजट 2017-18 के दौरान लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य पंचायतों को उनकी विकास योजना बनाने में सहायता करना है। इन उद्देश्यों के अलावा मिशन को वार्षिक सर्वेक्षण कराने के उद्देश्य को भी पूरा करना है।

## 13 नए राज्यपालों की नियुक्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 नए राज्यपालों की नियुक्ति की।

| राज्य | राज्यपाल |
|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक |
| सिक्किम | लक्ष्मण प्रसाद आचार्य |
| झारखंड | सीपी राधाकृष्णन |
| हिमाचल प्रदेश | शिव प्रताप शुक्ला |
| आंध्र प्रदेश | एस. अब्दुल नजीर |
| असम | गुलाब चंद कटारिया |
| छत्तीसगढ़ | न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिस्वा भूषण हरिचंदन |
| मणिपुर | अनुसुइया उइके |
| नागालैंड | ला गणेशन |
| मेघालय | फागू चौहान |
| बिहार | राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर |
| महाराष्ट्र | रमेश बैस |
| लद्दाख का उप राज्यपाल | ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) डॉ. बी.डी. मिश्रा |

**GK फैक्ट**

✧ राज्यपाल, राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है, वह मंत्रिपरिषद की सलाह से कार्य करता है।

✧ संविधान के अनुच्छेद 155 के अनुसार- राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से की जाएगी, किन्तु वास्तव में राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा केंद्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर की जाती है।

## सरकारी अस्पतालों में एकीकृत चिकित्सा केंद्र

भारत सरकार एकीकृत चिकित्सा केंद्रों (Integrative Medicine Centres) का उद्घाटन करेगी। ये केंद्र सरकारी अस्पतालों में संचालित होंगे।

- दिल्ली के **सफदरजंग अस्पताल में पहले एकीकृत चिकित्सा केंद्र** का उद्घाटन किया गया।
- इस पहल का मुख्य उद्देश्य औषधीय क्षेत्र में भारतीयों के पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करना है।
- यह केंद्र मुख्य रूप से आयुर्वेदिक दवाओं पर ध्यान केंद्रित और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करेंगे।
- **देश के सभी सरकारी अस्पतालों में एकीकृत चिकित्सा केंद्र** खोले जाएंगे।
- इस चिकित्सा केंद्र के माध्यम से आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा दोनों का उपयोग कर मरीजों का इलाज किया जाएगा।

## आंवला और फूलपुर में नैनो यूरिया के नए प्लांट

विश्व की नंबर-1 सहकारी संस्था इफको (IFFCO) के दो अतिरिक्त नैनो यूरिया प्लांट की शुरुआत आंवला (बरेली) और फूलपुर (प्रयागराज) में की गई है।

- यह यूरिया लिक्विड फॉर्म में है, जिसका फसलों पर स्प्रे किया जाएगा।
- दोनों स्थानों पर पारम्परिक यूरिया बनाने वाले कारखाने पहले से ही मौजूद हैं।
- इन दोनों प्लांटों की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन दो लाख बोतल नैनो यूरिया बनाने की होगी।
- नैनो यूरिया लिक्विड की एक बोतल में 40,000 पीपीएम नाइट्रोजन होता है।
- नैनो यूरिया के 500 एमएल की एक बोतल सामान्य यूरिया के 45 किग्रा के एक बैग के बराबर काम करती है।
- नैनो यूरिया लिक्विड के इस्तेमाल से फसल उपज में औसतन 8 प्रतिशत वृद्धि होगी।

**GK फैक्ट**

- ✧ **नैनो यूरिया:** यह फसल की उपज की पोषक गुणवत्ता को बढ़ाता है।
- ✧ फसल उत्पादकता में वृद्धि और लागत में कमी करके किसानों की आय में वृद्धि करता है।
- ✧ नैनो यूरिया को पारंपरिक यूरिया के स्थान पर विकसित किया गया है।
- ✧ यह पारंपरिक यूरिया की आवश्यकता को न्यूनतम 50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

## मीरा पहल

भारत द्वारा मोटे अनाजों की खपत एवं उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये मीरा (Millet International Initiative for Research and Awareness-MIIRA) पहल की घोषणा की गई है।

- इसका उद्देश्य **मोटे अनाजों से संबंधित अनुसंधान का समर्थन करते हुए विश्व के मोटा अनाज अनुसंधान संगठनों को जोड़ना** है।
- इस पहल के लिये भारत 'सीड मनी' का योगदान देगा, साथ-ही प्रत्येक जी-20 सदस्य को सदस्यता शुल्क के रूप में इसमें योगदान देना होगा।
- इंदौर में आयोजित जी-20 कृषि प्रतिनिधियों की पहली बैठक में इससे संबंधित मसौदा चार्टर को अनुमोदन के लिये रखा गया। इसका सचिवालय दिल्ली में स्थित होगा।

**GK फैक्ट**

- ✧ **मोटे अनाज:** मोटे अनाज पोषक तत्वों से भरपूर सामग्री के लिये जाने जाते हैं और इसमें सूखा सहिष्णु, प्रकाश-असंवेदनशीलता और जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन विशेषताएँ विद्यमान होती हैं। ज्वार, बाजरा, मक्का, जौ, और अन्य कुटकी (Small Millets) एक साथ मोटे अनाज कहलाते हैं।

## विजिट इंडिया ईयर-2023

पर्यटन मंत्री ने नई दिल्ली में **"विजिट इंडिया ईयर-2023"** का शुभारंभ किया। विजिट इंडिया ईयर-2023 अभियान **पर्यटन मंत्रालय की एक पहल** है।

- इस अभियान के तहत देश में पर्यटन, बड़ी योजनाओं और गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता है।
- इस अभियान का उद्देश्य G20 की अध्यक्षता कर रहे **भारत में यात्रा को प्रोत्साहित करना** एवं भारत का दौरा करने वाले प्रतिनिधियों को **'अतुल्य भारत'** का दर्शन कराना है।
- विजिट इंडिया ईयर-2023 अभियान के **प्रतीक चिह्न** का भी अनावरण किया गया, जो **'नमस्ते' की छवि से युक्त है।**
- प्रतीक चिह्न में भारत की विरासत के तत्वों, स्मारकों के साथ ही अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में भारत की आधुनिक उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है।
- प्रतीक चिह्न में प्रतिष्ठित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को भी दर्शाया गया है।

## टोटो जनजाति

टोटो साहित्य और भाषा के संरक्षण पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता धनीराम टोटो वर्ष 2023 में पद्मश्री से सम्मानित होने वाले अपने समुदाय के पहले व्यक्ति हैं।

- पिछले कई दशकों से टोटो जनजाति की न केवल संख्या कम हो रही है, बल्कि इनकी सभ्यता और संस्कृति पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।
- टोटो पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिला में टोटोपारा नामक एक छोटे से क्षेत्र में निवास करने वाली जनजाति है।
- इस जनजाति के करीब 1600 लोग भूटान सीमा के पास देश के केवल आठ वर्ग किलोमीटर के दायरे में सीमित हैं।
- टोटो जनजाति मंगोलॉयड प्रजाति से संबंधित है तथा इनकी भाषा टोटो तिब्बत-बर्मन परिवार से संबंधित है।
- टोटो जनजाति पितृसत्तात्मक है। ये सामान्यत: अपने ही गोत्र में विवाह करते हैं।
- ये स्वयं को हिंदू मानते हैं तथा स्थानीय देवता ईशपा एवं चीमा की पूजा करते हैं।
- ईशपा की पूजा घर के बाहर खुले में और चीमा की पूजा घर के अंदर की जाती है।

**GK फैक्ट**

- ✧ **टोटो भाषा:** अब तक इस भाषा की कोई लिपि नहीं थी। टोटो भाषा में केवल मौखिक लोक कथा और गान हैं। वर्ष 2009 में यूनेस्को ने इस भाषा को संकटग्रस्त घोषित किया था। इस संकट को भांपते हुए ही धनीराम टोटो साल 2005 से टोटो भाषा (डेंग्का) की लिपि पर काम कर रहे हैं।

## देश में 47 स्थानों पर खुदाई के लिए मंजूरी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (Archaeological Survey of India) ने देश में 47 स्थानों पर खुदाई के लिए मंजूरी दे दी है। इन स्थानों में 31 स्थल एएसआई के हैं, वहीं 16 स्थान राज्य सरकारों के हैं।

**खुदाई के लिए इन प्रमुख स्थानों की मंजूरी-**

- ओल्ड गोवा में सेंट ऑगस्टाइन चर्च
- गुजरात में कच्छ की खाड़ी
- दिल्ली में पुराना किला
- हरियाणा में राखीगढ़ी
- अयोध्या जिला में नदी के किनारे
- महाराष्ट्र में बीबी का मकबरा
- श्रीनगर में हरवान और आसपास के इलाके और जबरवान हिल्स
- बंगाल का उत्तरी दीनापुर, पूर्व वर्धमान का भरतपुर असम में प्रतिमा गढ़ और आसपास के क्षेत्र
- तमिलनाडु में वेम्बाकोट्टई।

## राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी का आयोजन

डाक विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तत्वावधान में नई दिल्ली में 11 से 15 फरवरी, 2023 तक अमृतपेक्स 2023 राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

- यह आयोजन भारत के संस्कृति मंत्रालय और भारतीय फिलैटली कांग्रेस के परामर्श से किया गया।

- इस प्रदर्शनी में डाक टिकटों, पत्र लेखन और आभासी प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत की उपलब्धियों की झलक प्रस्तुत की गई।
- **इस आयोजन के दौरान "भौगोलिक संकेतः** कृषि वस्तुएं" में 12 स्मारक टिकटों का एक सेट भी जारी किया गया।

## द इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट

द इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट 17-18 फरवरी, 2023 को **नई दिल्ली** में आयोजित किया गया। ग्लोबल बिजनेस समिट का यह 7वां संस्करण है।

- इस शिखर सम्मेलन का विषय **'लचीलापन, प्रभाव और प्रभुत्व'** है।
- द ग्लोबल बिजनेस समिट की मेजबानी हर वर्ष द टाइम्स ग्रुप द्वारा की जाती है।
- यह समिट प्रमुख आर्थिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करने वाले नीति निर्माताओं और कॉर्पोरेट प्रमुखों को एक मंच प्रदान करता है।

## इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो कोलकाता में संपन्न

**एशिया का सबसे बड़ा सीफूड शो, इंडिया इंटरनेशनल सीफूड** 15 से 17 फरवरी, 2023 को **कोलकाता** में आयोजित किया गया।

- समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) द्वारा सीफूड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- इसमें G20 देशों पर विशेष ध्यान देने के साथ क्रेता-विक्रेता की बैठक हुई।
- भारत ने 2025 तक समुद्री उत्पादों के निर्यात में 14 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा है।
- सरकार ने 2023 के बजट में **प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना** नामक एक नई उप-योजना की घोषणा की।

## विश्व के 52 प्रतिशत कुष्ठ रोगी भारत में

2005 में **भारत को 'कुष्ठ रोग उन्मूलित'** घोषित किए जाने के बावजूद, अभी भी विश्व के कुल कुष्ठ रोगियों में से आधे से अधिक (52%) भारत में हैं।

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2030 तक कुष्ठ संक्रमण के शून्य मामलों को प्राप्त करने के लिए 2023-2027 के लिए रोडमैप तैयार किया है।
- कुष्ठ रोग की प्रसार दर 2014-15 में प्रति 10,000 जनसंख्या पर 0.69 से घटकर 2021-22 में 0.45 हो गई है।
- प्रति एक लाख जनसंख्या पर वार्षिक रूप से नए मामलों की संख्या 2014-15 में 9.73 से घटकर 2021-22 में 5.52 हो गई है।

**कुष्ठ रोगः** यह एक दीर्घकालीन संक्रामक रोग है जो माइकोबैक्टीरियम लेप्री जीवाणु के कारण होता है।

- यह रोग नसों, त्वचा, आंखों और नाक की परत (नेजल म्यूकोसा) को प्रभावित करता है।
- इस संक्रमण की खोज करने वाले वैज्ञानिक के नाम पर कुष्ठ रोग को हैनसेन रोग भी कहा जाता है।

## लोक सभा उपाध्यक्ष पद का चुनाव

सुप्रीम कोर्ट द्वारा **लोकसभा उपाध्यक्ष** का चुनाव न करने पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया गया। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने केंद्र और राज्यों से इस पर जवाब मांगा है।

- लोक सभा अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाता है।
- लोकसभा 45 महीने बाद भी अपना उपाध्यक्ष नहीं चुन पाई है।
- **उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि अध्यक्ष द्वारा निर्धारित** की जाती है।
- अध्यक्ष की तरह, उपाध्यक्ष आमतौर पर **लोकसभा के कार्यकाल तक ही** पद धारण करता है।
- 11वीं लोकसभा से उपाध्यक्ष को विपक्षी दलों के सदस्यों में से ही चुने जाने की परंपरा है।

**GK फैक्ट**

- ✧ लोक सभा उपाध्यक्ष का पद भारत में 1919 के भारत सरकार अधिनियम (मोंटेग-चेम्सफोर्ड सुधार) के प्रावधानों के तहत 1921 में लाया गया।
- ✧ संविधान के अनुच्छेद 93 के अनुसार, लोकसभा अपने दो सदस्यों को क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुनेगी।

## शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'युवा संगम पोर्टल' लॉन्च

शिक्षा मंत्रालय ने 6 फरवरी, 2023 को **'एक भारत-श्रेष्ठ भारत'** के तहत युवा संगम पोर्टल के साथ पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया है।

- यह कार्यक्रम पर्यटन, परम्परा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और परस्पर संपर्क की भावना से किया जा रहा है।
- यह एक प्रकार का राष्ट्रीय आदान-प्रदान कार्यक्रम है।
- इसके माध्यम से देश के युवा विभिन्न हिस्सों में जाकर देश को देखने, समझने और जानने का प्रयास करेंगे।
- इस कार्यक्रम के माध्यम से 18 से 30 वर्ष के 1000 युवाओं को पूर्वोत्तर और देश के अन्य राज्यों में यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में भेजा जाएगा।
- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत, युवा संगम' से युवाओं को देश के अलग अलग राज्य को देखने का एवं कला संस्कृति को समझने का अवसर मिलेगा।

**एक भारत श्रेष्ठ भारतः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2015 में सरदार वल्लभ पटेल की 140वीं जंयती के मौके पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की घोषणा की थी, और वित्तवर्ष 2016-17 के बजट में इसकी शुरुआत की गयी।

## 22वें विधि आयोग के कार्यकाल का विस्तार

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने भारत के **22वें विधि आयोग** के कार्यकाल के विस्तार को मंजूरी दी है, जिसे 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ाया गया है।

### 22वां विधि आयोग

- **7 नवंबर, 2022 को 22वें** कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश **ऋतुराज अवस्थी** को विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।
- भारत के वर्तमान 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 20 फरवरी, 2023 को समाप्त हुआ।
- **टी. शंकरन, प्रो. आनंद पालीवाल, प्रो. डीपी वर्मा, प्रो. (डॉ.) राका आर्य और एम करुणानिधि** को विधि आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है।
- पांच सदस्यीय 22वें विधि आयोग का कार्यकाल **तीन वर्ष** का होगा।
- न्यायमूर्ति **बीएस चौहान 21वें विधि आयोग के अध्यक्ष** थे, जिनका कार्यकाल अगस्त 2018 में समाप्त हो गया था।
- भारत में **पहला विधि आयोग** 1955 में स्थापित किया गया था और **एमसी सीतलवाड़**, भारत के पहले विधि आयोग के अध्यक्ष थे।

**GK फैक्ट**

✧ **भारत का विधि आयोग:** विधि आयोग एक गैर-सांविधिक निकाय है जिसे भारत में कानूनों में सुधार का सुझाव देने के लिए केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है। इसकी सिफारिशें सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं हैं।

## नमामि गंगे कार्यकारी समिति ने 9 परियोजनाओं को मंजूरी दी

नमामि गंगे कार्यकारी समिति ने गंगा बेसिन के प्रदूषण में कमी और घाट का विकास करने के लिए 1,278 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

- राष्ट्रीय स्वच्छ-गंगा मिशन के तहत पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में क्रियान्वित की जाने वाली कुल 9 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है।
- इन परियोजनाओं में 7 गंगा बेसिन में प्रदूषण कम करने के लिए हैं और 2 नदी घाट के विकास कार्य से संबंधित हैं।

### 9 परियोजनाएं

1. पश्चिम बंगाल के चकदहा नगर निगम में दैनिक 1.3 करोड़ लीटर क्षमता के सीवेज शोधन संयंत्र।
2. 30 लाख लीटर क्षमता के विकेन्द्रीकृत एसटीपी के निर्माण के लिए 123 करोड़ रुपये।
3. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सलोरी एसटीपी की सीवेज उपचार क्षमता दैनिक 4.3 करोड़ लीटर।
4. 13 नालों को मोड़ने की तीन परियोजनाओं के लिए 422 करोड़ रुपये।
5. उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़ और बुलंदशहर में 8 स्थानों पर बनाए गए वेटलैंड सिस्टम के विकास के जरिए काली पूर्व नदी के पुनरुद्धार के लिए 95.47 करोड़ रुपये।
6. लखीसराय कस्बे में दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के विकास के लिए 94.12 करोड़ रुपये।
7. मध्य प्रदेश में इंदौर में कहन और सरस्वती नदियों में प्रदूषण कम करने के लिए 511 करोड़ रुपये।
8. बिहार के सारण में अटल घाट मांझी घाट के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये।
9. उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में नागेश्वर धाम आश्रम घाट के लिए 2.84 करोड़ रुपये।

## संस्थानों में 'बीआईएस मानकीकरण चेयर प्रोफेसर' की स्थापना

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने संस्थानों में 'बीआईएस मानकीकरण चेयर प्रोफेसर' की स्थापना के लिए आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी गांधीनगर और एनआईटी कालीकट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

- बीआईएस मानकीकरण चेयर प्रोफेसर को देश में मानकीकरण तथा अनुरूपता मूल्यांकन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए लाया गया है।
- विकास और प्रबंधन तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- यह विज्ञान तथा विभिन्न विषयों के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान एवं विकास में उत्कृष्टता व नेतृत्व को बढ़ावा देगा।
- देश में मानकीकरण और अनुपालन मूल्यांकन के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में सहायक होगा।
- इसके माध्यम से सिविल विद्युत यांत्रिक रसायन भूकंप इंजीनियरिंग नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं आदि पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- यह मानक नवाचार को सुविधाजनक बनाने में छात्रों को मदद करेगा।

**GK फैक्ट**

✧ **भारतीय मानक ब्यूरो (BIS):** भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। यह उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन कार्य करती है। इसकी स्थापना 1947 में की गई थी।

## भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष विधेयक, 2022

भू-विरासत (जियो-हेरिटेज) स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रख-रखाव) विधेयक, 2022 का मसौदा जारी किया है?

- हाल ही में खान मंत्रालय ने मसौदा भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण एवं रख-रखाव) विधेयक, 2022 अधिसूचित किया है।

**उद्देश्य :** भूवैज्ञानिक अध्ययन, शिक्षा, अनुसंधान और जागरुकता बढ़ाने के लिये भू-विरासत स्थलों एवं राष्ट्रीय महत्त्व के भू-अवशेषों की घोषणा, सुरक्षा, संरक्षण तथा रख-रखाव करना है।

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के अनुसार भारत में 32 भू विरासत स्थल है, जो भारत के विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों में विस्तृत हैं एवं कई जीर्णावस्था में है, अतः इनके संरक्षण एवं रख-रखाव के लिए भारतीय खान मंत्रालय द्वारा एक बिल 2022 में लाया गया है।

### भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

इसकी स्थापना वर्ष 1851 में मुख्य रूप से रेलवे के लिये कोयला भंडार की खोज हेतु की गई थी।

- इसका मुख्यालय कोलकाता में है और इसके छः क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, जयपुर, नागपुर, हैदराबाद, शिलांग तथा कोलकाता में स्थित हैं। प्रत्येक राज्य की एक राज्य इकाई होती है।

## द्वितीय भारतीय चावल कांग्रेस - 2023

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में 11 फरवरी, 2023 को द्वितीय भारतीय चावल कांग्रेस-2023 का उद्घाटन किया।

**आयोजन :** 11-14 फरवरी, 2023 तक आयोजित किया गया। इस चावल कांग्रेस का आयोजन चावल अनुसंधान कार्यकर्ता संघ, कटक, राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, फिलीपींस, राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद तथा सोसाइटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ राइस रिसर्च, हैदराबाद के सहयोग से किया गया है।

**इसका विषय :** "चावल अनुसंधान में परिवर्तन: नवीनतम वैज्ञानिक विकास और वैश्विक खाद्य संकट" है।

## धारा (DHARA) 2023

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पुणे में धारा/DHARA 2023 सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसका आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (NIUA) के सहयोग से पुणे में 13 से 14 फरवरी, 2023 तक आयोजित किया गया। धारा/DHARA का अर्थ ड्राइविंग हॉलिस्टिक एक्शन फॉर अर्बन रिवर्स (Driving Holistic Action for Urban Rivers) है।

- यह आयोजन रिवर सिटीज एलायंस (RCA) के सदस्यों की वार्षिक बैठक है।
- इसका उद्देश्य रिवर सिटीज एलायंस के सदस्यों को अपने शहरों में शहरी नदी प्रबंधन के लिए प्रगतिशील कार्यों में संलग्न होने के लिए प्रेरित करना है।

**रिवर सिटीज एलायंस :** रिवर सिटीज एलायंस 2021 में 30 शहरों के साथ शुरू हुआ था और वर्तमान में पूरे भारत में इसके 95 शहर सदस्य हैं।

- दुनिया में अपनी तरह का पहला एलायंस, दो मंत्रालयों यानी जल शक्ति मंत्रालय और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की सफल साझेदारी का प्रतीक है। एलायंस तीन व्यापक विषयों (THEMES)- नेटवर्किंग, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता पर केंद्रित है।

## जाफना सांस्कृतिक केन्द्र

जाफना सांस्कृतिक केन्द्र भारत और श्रीलंका के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक सहयोग को दर्शाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में इस केन्द्र की आधारशिला रखी थी।

- 11 मिलियन डॉलर के भारतीय अनुदान के साथ निर्मित, केंद्र की परिकल्पना ''जाफना की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने, संरक्षित करने और प्रोत्साहित करने'' के लिए एक सार्वजनिक स्थान के रूप में और श्रीलंका में ''सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र'' के रूप में की गई थी।
- पांच साल के लिए इस केंद्र की प्रशासनिक खर्चों को वहन करने के लिए, श्रीलंका को भारत की पेशकश के बावजूद, इस केंद्र की उद्घाटन प्रक्रिया हेतु बहुत कम प्रगति हुई है।

## अंतर्नाद - 2023 का आयोजन

31 जनवरी से 4 फरवरी, 2023 के मध्य 36वें इंटर-यूनिवर्सिटी नॉर्थ जोन यूथ फेस्टिवल अंतर्नाद), 2023 जम्मू-कश्मीर में सम्पन्न हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को इसका शुभारंभ किया था।

- इसमें देश भर के 18 विश्वविद्यालयों के 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- इसका आयोजन एशोसियेशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा किया गया था।
- इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में साहित्यिक, कला, ललित कला में प्रतिभागी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

## विश्व प्रौद्योगिकी विधि सम्मेलन, 2023

24-26 मई, 2023 के मध्य विश्व प्रौद्योगिकी विधि सम्मेलन, 2023 का आयोजन टोरंटो में किया जायेगा।

- इसका आयोजन इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी एसोसियेशन द्वारा किया जाएगा।

## लाल रेखा अभियान

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा भारत में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग और गलत इस्तेमाल के खतरों को उजागर करने के लिए एक बहुत आवश्यक जन जागरुकता अभियान 'मेडिसिन (चिकित्सा शास्त्र) विद (के साथ) द (हैं) रेड लाइन' (लाल रेखा) शुरू किया गया था।

**उद्देश्य:** डॉक्टर के पर्चे के बिना एंटीबायोटिक्स सहित लाल खड़ी रेखा वाली (red vertical line) दवाओं का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया गया है।

### मुख्य बिन्दु

लाल पट्टी वाले दवा टैबलेट पैक इंगित करते हैं कि इन्हें डॉक्टर के पर्चे के बिना नहीं खरीदा जा सकता है।

- एंटीबायोटिक्स को ड्रग रूल्स, 1945 की अनुसूची H और H1 में शामिल किया गया है। इन दवाओं में विशेष सावधानी लेबलिंग आवश्यकताएं होती हैं और केवल पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे के तहत बेची जाती हैं।

## एलोरा-अजंता अंतरराष्ट्रीय महोत्सव 2023

25 फरवरी, 2023 को तीन दिवसीय एलोरा-अजंता अंतरराष्ट्रीय महोत्सव शुरू हुआ। इस महोत्सव का आयोजन डॉक्टर बाबा साहेब आम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक सोनेरी महल में किया गया है।

- कार्यक्रम की शुरुआत मयूर वैद्य और मृण्मयी देशपांडे के कत्थक नृत्य से हुई।
- यह त्योहार एलोरा और अजंता की गुफाओं की कलाकृति और वास्तुकला के साथ-साथ स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के प्रदर्शन को प्रदर्शित करता है। एलोरा अजंता महोत्सव एक वार्षिक उत्सव, जहां देश भर के गायक और नर्तक अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एकत्रित होते हैं। ■■

# आर्थिकी



## वर्ष 2023-24 में अनुमानित आर्थिक विकास दर 6.5%

आर्थिक सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए GDP ग्रोथ रेट के 6.5% होने का अनुमान लगाया है।

- यह पिछले 3 साल में सबसे धीमी ग्रोथ होगी। वहीं नॉमिनल GDP का अनुमान 11% लगाया गया है।
- सर्वे में कहा गया है कि भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।
- PPP (पर्चेजिंग पावर पैरिटी) के मामले में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और एक्सचेंज रेट के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था।
- विकास की सीमा 6 से 6.8 प्रतिशत के बीच अनुमानित है, जबकि भारत के 2025-26 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।
- IMF ने अपने विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद के पूर्वानुमान को 6.8 प्रतिशत पर बनाए रखा है।
- IMF ने अगले वित्त वर्ष के दौरान इसके 6.1% रहने का अनुमान व्यक्त किया है।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के 6.8% रहने का अनुमान है।

**GK फैक्ट**

✧ अन्तरराष्ट्रीय मौद्रिक कोष (IMF) संयुक्त राष्ट्र की एक प्रमुख वित्तीय एजेंसी है और एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है, जिसका मुख्यालय वॉशिंगटन, डी.सी. में है। इसकी स्थापना 1944 में हुई थी।

## ब्रिटिश स्कॉच व्हिस्की के लिए भारत सबसे बड़ा मार्केट

स्कॉटलैंड के प्रमुख उद्योग निकाय के आंकड़ों के अनुसार ब्रिटिश स्कॉच व्हिस्की के लिए भारत विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभरा है।

- भारत का वर्ष 2022 में ब्रिटेन से स्कॉच व्हिस्की का आयात 60 प्रतिशत बढ़ गया।
- भारतीय स्कॉच बाजार ने पिछले दशक में 200 फीसदी से ज्यादा वृद्धि की है।
- स्कॉच व्हिस्की के आयात के मामले में भारत ने फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है।
- वृद्धि के बावजूद भी भारत में पूरे व्हिस्की बाजार में सिर्फ दो प्रतिशत हिस्सेदारी ही है।

## 13 देशों में भारत की UPI भुगतान प्रणाली को अपनाने पर सहमति

भारत की यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) भुगतान प्रणाली को विश्व के 13 देश अपनाने के लिए सहमत हो गए हैं।

- सिंगापुर ने यूपीआई के साथ खुद को जोड़ने का काम पूरा कर लिया है।
- इससे भारत वैश्विक स्तर पर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने में अपना नेतृत्व देगा।
- वैश्विक स्तर पर 11 लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था है और वर्ष 2025 तक वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था 23 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी।
- भारत को छोड़ अन्य सभी देशों के डिजिटल इकोसिस्टम में कुछ कंपनियों का एकाधिकार है।
- सिर्फ भारत में डिजिटल इकोसिस्टम सभी के लिए खुला हुआ है। तभी गूगल ने अपनी भुगतान प्रणाली को छोड़ यूपीआई को अपनाया है।

**GK फैक्ट**

✧ **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई):** यह कैशलेस भुगतान को तीव्र और आसान बनाने के लिये चौबीस घंटे धन हस्तांतरण सेवा है। यह कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन के द्वारा कई बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान करती है।

## यूएई इंडिया बिजनेस काउंसिल - यूएई चैप्टर लॉन्च

यूएई और भारत ने 18 फरवरी, 2023 को आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए यूएई इंडिया बिजनेस काउंसिल-यूएई चैप्टर (यूआईबीसीयूसी) लॉन्च किया।

- **भारत-यूएई व्यापक मुक्त व्यापार समझौते** पर हस्ताक्षर का एक वर्ष पूरा हुआ।
- **यह फेडरेशन ऑफ यूएई चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री** की देखरेख में काम करेगा।
- इसे **दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स** के साथ एक कानूनी और वित्तीय इकाई के रूप में पंजीकृत किया गया है।
- यूआईबीसी-यूसी का कार्यालय **दुबई** में होगा।
- **केएफ होल्डिंग्स के फैजल कोट्टिकोलोन** को यूआईबीसी-यूसी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

## विंडफाल टैक्स में कटौती

सरकार ने पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट पर लगने वाले विंडफाल टैक्स में कटौती की है। घरेलू स्तर पर पैदा होने वाले कच्चे तेल के साथ डीजल और हवाई ईंधन पर यह टैक्स घटाया गया है।

- कच्चे तेल के एक्सपोर्ट पर टैक्स को 5,050 रुपए प्रति टन से घटाकर 4,350 रुपए प्रति टन किया गया है।
- डीजल एक्सपोर्ट पर टैक्स को 7.5 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 2.5 रुपए प्रति लीटर किया गया है।
- हवाई ईंधन पर भी विंडफाल टैक्स को 6 रुपए से घटकर 1.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है।
- विंडफॉल टैक्स के लागू होने के बाद से इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट आई है।
- **विंडफॉल टैक्स:** विंडफॉल टैक्स ऐसी कंपनियों या इंडस्ट्री पर लगाया जाता है, जिन्हें किसी खास तरह की परिस्थितियों में तत्काल काफी लाभ होता है। भारत की तेल कंपनियां इसका अच्छा उदाहरण हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान क्रूड तेल की कीमत 139 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थी। यह पिछले 14 साल के सबसे उच्चतम स्तर था।

## व्हाइट लेबल एटीएम

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में व्हाइट लेबल एटीएम की स्थापना, स्वामित्व और संचालन के लिए वक्रांगी लिमिटेड को जारी किए गए प्राधिकरण की वैधता बढ़ा दी है।

- गैर-बैंक एटीएम ऑपरेटरों को आरबीआई द्वारा भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत अधिकृत किया गया है।
- ऐसी गैर-बैंक संस्थाओं के पास न्यूनतम 100 करोड़ रुपये का शुद्ध मूल्य होना चाहिए, जिसे हर समय बनाए रखा जाना है।
- व्हाइट लेबल एटीएम (डब्ल्यूएलए) संचालन की गतिविधि में 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति है।
- **व्हाइट लेबल एटीएम:** गैर-बैंकों द्वारा स्थापित, स्वामित्व और संचालित स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) को व्हाइट लेबल एटीएम कहा जाता है।
- **वक्रांगी लिमिटेड:** मुंबई में स्थित एक प्रौद्योगिकी कंपनी है; जो बैंकिंग, बीमा, ई-गवर्नेंस, ई-कॉमर्स सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड के लिए सॉफ्टवेयर और उपकरण की मुख्य प्रदाताओं में से एक है।

## भारत और सिंगापुर के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में समझौता किया है। भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) और सिंगापुर के पेनाऊ (PayNow) को जोड़कर दोनों देशों के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी की शुरुआत की गई है।

- इससे भारत और सिंगापुर के बीच क्रॉस-बार्डर कनेक्टिविटी के तहत आसानी और तेजी के साथ पैसे ट्रांसफर किए जा सकेंगे। सिंगापुर में रहने वाले भारतीय अब यूपीआई के जरिए भारत में पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे।
- आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर की ओर से मॉनिटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि मेनन ने इस सुविधा को लॉन्च किया है।
- भारत और सिंगापुर के बीच रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम लिकेंज को लॉन्च किया जा चुका है।

## मुख्य फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान 2022-23

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि वर्ष 2022-23 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान जारी कर दिए गए हैं।

- वर्तमान कृषि वर्ष में 3,235.54 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है।
- वर्ष 2022-23 के दौरान चावल का कुल उत्पादन (रिकॉर्ड) 1,308.37 लाख टन अनुमानित है।
- देश में गेहूं का उत्पादन (रिकॉर्ड) 1,121.82 लाख टन अनुमानित है।
- वर्ष 2022-23 के दौरान देश में मक्का का उत्पादन रिकॉर्ड 346.13 लाख टन अनुमानित है।
- श्रीअन्न (पोषक-अनाज) का उत्पादन 527.26 लाख टन अनुमानित है।
- मूंग का उत्पादन 35.45 लाख टन के नए रिकार्ड पर अनुमानित है।
- वर्ष 2022-23 के दौरान कुल दलहन उत्पादन 278.10 लाख टन अनुमानित है।
- सोयाबीन तथा रेपसीड एवं सरसों का उत्पादन क्रमशः 139.75 लाख टन एवं 128.18 लाख टन अनुमानित है।
- वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल तिलहन उत्पादन रिकॉर्ड 400.01 लाख टन अनुमानित है। वर्ष 2022-23 के दौरान देश में गन्ने का उत्पादन रिकॉर्ड 4,687.89 लाख टन अनुमानित है।
- कपास का उत्पादन 337.23 लाख गांठें (प्रति गांठ 170 किग्रा) तथा पटसन एवं मेस्ता का उत्पादन 100.49 लाख गांठें (प्रति गांठ 180 किग्रा) अनुमानित है।

## टाटा और उबर के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए समझौता

उबर ने 25,000 इलेक्ट्रिक वाहनों को प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए भारत की अग्रणी कार निर्माता टाटा मोटर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- यह समझौता भारत में एक वहां निर्माता और राइडशेयरिंग प्लेटफॉर्म के बीच अब तक की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की प्रतिबद्धता है।
- टाटा मोटर्स उबर के भागीदारों को एक्सपीआरईएस-टी ईवी की डिलीवरी शुरू करेगी।
- यह साझेदारी दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद में उबर सेवाओं के विद्युतीकरण में सहायता करेगी।
- उबर ने 2040 तक शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों, सार्वजनिक पारगमन या सूक्ष्म गतिशीलता के साथ 100% सवारी करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त किया है।

**GK फैक्ट**

✧ **उबर:** उबर एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय राइड-हैलिंग कंपनी है, जो कई प्रकार की सेवाएं उप्लब्ध कराती है। इसके प्लेटफॉर्म पर इसके वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए पहुंचा जा सकता है।

## "अग्रदूत–2023" हैकथॉन

भारतीय रिजर्व बैंक ने **"अग्रदूत-2023"** (HARBINGER-2023) हैकथॉन की घोषणा की। 22 फरवरी, 2023 से हैकथॉन के लिए पंजीकरण शुरू किया गया।

- इस हैकथॉन की थीम "Inclusive Digital Services" है।
- इस हैकथॉन में 22 विभिन्न देशों के प्रतियोगी भाग लेंगे।
- इसमें इजरायल, फिलीपींस, सिंगापुर, स्वीडन, अमेरिका और यूके शामिल हैं।
- यह हैकाथॉन चार खंडों में आयोजित किया जाएगा–
- ये खंड हैं- डिजिटल बैंकिंग, विनियम, लेनदेन और लेनदेन में ब्लॉकचेन का उपयोग।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने हैकथॉन में भाग लेने के लिए फिनटेक को आमंत्रित किया।
- दिव्यांग जनों को डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में मदद करेंगे।
- फिनटेक केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्राओं की पहुंच बढ़ाने पर काम करेगा।
- इस ग्लोबल हैकथॉन की शुरुआत पहली बार 2021 में हुई थी।

**GK फैक्ट**

- ✧ **हैकथॉनः** यह हैकिंग और मैराथन का एक संयोजन है। जहां लोग अपेक्षाकृत कम समय में तेजी से सहयोगी इंजीनियरिंग में संलग्न होते हैं। हैकथॉन का लक्ष्य घटना के अंत तक कार्यशील सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर बनाना है।
- ✧ **फिनटेकः** व्यक्तियों और कंपनियों को प्रदान की गई वित्तीय सेवाओं के सभी पहलुओं को सुधारने और स्वचालित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में एकीकृत नई तकनीक का वर्णन करता है।

## भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर

**खाद्य और कृषि संगठन कॉर्पोरेट सांख्यिकीय डेटाबेस** (FAOSTAT) के उत्पादन आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्ष 2021-22 में वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 24 प्रतिशत योगदान देने वाला विश्व का सबसे अधिक दुग्ध उत्पादक देश है।

- देश में दूध उत्पादन में पिछले आठ वर्षों के दौरान- वर्ष 2014-15 और 2021-22 के दौरान 51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। 2021-22 में दूध उत्पादन बढ़कर 22 करोड़ टन हो गया है।
- डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य दूध, दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता को बढ़ाना और संगठित खरीद, प्रसंस्करण, मूल्यवर्द्धन और विपणन की हिस्सेदारी बढ़ाना है।

## एयरबस से 250 और बोइंग से 220 विमान खरीदने का समझौता

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने नए विमानों के लिए फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस और अमेरिकी कंपनी बोइंग के साथ समझौता किया है।

- एअर इंडिया फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस से 250 और अमेरिका की विमान निर्माता कंपनी बोइंग से 220 विमान खरीदेगी।
- इसमें छोटी और बड़ी दोनों प्रकार के विमान शामिल हैं। बोइंग से 34 बिलियन डॉलर का समझौता किया गया है।
- यह भारत में किसी विमानन कंपनी की तरफ से सबसे ज्यादा विमानों की खरीद का समझौता है।
- इसके पहल एअर इंडिया ने वर्ष 2005 में 111 विमानों की खरीदने का समझौता किया था।

## कृषि दर्शन एक्सपो, 2023

18 से 20 फरवरी, 2023 तक हिसार के हरियाणा के उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में कृषि दर्शन एक्सपो का आयोजन किया गया।

**उद्देश्यः** कृषि दर्शन मेले का मुख्य उद्देश्य कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों के लिए आधुनिक व नई तकनीकें लाना है।

- इसका आयोजन केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किया गया था।
- कृषि मेले के दौरान 19 फरवरी, 2023 को मिलेट्स उत्पादन एवं इसके मूल्यवर्द्धन के लिए अभियांत्रिक योगदान पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।
- मेले में हरियाणा सरकार ने एक पुस्तक "मिलेट्स का उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्यवर्द्धन के लिए मशीनरी" का विमोचन किया।
- इस मेले में कम पानी में अधिक पैदावार, मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने, खेती की समस्याओं व उनके समाधान, कृषि संबंधी लोन की सुविधा, कृषि मशीनरी की खरीद, उन्नत बीज, कीटनाशक व उर्वरक, आधुनिक व नई तकनीक वाले कृषि यंत्रों के अलावा सिंचाई, ग्रीन हाउस, पम्प व सोलर तकनीक की जानकारी उपलब्ध करवाना शामिल है।

## जी–20 वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक

जी-20 वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक, 2023 बेंगलुरु, कर्नाटक में किया गया। इसका आयोजन 24-25 फरवरी, 2023 के मध्य किया गया।

- इसकी अध्यक्षता केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मंत्री निर्मल, सीतारमण और आरबीई गवर्नर शक्तिकांत दास ने संयुक्त रूप से किया।
- **इस दौरान 'वाक द टॉकः पॉलिसी इन एक्शन'** नामक एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

**मुख्य बिन्दुः** नीतिगत मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय नीतिगत सहयोग बढ़ाने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास को सशक्त, संतुलित और समावेशी बनाने के प्रयोजन से एक दस्तावेज को अंगीकृत किया गया।

- 21वीं सदी की साझा वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने; सुदृढ़, समावेशी और टिकाऊ 'भविष्य के शहरों' के लिए वित्तपोषण; वित्तीय समावेश और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) का उपयोग करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। ■

# अंतरराष्ट्रीय

## तुर्की में भूकंप

6 फरवरी, 2023 को तुर्की और सीरिया में एक विनाशकारी भूकंप आया, जिसमें 15,000 से अधिक लोग मारे गए।

- तुर्की और सीरिया में आये भूकंप के बाद भारत द्वारा ऑपरेशन दोस्त चलाया गया है।
- भारतीय सेना ने तुर्की के हटे प्रांत के इस्केंडरन में एक फील्ड अस्पताल स्थापित किया है। फील्ड अस्पताल भूकंप से प्रभावित लोगों का इलाज करेगा।
- भूकंप का केंद्र पूर्वी एनाटोलियन फॉल्ट पर लगभग 18 किमी की गहराई पर तुर्की के शहर नूरदगी से लगभग 26 किमी पूर्व में था।
- रिक्टर पैमाने पर 7.8, 7.6 और 6.0 तीव्रता के तीन भूकंप तुर्की और पड़ोसी सीरिया के विभिन्न क्षेत्रों में आए।

## अक्साई चिन क्षेत्र में एक नई रेलवे लाइन

चीनी सरकार अक्साई चिन क्षेत्र (Aksai Chin Railway Line) में एक नई रेलवे लाइन बनाने की योजना बना रही है। यह लाइन पैंगोंग झील तक वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब से होकर गुजरेगी।

- यह चीनी रेलवे लाइन अक्साई चिन में भारत से सटे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से होकर गुजरेगी।
- चीन की यह महत्वकांक्षी रेलवे लाइन शिंजियांग और तिब्बत को जोड़ेगी।
- यह रेलवे लाइन G219 नैशनल हाइवे के पास से होकर भी गुजरेगी।
- चीनी रेलवे लाइन का पहला चरण साल 2025 तक पूरा हो जाएगा और यह शिआगात्से से लेकर पखूक्त्सो तक जाएगा।
- इस योजना के तहत, चीन तिब्बत के रेलवे कनेक्शन को 4,000 किमी तक बढ़ाएगा। वर्तमान में, यह 1,400 किमी है।
- ये रेलमार्ग पूरा होने के बाद चीन के किंगहाई-तिब्बत मार्ग को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे मार्ग बन जाएगा।

## यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में यूक्रेन का ओडेसा

संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में यूक्रेन के ऐतिहासिक बन्दरगाह शहर ओडेसा को शामिल किया गया है। ओडेसा काला सागर के तट पर अवस्थित बंदरगाह है।

- UNESCO के विश्व विरासत सूची में ओडेसा के शामिल होने से इसके संरक्षण के लिए तकनीकी और वितीय अंतरराष्ट्रीय सहायता प्राप्त हो सकेगी।
- ओडेसा के ऐतिहासिक केंद्र को संकटग्रस्त विश्व धरोहरों की सूची में भी अंकित किया गया है।

**GK फैक्ट**

- **संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन ( यूनेस्को ):** यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। यह शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है। यूनेस्को का गठन 16 नवम्बर, 1945 को हुआ था।
- वर्तमान में विश्व में कुल 897 सांस्कृतिक, 218 प्राकृतिक और 39 मिश्रित यूनेस्को धरोहर स्थल हैं।

- यूनेस्को की सूची में आने से ओडेसा की सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।
- यह निर्णय यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच ओडेसा शहर के सांस्कृतिक प्रतीकों एवं मूल्यों के संरक्षण के लिए लिया गया है।

## मारबर्ग वायरस (Marburg Virus)

इक्वेटोरियल गिनी (Equatorial Guinea) सहित अफ्रीका के कई देशों में मारबर्ग वायरस (Marburg Virus) तेजी से फैल रहा है, जिसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने आपात बैठक बुलाई है।

- इस वायरस के कारण अफ्रीकी देश **इक्वेटोरियल गिनी** में नौ लोगों की मौत हो चुकी है।
- इक्वेटोरियल गिनी के कुछ प्रभावित इलाकों में लॉकडाउन का भी ऐलान कर दिया गया है।
- यह इबोला वायरस के परिवार से ही संबंधित वायरस है।
- इस वायरस से **संक्रमण की स्थिति में हेमरेजिक फीवर** होता है, जो काफी तेजी से फैलता है।
- मारबर्ग वायरस से संक्रमण की स्थिति में मृत्यु दर 88 फीसदी है।
- इंसानों में ये वायरस **चमगादड़** से पहुंचा है।
- **मारबर्ग वायरस के लक्षण:** इस वायरस से संक्रमित व्यक्ति को सबसे पहले तेज बुखार आता है और नाक से खून आने लगता है। ठंड लगना, जी मिचलाना, सिरदर्द, ठंड लगना, बेचैनी के साथ ही शरीर पर लाल रैशेज का पड़ना भी मारबर्ग वायरस से संक्रमण के लक्षण हैं।

## श्री कटास राज मंदिर

पाकिस्तान उच्चायोग ने पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में 12 से 22 फरवरी, 2023 के बीच **श्री कटास राज मंदिर** के दर्शन के लिए भारत के 114 हिंदू तीर्थयात्रियों के समूह को वीजा जारी किए हैं।

- धार्मिक स्थलों के दौरे को लेकर वर्ष 1974 के द्विपक्षीय प्रोटोकॉल के तहत हिंदू तीर्थयात्रियों को श्री कटास राज मंदिर की यात्रा कराई जा रही है।
- पाकिस्तान सरकार इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराएगी।
- इस मंदिर के परिसर में सात मंदिर हैं, जिसे सतग्रह के रूप में भी जाना जाता है।
- मौर्य वंश के शासनकाल में इस स्थान पर सम्राट अशोक ने बौद्ध स्तूप भी बनवाया था।
- चीनी यात्री फाहियान ने भी अपने यात्रा वृत्तांतों में इस स्थान का उल्लेख किया है।

**GK फैक्ट**

- **कटास राज मंदिर:** पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के उत्तरी भाग में नमक कोह पर्वत श्रृंखला में स्थित हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है। इस मंदिर का निर्माण खटाना गुर्जर राजवंश ने करवाया था। यहां एक प्राचीन शिव मंदिर है।

## विश्व बैंक के प्रमुख डेविड मालपास का इस्तीफा

विश्व बैंक के चीफ डेविड मालपास ने लगभग एक साल पहले अपने इस्तीफे की घोषणा की है। मालपास 30 जून, 2023 को अपना पद छोड़ेंगे।

- 9 अप्रैल, 2019 से उन्होंने पांच साल का अपना कार्यकाल शुरू किया था।
- मालपास इससे पूर्व अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में वित्त विभाग में अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप मंत्री थे।
- मालपस ने सतत ऋण व्यवस्था और गरीब देशों में जीवन स्तर में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की वकालत की थी।
- विश्व बैंक के प्रमुख को पारंपरिक रूप से अमेरिका नामित करता है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रमुख को यूरोप नामित करता है।
- **विश्व बैंक:** विश्व बैंक का मुख्य उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों को पुनर्निर्माण और विकास के कार्यों में आर्थिक सहायता देना है। इसका मुख्यालय वॉशिंगटन डी. सी. में है। इसकी स्थापना 1944 में की गई थी।

## स्पेन में 'मासिक धर्म की छुट्टी'

स्पेन की सरकार ने महिलाओं को मासिक धर्म की छुट्टी प्रदान करने वाले एक कानून को मंजूरी दी, जो किसी भी यूरोपीय देश में पहली बार है।

| मासिक धर्म की छुट्टी प्रदान करने वाले अन्य देश | |
|---|---|
| इंडोनेशिया | जापान |
| दक्षिण कोरिया | ताइवान |
| जाम्बिया | |

## कतर ने भारत के फ्रोजन सीफूड से प्रतिबंध हटाया

कतर ने 18 फरवरी, 2023 को भारत से फ्रोजन सीफूड के आयात पर वर्ष 2022 में लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है।

- भारत से कतर में निर्यात की गई फ्रोजन सीफूड में **विब्रियो हैजा** बैक्टीरिया का पता चला था। इसके बाद प्रतिबंध लगा दिया गया था।
- चिल्ड सीफूड के निर्यात पर प्रतिबन्ध जारी रहेगा, जो 2021-22 में पश्चिम एशियाई देश के कुल सीफूड निर्यात का करीब एक-तिहाई है।
- फ्रोजन सीफूड को माइनस 20 डिग्री पर स्टोर किया जाता है, जबकि चिल्ड सीफूड को 3-4 डिग्री सेल्सियस तापमान पर स्टोर किया जाता है।
- पश्चिम एशियाई देश में भारत से समुद्री भोजन का निर्यात लगभग 90 करोड़ रुपये का था, जिसमें झींगा का स्थान पहले नंबर पर था।
- **हैजा:** हैजा रोग विब्रियो हैजा बैक्टीरिया के कारण होता है। हैजा के जीवाणु आमतौर पर पानी या भोजन में पाए जाते हैं, जो मल द्वारा दूषित किया गया है।

## भारत और गुयाना के बीच हवाई सेवा समझौता

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22 फरवरी, 2023 को भारत सरकार और गुयाना के बीच हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी।

- वर्तमान में भारत के पास लगभग 110 देशों के साथ हवाई सेवा समझौते हैं।
- भारत और गुयाना इंटरनेशनल सिविल एविएशन (शिकागो कन्वेंशन) पर कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्ता हैं।

**GK फैक्ट**

- **अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO):** ICAO को 1944 में शिकागो कन्वेंशन द्वारा विश्व भर में नागरिक उड्डयन के सुरक्षित और व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। यह संगठन विमानन सुरक्षा, सुरक्षा, दक्षता और नियमितता के साथ-साथ विमानन पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक मानकों और विनियमों को निर्धारित करता है।
- **अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन कन्वेंशन (शिकागो कन्वेंशन)** पर 7 दिसंबर, 1944 को 52 राष्ट्रों द्वारा हस्ताक्षर किया गया था। कन्वेंशन हवाई क्षेत्र, विमान पंजीकरण और सुरक्षा के नियमों को स्थापित करता है और हवाई यात्रा के संबंध में हस्ताक्षरकर्ताओं के अधिकारों का विवरण देता है।

## 'न्यू स्टार्ट परमाणु संधि' से रूस का निलंबन

रूस ने अमेरिका के साथ परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए न्यू स्टार्ट संधि में भागीदारी को निलंबित करने का निर्णय लिया है।

- वर्ष 2010 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा और रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।
- न्यू स्टार्ट संधि के तहत अमेरिका और रूस में कितनी मिसाइल तैयार स्थिति में होंगी, उनकी संख्या तय की गई थी।

- वर्ष 2011 में ये संधि शुरू हुई और वर्ष 2021 में इसे 5 वर्ष के लिए और बढ़ा दिया गया। यानी मौजूदा संधि 2026 तक के लिए वैध है।
- रूस और अमेरिका के पास पूरे विश्व के 90 फीसदी परमाणु हथियार हैं।

**GK फैक्ट**

- **'न्यू स्टार्ट परमाणु संधि':** समझौते के अनुसार रूस और अमेरिका अधिकतम 1550 परमाणु मिसाइल, 700 लंबी रेंज की मिसाइल और बमर्स बिल्कुल तैयार स्थिति में रख सकते हैं। दोनों ही देश एक-दूसरे की न्यूक्लियर साइट पर एक वर्ष में 18 दौरे कर सकते हैं, ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं कोई देश समझौते का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है।

## भारत-मंगोलिया संयुक्त कार्य समूह की 11वीं बैठक

भारत-मंगोलिया संयुक्त कार्य समूह की 11वीं बैठक 10 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित की गई।

- भारत-मंगोलिया ने विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को और बढ़ाने के लिए उपायों की पहचान की।
- भारत ने 1955 में मंगोलिया के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। इसके तहत उलानबटार में भारतीय रेजिडेंट मिशन 1971 में खोला गया था।
- इस संबंध को 2015 में 'रणनीतिक साझेदारी' में अपग्रेड किया गया था, जब मंगोलिया को 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का एक आवश्यक घटक घोषित किया था।

## 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी में आयोजित

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा 15 से 17 फरवरी, 2023 को 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन फिजी में किया गया।

- 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन 15 फरवरी, 2023 को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका के द्वारा किया गया।
- इस कार्यक्रम का आयोजन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और फिजी सरकार द्वारा किया गया है।
- यह कार्यक्रम हिंदी को वैश्विक भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगा।
- पहली बार फिजी ने इस सम्मेलन की मेजबानी की।
- अंग्रेजी, फिजी और हिंदी, फिजी की तीन आधिकारिक भाषाएं हैं।
- पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 1975 में नागपुर में आयोजित किया गया था।

## पांचवां अंतरराष्ट्रीय समुद्री संरक्षित क्षेत्र कांग्रेस

5वीं अंतरराष्ट्रीय समुद्री संरक्षित क्षेत्र कांग्रेस (IMPAC5: International Marine Protected Areas Congress) 3-9 फरवरी, 2023 को वैंकूवर, कनाडा में संपन्न हुआ।

- इसे संयुक्त रूप से कनाडा सरकार द्वारा फर्स्ट नेशंस- मस्क्यूम (Musqueam), स्क्वैमिश (Squamish) और त्सिल-वाउटुथ (Tsleil-Waututh) के साथ आयोजित किया गया था।
- समुद्री संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने में वैश्विक सहयोग के महत्व पर जोर दिया
- मूलवासी (Indigenous) लोगों के नेतृत्व वाले संरक्षण प्रयासों की आवश्यक भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- यह बैठक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि वर्ष 2022 में आयोजित जैविक विविधता अभिसमय के पक्षकारों के 15वें सम्मेलन में वर्ष 2030 तक पृथ्वी की 30% भूमि और महासागरों की रक्षा करने हेतु राष्ट्रों ने सहमति व्यक्त की थी।

**IMPAC5 परिणामः** IMPAC5 एक वैश्विक मंच है।

- यह समुद्री संरक्षित क्षेत्रों पर सूचना साझा करने, संरक्षण के लिए प्रेरित करने और इस देश में कार्य करने के लिए महासागर संरक्षण पेशेवरों और उच्च-स्तरीय अधिकारियों को एक साथ लाता है।

**समुद्री संरक्षित क्षेत्रः** यह एक समुद्री संरक्षित क्षेत्र है।

- जो अपने प्राकृतिक संसाधनों के सभी या कुछ हिस्से के लिए सुरक्षा प्रदान करता है।
- कुछ गतिविधियां विशिष्ट संरक्षण, हैबिटैट संरक्षण, पारिस्थितिक तंत्र निगरानी या मत्स्य प्रबंधन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सीमित की गयी हैं या पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।

## पेरू में बर्ड फ्लू से सैकड़ों सी-लायन की मौत

दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में पिछले कुछ दिनों में 585 सी लायन एवं 55,000 से ज्यादा जंगली पक्षी (H5N1) बर्ड फ्लू के कारण मृत पाए गए हैं।

- पेरू के सर्नप प्राकृतिक क्षेत्र सुरक्षा एजेंसी के अनुसार 8 संरक्षित तटीय में इन पक्षियों व समुद्री जीवों को मृत पाया गया।
- पेरू में बर्ड फ्लू के कारण हजारों चिकन फार्मों में मुर्गियों को मार दिया गया था।

## भूमिगत वायु सेना बेस ईगल-44

ईरान ने अपने पहले भूमिगत वायु सेना अड्डे का अनावरण किया है, जो लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों से लैस लड़ाकू विमानों को रखने में सक्षम है।

- ओघब 44 (फारसी में 'ईगल') है - ड्रोन के अलावा सभी प्रकार के लड़ाकू जेट और बमवर्षक को समायोजित कर सकता है।
- यह "वायु सेना के सबसे महत्वपूर्ण हवाई ठिकानों में से एक" है, जो लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों से लैस लड़ाकू विमानों से लैस है।
- ओघब 44 (ईगल-44) "हाल के वर्षों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित सेना की वायु सेना के लिए कई सामरिक भूमिगत हवाई अड्डों में से एक है"। ■

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



## INS विक्रांत पर तेजस और मिग–29K की लैंडिंग

6 फरवरी, 2023 को नौसेना ने पहली बार मेड इन इंडिया INS विक्रांत पर दो लड़ाकू विमानों लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस) और मिग-29K से सफल टेक ऑफ और लैंडिंग की है।

- यह स्वदेशी लड़ाकू विमान के साथ एयरक्राफ्ट कैरियर के डिजाइन, डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और ऑपरेशन करने में भारत की ताकत को दिखाता है।
- PM नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर, 2022 को कोच्चि शिपयार्ड में भारत के पहले मेड इन इंडिया एयरक्राफ्ट कैरियर INS विक्रांत को नौसेना में शामिल किया था। इसके साथ ही भारत 40,000 टन से अधिक श्रेणी के एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने की क्षमता रखने वाले देशों में शामिल हो गया।
- **INS विक्रांतः** इसका निर्माण कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड यानी CSL ने किया है। इसे वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है, जिसे पहले नौसेना डिजाइन निदेशालय के रूप में जाना जाता था।
- **लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्टः** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के नेवी संस्करण को LCA Navy नाम दिया गया है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने बनाया है। इसे वायु सेना में तेजस के नाम से कमीशन किया गया है।

## डिजिटल फोरेंसिक प्रयोगशाला की स्थापना

जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) ने 7 फरवरी, 2023 को डिजिटल फोरेंसिक प्रयोगशालाओं की स्थापना करने के साथ-साथ डिजिटल फोरेंसिक के क्षेत्र में सूचनाओं एवं ज्ञान या जानकारियों के आदान-प्रदान, तकनीकी प्रगति और कौशल विकास के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

**GK फैक्ट**

- **जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई):** संबंधित सूचनाओं के संग्रह और प्रसार के लिए एवं जीएसटी की चोरी रोकने हेतु आवश्यक उपाय करने के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधीनस्थ शीर्ष खुफिया संगठन है।
- **राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्व-विद्यालय (एनएफएसयू):** फोरेंसिक विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में अध्ययन एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भारत एकमात्र संस्थान है।

## हाइड्रोजन से चलने वाला ट्रक

रिलायंस ने बेंगलुरु में 'इंडिया एनर्जी वीक' (India Energy Week) में हाइड्रोजन से चलने वाला हेवी ड्यूटी ट्रक को पेश किया है।

- H2-ICE ट्रक भारत में हाइड्रोजन द्वारा संचालित होने वाला अपनी तरह का पहला ट्रक है।
- ट्रक में परंपरागत डीजल ईंधन या तरलीकृत प्राकृतिक गैस के स्थान पर हाइड्रोजन का इस्तेमाल होता है, जिससे कार्बन का उत्सर्जन लगभग शून्य हो जाता है।
- यह पारंपरिक डीजल ट्रक्स की अपेक्षा शोर कम करता है, जबकि परफॉर्मेंस उसके बराबर ही देता है। इसकी परिचालन लागत भी कम है।
- यह पारंपरिक डीजल ट्रक के बराबर ही परफॉर्मेंस देता है। साथ ही शोर भी कम करता है। इसकी परिचालन लागत भी कम है। इस तरह यह ग्रीन मोबिलिटी के भविष्य को एक नई परिभाषा देता है।
- **आन्तरिक दहन इंजन (Internal Combustion Engine):** यह ऐसा इंजन है, जिसमें ईंधन एवं आक्सीकारक के मिश्रण को सभी तरफ से बन्द एक दहन कक्ष में जलाया जाता है।

## गूगल का नया एआई चैटबॉट 'बार्ड' लांच

अल्फाबेट के स्वामित्व वाली कंपनी गूगल ने एआई चैटबॉट सर्विस को डेवलप कर रही है। इस चैटबॉट का नाम बार्ड (Bard) है, जिसे फिलहाल यूजर्स के फीडबैक के लिए जारी किया गया है।

- एआई चैटबॉट 'बार्ड' को कंपनी के बड़े लैंग्वेज मॉडल की पावर, बुद्धिमत्ता और रचनात्मकता के संयोजन से लैस किया जाएगा।
- 'बार्ड' यूजर्स की प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ वेब पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर ज्ञान प्राप्त करेगा।
- नए एआई चैटबॉट बार्ड को OpenAI के ChatGPT को टक्कर देने के लिए पेश किया है।
- यह एक संवादी एआई सेवा है और इसे यूजर्स के टेस्ट फीडबैक के लिए तैयार किया जा रहा है।
- **चैटबॉटः** चैटबॉट एक कंप्यूटर प्रोग्राम है, जो ग्राहकों के सवालों को समझने और उनके जवाबों को स्वचालित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) का उपयोग करता है, मानव वार्तालाप का अनुकरण करता है।

## डिजिटल भुगतान उत्सव

9 फरवरी, 2023 को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में 'डिजिटल भुगतान उत्सव' का शुभारंभ किया।

- 'डिजिटल पेमेंट उत्सव' का आयोजन डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने के लिए किया जा रहा है।
- इस उत्सव में G20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूह (DEWG) की बैठक आयोजित करने वाले शहरों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।
- ये शहर हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु और लखनऊ हैं।
- इस कार्यक्रम में डिजिटल भुगतान और डिजिटल समावेशन में भारत की नेतृत्व प्रदर्शित करने वाली जी-20 सह-ब्रांडेड क्यूआर कोड का विमोचन भी किया गया।
- यह उत्सव अन्य केंद्रीय मंत्रालयों की भागीदारी के साथ डिजिटल भुगतान को 'संपूर्ण सरकार' पहल के रूप में भी पेश किया जाएगा।

## MobiKwik यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड को सपोर्ट करने वाला ऐप

MobiKwik यूपीआई पर RuPay क्रेडिट कार्ड को सपोर्ट करने वाला पहला फिनटेक ऐप बन गया है।

- RuPay क्रेडिट कार्ड अब सीधे यूपीआई आईडी से जुड़ गए हैं, MobiKwik ग्राहक यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन करके आसानी से भुगतान कर सकते हैं।
- यह सुविधा MobiKwik के ग्राहकों को आसान और सुरक्षित भुगतान प्रदान करेगी।
- यह व्यापारियों के लिए क्रेडिट इकोसिस्टम का हिस्सा बनने के नए अवसर भी खोलेगा।
- RuPay क्रेडिट कार्ड सभी प्रमुख बैंकों द्वारा जारी किए जाते हैं, जो वाणिज्यिक और खुदरा दोनों क्षेत्रों में उपयोग होते हैं।
- यूपीआई के साथ RuPay क्रेडिट कार्ड का एकीकरण भारत के राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) और आरबीआई के दृष्टिकोण के अनुरूप है।
- RuPay क्रेडिट कार्ड भारत में उन व्यापारियों के लिए क्रेडिट कार्ड स्वीकृति को बढ़ावा देता है, जो क्रेडिट इकोसिस्टम का हिस्सा नहीं हैं।

## 'क्वाड' देशों द्वारा साइबर सुरक्षा के लिए अभियान

भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) समूह ने सदस्य देशों में साइबर सुरक्षा सुधार के लिए एक जन अभियान की घोषणा की है।

- 'क्वाड साइबर चुनौती' अभियान के तहत हिंद-प्रशांत और अन्य क्षेत्रों से सुरक्षित ढंग से साइबर वर्ल्ड का प्रयोग करने के लिए किया गया है।
- यह पहल लोगों के बीच साइबर सुरक्षा को लेकर जागरुकता बढ़ाने में मदद करेगी।
- राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के साथ भारत का राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक इस चुनौती में समन्वयक निकाय है।

## विश्व का पहला सुपर मैग्नेट

ऑक्सफोर्ड स्थित टोकामक एनर्जी द्वारा विश्व का पहला सुपर मैग्नेट Demo4 विकसित किया गया है।

- यह परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए उच्च तापमान सुपरकंडक्टिंग (एचटीएस) मैग्नेट की एक नई पीढ़ी है।
- टोकामक एनर्जी का लक्ष्य 2030 के दशक की शुरुआत में ग्रिड-रेडी संलयन प्रदर्शित करना है।
- इसका लक्ष्य व्यावसायिक संलयन ऊर्जा का उत्पादन करने वाली पहली निजी कंपनी बनना भी है।
- यह संलयन आधारित बिजली संयंत्रों के लिए उपयोगी हैं।
- Demo4 चुंबक में पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से लगभग एक लाख गुना अधिक मजबूत चुंबकीय क्षेत्र है।
- यह नाभिकीय संलयन प्रक्रिया के दौरान बने अत्यधिक गर्म प्लाज्मा को सीमित और नियंत्रित करने में सक्षम है।

## भारत का पहला ड्रोन-एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश के पहले ड्रोन-एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम Skye UTM का अनावरण किया है।

- स्काई यूटीएम (Skye UTM) यूएवी मूवमेंट के 255 से अधिक मापदंडों को अपने 'ब्लैकबॉक्स' में संग्रहीत करता है।
- यह अत्याधुनिक मानव रहित एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम है। इसका विकास स्काई एयर (Skye Air) द्वारा किया गया है।
- Skye UTM एक क्लाउड-आधारित एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम है, जो मानवयुक्त विमानन हवाई क्षेत्र के साथ मानव रहित एयर ट्रैफिक को एकीकृत करता है।
- यह सिस्टम प्रति घंटे 4,000 उड़ानें और प्रतिदिन 96,000 उड़ानें संभालने में सक्षम है।

## इसरो की सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी-डी2 लॉन्च

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था** (इसरो) ने अपने **सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी-डी2** को अंतरिक्ष में लॉन्च किया है।

- इस रॉकेट ने सतीश धवन **स्पेस सेंटर (श्रीहरिकोटा)** से एक साथ तीन सैटेलाइट को अंतरिक्ष की कक्षा में बैठाया है।
- इनमें इसरो की सैटेलाइट ईओएस -07, चेन्नई के स्पेस स्टार्टअप स्पेसकिड्ज की सैटेलाइट आजाद सैट-2 और अमेरिकी कंपनी अंतारिस की सैटेलाइट जेएएनयूएस 1 है।
- इन तीनों सैटेलाइट्स को 450 किलोमीटर दूर सर्कुलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा।
- इसरो का सबसे छोटा नया रॉकेट एसएसएलवी-डी2 लॉन्च ऑन डिमांड की तकनीक पर काम करता है।
- इसमें पृथ्वी की निचली कक्षाओं में 500 किलोग्राम के उपग्रहों के प्रक्षेपण को पूरा करने की क्षमता है।

- एसएसएलवी-डी2 की लंबाई 34 मीटर, जबकि चौड़ाई 2 मीटर है। यह करीब 120 टन के भार के साथ उड़ान भर सकता है।
- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था (इसरो):** भारत का राष्ट्रीय अंतरिक्ष संस्थान है। इसका मुख्यालय बंगलौर में है।
- **सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र:** आंध्र प्रदेश में स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का प्रक्षेपण केंद्र है।

## बायो–हाइब्रिड रोबोट (BIO-HYBRID ROBOT)

इजरायल के तेल अवीव विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने **बायो-हाइब्रिड रोबोट** का विकास किया है।

- बायो सेंसर से लैस यह रोबोट अग्रिम रोग निदान एवं सुरक्षा जाँच में सुधार के लिये टिड्डे के संवेदी अंग का उपयोग करता है।
- यह रोबोट विभिन्न प्रकार की गंधों में अंतर करने एवं उसके स्थान का पता लगाने में सक्षम होगा।
- बायो-हाइब्रिड रोबोट इलेक्ट्रॉनिक एवं यांत्रिकी जैसे जैविक व कृत्रिम घटकों से युक्त होते हैं।
- इस रोबोट में सेंसर के तौर पर टिड्डियों (Locusts) के एंटीना का प्रयोग किया गया है।

## क्वाओआर (QUAOAR)

खगोलशास्त्रियों ने क्वाओआर (बौने ग्रह) के चारों ओर शनि ग्रह के समान धूल एवं मलबे से निर्मित वलय की खोज की है, जो सौरमंडल से संबंधित रोशे सीमा सिद्धांत का अपवाद है।

- क्वाओआर नेपच्यून की कक्षा से परे बाह्य सौरमंडल में पाया जाने वाला एक बौना ग्रह है। इसे ट्रांस-नेप्च्यूनियन ऑब्जेक्ट्स के रूप में भी जाना जाता है।
- इसकी सतह चट्टान के साथ मिश्रित कम घनत्व वाले बर्फ से निर्मित है। सूर्य की एक परिक्रमा करने में इसे लगभग 288 वर्ष लगते हैं।
- यह पृथ्वी के व्यास का लगभग एक-बारहवाँ, चंद्रमा के व्यास का एक-तिहाई और प्लूटो के आकार का आधा है।

## खनन प्रहरी एप्लीकेशन

देश में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए, भारत सरकार ने एक मोबाइल एप्लिकेशन और एक निगरानी प्रणाली शुरू की है। इस मोबाइल ऐप का नाम खनन प्रहरी दिया गया है।

- इस ऐप के जरिए कोई भी अवैध खनन की गतिविधियों की रिपोर्ट कर सकता है।
- इस ऐप का मुख्य उद्देश्य **अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई में नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना** है।
- असम और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में कोयले जैसे प्रमुख खनिजों का अवैध खनन आम है।
- गौण खनिजों का अवैध खनन आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु जैसे राज्यों में आम है।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार, अवैध रेत खनन में भारत शीर्ष स्थान पर है।

## प्रोजेक्ट एलोरा

दुर्लभ भारतीय भाषाओं की ऑनलाइन उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये माइक्रोसॉफ्ट ने **प्रोजेक्ट एलोरा** (Enabling Low Resource Languages) की शुरुआत की है।

- इस परियोजना के तहत शोधकर्ता दुर्लभ भाषाओं के डिजिटल संसाधनों का निर्माण कर रहे हैं।
- इसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिये किसी भाषा को संरक्षित करना है, ताकि इन भाषाओं के उपयोगकर्ता डिजिटल वर्ल्ड में सहभागी बन सकें।
- माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च ने तीन भाषाओं- गोंडी, मुंडारी और इदु मिश्मी पर ध्यान केंद्रित किया है।
- गोंडी एक द्रविड़ भाषा है। इस भाषा की लिपि उर्दू के समान दाएँ से बाएँ लिखी जाती है।
- मुंडारी भाषा झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में मुंडाओं द्वारा बोली जाने वाली ऑस्ट्रोएशियाटिक भाषा परिवार की है।
- इदु मिश्मी भाषा अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी जिले में मिश्मी लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है, इसे लुप्तप्राय भाषा माना जाता है।

## लुपस रोग (LUPUS DISEASE)

लुपस एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपने ऊतकों एवं अंगों को नष्ट करना शुरू कर देती है।

- यह रोग ज्यादातर गुर्दे को प्रभावित करती है। साथ ही त्वचा, रक्त वाहिकाओं, हृदय, मस्तिष्क सहित लगभग सभी अंग इससे प्रभावित होते हैं।
- लुपस रोगियों में बुखार, कम वजन और थकान जैसे विशिष्ट लक्षण परिलक्षित होते हैं।
- इस रोग का इलाज माइकोफेनोलेट, एजैथियोप्रिन, साइक्लोफॉस्फामाईड, रिटुक्सीमैब आदि जैसी दवाओं का उपयोग कर इम्युनोसप्रेशन द्वारा किया जाता है।

## 'कवच–2023' साइबर सुरक्षा हैकथॉन

भारत की साइबर तैयारी को बढ़ावा देने के लिए हैकथॉन 'कवच 2023' 16 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में शुरू हुआ।

- 'कवच-2023' का आयोजन भारतीय साइबर अपराध के साथ शिक्षा मंत्रालय का एआईसीटीई एवं गृह मंत्रालय का बीपीआर एंड डी के द्वारा किया गया है।
- इसका उद्देश्य 21वीं शताब्दी की साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध की चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार और प्रौद्योगिक समाधान ढूंढ़ना है।
- 'कवच-2023' के लिये 20 समस्याओं पर ध्यान केंद्रीत किया गया है।
- **हैकथॉन:** हैकथॉन जिसे एक कोडफेस्ट के रूप में भी जाना जाता है, एक सामाजिक कोडिंग प्रक्रिया है, जो कंप्यूटर प्रोग्रामर और अन्य इच्छुक लोगों को एक नया सॉफ्टवेयर प्रोग्राम बनाने या सुधारने के लिए एक साथ लाता है।

## बृहस्पति (Jupiter) सबसे अधिक चंद्रमाओं वाला ग्रह

बृहस्पति के चारों ओर 12 नए चंद्रमाओं की खोज स्मिथसोनियन एस्ट्रोफिजिकल ऑब्जर्वेटरी द्वारा की गई थी।

- अब बृहस्पति के चंद्रमाओं की संख्या 92 हो गई है।
- इस खोज से पूर्व वैज्ञानिकों का मानना था कि बृहस्पति के 80 चंद्रमा हैं।
- खोजे गए 12 चंद्रमाओं में से 9 काफी दूर और अपेक्षाकृत छोटे हैं।
- इन नौ चंद्रमाओं को बृहस्पति की परिक्रमा करने में 550 दिन लगते हैं।
- वैज्ञानिकों का पूर्व में मानना था कि शनि के चंद्रमाओं की संख्या सबसे अधिक 82 है।

**GK फैक्ट**

- **बृहस्पति (Jupiter):** सूर्य से पांचवां और सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह एक विशाल गैस है, जिसका द्रव्यमान (Mass) सौर मंडल के अन्य सभी ग्रहों के संयुक्त द्रव्यमान के ढाई गुना से अधिक है, लेकिन सूर्य के द्रव्यमान के एक हजारवें हिस्से से थोड़ा कम है।

## भारत-आसियान डिजिटल कार्य योजना 2023

10 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में तीसरी आसियान डिजिटल मंत्रियों की बैठक में भारत-आसियान डिजिटल कार्य योजना 2023 को मंजूरी दी गई।

**कार्ययोजना में शामिल हैं-**

- साइबर सुरक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसे सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (IoT) के क्षेत्र में उभरते क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और ज्ञान साझा करना।
- अगली पीढ़ी के स्मार्ट सिटी और सोसाइटी 5.0 में IoT और AI का अनुप्रयोग।
- भविष्य के लिए सतत डेटा और परिवहन नेटवर्क: मानक और अनुप्रयोग।
- IoT और भविष्य के रुझानों के लिए 5G प्रौद्योगिकियां।
- डिजिटल स्वास्थ्य और सुरक्षा के कार्यान्वयन में ICT की भूमिका और भविष्य के नेटवर्क के लिए मूल्यांकन आदि।

## भारत का पहला हाइब्रिड रॉकेट चेंगलपट्टू में लॉन्च किया गया

19 फरवरी, 2023 को तमिलनाडु के चेंगलपट्टू के पट्टीपुलम गांव से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन 2023 के हिस्से के रूप में विभिन्न राज्यों के स्कूली छात्रों द्वारा बनाया गया भारत का पहला हाइब्रिड रॉकेट लॉन्च किया गया।

- पुनः प्रयोज्य रॉकेट को चयनित शीर्ष 100 छात्रों द्वारा बनाया गया है।
- रॉकेट का उपयोग मौसम, वायुमंडलीय स्थितियों और विकिरणों में अनुसंधान के लिए किया जा सकता है।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन और स्पेस जोन इंडिया के सहयोग से मार्टिन फाउंडेशन ने इसे पूरा किया।
- देश भर में 5,000 से ज्यादा छात्रों को 150 पीआईसीओ सैटेलाइट डिजाइन करने में सक्षम बनाया गया।

**GK फैक्ट**

- **हाइब्रिड रॉकेट:** यह एक द्विप्रणोदक रॉकेट इंजन है, जो प्रणोदकों का उपयोग करता है और दो अलग-अलग अवस्थाओं में होते हैं। ये प्रणोदक आमतौर पर तरल और ठोस होते हैं, जो प्रतिक्रिया करने पर रॉकेट प्रणोदन के लिए उपयुक्त निकास गैसों का निर्माण करते हैं।

## 'एचडी-3385' नामक गेहूं की नई किस्म

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने गेहूं की एक नई किस्म 'एचडी-3385' विकसित की है।

- यह मौसम में बदलाव और बढ़ती गर्मी के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है।
- यह नई किस्म जल्दी बुवाई के लिए अनुकूल है।
- इसकी फसल को मार्च महीना समाप्त होने से पहले काटा जा सकता है।
- आईसीएआर ने एचडी-3385 को पौध किस्मों और किसानों के अधिकार प्राधिकरण (PPVFRA) के संरक्षण के साथ पंजीकृत किया है।

**GK फैक्ट**

- **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद:** यह एक स्वायत्त निकाय है, जिसे पहले इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के नाम से जाना जाता था। आईसीएआर विश्व में कृषि अनुसंधान और शिक्षा संस्थानों का सबसे बड़ा नेटवर्क है।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **स्थापना:** 1929

## भारतीय पनडुब्बी पहली बार इंडोनेशिया पंहुचा

सुंडा जलडमरूमध्य (Sunda Strait) को पार करने के बाद, भारतीय पनडुब्बी प्छै सिंधुकेसरी इंडोनेशिया पहुंचा है।

- पहली बार कोई भारतीय पनडुब्बी इंडोनेशिया में डॉक किया।
- यह डॉकिंग क्षेत्र में भारत की बढ़ती सैन्य पहुंच को दर्शाती है।
- यह प्रोजेक्ट 877 के एक भाग के रूप में डिजाइन किए गए सिंधुघोष वर्ग से संबंधित है।
- सिंधुघोष वर्ग मूल रूप से सोवियत संघ के KILO वर्ग की प्रतिकृति है।
- यह 220 किमी तक मिसाइल लॉन्च कर सकती है। चीन इस क्षेत्र में कृत्रिम सैन्य द्वीप बना रहा है और अपने EEZs का विस्तार कर रहा है।
- INS सिंधुकेसरी के अलावा, अमेरिका का विमानवाहक पोत USS निमित्ज भी इस क्षेत्र में डॉक किया गया है।
- **सुंडा जलसन्धि:** इण्डोनेशिया के सुमात्रा द्वीप और जावा द्वीप के बीच यह जलसन्धि है। यह जावा सागर को हिन्द महासागर से जोड़ती है।
- **INS सिंधुकेसरी:** INS सिंधुकेसरी रूस निर्मित सिंधुघोष श्रेणी की पनडुब्बियों का हिस्सा है। ■

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी



## कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए

दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते 18 फरवरी, 2023 को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में लाए गए। 12 चीतों में 7 नर और 5 मादा हैं।

- देश के 10 क्षेत्रों में सर्वे करने के बाद भारतीय वन्य जीव संस्थान (वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट) ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान को चुना था।
- चीता पुनः वापसी कार्यक्रम के तहत नामीबियाई चीतों का पहला समूह 17 सितंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क पहुंचा था।
- 1952 में भारत से चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया गया था।
- पारिस्थितिक तंत्र में संतुलन बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने अफ्रीकी देशों से चीतों को लाने के लिए एक योजना तैयार की थी।

## थ्वाइट्स ग्लेशियर

जर्नल नेचर में प्रकाशित दो अध्ययनों के अनुसार, अंटार्कटिका महाद्वीप के पश्चिमी हिस्से में अवस्थित थ्वाइट्स ग्लेशियर नीचे से सिकुड़ रहा है।

- 'डूम्सडे ग्लेशियर' पिछले 30 वर्षों में जलवायु परिवर्तन के लिए अतिसंवेदनशील रहा है।
- यह ग्लेशियर समुद्र के जलस्तर में चार प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।
- ग्लेशियर के पिघलने की रफ्तार साढ़े पांच हजार साल में सबसे तेज बताई जा रही है।
- इस ग्लेशियर के पिघलने से कुछ वर्षों में विश्व का समुद्र स्तर 25 इंच तक बढ़ सकता है।
- यह ग्लेशियर 74,000 वर्ग मील में फैला अमेरिका के फ्लोरिडा के बराबर है।
- इस ग्लेशियर को 'डूम्सडे ग्लेशियर' के रूप में भी जाना जाता है।

**GK फैक्ट**

- **ग्लेशियर (हिमनद):** ग्लेशियर उन जगहों पर बनते हैं, जहां पिघलने की तुलना में प्रतिवर्ष अधिक बर्फ के ढेर लग जाते हैं।
- हिमनद बनाने के लिए तीन स्थितियाँ आवश्यक हैं: (1) ठंडी स्थानीय जलवायु (ध्रुवीय अक्षांश या उच्च ऊँचाई)। (2) बर्फ प्रचुर मात्रा में होनी चाहिए; पिघलने से अधिक बर्फ गिरनी चाहिए। (3) बर्फ को हिमस्खलन या हवा से नहीं हटाया जाना चाहिए।

## भारत में पैंगोलिन का अवैध शिकार और तस्करी

वन्यजीव व्यापार निगरानी नेटवर्क (TRAFFIC) द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार 2018 से 2022 के बीच भारत में लगभग 1,000 से अधिक पैंगोलिन का अवैध शिकार और तस्करी की गई है।

- यह शिकार भारत के 24 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में 342 जब्ती घटनाओं में बरामद किया गया था।
- जब्ती की सर्वाधिक घटनाएँ ओडिशा में हुई तथा यहीं से सर्वाधिक पैंगोलिन भी प्राप्त की गई थी।
- नंदनकानन जूलोजिकल पार्क (ओडिशा), भारतीय पैंगोलिन के 'संरक्षण एवं प्रजनन' के लिये एकमात्र केंद्र है।
- यह विश्व में अवैध व्यापार का सर्वाधिक शिकार होने वाला स्तनधारी है।
- भारतीय पैंगोलिन का शारीरिक आकार विश्व में पाई जाने वाली पैंगोलिन की आठ प्रजातियों में सबसे बड़ा है।
- पैंगोलिन एक 'पारिस्थितिकी तंत्र इंजीनियर' है, कीड़ों की आबादी को नियंत्रित करने के अलावा, मिट्टी के कार्बनिक पदार्थों को फैलाने में भी मदद करता है।
- भारतीय पैंगोलिन, आई.यू.सी.एन. की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय (Endangered) की श्रेणी में शामिल है।

**GK फैक्ट**

- **पैंगोलिन:** पैंगोलिन गंध से दीमक और चींटियों के घोंसलों का पता लगा लेते हैं। दीमक और चींटी इसका मुख्य आहार है।
- पैंगोलिन, किसी बाहरी आक्रमण से स्वयं को बचाने के लिये अपने शरीर को मोड़कर एक सुरक्षा कवच बनाने में सक्षम है।
- **वन्यजीव व्यापार निगरानी नेटवर्क (TRAFFIC):** जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास दोनों के संदर्भ में जंगली जानवरों और पौधों में व्यापार पर विश्व स्तर पर काम करने वाला एक प्रमुख गैर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना 1976 में की गई तथा इसका मुख्यालय कैंब्रिज (यूनाइटेड किंगडम) में है।

## वन्यजीव अभयारण्यों में निर्माण कार्यों पर रोक

उच्चतम न्यायालय द्वारा बाघ अभयारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभ्यारण्यों के मुख्य क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गयी।

- उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय उत्तराखंड में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में अवैध निर्माण और टाइगर सफारी की स्थापना जैसे मुद्दों की सुनवाई पर दिया।

- कॉर्बेट टाइगर रिजर्व उत्तराखंड के नैनीताल, पौड़ी और अल्मोड़ा जिले में फैला हुआ है। कॉर्बेट पार्क भारत का पहला राष्ट्रीय पार्क है, इसे 1936 ई. में स्थापित किया गया था, पहले इसका नाम हैली नेशनल पार्क था।
- 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से ही हुई थी।
- कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सोनानदी वन्यजीव अभयारण्य इसके बफर क्षेत्र का हिस्सा है।

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस (World Wetlands Day)

विश्व आर्द्रभूमि दिवस (World Wetlands Day) प्रत्येक साल 2 फरवरी को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन लोगों और हमारे ग्रह हेतु आर्द्रभूमि की महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में वैश्विक जागरुकता बढ़ाने हेतु किया जाता है।

**उद्देश्यः** ग्लोबल वार्मिंग का सामना करने में आर्द्रभूमि के महत्व के बारे में जागरुकता फैलाना।

- 2023 का विषय "वेटलैंड रेस्टोरेशन"।
- इस वर्ष का अभियान लोगों को आर्द्रभूमि के समर्थन में कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने पर है।
- इस दिवस का आयोजन लोगों और हमारे ग्रह हेतु आर्द्रभूमि की महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में वैश्विक जागरुकता बढ़ाने हेतु किया जाता है।
- विश्व आर्द्रभूमि दिवस पहली बार 2 फरवरी, 1997 को रामसर सम्मलेन के 16 वर्ष पूरे होने पर मनाया गया था।
- विश्व की 90% आपदाएं जल से सम्बंधित होती हैं तथा यह तटीय क्षेत्रों में रहने वाले 60% लोगों को बाढ़ अथवा सूनामी से प्रभावित करती है।
- दलदलीय काई भूमि के केवल 3% हिस्से पर फैली हुई है, परन्तु यह वनों के मुकाबले दोगुनी मात्रा में कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता रखती है।
- आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए 2 फरवरी, 1971 को ईरान के शहर रामसर में 'रामसर कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर किये गये थे।
- आर्द्रभूमि जलवायु सम्बन्धी आपदाओं के विरुद्ध बफर के रूप में कार्य करती हैं।

**GK फैक्ट**

- **आर्द्रभूमिः** आर्द्रभूमि एक ऐसा स्थान है, जहां पौधे और पशु प्रजातियों की घनी विविधता पाई जाती है और ये जैव विविधता से भी समृद्ध होता हैं। ये ऐसे भूमि क्षेत्र हैं, जो हमेशा संतृप्त या जलमग्न रहते हैं। आर्द्रभूमि जल को प्रदूषण से मुक्त बनाती है। यह एक प्राकृतिक व कुशल कार्बन सिंक के रूप में कार्य करता है।

## 50 मिलियन डॉलर के जलवायु कोष की घोषणा

पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने ग्लोबल क्लाइमेट रिजिलिएंस फंड के तहत सेवा (सेल्फ एंपलाइड वीमैन्स एसोसिएशन) के साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन से लड़ने वाली महिलाओं के लिए 50 मिलियन डॉलर की घोषणा की है।

- यह फंड महिलाओं व समुदायों को जलवायु परिवर्तन से लड़ने, शिक्षा व नए आजीविका संसाधन मुहैया कराने में मदद करेगा।
- गुजरात के सुरेन्द्रनगर जिले की ध्रांगध्रा के कुडा गांव में नमक पकाने वाले श्रमिकों (अगरिया) से संवाद के दौरान कहीं।
- क्लिंटन ग्लोबल इनीशिएटिव, अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन और अन्य संस्थाओं के साथ भागीदारी में की जा रही है।

## लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल

'याया त्सो' झील को चुमाथांग गाँव की पंचायत, जैवविविधता प्रबंधन समिति ने सिक्योर हिमालय परियोजना के साथ मिलकर जैवविविधता अधिनियम के तहत लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल घोषित किया गया है।

- याया त्सो लद्दाख में 4,820 मीटर की ऊँचाई पर स्थित एक झील है,जिसे पक्षियों के स्वर्ग के रूप में जाना जाता है।
- यह झील भारत में काली गर्दन वाले क्रेन के उच्चतम प्रजनन स्थलों में से एक है।
- यह पक्षियों एवं जानवरों, जैसे बार-हेडेड गूज, काली गर्दन वाले क्रेन और ब्राह्मणी बत्तख के लिये घोंसला निर्माण स्थल है।

**GK फैक्ट**

- **जैव विविधता विरासत स्थलः** जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के तहत किसी भी राज्य सरकार द्वारा साइट को जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाएगा। जैव विविधता विरासत स्थल में उच्च स्थानिकता, पालतू प्रजातियां, दुर्लभ और खतरे वाली प्रजातियाँ पाए जाते हैं।
- **सिक्योर हिमालय परियोजनाः** यह भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की योजना है। इसे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के सहयोग से वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया था।
- इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में हिम तेंदुओं का संरक्षण करना है। इस परियोजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम एवं केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख आते हैं।

## डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा प्रदान किया है।

- डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य ओडिशा के संबलपुर जिले में स्थित है।
- यह अभयारण्य पूर्व एवं उत्तर में हीराकुंड जलाशय से घिरा है।
- यह अभयारण्य अचानकमार और छत्तीसगढ़ के उदंती सीतांडी टाइगर रिजर्व से जुड़ा है।
- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी वीर सुरेंद्रसाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध अपने विद्रोह के दौरान अभयारण्य के भीतर स्थित 'बारापाथारा' में अपना गुप्त ठिकाना बनाया था। ■

# रिपोर्ट एवं सूचकांक



## 'मॉर्निंग कंसल्ट' सर्वेक्षण के अनुसार सबसे लोकप्रिय नेता

यूएस की परामर्श फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के एक सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में दर्शाया गया है।

- रेटिंग के लिए 22 वैश्विक नेताओं का सर्वेक्षण किया था।
- **मॉर्निंग कंसल्टः** अमेरिका स्थित मॉर्निंग कंसल्ट का 'ग्लोबल लीडर अप्रूवल' सर्वे वर्ष 2023 में 26-31 जनवरी के दौरान जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है।

| रैंक | लोकप्रिय व्यक्ति | देश |
|---|---|---|
| 1 | नरेंद्र मोदी | भारत |
| 2 | एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर | मैक्सिको के राष्ट्रपति |
| 3 | एलेन बेर्सेट | स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति |
| 4 | एंथनी अल्बनीस | ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री |
| 5 | लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा | ब्राजील के राष्ट्रपति |

## ग्लोबल क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स–2021

ग्लोबल क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स (जीक्यूआईआई) 2021 में भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के तहत भारत की राष्ट्रीय मान्यता प्रणाली (India's accreditation system) को विश्व में 5वें स्थान पर रखा गया है।

- भारत की समग्र क्यूआई प्रणाली रैंकिंग 10वें स्थान पर बनी हुई है।
- मानकीकरण प्रणाली 9वें स्थान पर और मेट्रोलॉजी सिस्टम में विश्व में 21वें स्थान पर है।
- विश्व के शीर्ष 25 देश मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत, उत्तरी अमेरिका और यूरोप में स्थित हैं।

**GK फैक्ट**

- **जीक्यूआईआई रैंकिंग:** जीक्यूआईआई रैंकिंग की कार्यप्रणाली वर्ष के दौरान विभिन्न स्रोतों से एकत्र किए गए आंकड़ों को ध्यान में रखती है। GQII गुणवत्ता बुनियादी ढांचे (QI) के आधार पर विश्व की 184 अर्थव्यवस्थाओं को रैंक करता है।
- क्यूआई अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए तकनीकी रीढ़ है, जिसमें मेट्रोलॉजी, मानकीकरण, मान्यता और एक समान मूल्यांकन सेवाएं व्यापारिक भागीदारों के बीच विश्वसनीयता और विश्वास को बढ़ाती हैं।

## मुंबई विश्व का दूसरा सबसे बड़ा प्रदूषित शहर

स्विस एयर ट्रैकिंग इंडेक्स IQAir (रियल टाइम वर्ल्ड वाइड एयर क्वालिटी मॉनिटर) के अनुसार मुंबई विश्व का दूसरा सबसे बड़ा प्रदूषित शहर है।

- 29 जनवरी से 8 फरवरी, 2023 के बीच मुंबई में प्रदूषण की दर विश्व में सबसे अधिक थी।
- मुंबई का AQI खतरनाक स्तर पर है। यहां का AQI 163 पर है।
- मुंबई के बाद भारत में सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली और कोलकाता है।
- AQI के अनुसार दिल्ली प्रदूषित शहरों की लिस्ट में छठे स्थान पर है।
- भारत का कोलकाता शहर 135 यूएस एक्यूआई के साथ सत्रहवें स्थान पर है।
- विश्व के टॉप 10 प्रदूषित शहरों में मिलानो, काठमांडू, हनोई और ढाका भी शामिल हैं।

**ये हैं विश्व के शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित शहर-**

1. लाहौर (पाकिस्तान)
2. मुंबई (भारत)
3. काबुल (अफगानिस्तान)
4. काऊशुंग (ताइवान)
5. बिश्केक (किर्गिस्तान)
6. अकरा (घाना)
7. क्राको (पोलैंड)
8. दोहा (कतर)
9. अस्ताना (कजाकिस्तान)
10. सैंटियागो (चिली)

## भारत तीसरा सबसे बड़ा टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम

नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 27,000 से अधिक स्टार्टअप हैं। इसमें 1,300 से अधिक टेक स्टार्टअप वर्ष 2022 में शुरू किए गए हैं।

- भारत वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम बना हुआ है।
- वैश्विक स्तर पर भारत में दूसरी सबसे बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न भी हैं।
- भारत में वर्ष 2022 में 23 यूनिकॉर्न को भी जोड़े गए हैं, जो विश्व में सबसे अधिक है। 2022 में लगभग 1,400 स्टार्टअप को फंडिंग प्राप्त हुई, जो 2021 की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है।

**GK फैक्ट**

- **नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम):** नैसकॉम नीतिगत वकालत के माध्यम से आईटी बीपीएम क्षेत्र के वास्तुकला के अभिन्न अंग के विकास करने पर केंद्रित है। इसकी स्थापना 1988 में की गई है

- भारत में संभावित यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स की संख्या भी 170 से अधिक हो गई है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण और कार्बन उत्सर्जन रिपोर्ट

नई दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण एवं संचालन के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से किए गए 'बचाव के आंकलन' से संबंधित रिपोर्ट जारी की गई है।

- यह रिपोर्ट राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन का आंकलन करता है।
- भारत में विश्व का दूसरा सबसे लंबा सड़क नेटवर्क है।
- अब तक भारत में 1,44,634 किलोमीटर की लंबाई वाले राष्ट्रीय राजमार्ग हैं।
- वर्ष 2014 से 2023 के बीच, राजमार्गों की लंबाई का आधे से अधिक हिस्सा (77,265 किलोमीटर) जोड़ा गया है।
- राजमार्गों के निर्माण गांवों की स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत करने में सक्षम है।
- सड़कों के निर्माण और रख-रखाव को कार्बन डाइऑक्साइड का एक स्रोत माना जाता है, जो वाहनों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड के अतिरिक्त होता है।
- वर्ष 2016 में, भारत में जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों के परिचालन से लगभग 243 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित हुई।
- कुल राष्ट्रीय कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन का 10.8 प्रतिशत है।

## सकल घरेलू जलवायु जोखिम रैंकिंग

क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव (XDI) ने "Gross Domestic Climate Risk" पर एक रिपोर्ट जारी की।

- जलवायु जोखिम का सामना करने वाले शीर्ष 50 प्रांत चीन, अमेरिका और भारत के हैं। चीन के 26 प्रांत, भारत के 9 और अमेरिका के 5 प्रांत सबसे अधिक असुरक्षित हैं।
- अन्य देश जो अत्यधिक असुरक्षित हैं, वे हैं पाकिस्तान, ब्राजील और इंडोनेशिया।
- चीन के सबसे संवेदनशील राज्य देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में हैं।
- यांग्त्जी नदी और पर्ल नदियों के डेल्टा क्षेत्र भी अत्यधिक असुरक्षित हैं।
- 9 भारतीय राज्य जलवायु जोखिमों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं।

**जलवायु जोखिमों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील 9 भारतीय राज्य**

| राज्य | स्थान | राज्य | स्थान |
|---|---|---|---|
| बिहार | 22 | उत्तर प्रदेश | 25 |
| असम | 28 | राजस्थान | 32 |
| तमिलनाडु | 36 | महाराष्ट्र | 38 |
| गुजरात | 48 | पंजाब | 50 |
| केरल | 52 | | |

**GK फैक्ट**

- क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव (XDI) एक वैश्विक संगठन है, जो क्षेत्रों, बैंकों और कंपनियों हेतु जलवायु जोखिम विश्लेषण में विशेषज्ञता रखता है। XDI ने IPCCC द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर एक उच्च-उत्सर्जन परिदृश्य तैयार किया। यह रिपोर्ट आठ जलवायु परिवर्तन खतरों के आधार पर राज्यों को रैंक करती है। वे तटीय बाढ़, नदी और सतह बाढ़, मिट्टी की आवाजाही, जंगल की आग, अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक हवा हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय आईपी सूचकांक में भारत 42वें स्थान पर

यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स की नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय आईपी इंडेक्स रिपोर्ट में भारत को 55 देशों में से 42वें स्थान पर रखा गया है।

- अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक को आधार बनाते हुए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति को दर्शाया गया है।
- 2023 के सूचकांक में संयुक्त राज्य अमेरिका पहले स्थान पर है, उसके बाद यूके और फ्रांस हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत का आकार और आर्थिक प्रभाव विश्व मंच पर बढ़ रहा है।
- यह आईपी-चालित नवाचार के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था के बदलाव की संभावनाओं को दर्शाता है।
- भारत आईपी-संचालित नवाचार के माध्यम से उभरते बाजारों के लिए महत्वपूर्ण है।
- भारत ने कॉपीराइट-उल्लंघन के खिलाफ प्रवर्तन में सुधार के लिए कदम उठाए हैं।
- आईपी संपत्तियों को बढ़ावा देने के लिए एक सर्वोत्तम-इन-क्लास ढांचा प्रदान करता है।
- आईपी ढांचे में लंबे समय से चली आ रही खामियों को दूर करने के लिए एक नया मॉडल बनाना भारत की निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

**भारत के कुछ मजबूत पक्षः-**

1. कॉपीराइट पायरेसी में निरंतर मजबूत प्रयास
2. ऑनलाइन ट्रेडमार्क उल्लंघन और नुकसान पर बेहतर प्रयास
3. उदार आर एंड डी और
4. आईपी आधारित कर प्रोत्साहन

## एशिया 2025 तक विश्व की आधी बिजली खपत करेगा

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency) ने हाल ही में अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की। संगठन द्वारा जारी अन्य दो प्रमुख रिपोर्ट World Energy Outlook और Net Zero by 2050 रिपोर्ट हैं।

- एजेंसी द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई महाद्वीप 2025 तक विश्व में उत्पादित आधी बिजली की खपत करेगा।
- अफ्रीका 2025 तक विश्व की बिजली का केवल 3% उपयोग करेगा।
- एशिया में बिजली की सबसे अधिक खपत 1.4 अरब आबादी वाले चीन में की जाएगी।
- चीन की वैश्विक विद्युत खपत में हिस्सेदारी 2015 के एक चौथाई से बढ़ कर इस दशक के मध्य तक एक तिहाई हो जाएगी। ■■

# योजना एवं कार्यक्रम

## कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर

केंद्रीय बजट 2023-24 में कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को आरम्भ किया गया है।

**उद्देश्य:** किसानों को फसल के आंकलन करने में सहायता कर फसलों की गुणवत्ता को बढ़ाना।

**लाभः** यह खाद-बीज से लेकर किसानों को हर छोटी-मोटी जानकारी प्रदान करेगा।

- एक खुले स्रोत खुले मानक और अन्तर-प्रचालन-योग्य लोक हित के रूप में कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा।
- इससे फसल नियोजन एवं स्वास्थ्य के लिए संगत सूचना सेवाओं, फार्म इनपुट के प्रति बेहतर सुलभता ऋण एवं बीमा, फसल आंकलन के लिए सहायता। मार्केट इंटेलीजेंस और एग्री साझा कर सके।
- टेक इंडस्ट्री एवं स्टार्ट-अप्स के विकास के लिए समर्थन के माध्यम से समावेशी किसान- केन्द्रित समाधान सम्भव हो पाएंगे।
- कृषि क्षेत्र के लिए ओपन-सोर्स डिजिटल पब्लिक इंफ्रा, कृषि इनपुट, क्रेडिट, बीमा, फसल सुरक्षा, कृषि त्वरक कोष, कृषि स्टार्टअप फोकस क्षेत्र के लिए बड़े अवसर पैदा करेंगे।
- हमारी 65% से अधिक जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और लगभग 45% जनसंख्या कृषि पर निर्भर है।
- कॉटन को आगे बढ़ाने से लेकर टेक्सटाइल सेक्टर को और मजबूती मिलेगी।
- खाद्य सुरक्षा, कृषि क्षेत्र के लिए निर्यात का विस्तार करने के अवसर चालू खाता घाटे का समर्थन करेंगे।

## कृषि वर्द्धक निधि (एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड)

केंद्रीय बजट 2023-24 में कृषि के लिए कृषि वर्द्धक निधि (एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड) की स्थापना की गयी है। इसके लिए 5 साल हेतु 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**उद्देश्यः** इस निधि का उद्देश्य किसानों के सामने पेश आ रही चुनौतियों का नवोन्मेषी एवं किफायती समाधान उपलब्ध कराना है। यह कृषि पद्धतियों को बदलने, उत्पादकता एवं लाभप्रदता को बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियां भी लेकर आएगी।

**लाभः** यह युवा उद्यमी ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री-स्टार्ट-अप्स खोलने में सहायता प्रदान करेगी।

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।
- कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सहित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कुल बजट इस बार लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन पर भी ध्यान देते कृषि ऋण लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए किया गया है।

## मिलेट के लिए वैश्विक केन्द्र 'श्री अन्न' योजना

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वार्षिक बजट 2023-24 में श्री अन्न योजना का आरम्भ किया है।

**उद्देश्यः** भारत मिलेट को लोकप्रिय बनाना तथा इसके उत्पादन और उपभोग को बढ़ाना।

**लाभः** भारत मिलेट को लोकप्रिय बनाने के कार्य में सबसे आगे है, जिसकी खपत से पोषण खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को बढ़ावा मिलता है।

- भारत पूरी दुनिया में 'श्री अन्न' का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। भारत में कई प्रकार के मिलेट जैसे कि ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टू, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कुडो, चीना और सामा देश में उगाए जाते हैं।
- भारत को 'श्री अन्न' के लिए वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए भारतीय बाजारा अनुसन्धान संस्थान हैदराबाद को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे कि यह संस्थान सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों, अनुसन्धान एवं प्रौद्योगिकियों को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर साझा कर सके।

## सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन

वित्त वर्ष 2023-24 के संघीय बजट में, 2047 तक सिकल सेल एनीमिया (Sickle Cell Anemia) को खत्म करने के लिए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की घोषणा की गयी है

**उद्देश्यः** प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में जागरुकता सृजन, शून्य से 40 वर्ष के आयुवर्ग के 7 करोड़ लोगों की युनिवर्सल स्क्रीनिंग और केन्द्रीय मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से काउंसलिंग का कार्य किया जाएगा।

**लाभः** वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन किया जा सकेगा तथा प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में जागरुकता सृजन किया जा सकेगा

- 0-40 वर्ष के आयु वर्ग के 7 करोड़ लोगों की यूनिवर्सल स्क्रीनिंग की जाएगी।

- केन्द्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोगपरक प्रयासों के माध्यम से काउंसलिंग का कार्य किया जायेगा।

## राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2023 नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की घोषणा की है।

**उद्देश्यः** विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, भाषाओं, शैलियों और स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके तथा भारत में शिक्षा की नई संस्कृति का निर्माण हो।

## ब्लाक आकांक्षी जिला कार्यक्रम

केंद्रीय बजट 2023-24 में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम 500 ब्लॉकों को शामिल करके आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू किया गया है।

**उद्देश्यः** उद्देश्य विभिन्न विकास मानकों पर पिछड़े ब्लॉकों के प्रदर्शन में सुधार करना है।

- लक्षित विकास पहलों के माध्यम से देश के सबसे पिछड़े ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

## प्रधानमंत्री पीवीटी विकास मिशन

केंद्रीय बजट 2023-24 में प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन की घोषणा की गयी है।

**उद्देश्यः** विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाना।

**लाभः** इसमें पीपीटीजी परिवारों को सुरक्षित स्वच्छ एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं तथा दूरसंचार सम्पर्क और आजीविका के अवसरों (सुविधा) पूरी तरह सुविधा कराई जाएंगी।

## शहरी संरचना विकास निधि

बजट 2023-24 में इस निधि की स्थापना करने की घोषणा की गयी है, इसकी स्थापना प्राथमिकता क्षेत्र उधारी न्यूनता के उपयोग के माध्यम से किया गया है।

**उद्देश्यः** शहरी अवसंरचना में सुधार करना।

**लाभः** शहरों को अपनी ऋण-प्राप्ति योग्यता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

- ऐसा संपत्ति कर, शासन सुधारों और शहरी अवसंरचना के बारे में प्रयोक्ता प्रभार लगाकर किया जाएगा।

## पीएम-प्रणाम कार्यक्रम

इसका पूर्ण रूप पृथ्वी माता की बहाली, जागरुकता, पोषण और सुधार के लिए प्रधानमंत्री कार्यक्रम है।

- केन्द्रीय बजट 2023-24 में प्रधानमंत्री-वैकल्पिक पोषक तत्वों को बढ़ावा देने की एग्रीकल्चर मैनेजमेंट स्कीम पीएम-प्रणाम योजना (PM Pranam Yojana) लॉन्च करने की घोषणा की गई है। इसका आरम्भ पृथ्वी माता के पुनरुद्धार तथा इसके प्रति जागरुकता पोषण और सुधार हेतु किया गया है।

## कौशल भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र

केन्द्रीय बजट 2023 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लाखों युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए 20 कौशल भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के चौथे फेज यानी PMKVY 4.0 भी शुरू की जाएगी।

**उद्देश्यः** युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनाना।

**लाभः** इस कार्यक्रम के द्वारा अलग-अलग राज्यों में कुल 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोले जाएंगे। यहां कोडिंग, आर्टिफिशियल, रोबोटिक्स, मेकाट्रानिक्स, आइओटी, थ्री-डी प्रिंटिंग, ड्रोन और साफ्ट स्किल जैसे नए युग के पाठ्यक्रम तैयार कर कौशल विकास किया जाएगा।

## अमृत धरोहर

केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामण ने 1 फरवरी, 2023 को संसद में केन्द्रीय बजट 2023-24 पेश करते हुए वेटलैंड्स के संरक्षण के लिए अमृत धरोहर (Amrit Dharohar) योजना की घोषणा की। योजना को अगले तीन साल में लागू किया जाएगा।

**उद्देश्यः** यह झीलों के महत्व और उनके संरक्षण पर जोर देगा। अमृत धरोहर योजना से वेटलैंड्स के अद्वितीय संरक्षण मूल्यों को बढ़ावा मिलेगा।

## आत्मनिर्भर बागवानी स्वच्छ पौधा कार्यक्रम

भारत सरकार ने बागवानी फसलों के मूल्य में वृद्धि और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए 'आत्मनिर्भर बागवानी स्वच्छ पौधा कार्यक्रम' (Atmanirbhar Horticulture Clean Plant Program) शुरू किया है।

- भारत का बागवानी क्षेत्र देश के सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) में 33% का योगदान देता है।
- इसलिए भारत सरकार ने केन्द्रीय बजट 2023-24 में इस योजना के लिए 2,200 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।
- यह कार्यक्रम न सिर्फ रोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगा, बल्कि इसके साथ बागवानी फसलों के मूल्य में सुधार और उत्पादकता में वृद्धि करने में मदद भी करेगा।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 बजट प्रस्तुति के दौरान 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान' पहल की घोषणा की है।

- यह योजना भारत में सदियों पुरानी कलाओं और पारंपरिक शिल्पों को जीवित रखने तथा देश के कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक स्थिति बढ़ाने में मदद करेगी।
- PM-VIKAS योजना को MSME मूल्य शृंखला में डाला जाएगा।
- यह योजना कारीगरों की क्षमता में वृद्धि करने तथा माल की पहुँच बढ़ाकर कारीगरों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

# BFSI बैंकिंग, फाइनेंस, सेवा और बीमा

## वोडाफोन–आइडिया के ब्याज बकाया हेतु इक्विटी की मंजूरी

सरकार ने कर्ज में डूबी वोडाफोन-आइडिया (VI) के 16,133 करोड़ रुपए से अधिक के ब्याज बकाये को इक्विटी में बदलने की मंजूरी दी है।

- सरकार को जारी की जाने वाले शेयर की कीमत 10 रुपये प्रति यूनिट होगी।
- **भारत सरकार वोडाफोन-आइडिया में 33 प्रतिशत की हिस्सेदारी लेगी।**
- **सरकार की ओर से ये हिस्सेदारी वोडाफोन-आइडिया के स्पेक्ट्रम के भुगतान से संबंधित ब्याज और अन्य बकाया राशि के बदले ली जाएगी।**
- **कंपनी के लिए यह राहत सितंबर 2021 में सरकार द्वारा घोषित सुधार पैकेज के हिस्से के रूप में आई है।**
- **वोडाफोन और आइडिया का विलयः वोडाफोन-आइडिया ब्रिटेन के वोडाफोन ग्रुप और भारतीय कंपनी आइडिया सेल्युलर की संयुक्त उपक्रम है। कुमार मंगलम बिड़ला की दूरसंचार कंपनी आइडिया सेल्युलर मार्च 2017 में वोडाफोन के साथ विलय करने पर सहमत हुई थी।**

## कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड "डिजिटल रुपी" लागू करेगा

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) ने सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) के पहले चरण के कार्यान्वयन की घोषणा की है, जिसे "डिजिटल रुपी" (e₹) कहा जाता है।

- **कोटक महिंद्रा बैंक भारत का पहला बैंक है, जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डिजिटल रुपए को इंप्लीमेंट करने जा रहा है।**
- **"डिजिटल रुपी" (e₹) बैंक नोटों और सिक्कों के बराबर एक कानूनी निविदा है, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा डिजिटल रूप में जारी किया जाता है।**
- **RBI ने ई-करेंसी जारी करने के लिए एक पायलट परियोजना को लागू करने के लिए KMBL को आठ बैंकों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया है।**
- **KMBL ने खुदरा ग्राहकों और व्यवसायों सहित ग्राहकों के एक बंद उपयोगकर्ता समूह (CUG) के लिए CBDC लॉन्च किया।**
- **डिजिटल रुपी पायलट KMBL द्वारा मुंबई (महाराष्ट्र), दिल्ली और अहमदाबाद (गुजरात) में लॉन्च किया जाएगा।**
- **डिजिटल रुपी वॉलेट, जो एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) स्मार्टफोन पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा, भौतिक वॉलेट की तरह ही कार्य करता है।**

> **GK फैक्ट**
>
> ✧ **डिजिटल करेंसी (CBDC): आरबीआई द्वारा डिजिटल फॉर्म में जारी करेंसी हैं। इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में मौजूद रुपये को कॉन्टैक्टलेस ट्रांजेक्शन में इस्तेमाल किया जा सकता है।**

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सोशल स्टॉक एक्सचेंज

SEBI ने नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) को अपना सोशल स्टॉक एक्सचेंज (SSE) लॉन्च करने की अंतिम मंजूरी दे दी है।

- इसका उद्देश्य समाज की भलाई के लिए काम करने वाले ट्रस्ट और नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन (NPO) को शेयर बाजार से फंड जुटाने में मदद करना है।
- **इंग्लैंड, कनाडा और ब्राजील जैसे देशों में पहले से ही सोशल स्टॉक एक्सचेंज काम कर रहे हैं।**
- **SSE पर सिर्फ सोशल इंटरप्राइजेज (NPO और चेरिटेबल ट्रस्टों) के शेयरों का लेन-देन होगा।**
- **वर्ष 2022 में SEBI ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज के लिए एक फ्रेमवर्क भी जारी किया था।**
- **फंड जुटाने के लिए ये ऑर्गनाइजेशन पब्लिक ऑफर के जरिए 'जीरो कूपन- जीरो प्रिंसिपल बॉण्ड' (ZCZP) जारी कर सकते हैं।**
- **ये ऑर्गनाइजेशन प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए शेयर जारी करके भी पैसे जुटा सकते हैं।**

## पेमेंट एग्रीगेटर्स के लिए लाइसेंस जारी

RBI ने 32 ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटरों को लाइसेंस जारी किया है। इससे पहले आरबीआई ने पेमेंट एग्रीगेटर्स और पेमेंट गेटवे के रेगुलेशन को लेकर 17 मार्च, 2020 और 31 मार्च, 2021 को गाइडलाइंस का सर्कुलर जारी किया था।

- आरबीआई ने ग्रो पे सर्विसेज, जुस्पे टेक्नोलॉजीज, एमएसडब्ल्यूआईपी टेक्नोलॉजीज, टाटा पेमेंट्स और जोहो पेमेंट टेक सहित फर्मों को कुल 19 नए ऑनलाइन पीए ऑथोराइसेशन भी दिए।

**पेमेंट एग्रीगेटर्सः** यह वे इकाइयां हैं, जो ई-कॉमर्स साइटों और व्यापारियों को ग्राहकों की ओर से विभिन्न भुगतान माध्यमों से भुगतान स्वीकार करने की सुविधा मुहैया कराते हैं।

- यह लाइसेंस, कंपनियों को कस्टमर से पेमेंट स्वीकार करके e-मर्चेंट्स (ऑनलाइन व्यवसाय या ई-कॉमर्स फर्म) के लिए भुगतान सेवाएं प्रदान करने की अनुमति देता है।
- इस प्रक्रिया के तहत, पेमेंट एग्रीगेटर्स ई-कॉमर्स वेबसाइट पर कस्टमर से प्राप्त धन को जमा करते हैं।
- एक निश्चित समय अवधि के बाद उन्हें मर्चेंट्स को ट्रांसफर कर देते हैं।

## बीमा सुगम पोर्टल लांच

देश में जीवन, स्वास्थ्य और सामान्य बीमा व्यवसायों में मौजूदा सुरक्षा अंतर को दूर करने के लिए बीमा सुगम पोर्टल को लांच किया गया है।

- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा विकसित यह पोर्टल बीमाकर्ता, वितरण नेटवर्क और पॉलिसी धारक एक निर्बाध डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वर्चुअल रूप में प्रदान करेगा।
- यह पोर्टल मुख्य रूप से स्टार्टअप्स को बीमा क्षेत्र में प्रवेश करने में मदद करेगा।
- यह बीमा बेचने का एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म है।
- पॉलिसीधारक अपनी बीमा योजनाओं को यहां देख सकते हैं। वे अपनी योजनाओं का प्रबंधन कर सकते हैं।
- यह पोर्टल बीमा खरीददारों और विक्रेताओं के लिए सुलभ है।
- भारत सरकार इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए कई उपाय कर रही है। FDI की सीमा 26% से बढ़ाकर 49% की गई है।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2023

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 13 से 17 फरवरी, 2023 तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जाता है।

**वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2023 की थीम:** Good Financial Behaviour – Your Saviour

- इस वर्ष के वित्तीय साक्षरता सप्ताह का विषय 'वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रणनीति के लक्ष्यों के अनुरूप' है।
- इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से लचीला भारत बनाना है।
- यह जनता के बीच वित्तीय जागरुकता पैदा करेगा। 2023 में RBI वित्तीय बचत, योजना और कुशल बजट के महत्व को फैलाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- इस सप्ताह के दौरान वित्तीय जागरुकता फैलाने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाएगा।
- यह सप्ताह 2016 से केंद्रीय बैंक द्वारा मनाया जाता है।
- इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य **वित्तीय शिक्षा** है।

## वित्त वर्ष 2022–23 का प्रत्यक्ष कर संग्रह

वित्त मंत्रालय का CBDT विभाग द्वारा देश के कर संग्रह की दिशा के संशोधित अनुमान जारी किए।

- इस रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में 2022-23 में भारत के प्रत्यक्ष कर संग्रह में 24% की वृद्धि हुई है।
- 2022-23 में, कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.67 लाख करोड़ रुपये था।
- 2022-23 में प्रत्यक्ष कर संग्रह, प्रत्यक्ष कर राजस्व का बजट अनुमान 14.2 लाख करोड़ रुपये था।
- जमा की गई राशि इससे अधिक है। यह आंकड़े 10 फरवरी, 2023 तक के हैं।
- **वृद्धि:** मुख्य रूप से कॉर्पोरेट आयकर संग्रह और व्यक्तिगत आयकर संग्रह के कारण कर संग्रह में वृद्धि हुई।
- कॉर्पोरेट आयकर संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 19.33% अधिक था।
- व्यक्तिगत आयकर संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 29.63% अधिक था।

## रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सेवा

भारतीय रेलवे ने रेलवे और भारतीय डाक का संयुक्त पार्सल रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सेवा उत्पाद का आरम्भ किया है।

- यह देश में सेवा क्षेत्र के लिए सहज रसद प्रदान करने में भारतीय रेलवे और भारतीय डाक के बीच साझेदारी की एक पहल है।
- यह वित्त वर्ष 2022-23 की बजट घोषणा के अनुपालन में है।
- चार सेक्टरों पर-दिल्ली से कोलकाता; बेंगलुरु से गुवाहाटी, सूरत से मुजफ्फरपुर और हैदराबाद से हजरत निजामुद्दीन। हालांकि, पहले चरण में कुल 15 क्षेत्रों (अनुबंध-ए में उल्लिखित) को शामिल करने की योजना बनाई गई है।
- **इस सेवा के मुख्य आकर्षण टोटल लॉजिस्टिक सर्विस:** ग्राहक के परिसर में पिक-अप और डिलीवरी, पैलेटाइजेशन ढके हुए और सीलबंद बक्सों के माध्यम से परिवहन, सेमी-केनाइज्ड हैंडलिंग, टाइम टेबल्ड सर्विस, नुकसान के लिए कार्गो के घोषित मूल्य का 0.05 प्रतिशत पर बीमा, क्षति और गिरावट, एकीकृत पार्सल, वे बिल हैं।

## आरबीआई ने 5 को-ऑपरेटिव बैंकों पर प्रतिबंध लगाया

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 24 फरवरी को पांच सहकारी बैंकों की बिगड़ती वित्तीय स्थिति के कारण उन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

- इन को-ऑपरेटिव बैंकों पर लगाए गए प्रतिबंध छह महीनों तक प्रभावी रहेंगे।
- प्रतिबन्ध लगाने का उद्देश्य जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करना और वित्तीय प्रणाली की स्थिरता सुनिश्चित करना है।
- सभी पांच सहकारी बैंकों के पात्र जमाकर्ताओं को जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम से 5 लाख तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त होगी।
- पांच सहकारी बैंक जिन पर प्रतिबंध लगाया गया है'

1. एचसीबीएल सहकारी बैंक
2. आदर्श महिला नगरी सहकारी बैंक
3. शिमशा सहकारी बैंक नियामिथा
4. उरावकोंडा सहकारी टाउन बैंक
5. शंकरराव मोहिते पाटिल सहकारी बैंक

# सार-संक्षेप



## निधन

### पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का 5 फरवरी, 2023 को दुबई में निधन हो गया।

**परवेज मुशर्रफ के बारे में-**

- मुशर्रफ मार्च 2016 से दुबई में स्व-निर्वासन में थे और 2007 में संविधान को निलंबित करने के लिए देशद्रोह के मुकदमे का सामना कर रहे थे।
- मुशर्रफ पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष थे, जो 1999 में तख्तापलट के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने थे।
- राष्ट्रपति के रूप में मुशर्रफ 2001 में प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ शांति शिखर सम्मेलन के लिए आगरा आए, परंतु वार्ता सफल नहीं रही।

### पार्श्व गायिका वाणी जयराम का निधन

पद्म भूषण से सम्मानित पार्श्व गायिका वाणी जयराम का 4 फरवरी, 2023 को चेन्नई में निधन हो गया है। वह 78 वर्ष की थीं। उन्होंने 19 भारतीय भाषाओं में गाना गाया था।

**वाणी जयराम के बारे में-**

- वाणी जयराम को 2023 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है।
- वाणी ने तीन बार सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।
- 2012 में दक्षिण भारतीय फिल्म संगीत में उनकी उपलब्धियों के लिए फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड - साउथ से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने 1980 में मीरा (1979) के लिये फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका पुरस्कार भी जीता।

### चित्रकार बी.के.एस. वर्मा का निधन

चित्रकार बी.के.एस. वर्मा का 6 फरवरी, 2023 को बेंगलुरु में निधन हो गया है।

- उनके चित्रों का विषय मुख्य रूप से पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों को वास्तविक रूप में प्रस्तुत किया गया था।

**बी.के.एस. वर्मा को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था-**

- ललित कला अकादमी पुरस्कार, राज्योत्सव पुरस्कार, आर्यभट्ट पुरस्कार, राजीव गांधी पुरस्कार सहित कई पुरस्कार जीते थे।
- उन्हें कर्नाटक राज्य पुरस्कार (2001), राज्योत्सव पुरस्कार (2001) और बैंगलोर विश्वविद्यालय (2011) द्वारा मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया था।

### अभिनेता जावेद खान अमरोही का निधन

- बॉलीवुड अभिनेता जावेद खान अमरोही का 14 फरवरी, 2023 को मुंबई में निधन हो गया।
- उन्होंने 1973 में अपने करियर की शुरुआत फिल्म **'जलते बदन'** से की थी।
- जावेद खान ने आखिरी बार वर्ष 2020 में फिल्म **'सड़क 2'** में काम किया था।
- उन्होंने सत्यम-शिवम-सुंदरम, प्रेम बंधन, प्रेम रोग, राम तेरी गंगा मैली जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया।
- दूरदर्शन के प्रसिद्ध शो 'नुक्कड़' से जावेद को पहचान मिली थी।

### भारतीय फुटबॉलर तुलसीदास बलराम का निधन

भारतीय फुटबॉल के सदस्य तुलसीदास बलराम का 16 फरवरी, 2023 को कोलकाता में निधन हो गया।

वह 86 वर्ष के थे।

- तुलसीदास को अर्जुन पुरस्कार भी प्रदान किया जा चुका है।
- वे 1956 और 1960 ओलंपिक में भारतीय फुटबाल टीम में शामिल थे।
- 1960 के रोम ओलंपिक में उन्होंने **हंगरी और पेरु** के खिलाफ गोल किये थे।
- उन्होंने कोलकाता की मशहूर फुटबाल क्लब **ईस्ट बंगाल** की भी कप्तानी की।

### यक्षगान गायक बलिपा नारायण भागवत का निधन

यक्षगान गायक और पटकथा लेखक **बलिपा नारायण भागवत** का 16 फरवरी, 2023 को **कर्नाटक** में निधन हो गया।

- **गायन की एक अनूठी शैली** में उन्होंने महारत हासिल की थी, जिसकी वजह से प्रशंसकों ने इस शैली को **'बालिपा शैली'** का नाम दिया था।
- उन्हें 2002 में अखिल भारतीय कन्नड़ साहित्य में **'कर्नाटक श्री'** पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- भागवत ने 30 **से अधिक यक्षगान 'प्रसंग' (लिपियाँ)** लिखी हैं।
- वह **100 से अधिक यक्षगान प्रसंगों** में पारंगत थे, जिसे उन्होंने खुद से बनाया था।
- उन्होंने पांच दिवसीय **'देवी महात्मे'** प्रसंग की रचना की थी, जो यक्षगान साहित्य के इतिहास में महत्वपूर्ण था।

### शास्त्रीय गायक पंडित विजय कुमार किचलू का निधन

पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित पंडित विजय कुमार किचलू का 17 फरवरी, 2023 को कोलकाता में निधन हो गया।

- किचलू को 2018 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- किचलू आईटीसी संगीत अनुसंधान अकादमी के संस्थापक भी थे।

## नियुक्ति

### बीवीआर सुब्रमण्यम नीति आयोग के नए सीईओ

बीवीआर सुब्रमण्यम को नीति आयोग का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। वह परमेश्वरन अय्यर की जगह लेंगे।

- परमेश्वरन अय्यर को तीन वर्षों के लिए विश्व बैंक का कार्यकारी निदेशक (ED) नियुक्त किया गया है।

### मैनुएला रोका बोटे इक्वेटोरियल गिनी की प्रधानमंत्री नियुक्त

मैनुएला रोका बोटे को 31 जनवरी, 2023 को इक्वेटोरियल गिनी का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं।

- बोटे, फ्रांसिस्को पास्कुअल ओबामा अस्यू की जगह ली, जो लगभग आठ वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे।
- उनकी नियुक्ति राष्ट्रपति तियोदोरो ओबियांग न्गुएमा मबासोगो ने की है।
- 1968 में स्पेन से आजादी के बाद इस देश में केवल दो राष्ट्रपति हुए हैं।
- ओबियांग ने अगस्त 1979 में एक तख्तापलट में अपने चाचा, फ्रांसिस्को मैकियास न्गुएमा को अपदस्थ कर दिया था।

### शहाबुद्दीन चुप्पू बांग्लादेश के नए राष्ट्रपति निर्वाचित

बांग्लादेश के पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू को बांग्लादेश का नया राष्ट्रपति निर्वाचित गया है। बांग्लादेश की अवामी लीग पार्टी ने शहाबुद्दीन चुप्पू को राष्ट्रपति पद के लिए नामित किया था।

- शहाबुद्दीन चुप्पू निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वह बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति होंगे।
- वह वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद की जगह लेंगे।
- बांग्लादेश में सबसे लंबे समय तक राष्ट्रपति पद पर रहने वाले हामिद का कार्यकाल 23 अप्रैल, 2023 को समाप्त होगा। संविधान के अनुसार वह तीसरा कार्यकाल नहीं रख सकते हैं।

### निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स साइप्रस के नए राष्ट्रपति

साइप्रस के पूर्व विदेश मंत्री निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स देश के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं।

- निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने एंड्रियास मावरोयानीनिस को हराया।
- क्रिस्टोडौलाइड्स को लगभग 52 प्रतिशत वोट मिले, जबकि मावरोयानीनिस को 48 प्रतिशत वोट मिले।
- उन्हें 2014 में सरकारी प्रवक्ता नियुक्त किया गया था। 2018 में वे विदेश मंत्री भी रह चुके हैं।
- क्रिस्टोडौलाइड्स को डेमोक्रेटिक पार्टी, मूवमेंट फॉर सोशल डेमोक्रेसी और डेमोक्रेटिक एलाइनमेंट का समर्थन प्राप्त है।

### नील मोहन यूट्यूब के सीईओ नियुक्त

भारतीय मूल के अमेरिकी कार्यकारी नील मोहन को यूट्यूब का नया सीईओ नियुक्त किया गया है।

- नील मोहन, सुसान वोज्स्की की जगह लेंगे, सुसान 9 वर्ष बाद इस पद से हटने की घोषणा की हैं।
- मोहन भारतीय मूल के तकनीकी प्रमुखों की एक विशिष्ट सूची में शामिल हो गए हैं।
- जिसमें अल्फाबेट के सुंदर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, आईबीएम के अरविंद कृष्ण और एडोब के शांतनु नारायण शामिल हैं।

### लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार थल सेना के उप प्रमुख

- भारतीय सेना ने लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार को नए भारतीय सेना उप प्रमुख के रूप में नामित किया गया है, ये वर्तमान उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू का स्थान लेंगे।
- एमवी सुचिंद्र श्रीलंका में 'कोऑपरेटिव सिक्योरिटी इन साउथ एशिया' और मिस्र में 'यूनाइटेड नेशंस सीनियर मिशन लीडर्स कोर्स' जैसे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।
- उन्हें जून 1985 में पहली बार असम रेजिमेंट में नियुक्त किया गया था।
- लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू को सेना कमांडर के रूप में दक्षिण पश्चिमी सेना कमान (जयपुर) में स्थानांतरित किया गया है।

### आयुष्मान खुराना यूनिसेफ के राष्ट्रीय राजदूत नियुक्त

अभिनेता आयुष्मान खुराना को 18 फरवरी, 2023 को यूनिसेफ इंडिया के लिए बाल अधिकार के राष्ट्रीय राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।।

- आयुष्मान को सितंबर 2020 में यूनिसेफ इंडिया के सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में नियुक्त किया गया था।
- यूनिसेफ के राष्ट्रीय राजदूत के रूप में आयुष्मान बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।
- यूनिसेफ इंडिया देश भर में बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए काम करता है।
- भारत के साथ यूनिसेफ की साझेदारी 1949 में शुरू हुई।
- पहला कार्यालय 1952 में नई दिल्ली में स्थापित किया गया था।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत में एक नोडल एजेंसी है।

**GK फैक्ट**

- **यूनिसेफ:** यह संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है, जिसे 11 दिसंबर, 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष के रूप में स्थापित किया गया था। 1953 में इसका नाम बदलकर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष कर दिया गया। इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है।

### रुचिरा कंबोज यूएन के सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र के अध्यक्ष निर्वाचित

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज को संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है।

- नॉर्थ मैसेडोनिया से जॉन इवानोवस्की, डोमिनिक गणराज्य से कार्ला मारिया कार्लसन व लक्समबर्ग से थॉमस लैमर को सत्र का उपाध्यक्ष चुना गया।
- आयोग ने 61वें सत्र के अंतिम दिन संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद को चार मसौदा प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजे थे।
- रुचिरा कंबोज भारतीय विदेश सेवा 1987 बैच की भारतीय राजनयिक हैं।

**GK फैक्ट**

✧ **संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (UN ECOSOC):** इसका गठन वर्ष 1945 में किया गया था। यह यूएन के 6 प्रमुख संस्थाओं में से एक है। भारत को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (UN ECOSOC) के चार प्रमुख निकायों के लिए चुना गया है। इसमें सामाजिक विकास आयोग, गैर सरकारी संगठनों की समिति, विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी आयोग एवं आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों के लिए समिति शामिल हैं।

### भारतीय मूल की अमेरिकी महिला अप्सरा अय्यर हार्वर्ड लॉ रिव्यू की अध्यक्ष निर्वाचित

हार्वर्ड लॉ स्कूल में भारतीय-अमेरिकी छात्रा अप्सरा अय्यर को हार्वर्ड लॉ रिव्यू का 137वां अध्यक्ष चुना गया है।

- अय्यर 'राइट-ऑन' नामक एक प्रतिस्पर्द्धी प्रक्रिया के बाद हार्वर्ड लॉ रिव्यू में शामिल हुई, जहां हार्वर्ड लॉ स्कूल के छात्र सख्ती से दस्तावेजों की जांच करते हैं।
- अप्सरा अय्यर पहले लॉ स्कूल के हार्वर्ड ह्यूमन राइट्स जर्नल और नेशनल सिक्योरिटी जर्नल में शामिल रही हैं। साउथ एशियन लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की सदस्य भी हैं।

### नताशा पेरियानायगम 'विश्व की सबसे मेधावी छात्रा'

अमेरिका स्थित जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ ने विश्वभर के 76 देशों के 15,000 छात्र-छात्राओं की ऊपरी ग्रेड स्तर की परीक्षा के नतीजों के आधार पर भारतीय मूल की अमेरिकी स्कूली छात्रा नताशा पेरियानायगम को लगातार दूसरे साल 'विश्व की सबसे मेधावी छात्रा' घोषित किया है।

- मौखिक एवं मात्रात्मक योग्यता की परीक्षा में नताशा का प्रदर्शन ग्रेड आठ में 90 पर्सेंटाइल प्राप्त करने के बराबर था, जिस कारण उन्हें इस सम्मान सूची में जगह दी गई।
- **जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ:** विश्व के असाधारण मेधावी छात्रों की पहचान के लिए ऊपरी-ग्रेड स्तरीय परीक्षा का आयोजन करता है और उनकी अकादमिक क्षमताओं के बारे में स्पष्ट तस्वीर पेश करता है।

### स्वाति दवे 'सीएआईआर' की अध्यक्ष नामित

भारतीय मूल की वरिष्ठ बैंक अधिकारी स्वाति दवे को 'सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस' (सीएआईआर) के सलाहकार बोर्ड का प्रथम अध्यक्ष नामित किया गया है।

- वर्तमान में स्वाति एशिया सोसाइटी ऑस्ट्रेलिया में 'डिप्टी चेयर' के रूप में व ऑस्ट्रेलिया-चीन संबंध सलाहकार बोर्ड में राष्ट्रीय फाउंडेशन की एक सदस्य के रूप में सेवा दे रही हैं।
- **सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस' (सीएआईआर):** सीएआईआर, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध मजबूत करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच है, जो कारोबारी एवं सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देगा।

### अजय बंगा विश्व बैंक के अध्यक्ष नामित

23 फरवरी, 2023 को मास्टरकार्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी **अजय बंगा को विश्व बैंक का अगला अध्यक्ष** नामित किया गया है।

- भारतीय मूल के बंगा वर्तमान में **इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक** में **वाइस चेयरमैन** के रूप में कार्यरत हैं।
- बंगा विश्व बैंक का प्रमुख बनने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी होंगे।
- बंगा को वर्ष 2016 में **पद्मश्री** से सम्मानित किया गया था।
- **विश्व बैंक के वर्तमान अध्यक्ष डेविड मलपास** ने जून के अंत तक पद छोड़ने की घोषणा की है।

**GK फैक्ट**

✧ **विश्व बैंक** का मुख्य उद्देश्य **सदस्य राष्ट्रों को पुनर्निर्माण और विकास के कार्यों में आर्थिक सहायता देना है।** विश्व बैंक समूह पाँच अन्तरराष्ट्रीय संगठनों का एक ऐसा समूह है, जो सदस्य देशों को वित्त और वित्तीय सलाह देता है। इसका मुख्यालय वॉशिंगटन डी. सी. में है। इसकी स्थापना 1944 में की गई।

## पुरस्कार

### भारतीय संगीतकार रिकी केज को ग्रैमी पुरस्कार

अमेरिका के लॉसएंजिल्स में 65वें वार्षिक ग्रैमी अवार्ड्स में भारतीय संगीतकार रिकी केज ने ग्रैमी पुरस्कार जीता है। रिकी तीसरा ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले वे एकमात्र भारतीय हैं।

- स्टीवर्ट कॉपलैंड के साथ उनकी **एल्बम डिवाइन टाइड्स** के लिए रिक्की केज को यह पुरस्कार मिला है। संगीत एल्बम डिवाइन टाइड्स वसुधैव कुटुम्बकम को समर्पित है।
- वर्ष 2022 में न्यू एज एल्बम और 2015 में **विंड्स ऑफ समसारा** के लिए भी रिकी को ग्रैमी पुरस्कार मिल चुका है।
- रिकी केज ग्रैमी अवार्ड जीतने वाले सबसे कम उम्र के और चौथे भारतीय हैं।

### ग्रैमी पुरस्कार-2023

**बेस्ट म्यूजिक वीडियो:** 'ऑल टू वेल: द शॉर्ट फिल्म' के लिए टेलर स्विफ्ट

- **बेस्ट इमर्सिव ऑडियो:** भारत के रिकी केज - डिवाइन टाइड्स
- बेस्ट नृत्य/इलेक्ट्रॉनिक एल्बम: बेयोंसे - रेनेसां
- बेस्ट रैप एल्बम: केंड्रिक लैमर - मिस्टर मोराले एंड द बिग स्टेपर्स
- बेस्ट म्यूजिक सिटी एल्बम - बैड बनी - अन वेरानो सिन टी

- बेस्ट पॉप जोड़ी / समूह प्रदर्शन – सैम स्मिथ और किम पेट्रास – अनहोली
- बेस्ट कंट्री एल्बम – विली नेल्सन – ए ब्यूटीफुल टाइम
- बेस्ट आर एंड बी सॉन्ग – बेयोंसे – कफ इट
- बेस्ट पॉप वोकल एल्बम – हैरी स्टाइल्स – हैरी हाउस
- बेस्ट नृत्य/इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग – बेयोंसे – ब्रेक माय सोल
- बेस्ट वैश्विक म्यूजिक प्रदर्शन – वाउटर केलरमैन, जेक्स बैंटविनी और नोमसेबो जिकोड – बायेथे
- बेस्ट कंट्री सिंगर सिंगल परफॉर्मेंस – विली नेल्सन – लाइव फॉरएवर
- बेस्ट आर एंड बी परफॉर्मेंस– मुनि लांग
- बेस्ट रैप परफॉर्मेंस – केंड्रिक लैमर – द हार्ट पार्ट 5
- बेस्ट मेटल परफॉर्मेंस – टोनी इयोमी वाले ओजी ऑस्बॉर्न – डिग्रेडेशन रूल्स

### पैगी मोहन को 'मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**लेखिका डॉ. पैगी मोहन** ने मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स के चौथे संस्करण के दौरान **'मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता** है।

- वासन के परिणाम के रूप में भाषा के विकास को चित्रित करने वाली उनकी पुस्तक 'वांडरर्स, किंग्स एंड मर्चेंट्स' ने पुरस्कार जीता।

**मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्सः** एमबीआईएफएल का गठन, भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आवाज के रूप में गठित किया गया था, जो देश में कई अग्रणी सुधारों का समर्थन करता था।

- यह एमबीआईएफएल का चौथा संस्करण था, जिसका थीम 'इतिहास की छाया, भविष्य की रोशनी' (Shadows of history, Lights of the future) है।

### एटीडी बेस्ट अवार्ड्स- 2023'

देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड को एसोसिएशन फॉर टैलेंट डेवलपमेंट (एटीडी), यूएसए द्वारा 'एटीडी बेस्ट अवार्ड्स 2023' से सम्मानित किया गया है।

- एनटीपीसी लिमिटेड ने छठी बार प्रतिभा विकास के क्षेत्र में उद्यम सफलता प्रदर्शित करने के लिए यह पुरस्कार जीता है।
- यह अवार्ड दुनिया भर के छोटे व बड़े निजी, सार्वजनिक और गैर-लाभकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है।

**GK फैक्ट**

✧ **एनटीपीसीः** एनटीपीसी लिमिटेड विद्युत मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (PSU) है। इसे 1975 में स्थापित किया गया था।

- एटीडी बेस्ट अवार्ड्स ऐसे संगठनों को मान्यता देता है, जो उद्यम में प्रतिभा विकास को प्रदर्शित करते हैं।

### एटीएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2023

एमआरएफ लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के. एम. मैमन को मारुति सुजुकी इंडिया के एमडी और सीईओ हिसाशी तकेयूची द्वारा एटीएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया।

- मैमन को 20 से अधिक वर्षों तक भारतीय टायर उद्योग में अमूल्य योगदान देने के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया।
- मैमन ने एमआरएफ को 19,000 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार तक पहुंचाया है और रैंकिंग में, यह विश्व की शीर्ष टायर कंपनियों में से एक है।

### दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023

'द कश्मीर फाइल्स' को दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार मिला।

- आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

### बाफ्टा अवार्ड-2023

बाफ्टा अवार्ड में जर्मन फिल्म **'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट'** (All Quiet on the Western Front) ने सात अवार्ड जीते हैं।

- इस अवार्ड शो में आयरिश फिल्म **'द बन्शीस ऑफ इनिशेरिन'** ने चार अवार्ड जीते हैं।

| विजेताओं की लिस्ट | |
|---|---|
| केटेगरी | विजेता |
| बेस्ट फिल्म | द कश्मीर फाइल्स |
| फिल्म ऑफ द इयर | आर आर आर |
| बेस्ट एक्टर | रणबीर कपूर (ब्रह्मास्त्र पार्ट वनः शिवा) |
| बेस्ट एक्ट्रेस | आलिया भट्ट (गंगूभाई काठियावाड़ी) |
| क्रिटिक्स बेस्ट एक्टर | वरुण धवन (भेड़िया) |
| क्रिटिक्स बेस्ट एक्ट्रेस | विद्या बालन (जलसा) |
| बेस्ट डायरेक्टर | आर बाल्की (चुप) |
| वेस्ट सिनेमेटोग्राफर | पीएस विनोद (विक्रम वेधा) |
| मोस्ट प्रोमिसिंग एक्टर | ऋषभ शेट्टी (कंटारा) |
| बेस्ट एक्टर इन अ सपोर्टिंग रोल | मनीष पॉल (जुगजुग जियो) |
| बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल ) | सचेत टंडन (मैय्या मैनू – जर्सी) |
| बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल) | नीति मोहन (मेरी जान – गंगूभाई काठियावाड़ी) |
| दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2023 फॉर आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रिब्यूशन इन द फिल्म इंडस्ट्री | रेखा |
| दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2023 फॉर आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रिब्यूशन इन द म्यूजिक इंडस्ट्री | हरिहरन |

- बाफ्टा अवार्ड शो को हॉलीवुड के एकेडमी पुरस्कारों के समकक्ष माना जाता जाता है।
- भारतीय फिल्मों में शौनक सेन द्वारा निर्देशित **ऑल दैट ब्रीथ्स** (All That Breathes) को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री कैटेगरी में नामित किया गया था।

| विजेताओं की लिस्ट | |
|---|---|
| बेस्ट फिल्म | ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट |
| आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म | द बंशीस ऑफ इनिशरिन |
| अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सर्वश्रेष्ठ फिल्म | ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट |
| सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री | 'नवलनी' |
| सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री | केट ब्लैंचेट, 'टार' |
| सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेता | ऑस्टिन बटलर 'एल्विस' |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म | 'गिलर्मो डेल टोरो पिनोचियो' |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | एडवर्ड बर्जर (ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट) |
| बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले | मार्टिन मैकडोनाग, 'द बंशीज ऑफ इनिशरिन' |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | बैरी केघन, 'द बंशीज ऑफ इनिशरिन' |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | एंजेला बैसेट, 'ब्लैक पैंथर: वकंडा फॉरएवर' |

### संसद रत्न अवॉर्ड्स 2023

संसद के **13 सदस्यों और दो संसदीय समितियों को संसद रत्न अवॉर्ड्स 2023** से सम्मानित किया गया है।

- संसद रत्न पुरस्कार 2023 के लिए **लोकसभा के 8 और राज्यसभा के 5 सांसदों** को नामित किया गया है।
- सीपीआई-एम नेता **टी.के. रंगराजन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड** के लिए नामांकित किया गया।
- संसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सुझाव पर **शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को सम्मानित** करने के लिए की गई थी।

#### पुरस्कार पाने वाले लोकसभा सदस्य

1. विद्युत बरन महतो (भाजपा, झारखंड)
2. डॉ. सुकांत मजूमदार (भाजपा, पश्चिम बंगाल)
3. कुलदीप राय शर्मा (कांग्रेस, अंडमान निकोबार द्वीप समूह)
4. डॉ. हीना विजयकुमार गावित (भाजपा, महाराष्ट्र)
5. अधीर रंजन चौधरी (कांग्रेस, पश्चिम बंगाल)
6. गोपाल चिनय्या शेट्टी (भाजपा, महाराष्ट्र)
7. सुधीर गुप्ता (भाजपा, मध्य प्रदेश)
8. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे (राकांपा, महाराष्ट्र)।

#### पुरस्कार पाने वाले राज्यसभा सदस्य

1. डॉ. जॉन ब्रिटास (सीपीआई-एम, केरल)
2. डॉ. मनोज कुमार झा (राजद, बिहार)
3. श्रीमती फौजिया तहसीन अहमद खान (एनसीपी, महाराष्ट्र)
4. विशंभर प्रसाद निषाद (समाजवादी पार्टी, यूपी)
5. श्रीमती छाया वर्मा (कांग्रेस, छत्तीसगढ़)।

#### पुरस्कार पाने वाले लोकसभा की दो संसदीय समिति

1. जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में वित्त पर लोकसभा की संसदीय समिति
2. विजय साई रेड्डी की अध्यक्षता में पर्यटन, परिवहन और संस्कृति पर राज्य सभा की स्थायी समिति

## अभ्यास

### भारत-अमेरिका का सैन्य अभ्यास "तरकश"

भारत-अमेरिका के बीच 16 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'तरकश' 14 फरवरी, 2023 को चेन्नई में संपन्न हुआ।

- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और यूएस स्पेशल ऑपरेशंस फोर्स (SOF) द्वारा आयोजित 'तरकश' का यह छठा संस्करण था।
- इस अभ्यास का उद्देश्य **आतंकवादियों द्वारा ले जाए जा रहे रासायनिक हथियारों को निष्क्रिय करना है।**
- इस अभ्यास में पहली बार **'रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (CBRN) आतंक प्रतिक्रिया'** को शामिल किया गया है।
- इस अभ्यास में आतंकवादियों द्वारा रासायनिक और जैविक हमलों से निपटने के लिए एक अभ्यास भी शामिल किया गया था।
- **रूस-यूक्रेन युद्ध** की पृष्ठभूमि में रासायनिक और जैविक हमलों को अभ्यास का हिस्सा बनाया गया है।

## दिवस

### विश्व सामाजिक न्याय दिवस

'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' हर वर्ष 20 फरवरी, 2023 को पूरे विश्व में मनाया जाता है।

- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को सामाजिक न्याय और समानता के प्रति जागरूक करना है।
- इस दिवस को प्रतिवर्ष एक विशेष विषय के साथ मनाया जाता है।
- इस वर्ष का विषय **सामाजिक न्याय के लिए बाधाओं पर काबू पाना और अवसरों को उजागर करना** (Overcoming Barriers and Unleashing Opportunities for Social Justice) है।
- पहली बार विश्व सामाजिक न्याय दिवस वर्ष 2009 में मनाया गया था।

### विश्व रेडियो दिवस

**13 फरवरी** को विश्व भर में **विश्व रेडियो दिवस** के रूप में मनाया जाता है।

- इस दिन को मनाने का उद्देश्य **संचार में रेडियो के योगदान के महत्व** को बताना है।
- इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम **"Radio and Peace"** रखी गई है।
- वर्ष 2022 में इसकी थीम थी "Evolution & The world is always changing" था।
- मॉडर्न जमाने में भी रेडियो नॉलेज, एंटरटेनमेंट और इंफॉर्मेशन का प्रमुख केंद्र है।

- **विश्व रेडियो दिवस की शुरुआतः** संयुक्त राष्ट्र रेडियो की शुरुआत 13 फरवरी, 1946 में हुई थी। वर्ष 2010 में स्पेन रेडियो अकादमी ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने का प्रस्ताव दिया था। वर्ष 2011 में यूनेस्को के सदस्य देशों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने की घोषणा की।

### मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस

मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) योजना की शुरुआत को याद करने और इस योजना के फायदों के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए **मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस** मनाया जाता है।

- इस वर्ष 19 फरवरी को 8वाँ मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस मनाया गया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 19 फरवरी, 2015 को सूरतगढ़, राजस्थान में "SHC योजना'' शुरू किया था।

**मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाः** इसके तहत सभी किसानों को दो वर्ष में मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) प्राप्त करना होता है। भारत के सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने में राज्य सरकारों की सहायता करने के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को उनकी मिट्टी के पोषक तत्वों की स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

- भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के बारे में जागरुकता फैलाने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए **21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस** मनाया जाता है।
- 2023 अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का विषय है– **'बहुभाषी शिक्षा - शिक्षा को बदलने की आवश्यकता'।**
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि **विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता** को बढ़ावा देना है।
- यूनेस्को ने इस दिवस की घोषणा **17 नवंबर, 1999** को की थी।
- **वर्ष 2000 से विश्व भर में इस दिवस** का आयोजन किया जा रहा है।
- यह दिन **बांग्लादेश** द्वारा अपनी **मातृभाषा बांग्ला की रक्षा के लिए किए गए लंबे संघर्ष** को भी रेखांकित करता है।
- 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाने का सुझाव **बांग्लादेश के रफीकुल इस्लाम** द्वारा दिया गया था।

## विविध

### अभिनेत्री पीके रोजी

Google ने 10 फरवरी, 2023 को मलयालम सिनेमा की पहली अभिनेत्री पीके रोजी की 120वीं जयंती के मौके पर एक डूडल समर्पित किया है।

- पी.के. रोजी किसी भारतीय सिनेमा में मुख्य भूमिका निभाने वाली पहली अभिनेत्री थीं।
- 1928 में फिल्म 'विगाथाकुमारन' (द लॉस्ट चाइल्ड) में लीड रोल निभाने के बाद वह प्रमुखता से उभरीं।
- रोजी दलित समाज से आती थीं और फिल्म में उन्होंने एक उच्च जाति की महिला की भूमिका अदा की, जिससे उन्हें काफी विरोध का सामना करना पड़ा।
- वर्ष 2019 में वीमेन इन सिनेमा कलेक्टिव ने उनके सम्मान में एक फिल्म सोसायटी की शुरुआत की।

### अफगानी महिला महबूबा सिराज नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित

अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली महबूबा सिराज को वर्ष 2023 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

- उन्हें जेल में बंद ईरानी मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील नरगिस मोहम्मदी के साथ संयुक्त रूप से नामांकित किया गया है।

### 'विश्व अंतर्धार्मिक सद्भाव सप्ताह 2023'

**संयुक्त राष्ट्र (यूएन)** द्वारा मान्यता प्राप्त एक कार्यक्रम **'विश्व अंतर्धार्मिक सद्भाव सप्ताह 2023'**, 16 फरवरी, 2023 को **लुधियाना** में संपन्न हुआ।

- इस सद्भाव सप्ताह का मुख्य लक्ष्य विश्व के सभी लोगों के बीच संवाद, समझ और विचारों को फैलाना है।
- यह प्रतिवर्ष फरवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाता है।
- इस सप्ताह को मनाने का प्रस्ताव वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने प्रस्तुत किया था।
- यह सप्ताह धर्मों के बीच शांति के विश्वव्यापी उत्सव का आह्वान करता है।

### अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी मेला-2023

16 से 18 फरवरी, 2023 को **नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी मेला (IETF)** का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस मेले का उद्घाटन किया।

- इस मेले का आयोजन **भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)** द्वारा किया जाता है।
- यह आयोजन विश्व में **सर्वश्रेष्ठ उन्नत प्रौद्योगिकियों** में अन्य देशों के साथ सहयोग का प्रमाण भी है।
- IETF-2023 में उभरती प्रौद्योगिकियों के **11 क्षेत्र शामिल** हैं, जिनका अर्थव्यवस्था और समाज पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

### 'पिक्चर्स ऑफ द ईयर' प्रतियोगिता

भारतीय मूल के कार्तिक सुब्रमण्यम ने नेशनल ज्योग्राफिक की 'पिक्चर्स ऑफ द ईयर' 2023 प्रतियोगिता जीती है।

- **'डांस ऑफ द ईगल्स'** शीर्षक वाली उनकी तस्वीर, **अलास्का में चिलकट बाल्ड ईगल प्रिजर्व** में खींचा गया था।
- एक पेड़ की शाखा पर बसने के लिए जूझ रहे ईगल की एक आकर्षक तस्वीर के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **अलास्का चिलकट बाल्ड ईगलः** यह अमेरिकी राज्य अलास्का में वन्यजीव आश्रय है। इसकी स्थापना 1982 में की गई।

# खेल

## चर्चित खेल व्यक्तित्व

### आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज आरोन फिंच का संन्यास

आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज और 2021 में टी20 विश्व कप जिताने वाले कप्तान आरोन फिंच ने 7 जनवरी, 2023 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

- 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से उन्होंने सभी प्रारूपों में 8,804 रन बनाये हैं, जिसमें 17 वनडे शतक और दो टी20 शतक शामिल हैं। उन्होंने 76 टी20 मैचों में आस्ट्रेलिया की कप्तानी की।
- फिंच ने आस्ट्रेलिया के लिये पांच टेस्ट में 278 रन, 146 वनडे में 5,406 रन और 103 टी20 में 3,120 रन बनाये, जिसमें दो शतक और 19 अर्द्धशतक शामिल है।
- टी20 क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड भी उनके नाम है, जब 2018 में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 76 गेंद में 172 रन बनाये थे।

### पाकिस्तानी क्रिकेटर कामरान अकमल का संन्यास

कामरान अकमल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा बनाये जाने के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है।

- अकमल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2002 में टेस्ट और वनडे मैच में डेब्यू किया था।
- अकमल ने पाकिस्तान के लिए 53 टेस्ट, 157 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया। टेस्ट मैचों में उनके नाम 30.79 की औसत से 2,648 रन है, जिसमें छः शतक और 12 अर्द्धशतक शामिल है।
- वनडे में 26.1 की औसत से उन्होंने 3,236 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 10 अर्द्धशतक शामिल है।
- टी20 में अकमल के नाम 119.64 के स्ट्राइक रेट से 987 रन हैं।

### भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने जीता मैजिकल कीनिया लेडीज ओपन

भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक ने मैजिकल कीनिया लेडीज ओपन जीत लिया है।

- यह अदिति का चौथा एलईटी खिताब है।
- अदिति अशोक को वर्ष 2020 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।
- अदिति अशोक मात्र 12 वर्ष में ही राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन गईं थीं।
- अदिति ने वर्ष 2013 में कर्नाटक जूनियर, साउथ इंडियन जूनियर चैंपियनशिप और नेशनल एमेच्योर टाइटल जीते।
- अदिति वर्ष 2012, 2013 और 2014 में नेशनल जूनियर चैंपियनशिप जीत चुकी हैं।
- अदिति अशोक एशियन यूथ गेम्स खेलने वाली पहली भारतीय हैं।
- अदिति ने 2015 में लेडीज ब्रिटिश एमेच्योर स्ट्रोक प्ले चैंपियनशिप जीती थी।
- अदिति रियो ओलंपिक 2016 में हिस्सा लेने वाली पहली गोल्फर बनीं, लेकिन कोई मेडल नहीं जीत सकीं।

### जीन एरिक वर्गेन ने फॉर्मूला ई प्रिक्स जीता।

11 फरवरी, 2023 को हैदराबाद में जीन एरिक वर्गेन ने फॉर्मूला ई प्रिक्स जीता। यह भारत में आयोजित होने वाली पहली फॉर्मूला ई रेस है।

- दूसरे स्थान पर एनविजन रेसिंग के ड्राइवर निक कैसिडी और ह्यूअर पोर्श के एंटोनियो फेलिक्स दा कोस्टा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- अपनी पहली घरेलू रेसिंग में भाग ले रही महिंद्रा रेसिंग को ओलिवर रोलैंड ने एक अंक दिलाया। वह दसवें स्थान पर रहे।

## क्रिकेट

### पहली महिला प्रीमियर लीग की नीलामी

महिला प्रीमियर लीग (WPL) के पहले संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया का आयोजन 13 फरवरी, 2023 को मुंबई में किया गया।

- वीमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन 4 से 26 मार्च, तक आयोजित किया जाएगा।
- पहले संस्करण में कुल 22 मुकाबले खेले जायेंगे। इस नीलामी में 87 खिलाड़ी खरीदे गए, जिसमें 30 विदेशी शामिल हैं।
- टीम इंडिया की उप-कप्तान स्मृति मंधाना नीलामी में सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं।

| टॉप 5 महंगे खिलाड़ी टीम | |
|---|---|
| स्मृति मंधाना (3.40 करोड़) | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) |
| एश्ले गार्डनर (3.20 करोड़) | गुजरात जायंट्स |
| नैट साइवर-ब्रंट (3.20 करोड़) | मुंबई इंडियंस |
| दीप्ति शर्मा (2.60 करोड़) | यूपी वॉरियर्स |
| जेमिमा रॉड्रिग्स (2.20 करोड़) | दिल्ली कैपिटल्स |

## इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान इयोन मोर्गन का संन्यास

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान इयोन मोर्गन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है।

- इयोन ने 126 एकदिवसीय और 72 T20 में इंग्लैंड की कप्तानी की।
- दोनों प्रारूपों में कप्तान के रूप में इयोन ने 118 मैचों में इंग्लैंड को जीत दिलाई है।
- इयोन के नेतृत्व में वर्ष 2019 में इंग्लैंड एकदिवसीय क्रिकेट का वर्ल्ड चैंपियन बना था।
- इंग्लैंड के लिए सबसे अधिक ODI रन (6,957) का रिकॉर्ड इयोन मॉर्गन के पास ही है।
- इयोन इंग्लैंड की ओर से सर्वाधिक T20I रन (2,458) बनाने वाले भी खिलाड़ी हैं।
- ODI और T20 दोनों प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक छक्के का रिकॉर्ड भी इयोन के नाम है।
- इयोन मॉर्गन ने अपना वनडे डेब्यू स्कॉटलैंड के खिलाफ 5 अगस्त, 2006 को किया था।
- उन्होंने अपना आखिरी वनडे नीदरलैंड के खिलाफ 19 जून, 2022 को खेला था।

## दीप्ति शर्मा के T20 इंटरनेशनल में 100 विकेट

दीप्ति शर्मा T20 इंटरनेश्नल में 100 विकेट लेने वाली भारत की पहली गेंदबाज बन गयी हैं। इससे पहले लेग स्पिनर पूनम यादव ने भारत की ओर से 98 विकेट लिए हैं।

- दीप्ति ने आईसीसी महिला विश्व कप-2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।
- दीप्ति ने यह उपलब्धि भारत की लेग स्पिनर पूनम यादव को पीछे छोड़ते हुए पाई है।
- पुरुष क्रिकेट में भारत की ओर से T20I में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड युजवेंद्र चहल के नाम है। चहल ने T20I फॉर्मेट में 91 विकेट लिए हैं।

**विमेंस T20I में 100 विकेट पाने वाली खिलाड़ी**

| प्लेयर | देश | विकेट |
|---|---|---|
| अनीसा मोहम्मद | वेस्टइंडीज | 125 |
| निदा डार | पकिस्तान | 122 |
| एलिसे पेरी | ऑस्ट्रेलिया | 120 |
| मेगन शुट्ट | ऑस्ट्रेलिया | 117 |
| शबनीम इस्माइल | द. अफ्रीका | 117 |
| कैथरीन साइवर-ब्रंट | इंग्लैंड | 112 |
| सोफी डिवाइन | न्यूजीलेंड | 110 |
| आन्या श्रुबसोल | इंग्लैंड | 102 |
| दीप्ति शर्मा | भारत | 100 |

## सौराष्ट्र ने बंगाल को हराकर रणजी ट्रॉफी जीता

सौराष्ट्र ने 19 फरवरी, 2023 को खेले गए फाइनल मैच में बंगाल को 9 विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी 2022-23 जीत लिया है।

- सौराष्ट्र ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अपना दूसरा रणजी ट्रॉफी जीता।
- सौराष्ट्र ने पहली बार 2019-20 में रणजी ट्रॉफी खिताब जीता था।
- सौराष्ट्र को जीत के लिए 14 रन की जरूरत थी, जो उसने 2.4 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।
- 9 विकेट लेने वाले सौराष्ट्र के कप्तान उनादकट मैन ऑफ द मैच चुने गए, जबकि टीम के अर्पित वसावड़ा रणजी सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

## नेशनल रेस वॉकिंग चैंपियनशिप

झारखंड के मोराबादी (राँची) में 14 फरवरी, 2023 को अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी ने नेशनल रेस वॉकिंग चैंपियनशिप जीत ली है।

- अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी ने पुरुषों की 20 किमी स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता और विश्व चैंपियनशिप एवं 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।
- अक्षदीप ने एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड में जीतकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया।
- प्रियंका ने 2024 ओलंपिक के लिए निर्धारित 1:29:20 सेकंड के मानक को पार करने के लिए 1:28:50 सेकंड का समय लिया। प्रियंका ने 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में 10,000 मीटर रेस वॉक में रजत पदक जीता था।

## विग्नेश एनआर देश के 80वें ग्रैंडमास्टर

भारत के 24 वर्षीय चेस प्लेयर विग्नेश एनआर ने जर्मनी के इंटरनेशनल मास्टर इल्जा नाइडर को हराकर देश के 80वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं।

- विग्नेश ने जर्मनी में 24वां नॉर्डवेस्ट कप 2023 टाइटल भी अपने नाम किया। इससे पूर्व उनके भाई विशाख एनआर वर्ष 2019 में भारत के 59वें ग्रैंडमास्टर बने थे।

## 14वीं एशियाई लॉन बॉल्स चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम की जीत

मलेशिया में आयोजित 14वीं एशियाई लॉन बॉल्स चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने मलेशिया को 17-16 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है।

- भारत की टीम में रूपा रानी टिर्की, लवली चौबे, पिंकी कुमारी और नयनमोनी सैकिया शामिल थीं।
- यह एशियाई लॉन बॉल्स चैंपियनशिप में भारत का चौथा और वीमेन्स फोर्स इवेंट का दूसरा पदक है। भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 14-11 से पराजित किया था।

**GK फैक्ट**

✧ **लॉन बॉल्स:** यह एक आउट डोर गेम है। यह जिस मैदान में खेला जाता है उसे बोलिंग ग्रीन कहा जाता है। इसमें कई रिंक बने होते हैं, जिसमें ही खेल होता है। लॉन बोल का खेल सिंगल्स, पेयर्स, ट्रिपल और फोर्स में खेला जाता है। खेल में एक टार्गेट होता है, जो गेंद की तरह होता है, जिसे जैक कहते हैं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023

भारत सरकार की खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पांचवां संस्करण, 30 जनवरी से 11 फरवरी तक आयोजित किया गया।

| रैंक | राज्य/कोशा क्षेत्र | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 56 | 55 | 50 | 161 |
| 2 | हरियाणा | 41 | 32 | 55 | 128 |
| 3 | मध्य प्रदेश | 39 | 30 | 27 | 96 |
| 4 | राजस्थान | 19 | 10 | 19 | 48 |
| 5 | दिल्ली | 16 | 22 | 26 | 64 |
| 6 | केरल | 15 | 12 | 19 | 46 |
| 7 | मणिपुर | 13 | 9 | 12 | 34 |
| 8 | तमिलनाडु | 12 | 19 | 21 | 52 |
| 9 | ओडिशा | 11 | 8 | 11 | 30 |
| 10 | पंजाब | 11 | 7 | 15 | 33 |

इसका आयोजन मध्य प्रदेश और नई दिल्ली के आठ शहरों के कुल 11 अलग-अलग स्थानों पर KIYG 2023 इवेंट का आयोजन किया गया।

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में इस बार कुछ और खेलों को भी शामिल किया गया था, जिसमें फेंसिंग और वाटर स्पोर्ट्स (कैनोइंग, कयाकिंग और स्लैलम) शामिल हैं।
- **5वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स का शुभंकरः** आशा (महिला चीता) और मोगली
- **थीम सॉन्गः** हिंदुस्तान का दिल धड़का दो। जाने-माने कलाकार शान ने इसे गाया है।
- **टॉर्च (मशाल):** खेलो इंडिया की मशाल को अमरकंटक नाम दिया गया, जिस पर मां नर्मदा की आकृति भी उकेरी गई है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स

- नई दिल्ली में आयोजित 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के साथ इस पहल की शुरुआत हुई। खेलो इंडिया स्कूल गेम्स का नाम बदलकर 2019 से खेलो इंडिया यूथ गेम्स कर दिया गया।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का तीसरा संस्करण 2020 में गुवाहाटी, असम में आयोजित किया गया।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का चौथा संस्करण पंचकुला, हरियाणा में आयोजित किया गया।

### फॉर्मूला ई मोटर रेस

- 11 फरवरी, 2023 को फॉर्मूला ई-मोटर रेस का आयोजन हैदराबाद के हुसैन सागर में किया गया।
- इस ई-मोटर रेस के विजेता जीन एरिक वेरग्ने हैं।
- हैदराबाद इस रेस की मेजबानी करने वाला दुनिया का 27वां शहर है।
- हैदराबाद में आयोजित यह भारत की पहली गैर-कार्बन उत्सर्जन फार्मूला ई-रेस है।

### सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2023

हॉकी मध्य प्रदेश ने फाइनल टूर्नामेंट में हॉकी महाराष्ट्र को 5-1 से हराकर 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 का चैंपियन बना।

- हॉकी झारखंड ने हॉकी हरियाणा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।
- फाइनल मैच की प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार करिश्मा यादव और टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रतिभा आर्य को दिया गया।

### 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंम्पियनशिप के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार हैं

- सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (हॉकी झारखंड) **- सोनल मिंज**
- सर्वश्रेष्ठ रक्षक (हॉकी मध्य प्रदेश) **- प्रतिभा आर्य**
- सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर (हॉकी महाराष्ट्र) **- मानश्री नरेंद्र शेडगे**
- सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड (हॉकी झारखंड) **- अलबेला रानी टोप्प**

### ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार महिला टी20 विश्व का खिताब जीता

महिला T20 विश्व कप 2023 दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी, 2023 तक आयोजित किया गया।

- दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन के न्यूलैंड्स में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 19 रन से हराकर छठी बार खिताब जीत लिया।
- ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का यह सातवां टी20 विश्व कप फाइनल था और उन्होंने छठी बार ट्रॉफी जीती।
- बेथ मूनी ने अर्द्धशतक जड़ा। वह दो वर्ल्ड कप फाइनल में अर्द्धशतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं।

**आईसीसी महिला T20 विश्व कप विजेताओं की सूची (List of Winners of ICC Women's T20 World Cup)**

| विजेता | उपविजेता | वर्ष/मेजवान |
|---|---|---|
| इंग्लैंड | न्यूजीलैंड | 2009/इंग्लैंड |
| ऑस्ट्रेलिया | न्यूजीलैंड | 2010/वेस्टइंडीज |
| ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | 2012/श्रीलंका |
| ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | 2014/बांग्लादेश |
| वेस्टइंडीज | ऑस्ट्रेलिया | 2016/इंडिया |
| ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | 2018/वेस्टइंडीज |
| ऑस्ट्रेलिया | भारत | 2020/ऑस्ट्रेलिया |
| ऑस्ट्रेलिया | दक्षिण अफ्रीका | 2023 दक्षिण अफ्रीका |

# वनलाइनर समसामयिकी

## राज्य

- किस राज्य के 5 जिलों में 10 फरवरी, 2023 को देश की पहली मोहल्ला लोक अदालत को शुरू किया गया है? **- छत्तीसगढ़**
- विश्व की नंबर-1 सहकारी संस्था इफको (IFFCO) के दो अतिरिक्त नैनो यूरिया प्लांट की शुरुआत कहाँ की गई है? **- आंवला (बरेली) और फूलपुर (प्रयागराज)**
- अमृत नगरोत्थान योजना (Amrutha Nagarothana Scheme) किस राज्य में लागू है? **- कर्नाटक**
- लक्ष्मी भंडार (Lakshmi Bhandar) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश द्वारा लागू की जाने वाली योजना है?**- पश्चिम बंगाल**
- हाल ही में किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में जल-जन अभियान' (Jal-Jan Abhiyan) का उद्घाटन किया गया?**- राजस्थान**
- कपड़ा मंत्रालय के 'Technotex 2023' कार्यक्रम कहाँ आयोजित किये गये हैं? **- मुंबई**
- 'अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी मेला 2023' का आयोजन कहाँ किया गया है? **- नई दिल्ली**

## राष्ट्रीय

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 फरवरी, 2023 को एशिया के सबसे बड़े एयरो शो- 'एयरो इंडिया 2023' के 14वें संस्करण का उद्घाटन कहाँ किया है? **- बेंगलुरु**
- केंद्र सरकार ने 17 फरवरी, 2023 को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत किसे आतंकवादी संगठन घोषित किया है? **- खालिस्तान टाइगर फोर्स और जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स**
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के 22वें विधि आयोग के कार्यकाल के विस्तार को कब तक के लिए मंजूरी दी है? **- 31 अगस्त, 2024 तक**
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 20 फरवरी, 2023 को विश्व के सबसे बड़े और अनोखे दिव्यांग पार्क - 'अनुभूति समावेशी पार्क' की आधारशिला कहाँ रखी है? **- नागपुर (महाराष्ट्र)**
- ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने स्व-निर्मित उत्पादों को बेचने और बढ़ावा देने के लिए सरस आजीविका मेला-2023 का आयोजन कहाँ किया गया है? **- जम्मू के बाग-ए-बहू**
- हरित बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला शहरी निकाय कौन है? **- इंदौर नगर निगम**
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर उत्पादन इकाई खान स्थापित की जा रही है? **- कर्नाटक के तुमकुरु**
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने 5.9 मिलियन टन के लीथियम भंडार का पता लगाया है। यह देश के किस राज्य में मिला लीथियम का पहला भंडार है? **- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के सलाल-हैमाना क्षेत्र**
- देश के पहले एकीकृत चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन कहाँ किया गया? **- दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल**
- पर्यटन मंत्री द्वारा "विजिट इंडिया ईयर-2023" का शुभारंभ कहाँ किया गया? **- नई दिल्ली**
- नमामि गंगे कार्यकारी समिति ने गंगा बेसिन के प्रदूषण में कमी और घाट का विकास करने के लिए कितने रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है? **- 1,278 करोड़ रुपये**
- कौन सा शहर पहली बार G20 कल्चर वर्किंग ग्रुप (CWG) की बैठक का मेजबान है? **- खजुराहो**
- Global Tech Summit (GTS) 2023 का आयोजन कहाँ किया गया है? **- विशाखापत्तनम**
- भारत-मंगोलिया संयुक्त कार्य समूह की 11वीं बैठक 10 फरवरी, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **- नई दिल्ली**
- "HARBINGER 2023" किस संस्था द्वारा आयोजित वैश्विक हैकथॉन है? **- RBI**
- 'कवच-2023' किस केंद्रीय मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर का हैकथॉन है? **- शिक्षा मंत्रालय**
- "Asia and the Emerging World Order" थीम के तहत एशिया आर्थिक संवाद (Asia Economic Dialogue) कहाँ आयोजित किया गया? **- पुणे**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी, 2023 को कहाँ पर 3,600 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के साथ नवनिर्मित शिवमोग्गा हवाई अड्डे का उद्घाटन किया? **- कर्नाटक के शिवमोग्गा**
- किस मंत्रालय द्वारा पहली बार बंजारा समुदाय के आध्यात्मिक और धार्मिक गुरु संत सेवालाल महाराज की 284वीं जयंती के उपलक्ष्य में 26-27 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया? **- केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय**

- किस केंद्रीय मंत्रालय ने 'ड्राफ्ट भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष विधेयक' जारी किया है? **- खान मंत्रालय**
- भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत पहली रोजगार कार्य समूह की बैठक कहाँ आयोजित की गई है?- **राजस्थान के जोधपुर**
- 'One Earth, One Family, One Future' थीम के माध्यम से वैश्विक एकता के भाव को प्रोत्साहित करने तथा महिलाओं की भागीदारी को कृषि के क्षेत्र में बढ़ाने के उद्देश्य से एम.पी. फार्म गेट एप तथा एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड (AIF) के अंतर्गत 2 फरवरी, 2023 को कहाँ कार्यशाला का आयोजन किया गया? **- भोपाल**
- नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किन दो शहरों को जोड़ने वाली उड़ान सेवा का उद्घाटन किया? **- जयपुर और जोधपुर**
- जी20 देशों के पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों की बैठक 7-9 फरवरी, 2023 तक कहाँ आयोजित किया गया? **- गुजरात में कच्छ के रण**
- नई दिल्ली में किस मंत्रालय के नेतृत्व में 6 फरवरी, 2023 को युवा संगम कार्यक्रम के पोर्टल का शुभारंभ किया गया? **- शिक्षा मंत्रालय**
- भारत की अध्यक्षता में G20 की पहली सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप की बैठक कहाँ आयोजित की गई? **- गुवाहाटी**
- जी20 के अंतर्गत 6 से 8 फरवरी, 2023 तक पहली यूथ20 (वाई20) बैठक कहाँ आयोजित की गई? **- गुवाहाटी**
- भारत की अध्यक्षता में जी-20 एनर्जी ट्रांजिशन वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक 5 से 7 फरवरी, 2023 तक कहाँ आयोजित की गई? **- बेंगलुरु**

## रिपोर्ट

- 'Global Labour Resilience Index 2023' के अनुसार, श्रम बाजार लचीलापन किस क्षेत्र में सबसे अधिक है? **- उत्तरी अमेरिका**
- XDI dh Gross Domestic Climate Risk रिपोर्ट के अनुसार, भारत में किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के सबसे अधिक जलवायु-संवेदनशील क्षेत्र (Climate - Vulnerable Region) होने की उम्मीद है? **- बिहार**
- यूएस की परामर्श फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के एक सर्वेक्षण के अनुसार किस नेता को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में दर्शाया गया है? **- भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी**

## अंतरराष्ट्रीय

- 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन 15 से 17 फरवरी, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **- फिजी**
- अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली किस महिला को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है? **- महबूबा सिराज**
- संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में यूक्रेन के किस ऐतिहासिक बन्दरगाह शहर शामिल किया गया है?- **ओडेसा**
- चीनी सरकार वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब कहाँ पर एक नई रेलवे लाइन बनाने की योजना बनाई है?- **- अक्साई चिन क्षेत्र (Aksai Chin Railway Line) में**
- किस अफ्रीकी देश में मारबर्ग वायरस (Marburg Virus) तेजी से फैल रहा है, जिसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने आपात बैठक भी बुलाई है? **- इक्वेटोरियल गिनी**
- पाकिस्तान उच्चायोग ने 12 से 22 फरवरी, 2023 के बीच श्री कटास राज मंदिर के दर्शन के लिए भारत के 114 हिंदू तीर्थयात्रियों के समूह को वीजा जारी किए हैं। श्री कटास राज मंदिर पाकिस्तान के किस जिले में अवस्थित है? **- पंजाब प्रांत के चकवाल जिला**
- नेब्रास्का की सैंड हिल्स (Sand Hills), जहां एक नए प्रकार के क्वैसी-क्रिस्टल (Quasi-crystal) की खोज की गई, किस देश में स्थित है? **- अमेरिका**

## विज्ञानं एवं प्रोद्योगिकी

- परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए उच्च तापमान सुपरकंडक्टिंग (एचटीएस) मैग्नेट की एक नई पीढ़ी किसने बनाई है? **- टोकामक एनर्जी**
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन 2023 के हिस्से के रूप में विभिन्न राज्यों के स्कूली छात्रों द्वारा बनाया गया भारत का पहला हाइब्रिड रॉकेट कहाँ से लॉन्च किया गया? **- तमिलनाडु के चेंगलपट्टू के पट्टीपुलम गांव**
- नासा किस देश का पहला अंतरिक्ष दूरबीन मिशन, पराबैंगनी क्षणिक खगोल विज्ञान उपग्रह (ULTRASAT) लॉन्च करेगा? **- इजरायल**
- भारतीय नौसेना द्वारा विकसित स्वदेशी डेटा लिंक संचार का नाम क्या है? **- वायुलिंक**
- CERC ने किस श्रेणी की बिजली के लिए स्पॉट मार्केट सेगमेंट शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है? **- महंगी शक्ति**
- इजरायली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) ने सशस्त्र बलों से संबंधित एक संयुक्त उद्यम बनाने के लिए किस भारतीय संगठन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? **- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)**
- देश के पहले ड्रोन-एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का क्या नाम है? **- Skye UTM**
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था (इसरो) ने अपने किस सबसे छोटे रॉकेट को अंतरिक्ष में लॉन्च किया है? **- एसएसएलवी-डी2**
- हाल ही में किस देश के वैज्ञानिकों ने बायो-हाइब्रिड रोबोट का विकास किया है? **- इजरायल**

- देश में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए, भारत सरकार ने एक मोबाइल एप्लिकेशन और एक निगरानी प्रणाली शुरू की है। इस मोबाइल ऐप का नाम क्या है? **- खनन प्रहरी**
- दुर्लभ भारतीय भाषाओं की ऑनलाइन उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये माइक्रोसॉफ्ट ने कौन-सा प्रोजेक्ट शुरू किया है? **- प्रोजेक्ट एलोरा (Enabling Low Resource Languages)**
- किस ग्रह के चारों ओर 12 नए चंद्रमाओं की खोज स्मिथसोनियन एस्ट्रोफिजिकल ऑब्जर्वेटरी द्वारा की गई है? **- बृहस्पति**
- चीन ने 23 फरवरी, 2023 को 333 मिलियन डालर की लागत से किस उपग्रह का प्रक्षेपण किया है? **- झोंगशिंग-26**
- भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने स्वदेश निर्मित किस जैमर-प्रूफ कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है? **-'वायुलिंक'**
- सूर्य का अवलोकन करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष मिशन का नाम क्या है? **- आदित्य-L1**

## पर्यावरण

- ग्लोबल क्लाइमेट रिजिलिएंस फंड के तहत सेवा (सेल्फ एंपलाइड वीमैन्स एसोसिएशन) के साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन से लड़ने वाली महिलाओं के लिए 50 मिलियन डॉलर की घोषणा किसने की? **- पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन**
- जैवविविधता प्रबंधन समिति ने सिक्योर हिमालय परियोजना के साथ मिलकर जैवविविधता अधिनियम के तहत लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल किसे घोषित किया है? **- 'याया त्सो' झील**
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने किस वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा प्रदान किया है? **- डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य**

## आर्थिकी

- कौन भारत का पहला बैंक है, जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डिजिटल रुपए को इंप्लीमेंट करने जा रहा है? **- कोटक महिंद्रा बैंक**
- भारत के पूंजीगत खरीद बजट का कितना प्रतिशत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित किया गया है? **- 75**
- भारत में हाइड्रोजन द्वारा संचालित होने वाला अपनी तरह का पहला ट्रक किस कम्पनी ने बेंगलुरु में 'इंडिया एनर्जी वीक' (India Energy Week) में पेश किया है? **- रिलायंस**
- किस राइडशेयरिंग प्लेटफॉर्म 25,000 इलेक्ट्रिक वाहनों को प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए भारत की अग्रणी कार निर्माता टाटा मोटर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? **- उबर**
- FAO के हालिया डेटाबेस के अनुसार, कौन सा देश दुनिया भर में दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है? **- भारत**
- खाद्य और कृषि संगठन कॉर्पोरेट सांख्यिकीय डेटाबेस (FAOSTAT) के उत्पादन आंकड़ों के अनुसार, विश्व का सबसे अधिक दुग्ध उत्पादक देश कौन है? **- भारत**
- विश्व बैंक की Global Economic Prospects Report के अनुसार, 2023-24 में भारत की अपेक्षित आर्थिक वृद्धि कितनी है? **- 6.6%**
- नए विमानों के लिए फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस और अमेरिकी कंपनी बोइंग के साथ किस कम्पनी ने समझौता किया है? **- टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया**
- 2023 के बजट में रेलवे के लिए कितना पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है? **- 2.40 लाख करोड़ रुपए**
- अगले 3 वर्षों में केंद्र 3.5 लाख आदिवासी छात्रों की सेवा करने वाले 740 स्कूलों के लिए कितने शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती करेगी? **- 38,800**
- घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए संपूर्ण पैकेज के रूप में विकसित किए जाने के लिए चैलेंज मोड के माध्यम से कितने पर्यटन स्थलों का चयन किया जाएगा? **- 50**
- पिछले नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से भी अधिक बढ़कर कितने रुपये हो गई है? **- 1.97 लाख रुपये**

## योजना एवं कार्यक्रम

- भारत द्वारा मोटे अनाजों की खपत एवं उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये किस पहल की घोषणा की गई है? **- मीरा (Millet International Initiative for Research and Awareness- MIIRA) पहल**
- 3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए, किस योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू किया जाएगा? **- अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना (Pan India National Apprenticeship Scheme)**
- शहरों में आर्द्रभूमि के इष्टतम उपयोग को बढ़ाने और उनकी जैव विविधता में सुधार के लिए भारत सरकार ने कौन सी योजना शुरू की है? **- अमृत धरोहर योजना**

## खेल

- किस इतालवी स्कीयर का 9 फरवरी, 2023 को निधन हो गया? **- एलेना फैनचिनी**
- फरवरी 2023 में हैदराबाद में आयोजित भारत में होने वाली पहली फॉर्मूला ई प्रिक्स किसने जीता है? **- जीन एरिक वर्गेन**
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पांचवें संस्करण में कौन-सा राज्य प्रथम स्थान पर रहा? **- महाराष्ट्र**
- तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले विश्व के सबसे युवा बल्लेबाज कौन बन गए हैं? **- शुभमन गिल**

# पत्र-पत्रिका सार संक्षेप

**योजना और कुरूक्षेत्र फरवरी-2023**

## योजना (फरवरी-2023)
## सार संक्षेप (प्वाइंटर रूप में)

- भारत विश्व में किस आयु वर्ग की सर्वाधिक आबादी वाले देशों में से एक है? **- युवा वर्ग**
- देश की जनसंख्या का कितना प्रतिशत 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के हैं? **- 27 प्रतिशत**
- नेहरू युवा केन्द्र संगठन ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा मामलों के मार्गदर्शन में किस कार्यक्रम के तहत 1 से 31 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया? **- स्वच्छ भारत 2.0**
- सरकार द्वारा किस नारे को स्वस्थ जीवन शैली के रूप में अपनाया गया है? **- फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज**
- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा कब विश्व साइकिल दिवस मनाया गया? **- 3 जून, 2022**
- विश्व साइकिल दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य क्या था? **- शारीरिक फिटनेस तथा मजबूती को बढ़ाना और पर्यावरण प्रदूषण कम करना**
- खेल मंत्रालय द्वारा देश भर में खेल बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु लगभग कितनी परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है? **- 294**
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में युवाओं हेतु कौन से उद्देश्य का निर्धारण किया गया है? **- समग्र विकास, आत्मनिर्भर बनना और कौशल विकास**
- फिटनेस को विद्यार्थियों की जीवन शैली से एकीकृत करने, उनकी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक अयोग्यता को बढ़ावा देने का उद्देश्य किस शिक्षा का उद्देश्य निर्धारित किया गया है? **- खेल एकीकृत शिक्षा**
- किस वर्ष तक भारत विजन के अनुसार उन्नत भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में युवाओं का सशक्तिकरण करना आवश्यक है? **- 2047**
- वर्तमान में भारत की माध्य आयु कितने वर्ग का है? **- 29 वर्ष**
- वर्तमान में देश में कामकाज करने वाले 15 से 64 आयुवर्ग के लोगों की संख्या कितने करोड़ अनुमानित है? **- 80 करोड़**
- भारतीय अर्थव्यवस्था का स्वर्णकाल कब से कब तक माना गया है? **- वर्ष 2020 से वर्ष 2050 तक**
- वर्तमान में भारत के कार्यबल में हर वर्ष कितने नए युवा बेरोजगार बढ़ रहे हैं? **- 1.2 करोड़ प्रतिवर्ष**
- वर्तमान में भारत विश्व का कौन-सा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम वाला देश बन चुका है? **- तीसरा**
- वर्तमान में विश्व के कितने यूनिकॉर्न पर भारत का एक यूनिकॉर्न होता है? **- हर दसवें पर**
- वर्ष 2022 में भारत ने कितने पेटेंट्स हेतु आवेदन किया है? **- 15,000**
- वैश्विक नवाचार इंडेक्स 2022 में भारत किस स्थान पर है? **- 40 वें**
- भारत विश्व की कौन-सी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है **- 5वीं**
- भारतीय अर्थव्यवस्था 2014 के 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2019 में कितने ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है? **- 3 ट्रिलियन डॉलर**
- किस वर्ष तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया गया है? **- 2030-31**
- भारत सरकार ने कौशल विकास और युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किन योजनाओं का आरंभ किया गया है? **- स्किल इंडिया मिशन, मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया, पीएम कौशल विकास योजना**
- भारत में कितने प्रतिशत लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं? **- 90%**
- रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग देश का कौन-सा सबसे बड़ा क्षेत्र है? **- दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है**
- वर्ष 2021-22 में सरकार ने पीएलआई योजना के तहत कितने लाख करोड़ का प्रावधान किया गया था? **- 1097 करोड़**

## समावेशी शिक्षा तक पहुंच

- नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्कूलों में किस प्रकार की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है? **- अक्षर ज्ञान और अंक ज्ञान में दक्षता अर्जित करने पर**
- नई शिक्षा नीति 2020 में मुख्य रूप से बल दिया गया है **- नीति में बाल्यावस्था में विशेष देखरेख, मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करना, आंकलन और परीक्षा व्यवस्था में सुधार लाना, शिक्षकों को प्रशिक्षण देना और व्यवस्था का व्यापक विस्तार करना।**
- वर्ष 2022 तक देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या कितनी हो गई है? **- 600 से ज्यादा**

- देश में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम (NMC) कब लागू हुआ? **– 8 अगस्त, 2019**
- नई शिक्षा नीति 2020 का मुख्य लक्ष्य क्या है? **– कोई भी छूट न जाए या कोई भी पिछड़ा न रह जाए**
- अनुसूचित जनजातियों के प्रतिभाशाली बच्चों को उत्तम गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौन-सा स्कूल खोला गया है? **– एकलव्य मॉडल रेजीडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस)**

## जीवन सुगमता

- 2014 में आरंभ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कितने शौचालय का निर्माण अभी तक किया गया है? **– 11 करोड़**
- दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना लागू कर कितने प्रतिशत लोगों को बिजली उपलब्ध कराया जा चुका है? **– 99%**
- स्वच्छ भारत मिशन 1.0 के अंतर्गत कितने लाख से ज्यादा गांवों को खुले में शौच से मुक्त (ODF प्लस) घोषित किया जा चुका है? **– 1.34 लाख**
- भारत सरकार द्वारा युवाओं में खुद को फिट और चुस्त-दुरुस्त रखने की सोच जगाने के उद्देश्य से अगस्त 2019 में कौन-सा अभियान आरंभ किया गया था? **– फिट इंडिया मूवमेंट (स्वस्थ भारत अभियान)**
- खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्तरों पर प्रतिभावान युवाओं का चयन कर 8 वर्ष के लिए कितने लाख रुपए की वार्षिक सहायता प्रदान की जाती है? **– 5 लाख रुपए**
- नेहरू युवा केन्द्र संगठन कब से देशभर में पोषण माह कार्यक्रम को लागू कर रहा है? **– 2018 से**
- फिट इंडिया का आरंभ कब से किया गया था? **– 29 अगस्त, 2019**
- चौथा फिट इंडिया स्कूल कब से कब तक मनाया गया है? **– 15 नवंबर, 2022 से 31 जनवरी, 2023**
- फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का आरंभ कब किया गया था? **– 2 अक्टूबर, 2022 को**
- स्कूलों के लिए फुटबॉल कार्यक्रम को लागू करने के लिए किनके बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है? **– अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, शिक्षा मंत्रालय और फीफा के मध्य**
- भारत में युवाओं की जनसंख्या कुल जनसंख्या के कितने प्रतिशत के आसपास है? **– 50%**
- सामान्य तौर पर किस आयु वर्ग वाले युवा माने जाते हैं? **– 15 से 44 वर्ष**
- स्वस्थ जीवन शैली के पांच सूत्र क्या हैं? **– खूब पानी पीना, पर्याप्त नींद, ध्यान लगाना, व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन**
- युवाओं को अधिक स्वस्थ बनाने हेतु कौन-सी सरकारी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है? **– राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक, पीयर (समवयस्क) शिक्षा कार्यक्रम, फिट इंडिया, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता पर ध्यान योजना।**
- विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार सप्ताह में कम से कम कितने मिनट मध्यम एरोबिक व्यायाम करना चाहिए?**– 150 मिनट**
- सबसे कम शारीरिक व्यायाम करने वाले देशों की सूची में भारत का नाम कौन-से स्थान पर है? **– नीचे से 8वें स्थान पर**
- नियमित रूप से कितने घंटे की नींद लेने पर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है? **– कम से कम 6 से 8 घंटे**
- युवा मामले और खेल मंत्रालय ने अप्रैल 2022 में किस खेल नीति का मसौदा जारी किया है? **– राष्ट्रीय युवा नीति**
- राष्ट्रीय युवा नीति मसौदे में कितने सालों का दृष्टिकोण जारी किया गया है? **– 10 वर्षों का**
- सरकार द्वारा दूर-दराज के विद्यार्थियों को हर वक्त गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक कार्यक्रम तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु कौन-सी पहल आरंभ की गई है? **– 'स्वयंप्रभा'**
- डिजिटल, ऑनलाइन और ऑनएयर शिक्षण को लागू करने हेतु कौन-से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं? **– 'पीएम ईविधा'**
- प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय शिक्षा गठबंधन (एनईएटी) किस मंत्रालय द्वारा गठित किया गया है? **– शिक्षा मंत्रालय**
- भारत में डिजिटल विभाजन मिटाने के लिए नौवीं से स्नातकोत्तर कक्षा तक ऑनलाइन शिक्षा हेतु की गई पहल का नाम क्या है? **– 'स्वयं पोर्टल'**
- युवाओं के लिए कॅरियर विकल्प उपलब्ध कराने के लिए कौन-सा प्लेटफार्म आरंभ किया गया है? **– कर्मयोगी भारत प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म, कर्मयोगी प्रारंभ**
- सभी सरकारी कर्मचारियों के क्षमता विकास हेतु कौन-सा पहल आरंभ किया गया है? **– 'कर्मयोगी भारत'**
- अगले 5 वर्षों में भारत में कितने FDL के आकर्षित होने की संभावना है? **– 475 अरब डॉलर**
- भारत में कितने अटल टिकरिंग लैब का संचालन किया जा रहा है? **– 722 जिलों में 10 हजार**
- स्वदेशी संचार नेटवर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से कब 5 देश में 5जी सेवाओं का आरंभ किया गया है? **– अक्टूबर 2022**
- भारत सरकार के क्षमता विकास आयोग (कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन) की स्थापना कब की गई थी? **– 1 अप्रैल, 2021**
- क्षमता विकास आयोग का उद्देश्य क्या है? **– प्रशासनिक कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाना तथा मानव संसाधन प्रबंधन पद्धतियों में सुधार करना।**


- नवीकरणीय ऊर्जा में भारत का स्थान क्या है? - **1. उत्पादन में तीसरा स्थान, 2. स्थापित पवन ऊर्जा में चौथा स्थान, 3. स्थापित सौर ऊर्जा में पांचवां स्थान, 4. नवीकरणीय ऊर्जा कंट्री एटेक्टिव इंडेक्स में तीसरा स्थान।**
- लोगों को कम उपभोग के साथ प्रतिदिन संयुक्त प्रयास से संधारणीय भविष्य की ओर प्रोत्साहित करने हेतु किस योजना का आरंभ किया गया है? **- मिशन लाइफ**
- मिशन लाइफ की अवधारणा कब प्रस्तुत की गई है? **- सीओपी 26 में**
- मिशन लाइफ अवधारणा को किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया है? **- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
- प्रो प्लेनेट पीपल (P3) नामक ग्लोबल नेटवर्क का गठन किस अवधारणा के तहत किया गया है? **- मिशन लाइफ**
- मिशन लाइफ के अंतर्गत किन विचारों को समाहित किया गया है? **- बेतरतीब और व्यर्थ उपभोग के बजाय सचेत और सतर्क इस्तेमाल**
- 1980 और 2000 के बीच पैदा हुए लोगों को किस नाम से जाना जाता है? **- मिलेनियल्स**
- तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया में पले-बढ़े लोगों को क्या माना गया है? **- डिजिटल नेटिव**
- 500 अमेरिकी यूनिकॉर्न के संस्थापकों में से कितने भारत में जन्मे हैं? **- 90**
- क्रेप्टो की स्थापना करने वाले सबसे कम उम्र के स्टार्टअप संस्थापक का नाम क्या है? **- 'कैवल्य वोहरा'**
- स्वतंत्र रूप से ठेके पर काम करने वाले ऑनलाइन प्लेटफार्म पर कार्य करने वाले अस्थायी कर्मचारी, ठेकाफर्म कर्मचारी क्या कहलाते हैं? **- गिग कर्मचारी**
- 2020-21 में गिग अर्थव्यवस्था में अनुमानित कितने लाख लोग कार्यरत हैं? **- 77 लाख**
- 2029-30 तक गिग कार्यबल की संख्या कितनी हो जाएगी? **- 2.35 करोड़**
- प्रधानमंत्री द्वारा 2020 के दशक को किस रूप में पहचान दी गई है? **- प्रौद्योगिकी दशक (द डेकेड)**

## भारत के युवा सितारे

- सुंदर पिचाई **- पद्मभूषण 2022 से सम्मानित**
- सत्या मडेला **- पद्मभूषण 2022**
- नवीन तिवारी **- ग्लांस की स्थापना (उपभोक्ता इंटरनेट कंपनी)**
- निखिल कॉमन और नितिन कॉमन **- फुल सर्विस डिस्काउंट ब्रोकरेज व्यवसाय**
- रवि रामू पटेल **- 14 भाषाओं में अनुवाद करने वाले रोबोट का निर्माण**
- स्नेहदीप कुमार **- अमेरिका द्वारा केटंकी कर्नल से सम्मानित**
- निखिथा सी **- सोसायटी फॉर स्पेस एजुकेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट और स्टार्टअप जेनेक्साचेस की स्थापना।**

## करूक्षेत्र फरवरी 2023 आंकड़े और तथ्य संग्रह

- **बिजली का स्रोतवार उत्पादन**
  1. जीवाश्म ईंधन 57.7%
  2. सौर ऊर्जा 15.1%
  3. हाइड्रो ऊर्जा 11.5%
  4. पवन ऊर्जा 10.2%
  5. परमाणु ऊर्जा 1.7%
  6. अन्य नवीकरणीय स्रोत 3.8%




**स्रोत:** ऊर्जा सांख्यिकी 2022

- अनुमानित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता (बड़े हाइड्रो के अलावा) **- 1.5 मिलियन मेगावाट, 50% सौर ऊर्जा, 46.7% पवन ऊर्जा**

### पवन ऊर्जा

- पवन ऊर्जा उत्पादन करने वाले प्रमुख राज्य **- 1. गुजरात, 2. महाराष्ट्र, 3. राजस्थान, 4. तमिलनाडु, 5. मध्य प्रदेश, 6. कर्नाटक, 7. आंध्र प्रदेश**
- सात राज्यों की पवन ऊर्जा क्षमता कितनी है? **- 293 गीगावॉट**
- गुजरात और तमिलनाडु के तटों से क्रमशः कितने गीगावॉट अपतटीय पवन ऊर्जा के संभावित क्षेत्रों की पहचान की गई है? **- 36 गीगावॉट, 35 गीगावॉट**

### पनबिजली ऊर्जा

- आर्थिक रूप से दोहन योग्य पनबिजली क्षमता कितनी है? **- 1,48,700 मेगावॉट**
- छोटी, लघु और सूक्ष्म जलविद्युत परियोजनाओं को शामिल कर कुल जलविद्युत क्षमता **- 2,50,000 मेगावॉट**

### सौर ऊर्जा

- देश में अनुमानित सौर ऊर्जा क्षमता कितनी है? **- 748.99 गीगावॉट है**
- 30 नवंबर, 2022 तक कितनी सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता है? **- 61,966 मेगावॉट**

### बायोमास

- देश में बायोमास की कुल क्षमता कितनी है? **- 42,310 मेगावॉट**
- देश में बायो ऊर्जा का लक्ष्य कितना निर्धारित है? **- 10,000 मेगावॉट**
- 30 नवंबर, 2022 तक बायोमास की स्थापित क्षमता कितनी है? **- 10,726 मेगावॉट**

### पवन ऊर्जा

- देश में अनुमानित कुल पवन ऊर्जा क्षमता कितनी है? **– 9,97,000 मेगावॉट**
- देश में पवन ऊर्जा की स्थापना का लक्ष्य कितना रखा गया है? **– 60,000 मेगावॉट**
- 30 नवंबर, 2022 को कुल पवन ऊर्जा की संचयी स्थापित क्षमता कितनी है? **– 41,895 मेगावॉट**

### लघु जलविद्युत कार्यक्रम

- देश में लघु जल विद्युत क्षमता कितने मेगावॉट है? **– 21,130 मेगावॉट**
- देश में लघु जलविद्युत ऊर्जा की स्थापना का लक्ष्य कितना है? **– 5,000 मेगावॉट**
- 30 नवंबर, 2022 को कुल कितनी मेगावॉट लघु जल विद्युत ऊर्जा की स्थापना हो चुकी है? **– 4,924 मेगावॉट**
- **राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन के तहत निर्धारित लक्ष्य**
  1. वर्ष 2030 तक लगभग 125 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का विकास।
  2. 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का विकास।
  3. ईंधन आयात में 1 लाख करोड़ की शुद्ध कमी।
  4. 6 लाख नौकरियों के सृजन का लक्ष्य।
- **पंचामृत के लक्ष्य**
  1. 2030 तक गैर खनिज ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावॉट तक पहुंचाना।
  2. 2030 तक ऊर्जा जरूरतों का 50% नवीकरणीय स्रोत से प्राप्ति।
  3. 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कटौती।
  4. 2030 तक कार्बन तीव्रता घटाकर 45% करना।
  5. 2070 तक शुद्ध उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करना।

### महासागरीय और भूतापीय ऊर्जा

- महासागर ऊर्जा में तरंग, ज्वारीय, महासागर तापीय ऊर्जा में शामिल है।
- ज्वारीय और तरंग ऊर्जा के लिए अनुमानित सैद्धांतिक ऊर्जा क्षमता क्रमशः है **– 12,455, 41,300 मेगावॉट**
- जीएसआई के अनुसार भूतापीय ऊर्जा से बिजली की दोहन क्षमता है **– 10 गीगावॉट**

### राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशनः प्रमुख आंकड़े

- **लक्ष्यः** 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन निर्माण करना
- **वृद्धिः** ग्रीन हाइड्रोजन से अक्षय ऊर्जा में 125 मेगावॉट की वृद्धि होगी।
- **मांगः** 2050 तक कुल ऊर्जा का 12% करना।

### एथेनॉल उत्पादन

- अप्रैल 2021 – मार्च 2022 तक भारत द्वारा तेल आयात पर किया गया खर्च **– 119.2 अरब डॉलर**

### पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण

- 2013-14 **– 1.53%**
- 2022 **– 10.17%**
- 2025-26 **– 20%**
- तेल विपणन कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले पेट्रोल का मिश्रण कितने प्रतिशत होता है **– 10%**

### सोलर फोटोवोल्टिक

- वर्ष 2015 तक स्थापित क्षमता **– 222 मेगावॉट**
- वर्ष 2025 तक स्थापित क्षमता **– 4,500 मेगावॉट**
- वैश्विक स्तर पर स्थापित क्षमता **– 1. चीन 1,731 मेगावॉट, 2. भारत 600 मेगावॉट, 3. अमेरिका 600 मेगावॉट, 4. जापान 350 मेगावॉट, 5. जर्मनी 110 मेगावॉट।**
- फोटोवोल्टिक (पीबी) कचरे का उत्पादन **– 2050 तक 5 से 6 मीट्रिक टन**
- भारत में पी.वी. कचरा **– 2050 तक 4.5 मीट्रिक टन**
- वैश्विक स्तर पर पी.बी. कचरा **– 60 से 70 मीट्रिक टन**

### रूफटॉप सौर कार्यक्रम

- इस कार्यक्रम को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा रूफटॉप सौर कार्यक्रम का चरण-II लागू कर रहा है।
- इसके कार्यान्वयन हेतु प्रधानमंत्री द्वारा 30 जुलाई, 2022 को एक राष्ट्रीय पोर्टल का आरंभ किया गया है।

### नवीकरणीय ऊर्जा संवर्द्धन हेतु भारत के प्रयास

- नवीकरणीय ऊर्जा के संवर्द्धन हेतु गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत विभाग को वर्ष 1982 में ऊर्जा मंत्रालय में गठित किया गया था।
- गैर-पारम्परिक ऊर्जा मंत्रालय का 2006 में नाम परिवर्तित कर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय किया गया।
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को पांच संस्थानों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है, जो निम्न है-
  1. राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस)
  2. राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (नीबे)
  3. सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान (नीबे)
  4. भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा)
  5. सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी)

### नवीकरणीय ऊर्जा और सतत् विकास लक्ष्य

- 'एजेंडा 2030' अत्यधिक गरीबी को समाप्त करने, असमानता और अन्याय से संघर्ष करने तथा ग्रह की रक्षा करने के लिए मार्ग निर्धारण का आह्वान करता है।
- सतत् विकास लक्ष्य 7 (7.2) वर्ष 2030 तक वैश्विक ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में पर्याप्त वृद्धि की मांग करता है।

- इसका उद्देश्य सभी के लिए सस्ती, विश्वसनीय, टिकाऊ और आधुनिक ऊर्जा तक पहुंच को सुनिश्चित करना।

### हरित ऊर्जा और रोजगार

- ग्लोबल ग्रीन स्किल रिपोर्ट 2022 के अनुसार कार्यबल में ग्रीन टैलेंट की हिस्सेदारी 2015 से 2022 तक 38% बढ़ी है।
- अमेरिका में हरित रोजगार में 237% की, जबकि तेल एवं गैस क्षेत्र में मात्र 19% की वृद्धि दर्ज की है।
- द वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2020 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की हरित अर्थव्यवस्था 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंचेगी।
- द वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार भारत 2070 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य हासिल करने के दौरान 5 करोड़ नए रोजगार का सृजन करेगा।
- भारत 2030 तक 30 लाख रोजगार का सृजन करेगा।
- 2021 में देश में एक लाख 11 हजार 400 लोगों को सौर एवं पवन ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है।

### हरित रोजगार

- सामान्यत: अर्थव्यवस्था से जुड़ी हर वह पहल जो विकास की गति को पर्यावरण अनुकूल और समावेशी तथा टिकाऊ बनाती है, उसे हरित रोजगार कहा जाता है।
- वर्तमान में नवीकरणीय ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण रिसाइक्लिंग एण्ड वेस्ट मैनेजमेंट, परिवहन, तकनीक तथा बिजनेस एवं प्रशासन जैसे छ: क्षेत्रों में हरित रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं।

### पहली हरित हाइड्रोजन मिश्रण परियोजना

- सूरत के आदित्यनगर में कवास टाउनशिप के घरों में $H_2$ एनर्जी आपूर्ति का आरंभ किया गया है।
- यह परियोजना भारत को वैश्विक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के केंद्र में लाएगी।

### भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस

- 21 अगस्त, 2021 को पूणे में के.पी.आई.टी. सी.एस.आई.आर. द्वारा भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को लांच किया गया है।
- ईंधन सेल बस को शक्ति देने के लिए हाइड्रोजन और वायु का इस्तेमाल बिजली उत्पन्न करने हेतु करता है।
- इससे डीजल से चलने वाले भारी वाणिज्यिक वाहनों से लगभग 12 से 14 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन और कण उत्सर्जन करता है।

### ग्रीन हाइड्रोजन मिशन

- **लक्ष्य:** वर्ष 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का निर्माण करना है।
- वर्ष 2050 तक ग्रीन हाइड्रोजन की मांग बढ़ाकर कुल ऊर्जा का 12% करना।
- **लाभ:** हरित ऊर्जा से देश की अक्षय ऊर्जा क्षमता में 125 मेगावॉट की वृद्धि होगी।
- 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य की प्राप्ति आसान होगी।
- इस मिशन के लिए स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन्स फॉर ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन प्रोग्राम (SIGHT) तैयार किया जा सकेगा।

### हाइड्रोजन के प्रकार

- **ग्रीन हाइड्रोजन:** अक्षय ऊर्जा के उपयोग से जल के इलेक्ट्रोलिसिस से इसका निर्माण होता है। इसमें कार्बन फुटप्रिंट कम होता है।
- **ब्राउन हाइड्रोजन:** इसका उत्पादन कोयले के प्रयोग से होता है।
- **ग्रे हाइड्रोजन:** इसका उत्पादन प्राकृतिक गैस से होता है।
- **ब्लू हाइड्रोजन:** प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होता है, जहां कार्बन कैप्चर और स्टोरेज का उपयोग करके उत्सर्जन को कैप्चर किया जाता है।


### बायो ऊर्जा कार्यक्रम

- देश में बायोमास और बायोगैस की कुल क्षमता कितनी है? **– 42,310 मेगावॉट**
- बायो ऊर्जा के लिए कितने मेगावॉट का लक्ष्य निर्धारित है **– 10,000 मेगावॉट**
- 30 नवंबर, 2022 तक बायो ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता कितने मेगावॉट की है? **– 10,726 मेगावॉट**

### अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन

- यह सौर ऊर्जा आधारित 110 देशों का एक सहयोग संगठन है। इसका मुख्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) में है।
- **विजन:** आइए हमसब मिलकर सूर्य को उज्जवल बनाएं।
- **मिशन:** हर घर चाहे कितना भी दूर हों, घर में उजाला जरूर होगा।

**सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता (GW) में**




**स्रोत:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

### अन्य

- COP-21 में भारत द्वारा 2030 तक अपनी स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 40% गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करने की प्रतिबद्धता जताई थी। भारत द्वारा इस लक्ष्य को नवंबर 2022 में प्राप्त कर लिया गया। ■■

# चर्चित शब्द मंजूषा

### पर्स सीन फिशिंग

यह मछली पकड़ने का एक तरीका है, जिसमें मछली के आलावा लुप्त प्राय कछुओं जैसी प्रजातियों को भी आकर्षित करने के उद्देश्य से जाल का उपयोग किया जाता है।

- एक पर्स सीन, फ्लोटिंग और लीडलाइन के साथ जाल की एक लंबी दीवार से बना होता है और इसमें गियर के निचले किनारे से पर्स के छल्ले लटके होते हैं, जिसके माध्यम से स्टील के तार या रस्सी से बनी एक पर्स लाइन चलती है, जिसमें मछलियाँ फँसती है।
- इस तकनीक का उपयोग भारत के पश्चिमी तटों पर व्यापक रूप से किया जाता है।
- वर्तमान में तमिलनाडु, केरल, पुदुचेरी, ओडिशा, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव तथा अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के प्रादेशिक जल में 12 समुद्री मील तक पर्स सीन फिशिंग पर प्रतिबंध लागू है;
- जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश, गोवा, कर्नाटक तथा पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों ने ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है।

### विलंबित क्षतिपूर्ति (Deferred Compensation)

यह एक प्रकार की प्रोत्साहन योजना है, जिसका उपयोग नियोक्ता प्रमुख कर्मचारियों को बनाये रखने के लिये करते हैं। इसे संघीय नियमों के तहत योग्य या गैर-योग्य के रूप में संरचित किया जा सकता है।

- गैर-योग्य विलंबित क्षतिपूर्ति का जोखिम यह है कि यदि कंपनी दिवालिया हो जाती है तो कर्मचारी को आर्थिक हानि हो सकती है।

### रिवर्स फ्लिपिंग (Reverse Flipping)

यह एक भारतीय कंपनी को एक विदेशी इकाई की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी में बदल देता है अर्थात एक विदेशी कंपनी के संपूर्ण स्वामित्व को किसी अन्य देश की कंपनी को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को रिवर्स फ्लिपिंग कहते हैं; जिसके संस्थापक और निवेशक विदेशी इकाई के माध्यम से समान स्वामित्व बनाए रखते हैं, सभी शेयरों की अदला-बदली करते हैं।

- इसमें विदेशी कंपनी के सभी बौद्धिक संपदा अधिकारों एवं उसके स्वामित्व वाले सभी डाटा का हस्तांतरण शामिल होता है।

### मानव माइक्रोबायोम (Human Microbiome)

इसे कभी-कभी 'फॉरगॉटन ऑर्गन' कहा जाता है, वृद्धि, विकास, शरीर विज्ञान, प्रतिरक्षा, पोषण और बीमारी सहित मेजबान प्रक्रियाओं की शृंखला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

- गट माइक्रोबायोम का मानव शरीर में प्रतिरक्षा मॉड्यूलेशन और चयापचय गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है।

### फर्स्ट लॉस डिफॉल्ट गारंटी सिस्टम

यह फिनटेक तथा विनियमित संस्था के मध्य एक क्रेडिट-जोखिम साझाकरण समझौता है, जिसमें एक तीसरा पक्ष विनियमित संस्थाओं (RE) के ऋण पोर्टफोलियो में जोखिम के एक निश्चित प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति की गारंटी देता है।

- इसके तहत फिनटेक ऋण की शुरुआत करती हैं तथा ग्राहकों द्वारा चुकाने में विफल रहने की स्थिति में भागीदारों को पूर्व-निर्धारित प्रतिशत तक मुआवजा देने का वादा करती हैं। बैंक तथा एन.बी.एफ.सी. भागीदार फिनटेक के माध्यम से उधार देते हैं।

### स्पंज शहर (Sponge City)

स्पंज सिटी बाढ़ प्रबंधन और पारिस्थितिक बुनियादी ढांचे और जल निकासी प्रणालियों को मजबूत करने के लिए एक नया शहरी निर्माण मॉडल है।

- यह शहरी क्षेत्रों, जैसे- वृक्षों, झीलों एवं पार्कों या वर्षा जल को अवशोषित करने तथा बाढ़ को रोकने के उद्देश्य से अन्य प्राकृतिक क्षेत्रों का वर्णन करने के लिये किया जाता है।
- इस अवधारणा को 2000 में चीनी शोधकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित किया गया था। स्पंज सिटी अवधारणा शहरी क्षेत्रों को अधिक पारगम्य (Permeable) बनाने का प्रयास करती है।

### इम्यून इंप्रिंटिंग (Immune Imprinting)

यह किसी व्यक्ति में वायरस के शुरुआती संक्रमण से लड़ने की प्रवृत्ति है और जब वह दोबारा उसी वायरस से संक्रमित होता है तो उसकी प्रतिरक्षा रिस्पॉन्स पूर्वाग्रह परिणाम देती है। 1947 में जोनास साल्क और थॉमस फ्रांसिस ने इन्फ्लुएंजा संक्रमित लोगों में इम्प्रिंटिंग (Imprinting) पहली बार देखी थी।

### क्वाओआर

क्वाओआर नेपच्यून की कक्षा से परे बाह्य सौरमंडल में पाया जाने वाला एक बौना ग्रह है। इसे ट्रांस-नेप्च्यूनियन ऑब्जेक्ट्स के रूप में भी जाना जाता है।

- इसकी सतह चट्टान के साथ मिश्रित कम घनत्व वाले बर्फ से निर्मित है। सूर्य की एक परिक्रमा करने में इसे लगभग 288 वर्ष लगते हैं।
- यह पृथ्वी के व्यास का लगभग एक-बारहवाँ, चंद्रमा के व्यास का एक-तिहाई और प्लूटो के आकार का आधा है।

## चर्चित शब्द मंजूषा

### मार्केटिंग मिक्स (Marketing Mix)

किसी उत्पाद या सेवा के सफलतापूर्वक विपणन के लिये मार्केटिंग मिक्स को प्रमुख विचार माना जाता है। यह अवधारणा 1950 के दशक के आसपास विपणन उद्योग के विकास के साथ सामने आई।

- इसे 4पी (उत्पाद, मूल्य, स्थान और प्रचार) के रूप में जाना जाता है। इसके तहत किसी उत्पाद का विपणन करते समय उपभोक्ता की पसंद, आवश्यकता, उत्पाद का प्रतिस्पर्द्धा में अव्वल होना तथा निर्माता कंपनी का ग्राहकों पर प्रभाव जैसे कई कारकों को शामिल किया जाता है।

### एकाकी तरंगे (Solitary Waves)

एकाकी तरंगें विशिष्ट विद्युत क्षेत्र में एकध्रुवीय अथवा द्विध्रुवीय उतार-चढ़ाव (मोनोपोलर ऑर बाईपोलर फलेक्टुलेंस) हैं, जो निरंतर आयाम-चरण संबंधों का पालन करती है।

- तरंग-कण अंत:क्रियाओं के माध्यम से ये तरंगे सीधे कण ऊर्जा, प्लाज्मा हानि एवं परिवहन आदि को नियंत्रित करते हैं।
- भारतीय भू-चुंबकत्व संस्थान (IIG) के वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र में एकाकी तरंगों की उपस्थिति की सूचना दी है।
- वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह के चुम्बकीय क्षेत्र (मैग्नेटोस्फीयर) में एकाकी तरंगों अथवा विशिष्ट विद्युत क्षेत्र के उतार-चढ़ाव की उपस्थिति के पहले साक्ष्य की सूचना दी है।

### गौर मारिया (Gaur Maria)

गौर माड़िया नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले में गौर माड़िया जनजाति द्वारा किया जाता है।

- इसमें भैसों की सींग धारण करके भैसों की गतिविधियों का अनुसरण किया जाता है। इसे पुरुष एवं महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

### क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप (Credit Default Swap)

एक क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप (सीडीएस) एक वित्तीय डेरिवेटिव है, जो एक निवेशक को दूसरे निवेशक के साथ अपने क्रेडिट जोखिम को स्वैप या ऑफसेट करने की अनुमति देता है।

- डिफॉल्ट के जोखिम को स्वैप करने के लिए, ऋणदाता किसी अन्य निवेशक से सीडीएस खरीदता है, जो उधारकर्ता चूक होने पर उन्हें प्रतिपूर्ति करने के लिए सहमत होता है।
- सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष को भी क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप की अनुमति दी है।

### पोरम्बोक भूमि (Poramboke Land)

यह दक्षिण भारत में गाँव में स्थित सार्वजनिक उपयोग की भूमि होती है, जिसका उपयोग राज्य में स्थानीय कानूनों के माध्यम से किया जाता है, परन्तु राज्यों ने इनका प्रबंधन ग्राम पंचायतों को सौंप दिया है।

- देश के विभिन्न राज्यों में इन्हें अलग-अलग नामों, जैसे-शामलाट देह, मंडवेली, ग्रामसभा भूमि आदि के नाम से जाना जाता है।

### शॉर्ट सेलिंग (Short Selling)

इस सेलिंग में कोई दलाल जब इतनी शेयर की बिक्री कर देता है, जितनी उसके पास नहीं होती है।

- शॉर्ट सेलिंग एक निवेश रणनीति है, जो स्टॉक या अन्य शेयरों की कीमत में गिरावट का अनुमान लगाती है।
- इसमें एक निवेशक शेयर उधार लेकर इसे खुले बाजार में बेचता है और बाद में इसे कम पैसे में वापस खरीदने की योजना बनाता है। शॉर्ट सेलिंग में उच्च जोखिम-लाभांश अनुपात होता है।

### स्पिन ऑफ (Spin Off)

एक स्पिन ऑफ मूल रूप से एक नई व्यापार इकाई बनाने के लिए एक कंपनी द्वारा उपयोग की जाने वाली रणनीति है।

- इस रणनीति के साथ, कंपनी अनिवार्य रूप से एक नई सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए अपने संचालन के एक हिस्से को अलग करती है और फिर इस नई इकाई के शेयरों को अपने मौजूदा शेयर धारकों को वितरित करती है।
- जब कोई कंपनी अपने मौजूदा व्यवसाय के नए शेयरों को बेचकर या वितरित करके एक नई स्वतंत्र कंपनी बनाती है, तो इसे स्पिन ऑफ कहा जाता है। स्पिन ऑफ एक प्रकार का विनिवेश है। स्पिन ऑफ को स्पिन आउट या स्टारबर्स्ट के रूप में भी जाना जाता है।

### ओट्टनथुलाल (Ottanthullal)

यह केरल का नृत्य और काव्य संयोजन वाला लोकप्रिय लोकनाट्य है, जिसे 18वीं शताब्दी में कुचन नंबियार (तीन प्रसिद्ध मलयालम भाषा के कवियों में से एक) द्वारा आरंभ किया गया था।

- यह अपने हास्य व सामाजिक व्यंग्य के लिये प्रसिद्ध है। कथकली एवं कुडियाट्टम जैसे अधिक जटिल नृत्य-रूपों के विपरीत यह कला अपनी सादगी के लिये प्रसिद्ध है।

### हाउस लिस्टिंग (House Listing)

- इसके तहत किसी दिये गए क्षेत्र में सभी संपत्तियों का डाटा एकत्र करने एवं उसे बनाए रखने की प्रक्रिया है। इसमें संपत्ति का मूल विवरण, जैसे- संपत्ति के स्वामी, घरों या कमरों की संख्या, संपत्ति का प्रकार व उसकी आयु आदि को शामिल किया जाता है।
- इस लिस्टिंग का उदेश्य जनगणना से सम्बन्धित है, जिसके तहत किसी दिये गए क्षेत्र में सभी संपत्तियों का डाटा एकत्र करने एवं उसे बनाए रखने की प्रक्रिया है।
- इसमें संपत्ति का मूल विवरण, जैसे- संपत्ति के स्वामी, घरों या कमरों की संख्या, संपत्ति का प्रकार व उसकी आयु आदि को शामिल किया जाता है।

### वायुमंडलीय नदी (Atmospheric River)

वायुमंडलीय नदियाँ जल वाष्प के अधिकांश क्षैतिज परिवहन के लिए जिम्मेदार हैं, जो उष्ण कटिबंध से बहते हुए आमतौर पर विचलन वाले वायु प्रवाह के बड़े क्षेत्रों के बीच होती हैं।

- वे आम तौर पर कई किलोमीटर लंबे और सैकड़ों किलोमीटर चौड़े होते हैं, इसलिए उनमें से प्रत्येक, अमेजॅन नदी की तुलना में बहुत अधिक पानी ले जा सकता है।
- यह वायुमंडल में एक लंबा एवं संकरा क्षेत्र होता है, जो आकाश में नदियों के समान प्रतीत होता है।
- यह मौसम के अनुसार जल वाष्प को कटिबंधों के बाहर अपवहन करती हैं। ये वायुमंडलीय नदियाँ महाद्वीप के आंतरिक क्षेत्रों में पर्वतों पर पहुँचकर भारी वर्षा करती हैं।

### फूका ( डूमदेव ) (Phooka/Doom Dev)

पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के अनुसार "फूका" या "डूमदेव" के अंतर्गत दुधारु पशु की योनि में वायु या अन्य पदार्थ (उसकी पूंछ) को इस उद्देश्य से प्रविष्ट करने की प्रक्रिया है, जिससे कि उस पशु से दूध का कोई स्राव निकाला जा सके।

- वस्तुतः यह दुधारु पशुओं में दुग्ध स्राव को बढ़ाने के लिये दिये जाने वाले किसी पदार्थ या हवा के प्रवेश (Inject) की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। पशु क्रूरता (निवारण) अधिनियम के तहत इसे अपराध घोषित किया गया है।

### लिथली आर्क तकनीक (Lithely Arch Technology)

यह तकनीक आर्क ब्रिज के निर्माण की नवीन, आधुनिक, किफायती तथा सबसे तेज विधि है। इसका उपयोग पुराने मेहराबदार पुलों का पुनर्निर्माण करने तथा उन्हें चौड़ा व मजबूत करने के लिये किया जाता है।

### डीप टेक

इसे हार्ड टेक भी कहा जाता है। यह पर्याप्त वैज्ञानिक या इंजीनियरिंग चुनौतियों के आधार पर प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने के व्यक्त उद्देश्य के साथ संगठन या स्टार्टअप कंपनी का एक वर्गीकरण है।

- यह टेक्नोलॉजी स्टार्टअप व्यवसायों के एक वर्ग को संदर्भित करता है, जो मूर्त इंजीनियरिंग नवाचार या वैज्ञानिक खोजों और अग्रिमों के आधार पर नवाचार को बढ़ावा देता है।

### कोल्ड डे (Cold Day)

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम होता है और अधकितम तापमान में सामान्य के मुकाबले 4.5 डिग्री की कमी आ जाती है, तो इसे कोल्ड-डे कहते हैं।

- वहीं जब न्यूनतम तापमान में 10 डिग्री से कम रहता है, लेकिन अधिकतम तापमान में सामान्य के मुकाबले 6.4 डिग्री की कमी आ जाती है तो इसे सीवियर कोल्ड डे कहते हैं।

### ग्रीन स्टील (Green Steel)

ग्रीन स्टील को जीवाश्म ईंधन के उपयोग के बिना बनाया जाता है। इसका उत्पादन पारंपरिक कोयला आधारित संयंत्रों के बजाय हाइड्रोजन, बिजली जैसे कम कार्बन ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके किया जाता है।

- यह कोयले से चलने वाले संयंत्रों के पारंपरिक कार्बन-गहन निर्माण के स्थान पर निम्न कार्बन ऊर्जा स्रोतों, जैसे- हाइड्रोजन, कोयला गैसीकरण या बिजली का उपयोग करके स्टील के उत्पादन से संबंधित है। पुणे स्थित स्टील कंपनी कल्याणी ग्रुप ने पहले ग्रीन स्टील का निर्माण किया है।
- **ब्रुटलिस्ट वास्तुकला (Brutalist Architecture):** इस शब्द का पहली बार 1953 में एलिसन स्मिथसन द्वारा उपयोग किया गया था, जिसमें सामग्री, बनावट और निर्माण पर जोर दिया जाता है।
- वास्तुकला की इस शैली को द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात यूनाइटेड किंगडम में पुनर्निर्माण परियोजनाओं के दौरान महत्त्व मिला। इसके अंतर्गत भवन निर्माण में सजावट व नक्काशी के स्थान पर मजबूत, साधारण एवं सजावटरहित निर्माण तथा संरचनात्मक तत्वों पर बल दिया जाता है। इससे कम लागत व कम समय में अधिक निर्माण किया जा सकता है।

### ऋण-जाल कूटनीति (Debt-trap Diplomacy)

ऋण-जाल कूटनीति में एक ऋणदाता देश जानबूझकर दूसरे ऋणी देश को अत्यधिक ऋण प्रदान करता है, जब वह देश अपने ऋण दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ हो जाता है, तो कथित इरादे से ऋणी देश से आर्थिक या राजनीतिक रियायतें निकाली जाती है।

- इसमें ऋण की चुनौतीपूर्ण शर्तों के कारण इसका पुनर्भुगतान आसान नहीं होता है और अंततः उन्हें आर्थिक या राजनीतिक रियायतें स्वीकार करने के लिये मजबूर किया जाता है।

## कोविड से सम्बन्धित टीका

✓ **कार्बिवैक्स**

इस वैक्सीन को हैदराबाद की कंपनी बायोलॉजिकल-ई ने विकसित किया है। इस वैक्सीन में स्पाइक प्रोटीन का रिसेप्टरबाइंडिंगडोमेन (आरबीडी) संस्करण, सार्स-कोव-2 वायरस मौजूद है।

- यह कोविड-19 का कारण बनता है। इसे दो खुराक में लिया जाना चाहिए। इसे हेपेटाइटिस-बी के टीके जैसी ही तकनीक से विकसित किया गया था।

✓ **कोवोवैक्स**

इसे अमेरिका में नोवावैक्स द्वारा विकसित किया गया है। इस वैक्सीन को कोवोवैक्स नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित किया गया है।

- इस टीके में वायरस के शुद्ध घटक होते हैं, इसलिए यह प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है।

✓ **मोलुनपिरवीर**


यह अमेरिकी कंपनी मर्क द्वारा निर्मित एक एंटीवायरल दवा है। इस दवा का निर्माण भारत में 13 कंपनियां करेंगी। यह उन लोगों को आपातकालीन उपयोग के तहत प्रदान की जाएगी, जिन्हें कोविड-19 संक्रमण का उच्च जोखिम है। ■■

# GK/GS तथ्यावलोकन

| विज्ञान के प्रमुख नियम | |
|---|---|
| न्यूटन का प्रथम नियम | • इसे गैलीलियो का नियम या जड़त्व का नियम भी कहा जाता है।<br>• इस नियम के अनुसार यदि कोई वस्तु विराम अवस्था में है तो वह विराम अवस्था में तथा यदि वह एकसमान चाल से सीधी रेखा में चल रही है, तो वह चलती रहेगी, जब तक कि उस पर कोई बाह्य बल आरोपित न की जाए।<br>• बाह्य बल के अभाव में वस्तु की विराम या समान गति अवस्था को बनाए रखने की प्रवृत्ति जड़त्व कहलाता है। |
| न्यूटन का द्वितीय नियम | • न्यूटन के दूसरे गति नियम से बल का व्यंजक प्राप्त होता है।<br>• यह नियम कहता है कि किसी वस्तु के संवेग परिवर्तन की दर उस वस्तु पर आरोपित बल के समानुपाती व संवेग परिवर्तन बल की दिशा में होता है।<br>• $F = m.a$ (बल = द्रव्यमान × त्वरण) |
| न्यूटन का तृतीय नियम | • इस नियम के अनुसार प्रत्येक क्रिया के बराबर लेकिन विपरीत दिशा में प्रतिक्रिया होती है।<br>• जैसे- बंदूक की गोली चलाने पर पीछे की ओर धक्का लगना। |
| संवेग संरक्षण का नियम | • यदि कणों के किसी समूह या निकाय पर कोई बाह्य बल नहीं लगे तो उस निकाय का कुल संवेग नियत रहता है। |
| ऊर्जा संरक्षण का नियम | • इस नियम के अनुसार ऊर्जा न तो उत्पन्न की जा सकती है और न ही नष्ट की जा सकती है। ऊर्जा संरक्षण नियम के अनुसार इसका केवल एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित की जा सकती है, इसलिए विश्व की संपूर्ण ऊर्जा का परिमाण स्थिर रहता है। |
| न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का नियम | • इस नियम के अनुसार किसी भी दो पिण्डों के बीच कार्य करने वाला आकर्षण बल पिण्डों के द्रव्यमानों के गुणनफल के अनुक्रमानुपाती तथा उनके बीच की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है।<br>• न्यूटन के नियम के अनुसार उनके बीच लगने वाला आकर्षण बल $F = G\frac{m_1 m_2}{R^2}$ होता है (यहां G एक नियतांक है)।<br>• सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियतांक का प्रायोगिक मान सबसे पहले हेनरी कवेण्डिश ने दिया था। |
| केप्लर का ग्रह गति नियम | • केप्लर के ग्रह गति नियम के अनुसार प्रत्येक ग्रह सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्ताकार कक्षा में परिक्रमा करता है।<br>• सूर्य ग्रह की कक्षा के एक फोकस बिंदु पर स्थित होता है।<br>• क्षेत्रीय वेग के कारण जब ग्रह सूर्य के निकट होता है, तब उसका वेग बढ़ जाता है और जब वह दूर होता है, तो उसका वेग कम हो जाता है। |
| उपग्रह का कक्षीय चाल का नियम | • उपग्रह का कक्षीय चाल उसकी पृथ्वी तल से ऊंचाई पर निर्भर करता है।<br>• उपग्रह पृथ्वी तल से जितना अधिक दूर होगा, उसकी चाल उतनी कम होगी।<br>• उपग्रह की कक्षीय चाल द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करती है। एक ही त्रिज्या के कक्षा में भिन्न-भिन्न द्रव्यमानों के उपग्रहों की चाल समान होती है। |
| द्रवों में दाब का नियम | • इसके अनुसार स्थिर द्रव में एक ही क्षैतिज तल में स्थित सभी बिंदुओं पर दाब समान होता है तथा द्रव के भीतर किसी बिंदु पर दाब प्रत्येक दिशा में बराबर होता है।<br>• द्रव का दाब, द्रव के घनत्व पर निर्भर करता है तथा घनत्व अधिक होने पर दाब भी अधिक होता है। |
| पास्कल का नियम | • इस नियम पर हाइड्रोनिक लिफ्ट तथा हाइड्रोलिक क्रेक कार्य करता है।<br>• पास्कल के नियम के अनुसार द्रव का दाब उस पात्र के आकार या आकृति पर निर्भर नहीं करता है, जिसमें द्रव को रखा जाता है। |

| | |
|---|---|
| प्लवन का नियम | • इस नियम के अनुसार संतुलित अवस्था में तैरने पर वस्तु अपने भार के बराबर द्रव को विस्थापित करती है।<br>• किसी ठोस का गुरुत्व केंद्र हटाए गए द्रव का गुरुत्व केंद्र दोनों एक ही ऊर्ध्वाधर रेखा में होना चाहिए। |
| आर्किमिडीज का नियम | • यह द्रव में डूबी वस्तु से संबंधित नियम है।<br>• आर्किमिडीज के अनुसार जब कोई वस्तु किसी द्रव में पूरी या आंशिक रूप से डुबोई जाती है, तो उसके भार में कमी का आभास होता है।<br>• भार में इस आभासी कमी वस्तु द्वारा हटाए गए द्रव के भार के बराबर होती है। |
| केशिकत्व का नियम | • द्रव के केशनली में ऊपर चढ़ने या नीचे गिरने का कारण द्रव का पृष्ठ तनाव है।<br>• ब्लॉटिंग पेपर का स्याही सोखना, लालटेन या लैंप की बत्ती में तेल का चढ़ना, शाखाओं, तनों तक जल का पहुंचना, कॉफी पाउडर का जल में शीघ्रता से घुलना केशिकत्व का उदाहरण है।<br>• केशनली में द्रव का चढ़ना या उतरना उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है। |
| हुक का नियम | • यह नियम प्रत्यास्थता से संबंधित है।<br>• प्रत्यास्थता की सीमा में किसी वस्तु में उत्पन्न विकृति उस पर लगाए गए प्रतिबल के अनुक्रमानुपाती होता है।<br>• प्रतिबल × विकृति या $\frac{\text{प्रतिबल}}{\text{विकृति}} = E$ (एक नियतांक) = प्रत्यास्थता गुणांक |
| बरनौली का नियम | • यह नियम बरनौली प्रमेय के नाम से जाना जाता है।<br>• इस प्रमेय के अनुसार जब कोई आदर्श द्रव किसी नली में धारारेखीय प्रवाह में बहता है तो उसके मार्ग के प्रत्येक बिंदु पर उसके एकांक आयतन की कुल ऊर्जा का योग नियत होता है।<br>• वेण्टुमीटर से नली में द्रव के प्रवाह की दर ज्ञात की जाती है। |
| ऊष्मीय प्रसार का नियम | • यह नियम वस्तु के गरम करने से संबंधित है।<br>• अगर किसी वस्तु को गरम करने पर उसकी लम्बाई, क्षेत्रफल एवं आयतन में वृद्धि होती है।<br>• प्रायः सभी द्रव गरम करने पर आयतन में बढ़ते हैं।<br>• जल 0°C से 4°C तक गरम करने पर आयतन घटता है।<br>• जल का 4°C पर घनत्व अधिकतम होता है। |
| ऊष्मा संचरण का नियम | • ऊष्मा संचरण का नियम-चालन, संवहन और विकिरण पर आधारित होता है।<br>• इसमें ऊष्मा का एक स्थान से दूसरे स्थान को ऊष्मा का संचरण होता है। |
| चालन का नियम | • चालन द्वारा ठोस में ऊष्मा का संचरण होता है तथा पदार्थ के कणों को अपने स्थान का परिवर्तन किए बिना पहुंचती है। |
| संवहन का नियम | • इसमें ऊष्मा का संचरण पदार्थ के कणों के स्थानान्तरण के द्वारा होता है।<br>• गैस एवं द्रव में ऊष्मा का संचरण संवहन द्वारा होता है।<br>• वायुमंडल का गर्म होना संवहन का उदाहरण है। |
| विकिरण का नियम | • इस विधि में बिना किसी माध्यम की सहायता के तथा बिना माध्यम को गरम किए प्रकाश की चाल से सीधी रेखा में संचरित होती है। |
| न्यूटन का शीतलन नियम | • वस्तु जैसे-जैसे ठण्डी होती जाएगी, उसके ठण्डे होने की दर कम होती जाएगी।<br>• किसी वस्तु के विकिरण द्वारा ठण्डी होने की दर वस्तु तथा उसके चारों ओर के माध्यम के तापान्तर के अनुक्रमानुपाती होती है। |
| स्फीफेन का नियम | • किसी वस्तु की उत्सर्जन क्षमता उसके परम ताप के चौथे घात के अनुक्रमानुपाती होता है। |
| किर्कहॉफ का नियम | • यह नियम कहता है कि एक अच्छा उत्सर्जक ही अच्छा अवशोषक होता है।<br>• इसी नियम के अनुसार काली वस्तु का अंधेरे में ज्यादा चमकेगी।<br>• अंधेरे कमरे में काली और सफेद वस्तु का अगर समान ताप हो तो काली वस्तु अधिक विकिरण उत्सर्जित करेगी। |
| ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम | • यह मुख्य रूप से ऊर्जा संरक्षण को प्रदर्शित करता है।<br>• इसके अनुसार किसी भी निकाय को दी जाने वाली ऊष्मा दो प्रकार के कार्यों में व्यय होती है। |

# प्रतियोगिता परीक्षा प्रश्नोत्तर सार



## 68वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा-2023

### विज्ञान

- कंकाल के वे हिस्से, जो हड्डियों की तरह सख्त नहीं होते हैं और जो मोड़े जा सकते हैं, वे हैं **- कार्टिलेज**
- लाइकेन में, एक क्लोरोफिल-युक्त पार्टनर,_____एक-साथ रहते हैं। **- शैवाल और कवक**
- मादा एनोफिलीज को मादा क्यूलेक्स से अलग किया जा सकता है, क्योंकि यह बैठती है **- अधःस्तर के साथ एक कोण पर**
- शरीर की प्रतिरोधक क्षमता से जुड़ा सबसे महत्त्वपूर्ण कोशिका का प्रकार है **- लिम्फोसाइट**
- मानव शरीर की मांसपेशियों के बारे में सही कथन क्या है? **- मांसपेशियाँ केवल हड्डी को धक्का दे सकती हैं**
- 20 से. मी. फोकस दूरी के एक उत्तल लेंस की सतह पर सफेद घोड़े का प्रतिबिम्ब बनाने के लिए बड़ी संख्या में काले रंग की पतली पट्टियाँ बनाई जाती हैं। वह प्रतिबिम्ब कैसा होगा? **- कम चमक वाला एक घोड़ा**
- ध्वनि की तीक्ष्णता किसके द्वारा निर्धारित की जाती है? **- ध्वनि का तरंगदैर्ध्य**
- कौन-सा फोटो-इलेक्ट्रिक उपकरण डिजिटल अनुप्रयोगों के लिए सबसे उपयुक्त है? **- फोटो-वोल्टिक सेल**
- बॉल बेयरिंग का उपयोग स्थैतिक घर्षण को निम्नलिखित में से किसमें परिवर्तित करने के लिए किया जाता है? **- रोलिंग घर्षण**
- फुटबाल के खेल में एक गोलकीपर फुटबॉल को गोल में पकड़ने के बाद अपने हाथों को पीछे की ओर खींचता है। यह गोलकीपर को किस प्रकार सक्षम बनाता है? **- संवेग परिवर्तन की दर को कम करने में**
- कौन-सा एक रेडियोधर्मी तत्त्व द्वारा उत्सर्जित धनात्मक रूप से आवेशित कण है? **- अल्फा किरण**
- केन्द्राभिमुखी बल किसके लिए जिम्मेदार है? **- वस्तु को वृत्ताकार पथ पर गतिमान रखना**
- किस ऊर्जा परिवर्तन में घर्षण बल शामिल होता है? **- गतिज ऊर्जा से ऊष्मा ऊर्जा**
- एक बस सीधे रास्ते पर चल रही है और अचानक दाईं ओर एक तेज मोड़ लेती है। बस में बैठे यात्री- **बाईं ओर झुकेंगे**
- एक संगीत कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा बजाने से पहले, एक सितार-वादक तनाव को समायोजित करने की कोशिश करता है और स्ट्रिंग को उपयुक्त रूप से बाँधता है। ऐसा करके वह क्या ठीक करने की कोशिश करता है?- **अन्य वाद्य यंत्रों की आवृत्ति के साथ सितार स्ट्रिंग की आवृत्ति**
- पदार्थ के एक रूप का कोई निश्चित आकार नहीं होता है, लेकिन इसका एक निश्चित आयतन होता है। पदार्थ के इस रूप का एक उदाहरण है **-मिट्टी का तेल**
- कुछ धातु ऑक्साइड अम्ल और क्षार के साथ अभिक्रिया कर नमक और पानी बनाते हैं। इन्हें उभयधर्मी ऑक्साइड कहते हैं। उभयधर्मी ऑक्साइड के उदाहरण हैं **-$Al_2O_3$ और ZnO**
- कौन-सी गैस अपने ग्रीनहाउस प्रभाव से ग्लोबल वॉर्मिंग में योगदान करती है? **-उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- अम्ल धातु कार्बोनेट से अभिक्रिया कर______गैस मुक्त करते हैं। **- $CO_2$**
- HOOCCOOH को कौन-सा अम्ल कहा जाता है? **- ऑक्सेलिक अम्ल**
- आपको तीन परखनलियाँ दी गई हैं। उनमें से एक में आसुत जल है और अन्य दो में से एक में अम्लीय विलयन तथा दूसरे में क्षारीय विलयन है। इनमें से किसमें लाल लिटमस नीला हो जाएगा? **-क्षार**
- ऐसीटिक अम्ल की गंध किसके समान होती है? **-सिरका**
- शुष्क HCl गैस, शुष्क लिटमस पत्र का रंग क्यों नहीं बदलती? **- कोई $H_3O^+$ आयन मौजूद नहीं होंगे। लिटमस केवल $H_3O_+$ आयन की उपस्थिति में रंग बदलता है।**
- विषम का पता लगाइए। **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- हीरे और ग्रेफाइट के बारे में कौन-सा कथन सत्य है? **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- किसमें परिवर्तन के कारण रंध्र खुलते या बंद होते हैं? **- कोशिकाओं में पानी की मात्रा**
- क्लोरोफिल सूर्य के प्रकाश के______तरंगदैर्ध्य को अवशोषित करता है। **- लाल और नीले**
- कौन-सा मेल सही नहीं है? - **आधार के पास शाखाओं के साथ मोटा, कठोर तना : पेड़**
- सक्शन पुल के कारण पेड़ों में पानी बहुत ऊँचाई तक पहुँच जाता है, जिसका कारण है **- वाष्पोत्सर्जन**

- कौन-सा क्लोरोप्लास्ट का एक लक्षण है, जो उसे स्व-प्रतिकृति के योग्य बनाता है?
**- डी. एन. ए. और आर. एन. ए. दोनों की उपस्थिति**

## राजव्यवस्था

- भारत में जिला स्तर पर उपभोक्त विवाद निवारण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
**- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- एक पंचायत समिति किस स्तर पर एक पंचायती राज संरचना का संचालन करती है? **- ब्लॉक-स्तरीय निकाय**
- किसे समुदाय विकास के पहले कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया गया था? **- राष्ट्रीय विस्तार सेवा**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में लिखा हुआ 'कानून के समक्ष समानता' किस देश के संविधान से लिया गया है?
**- ब्रिटेन**
- भारतीय संविधान को बनाने में कितना समय लगा?
**- 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन**
- राज्य का मंत्रिपरिषद् सामूहिक तौर पर किसके प्रति उत्तरदायी है? **- विधान-सभा**
- 73वें संशोधन के बाद विकेन्द्रीकरण किया गया
**- निर्णय लेने की शक्तियों का, पूर्ण व्यवस्था का, प्रशासनिक शक्तियों का**
- राज्य सभा में प्रतिनिधित्व में शामिल हैं
**-उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- किसका संबंध भारत के सर्वोच्च न्यायालय से है?
**- उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम कितनी आयु होना आवश्यक है? **- 21 वर्ष**

## अर्थव्यवस्था

- वर्ष 2020-2022 के लिए सबसे कम महिला कार्यबल भागीदारी दर कितने प्रतिशत पर बिहार में दर्ज की गई?
**- 4% ग्रामीण क्षेत्रों में और 6.5% शहरी क्षेत्रों में**
- केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 24 नवम्बर, 2021 को प्रकाशित राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-5 के अनुसार, बिहार के लिंग अनुपात में काफी अच्छा सुधार हुआ है। यह 2015-2016 में से बढ़कर 2020-2022 में हो गया है।
**- 1062, 1090**
- बिहार आर्थिक सर्वेक्षण (2021-2022) के अनुसार, 2020-2021 में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी. एस. डी. पी.) की वृद्धि दर कितनी रही? **- 2·5%**
- कौन-सा एक बिहारी की अर्थव्यवस्था के मामले में सही है?
**- उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- एस. ई. जेड. अधिनियम, 2005 के उद्देश्य क्या हैं?
**- अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों का उत्पादन, वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा, रोजगार निर्माण**
- कृषि विपणन प्रणाली में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा अपनाया गया नीतिगत उपाय क्या है?
**- उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- किस समिति ने प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को अधिनियमित करने का सुझाव दिया? **- एस. वी. एस. राघवन समिति**
- सही सुमेलित कीजिए:

| | |
|---|---|
| धूसर क्रांति | उर्वरक (फर्टिलाइजर) |
| गुलाबी क्रांति | प्याज का उत्पादन |
| रजत क्रांति | अंडे का उत्पादन |
| लाल क्रांति | टमाटर और मांस उत्पादन |

- कौन-सी पंचवर्षीय योजना, मानव संसाधन विकास पर केन्द्रित थी? **- उपुर्यक्त में से कोई नहीं**
- भारत के किस राज्य ने अप्रैल से सितंबर 2022 के दौरान उच्चतम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ. डी. आई.), इक्विटी के रूप में प्राप्त किया? **- कर्नाटक**
- किस बजट में वित्त मंत्री ने उदारीकृत विनिमय दर प्रबंधन प्रणाली की घोषणा की? **- यूनियन बजट, 1992-1993**
- पंचवर्षीय योजना के उद्देश्य कौन-से थे?
**- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- गरीबी रेखा को निर्धारित करने के लिए कौन-सा संगठन सर्वेक्षण करता है? **- एन. एस. एस. ओ.**
- भारत का व्यापार संतुलन (माल और सेवाएँ) दिसंबर 2022 (अनंतिम) के लिए - **(-) 11·98 अरब अमेरिकी डॉलर**

## इतिहास

- नमक सत्याग्रह के दौरान बिहार के लोगों ने नमक बनाने के साथ-साथ सरकार के विरुद्ध किस कर का विरोध करने का विकल्प चुना? **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- श्रीकृष्ण सिंह द्वारा गठित बिहार की निर्वाचित सरकार ने फरवरी 1938 में किस कारण से इस्तीफा दे दिया था?
**- राजनीतिक कैदियों को छोड़ने के कारण**
- किसने चंपारण सत्याग्रह के दौरान बिहार में गाँधीजी की जान बचाई थी? **- बतक मियाँ**
- असहयोग आंदोलन के दौरान किसने बिहार में किसानों की अगुवाई की? **- स्वामी विद्यानंद**
- प्रथम बार संघर्ष के तरीकों के रूप में स्वदेशी एवं बहिष्कार किसके दौरान अपनाए गए थे? **- बंगाल विभाजन**
- 1906 में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (आई. एन. सी.) के कलकत्ता अधिवेशन में भारत के लिए स्वराज का झण्डा किसके द्वारा फहराया गया था? **- दादाभाई नौरोजी**

- स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय राज्यों (कश्मीर, निजाम के हैदराबाद, त्रवणकोर आदि जैसे भारतीय शासकों द्वारा शासित राज्यों) में एक समानांतर आंदोलन शुरू किया गया था। उसका नाम था **- प्रजा मण्डल आंदोलन**
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? **- वर्ष 1921 में महात्मा गाँधी को गिरफ्तार कर लिया गया था।**
- अबुल कलाम आजाद के द्वारा किस पत्रिका को संपादित किया गया था? **- अल-हिलाल**
- 19वीं शताब्दी के अंत में इतिहास के अध्ययन ने भारत में राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने में किस प्रकार मदद की? **- उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- नगरों में असहयोग आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही नहीं हैं? **- आंदोलन में केवल उच्च जातियों और अमीरों ने भाग लिया। मद्रास की जस्टिस पार्टी द्वारा भी काउंसिल के चुनावों का बहिष्कार किया गया।**
- ''एक संन्यासी जो फिजी में एक गिरमिटिया मजदूर के रूप में काम करने के बाद उस जिले में अपनी पीठ पर तुलसीदास रामायण की एक प्रति लेकर आया था, जिससे वह ग्रामीण श्रोताओं को छंद सुनाता था।'' यहाँ जिस किसान नेता का जिक्र है, वह है **- बाबा राम चन्द्र**
- ऑल इंडिया हरिजन संघ की स्थापना 1932 में किसके द्वारा की गई थी? **- महात्मा गाँधी**
- 20 फरवरी, 1947 को प्रधानमंत्री एटली ने भारत से ब्रिटिश शासन को कब तक वापस लेने की घोषणा की थी? **- जून 1948**
- स्वराज दल की स्थापना बिहार में किसने की थी? **- श्रीकृष्ण सिंह**
- इनमें से किसने हुमायूँ को यह प्रस्ताव दिया था कि यदि उसे बंगाल पर अधिकार करने दिया गया तो वह बिहार को समर्पित कर देगा और 10 लाख दीनार की वार्षिक श्रद्धांजलि अर्पित करेगा? **- शेर खान**
- विक्रमशिला विश्वविद्यालय किनके द्वारा स्थापित किया गया था? **- धर्मपाल**
- इनमें से बिहार के प्रथम राज्यपाल कौन थे? **- सर जेम्स डेविड सिफ्टन**
- महात्मा गाँधी एंड बिहार, सम रेमिनिसन्सेस के लेखक कौन थे? **-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**
- बिहार का सबसे पुराना गिरजाघर कौन-सा है? **- पादरी की हवेली**
- दिवंगत अभिनेता कुमुदलाल गांगुली, जिन्हें उनके मंचीय नाम अशोक कुमार से भी जाना जाता है, का जन्म बिहार के किस शहर में हुआ था? **- भागलपुर**
- प्राचीन काल में गंगा के दक्षिण क्षेत्र को क्या कहा जाता था? **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- भारतीय उपमहाद्वीप में लोहे का प्रयोग कब शुरू हुआ? **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- दूसरी शताब्दी के आसपास रचित संस्कृत के शिलालेख के अनुसार, सुदर्शन झील, एक कृत्रिम जलाशय की मरम्मत किसने की थी? **- रुद्रदमन**
- झाँसी के पास देवगढ़ का मंदिर और इलाहाबाद के पास गढ़वा मंदिर में बनी मूर्तियाँ किस कला के महत्त्वपूर्ण अवशेष हैं? **- गुप्त कला**
- किस युद्ध में मुख्य विरोधियों का सही उल्लेख नहीं किया गया है? **- पानीपत का द्वितीय युद्ध–टीपू सुल्तान और मराठा**
- दिल्ली सल्तनत के दौरान 'मुकद्दम या चौधरी' पद का इस्तेमाल किनके लिए किया जाता था? **- गाँव के सरपंच**
- तबकात-ए-अकबरी, जिसे कभी-कभी अबुल फजल के अकबरनामा से अधिक विश्वसनीय माना जाता है, किसके द्वारा लिखा गया था? **- निजामुद्दीन अहमद**
- इनमें से किस प्रसिद्ध शासक ने अपनी माता के नाम पर विजयनगर के पास नागालपुरम की एक उपनगरीय बस्ती की स्थापना की थी? **- कृष्णदेवराय**
- 1940 में पटना महिला महाविद्यालय की स्थापना किस समाज द्वारा की गई थी? **- सिस्टर्स ऑफ द एपोस्टोलिक कार्मेल**
- इनमें से किसने 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमाएँ खींचने के लिए स्थापित की गई दो सीमा आयोगों का नेतृत्व किया था? **- सिरिल रेडक्लिक**
- किसने बंगाल में महालवाड़ी बंदोबस्त प्रणाली की शुरूआत की? **- होल्ट मैकेंजी**
- 1940 में विनोबा भावे ने व्यक्तिगत सत्याग्रह कहाँ से आरंभ किया? **- पवनार, महाराष्ट्र**
- 1918 में मोंटफोर्ड सुधारों पर काँग्रेस ने एक महत्त्वपूर्ण रुख अपनाया, जिसके कारण पुराने उदारवादी अवशेष (सप्रू, जयकर और चिंतामणि) टूट गए, जिन्होंने गठन किया **- इंडियन नेशनल लिबरल फेडरेशन का**
- मिशन निम्नलिखित में से किसके लिए भारत भेजा गया था? **- सत्ता के हस्तांतरण के लिए एक संवैधानिक व्यवस्था तैयार करने के लिए**

## समसामयिकी

- पहला 'तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र' बिहार में किस स्थान पर बनाया गया है? **- कदीराबाद, दरभंगा**
- वर्ष 2019-2020 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, किस जिले की प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है? **- शिवहर**

- वर्ष 2020-2021 के लिए नीति आयोग एस. डी. जी. रिपोर्ट के अनुसार, बिहार राज्य का स्कोर कितना रहा? **- 100 में से 52**
- खेलो इंडिया महिला टूर्नामेंट में पहली बार किस खेल को शामिल किया गया है? **- ट्रैक सायक्लिंग**
- किसे अगस्त 2022 में भौगोलिक संकेतक (जी. आई.) टैग से सम्मानित किया गया है? **- मिथिला मखाना**
- किसे वर्ष 2022 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में जोड़ा गया है? **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- बिजनेस रिफॉर्म्स ऐक्शन प्लान (बी. आर. ए. पी.) द्वारा वर्ष 2020 में व्यापार करने में आसानी में बिहार ने 36 राज्यों में रैंक हासिल की। **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- 28 नवंबर, 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा गंगा जल आपूर्ति योजना का उद्घाटन किस स्थान पर किया गया था? **- बोधगया**
- किस एसोसिएशन/बोर्ड ने अक्टूबर 2022 में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान वेतन की घोषणा की? **- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड**
- पिछले दस वर्षों में राज्य का शहरीकरण बहुत तेजी से बढ़ा है। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में शहरीकरण किस स्तर प्रतिशत था, जो बढ़कर वर्तमान में प्रतिशत हुआ है। **- 11·33, 15·3**
- किस केन्द्रीय मंत्रालय ने हाल ही में 2022 में युवा 2.0 योजना का शुभारंभ किया? **- शिक्षा मंत्रालय**
- गृह मंत्रालय ने नवंबर 2022 को देश की कितनी भाषाओं की फील्ड वीडियोग्राफी के साथ भारतीय मातृभाषा सर्वेक्षण (एम. टी. एस. आई.) कार्य को पूरा किया है? **- 576**
- किस समिति ने 1 जनवरी, 2026 से पूर्ण मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता की सिफारिश करते हुए गैस मूल्य निर्धारण पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है? **- किरीट पारिख समिति**
- किस शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण, 2022 के अनुसार पाँच सितारा कचरा-मुक्त शहर रैंक से सम्मानित नहीं किया गया था? **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- प्रधानमंत्री ने किस स्थान पर पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा 'डोनी पोलो हवाई अड्डे' का उद्घाटन किया? **- ईटानगर**
- किस जानवर को नवंबर 2022 में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ. एस. एस. ए. आई.) द्वारा एक खाद्य पशु के रूप में अनुमोदित किया गया है? **- हिमालयी याक**
- भारत का पहला फ्लोटिंग वित्तीय साक्षरता शिविर हाल ही में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा किस स्थान पर आयोजित किया गया था? **- श्रीनगर**
- भारत के राष्ट्रपति ने किस आई.आई.टी. में 'परम कामरूप' सुपरकंप्यूटर सुविधा का उद्घाटन किया? **- गुवाहाटी**
- 8 अक्टूबर, 2022 को मनाए गए 90वें भारतीय वायु सेना दिवस पर अस्सी वायुयानों के घंटेभर का हवाई प्रदर्शन किस स्थान पर आयोजित किया गया था? **- सुखना झील, चंडीगढ़**
- भारत सरकार के पोषण अभियान के तहत वर्ष के किस महीने को राष्ट्रीय पोषण माह या नेशनल न्यूट्रिशन मंथ के रूप में मनाया जाता है? **- सितंबर**
- चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के हाल ही में लॉन्च किए गए अंतिम मॉड्यूल का नाम क्या है? **- मेंगटियन**
- कौन-सा विश्व का सबसे बड़ा ज्वालामुखी है, जो पिछले 38 वर्षों में पहली बार फूटा था? **- मौना लोआ**
- इनमें से किसे हाल ही में उनके उपन्यास, द सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा के लिए 2022 का बुकर पुरस्कार मिला? **- शेहान करुणातिलक**
- विश्व अंतरिक्ष सप्ताह, 2022 की थीम क्या थी? **- अंतरिक्ष और निरंतरता**
- किस लैबोरेटरी ने दिसंबर 2022 में एक ऐतिहासिक नाभिकीय संलयन सफलता का दावा किया था? **- ओक रिज नेशनल लैबोरेटरी**
- कोलिन्स डिक्शनरी का वर्ड ऑफ द इयर 2022 कौन-सा है? **- Permacrisis**
- किस देश ने सेनेगल के साथ मिलकर COP27 के दौरान अंतरराष्ट्रीय सूखा लचीलापन गठबंधन का शुभारंभ किया? **- स्पेन**
- भारत में पहली बार किस देश के दूतावास ने 'निहोन्शु' के लिए जी. आई. टैग के लिए आवेदन किया था? **- जापान**
- किस अंतरिक्ष एजेंसी ने यह घोषणा की कि उसने अपने EQUULEUS अंतरिक्ष यान को आगे बढ़ाने के लिए भाप का सफलतापूर्वक उपयोग किया है? **- जाक्सा (JAXA)**
- अक्टूबर 2022 में लॉन्च किए गए टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट का क्या नाम है? **- ऑप्टिमस**

## भूगोल

- भारत के किस राज्य की सीमा बिहार में अधिकतम जिलों से लगती है? **- उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- कौन-सा भागलपुर से मिर्जा जेउकी की ओर रेलमार्ग में बिहार का अंतिम रेलवे स्टेशन है? **- अम्मापाली रेलवे स्टेशन**
- बिहार में बहने वाली पवित्र नदी फल्गू किन नदियों के संगम से बनती है? **- मोहाना और लीलाजन नदी**
- बिहार में किस स्थान पर पहली बार चाय बागनों की स्थापना की गई? **- ठाकुरगंज**
- बिहार के जिलों का आरोही दशकीय जनसंख्या वृद्धि (2001-2011) के अनुसार सही क्रम चुनिए। **- सीवान < किशगनंज < मधेपुरा**

- बिहार में कृषि-आधारित उद्योगों में किस खाद्य उद्योग का प्रभुत्व है? **- अनाज-आधारित उद्योग**
- अटॉक में अपनी पहाड़ी यात्रा के अंत में सिंधु नदी अफगानिस्तान की किस नदी से जुड़ती है? **- काबुल नदी**
- कौन-सा विश्व में सुप्रचारित वन्यजीव अभियान है, जिसे 1973 में शुरू किया गया था? **- प्रोजेक्ट टाइगर**
- क्षोभमंडल के बारे में कौन-सा कथन सत्य है? **- इसकी औसत ऊँचाई 13 कि. मी. है।**
- पैंजिया से टूटे हुए दक्षिणी महाद्वीप को क्या कहते हैं? **- गोंडवानालैंड**
- आर्कटिक क्षेत्र और अंटार्कटिका महाद्वीप किसके निकट स्थित हैं? **- उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव**
- म्यांमार के साथ भारत के किन राज्यों की सीमाएँ मिलती हैं? **- अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम**
- कौन-सा समुद्री जैव विविधता के दृष्टिकोण से दुनिया का सबसे समृद्ध क्षेत्र है, जिसमें ज्वारनदमुख, समुद्र तट, निकटवर्ती पर्यावरण के जंगल, समुद्री घास, प्रवाल भित्तियाँ, नमक दलदल और मैंग्रोव के साथ 21 द्वीप शामिन हैं? **- मन्नार खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व**
- कोपेन की वर्गीकरण योजना के अनुसार उत्तर प्रदेश और बिहार किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में आते हैं? **- Cwg**
- भारत की क्षेत्रीय सीमा, तट से कितने समुद्री मील/कि. मी. तक समुद्र की ओर फैली हुई है? **- 12 समुद्री मील (लगभग 21·9 कि. मी.)**
- भारत में कौन-सी नदी घाटी कोयले के भण्डारों से समृद्ध है? **- उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- भारत में चीनी उद्योग के बारे में कौन-सा कथन सही है? **- उपर्युक्त में से एक से अधिक**
- ग्रीष्म के अंत में पूर्व-मानसून वर्षा होती है, जो केरल और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में एक सामान्य घटना है। इसे स्थानीय रूप से किस नाम से जाना जाता है? **- मैंगो शावर्स**
- वातावरण मुख्य रूप से किसके द्वारा गर्म होता है? **- दीर्घ-तरंग स्थलीय विकिरण**

## यूपीपीएससी न्यायिक सेवा (प्रा.) परीक्षा-2023

### विज्ञान

- सही सुमेलित है

| (विशेषताएं) | (कण) |
|---|---|
| शून्य द्रव्यमान | न्यूट्रीनों |
| भिन्नात्मक चार्ज | क्वार्क |
| भिन्नात्मक स्पिन | पोसिट्रॉन |
| इंटीग्रल स्पिन | फोटॉन |

- 'व्योमित्रा' नामक भारतीय रोबोट किसके द्वारा विकसित किया गया? **- इसरो (आई.एस.आर.ओ.)**
- भारत का पहला स्वदेश में विकसित उपग्रह किसके माध्यम से रिमोट सेंसिंग प्रक्षेपित किया गया? **- बाइकोनोर**
- संचार व्यवस्था में क्या आवश्यक नहीं है? **-इन्टरनेट**
- उपग्रह संचार में ऊपर भेजे जा रहे संकेतों और वापस आने वाले संकेतों की आवृत्तियों के बीच सही सम्बन्ध होता है- **- सदैव बड़ी होती है**
- पृथ्वी की सतह से ऊपर उपग्रह की ऊंचाई बढ़ने पर कक्षा को पूरा करने में लगने वाला समय- **- बढ़ता है**
- चन्द्रयान-2 रोवर, जो 'प्रज्ञान' नामक एक विद्युत उत्पादन प्रणाली है। क्या है? **- छः पहियों वाला रोबोटिक वाहन**
- कौन सी ठोस अवस्था युक्ति नहीं है? **- सी.आर.टी.**
- "ब्रुसेलोसिस" नामक बीमारी का कारक है **- जीवाणु**
- विद्युत की ईस्त्री (प्रेस), हीटर, विद्युत की केटली आदि किस तत्व (एलीमेन्ट) से बनी होती है? **- नाइक्रोम**
- होलोग्राम के बारे में क्या सत्य नहीं है? **- यह एक प्रकाश स्रोत है।**
- उस उपग्रह / उपग्रहों की पहचान करें, जो प्रक्षेपण में असफल रहा हो / हों- **- आई. एन.आर.एस.एस. - 1एच**
- प्रकाशीय संचार का क्या लाभ नहीं है? **- अधिक गति**
- जन समर्थ पोर्टल किससे संबंधित है? **- क्रेडिट लिंक्ड सरकारी योजनाएं**
- 'मोडेम' का उपयोग होता है। **- दोनों ए/डी व डी/ए बदलावों में**
- आधुनिक टी. वी. स्क्रीन बनी है- **- प्रकाश उत्सर्जन वाले डायोड की**
- कौन-सा विषाणु अत्यधिक संक्रामक रोग चेचक के लिए जिम्मेदार समझा जाता था? **- वेरिओला विषाणु**
- उस डिजिटल प्लेटफॉर्म का क्या नाम है, जिसके प्रयोग से भारत के उच्चतम न्यायालय ने अपने अन्तरिम स्थगन और जमानत आदेशों का त्वरिक संप्रेषण शुरू किया है?**- फास्टर**
- मोबाइल संचार की 5जी प्रौद्योगिकी के बारे में क्या सत्य नहीं है? **- मौजूदा सेल फोनों का उपयोग हो सकता है।**
- सही सुमेलित कीजिए

| (कक्षा) | (भू-मध्य रेखा से दूरी) |
|---|---|
| ध्रुवीय पृथ्वी कक्षा | 500-2000 कि.मी. |
| पार्किंग कक्षा | 35,785 कि.मी. |
| सन सिंक्रोन्स कक्षा | 35,800 कि.मी. |
| जियो सिंक्रोनस कक्षा सूची | 700-800 कि.मी. |

- 'प्राण योजना' के अन्तर्गत किस भारतीय संस्थान द्वारा 'इंटेंसिव केयर यूनिट' (आई.सी.यू.) ग्रेड वेंटिलेटर विकसित किया गया है? **- आई.आई.एस.सी. बेंगलुरु**

**राजव्यवस्था**

- घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 23 व्यवस्था करती है।
**- अन्तरिम और एकपक्षीय आदेश देने की शक्ति**
- कौन-सा एक मौलिक कर्तव्य नहीं है?
**- अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए प्रयास करना**
- भारत में जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
**- उनकी नियुक्ति राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य के उच्च न्यायलय के परामर्श से की जाती है।**
- 15वें वित्त आयोग की सिफारिशें में किस काल के लिये हैं?
**- 2021-22 से 2025-26**
- वयस्क महिलाओं को चिकित्सकीय गर्भपात (एम.टी.पी.) के लिए किसकी सहमति अनिवार्य है?
**- केवल सम्बन्धित महिला**
- पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के सन्दर्भ में, कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
**- इसका प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 243डी (3) में किया गया है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेदों में से कौन-सा एक संघ लोक सेवा आयोग तथा प्रत्येक राज्य के लिए लोक सेवा आयोग हेतु प्रावधान करता है? **- अनुच्छेद 315**
- कौन-सा अभिलेख का न्यायालय है?
**- दोनों सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय**
- केसों को सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए
**- गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, बच्चों को लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम, महिला अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम**
- ऐसी परिस्थिति में जब राज्य विधानसभा के अध्यक्ष को अपनी सीट रिक्त करनी हो, वह अपना त्यागपत्र अपने हस्तलेख में हस्ताक्षर सहित किसे सौंपेगा ?
**- राज्य की विधानसभा के उपाध्यक्ष को**
- सही सुमेलित है

| | |
|---|---|
| संविधान का भाग XV | निर्वाचन |
| संविधान का भाग XVII | राजभाषा |
| संविधान का भाग XVIII | आपात उपबन्ध |
| संविधान का भाग XX | संविधान संशोधन |

- किसने कहा था कि "राज्य के नीति निर्देशक तत्व तो पुण्यात्मा लोगों की पवित्र आकांक्षा मात्र है"? **- आइवर जेनिंग्स**
- 'लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत बच्चा कौन है? **- 18 वर्ष की आयु से कम**
- कौन सा सही सुमेलित है?
**- सांख्यिकी दिवस - 29 जून**
- विधि के अनुसार वृद्धाश्रम की स्थापना कौन कर सकता है?
**- दोनों (a) व (b)**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेदों में से कौन-सा राष्ट्रपति के क्षमादान के अधिकार से सम्बंधित है? **- अनुच्छेद 72**
- केसों को सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए:
**- बेरुबारी केस, सज्जन सिंह केस, गोलकनाथ केस, केशवानन्द भारती केस**
- कौन-सा (भारत के संविधान का भाग- विषय) सही सुमेलित नहीं है? **- भाग-V, मौलिक कर्तव्य**
- इनमें से किस निर्णय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय बार काउंसिल को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा-32 का अनुपालन दि महाविद्यालयों में सुनिश्चित करने का आदेश दिया?
**- दिव्यांग अधिकार समूह व अन्य बनाम भारत संघ व अन्य 2018**
- धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम कब पारित किया गया था?
**- 1890**
- महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निरोध प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2015 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा (विवरण - धारा) सही सुमेलित नहीं है?
**- जांच रिपोर्ट - 17**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से उच्चतम न्यायालय ने जीविका का अधिकार, निजता का अधिकार, सम्मान का अधिकार एवं सुनवाई का अधिकार निकाले हैं?
**- अनुच्छेद 21**
- दिव्यांग (विकलांग) जनों के लिए राज्य निधि के खातों का ऑडिट किसके द्वारा किया जाएगा? **- दोनों (a) एवं (b)**
- भारतीय संविधान की छटी अनुसूची में प्रदत्त स्वायत जिला परिषद की व्यवस्था उत्तर-पूर्व भारत के किस राज्य पर लागू नहीं होती? **- नागालैण्ड**
- 1994 के पूर्व गर्भधान और पूर्व प्रसव निदान तकनीक अधिनियम के उद्देश्य कौन से हैं? **- (a) तथा (b) दोनों**
- 'दहेज निषेध अधिनियम, 1961' की धारा-4 के अन्तर्गत दहेज मांगने पर अधिकतम कितनी सजा दी जा सकती है?
**- 2 वर्ष की कैद**
- लोक लेखा समिति के सदस्य होते हैं (सही उत्तर दीजिए)
**- (लोक सभा) - 15, (राज्य सभा) - 07, (योग) - 22**
- गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, 1971 धारा-4 के नियम के अन्तर्गत किस स्थान पर गर्भ समापन नहीं किया जा सकता है? **- उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- कौन-सा (राज्य सदस्य संख्या) सही सुमेलित नहीं है?
**- झारखण्ड - 16**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेदों में से कौन-सा समान नागरिक संहिता से सम्बंधित है? **- अनुच्छेद 44**
- महिलाओं का अशोभनीय प्रस्तुतिकरण (निषेध) अधिनियम के बारे में क्या सत्य नहीं है? **- यह पूरे भारत वर्ष पर लागू है।**
- स्त्री अशिष्ट प्रस्तुतिकरण (निषेध) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत दूसरी बार दोष सिद्धि के लिए कितने दण्ड की व्यवस्था है?
  **- कम से कम 6 माह से 5 वर्ष तक की कैद और कम से कम 10,000 से 1,00,000 तक जुर्माना**
- 'घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम' किस वर्ष पारित किया गया? **- 2005**
- भारतीय संविधान के अंतर्गत कौन-सा युग्म (अधिनियम वर्ष) सही सुमेलित नहीं है
  **- जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम - 1918**
- गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 की धारा-23 में विहित उपबन्धों का पहली बार उल्लंघन करने पर कितने वर्ष की सजा (कैद) का प्रावधान है?
  **- 3 वर्ष की कैद**
- "इंडिया अर्थात भारत राज्यों का एक संघ होगा", (भारतीय संविधान)। 'यूनियन' शब्द किस देश के संविधान से ग्रहण किया गया है? **- कनाडा**
- परम्परागत रूप से भारत की संसद में 'शून्यकाल' का प्रारम्भ होता है **- 12:00 बजे मध्याह्न**
- दहेज निषेध अधिनियम, 1961 कब से लागू हुआ?
  **- 1 जुलाई, 1961**

## अर्थव्यवस्था

- 1 अप्रैल, 2022 से प्रत्येक प्रकार की परिसम्पत्तियों पर दीर्घकालीन पूंजी अधिलाभ कर पर कितना अधिभार आरोपित किया गया है? **- 15 प्रतिशत**
- भारत में गरीबी का आकंलन किसके द्वारा किया जाता है?
  **- नीति आयोग का कार्यदल**
- कौनसी योजना वर्ष 2015 में शुरू नहीं की गई?
  **- पीएम फसल बीमा योजना**
- 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007' के अधीन कौन भरण पोषण के लिए उत्तरदायी है? **- उपर्युक्त सभी**
- युग्मों में से कौन-सा (अन्तरराष्ट्रीय स्थान) सही संगठन स्थान) सुमेलित नहीं है?
  **- एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक मनीला**
- किस समिति द्वारा भारत में गरीबी के आकंलन हेतु पहली बार स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर होने वाले निजी व्यय को भी शामिल किया गया है? **- तेंदुलकर समिति**
- 2022-23 के संघीय बजट के लिए 'अमृतकाल' में भारत की आकांक्षाओं के लिए कौन-सा लक्ष्य सही है?
  **- विकास एवं सर्वसमावेशी कल्याण पर जोर, प्रौद्योगिक सक्षम विकास को बढ़ावा देना**
- वैश्विक भूख सूचकांक स्कोर को मापने के लिए कौन-सा सूचकांक सही नहीं है? **- शिशु मृत्यु दर**
- कौनसी समिति सार्वजनिक बैंकों के समेकन से सम्बन्धित नहीं है? **- रंगराजन समिति**
- पी.एम.आई. सूचकांक किन क्षेत्रों की प्रवृत्तियों को दर्शाता है?
  **- सेवा, विनिर्माण**
- कौन-सा (बैंक का नाम-मुख्यालय) सही सुमेलित नहीं है?
  **- आई.सी.आई.सी.आई. बैंक - मुम्बई**
- किस वर्ष भारतीय रुपये का एक ही माह में दो बार अवमूल्यन किया गया था? **- 1991**
- कौन-सा उद्योग सेवा क्षेत्र उद्योग नहीं है?
  **- पेट्रोलियम परिशोधन**
- सही सुमेलित कीजिए

| | |
|---|---|
| आत्मनिर्भर भारत | नवम्बर 2020 |
| पीएम वाणी | दिसम्बर 2020 |
| पीएम-कुसुम | 2019 |
| आयुष्मान भारत | 2018 |

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के पूर्व के अधिनियम में कितने प्रकार की दिव्यांगताएं शामिल थीं? **- 9**
- कौन-सा वक्र कर की दरों तथा सरकारी राजस्व के बीच संबंध को दर्शाता है? **- लैफर वक्र**
- प्राथमिक घाटा को किसके द्वारा मापा जाता है?
  **- राजकोषीय घाटा - ब्याज भुगतान**
- कौन सा/से हस्तान्तरण भुगतान का उदाहरण है/हैं?
  **- बेरोजगारी भत्ता, सामाजिक सुरक्षा भुगतान, वृद्धावस्था पेंशन**
- केन्द्रीय बजट 2022-23 के अनुसार, कुल कितने खर्च का अनुमान है? **- ₹ 39-45 लाख करोड़**

## इतिहास

- सूफी संत कुतुब-उद्-दीन बख्तियार को समर्पित थी। मीनार बिजली गिरने के कारण 1369 में क्षतिग्रस्त हो गई थी।
  **- कुतुब मीनार**
- 'भगवद गीता' मूलतः महाभारत के किस पर्व का अंश है?
  **- भीष्म पर्व**
- सही सुमेलित है

| (हड़प्पा पुरास्थल) | (फसल) |
|---|---|
| चान्हूदड़ो | सरसों |
| हड़प्पा | तिल |
| कुन्ताशी | कोदो |
| हुलास | धान |

- दिल्ली के किस सुल्तान ने ब्राह्मणों पर पहली बार जजिया कर लगाया? **- फिरोज शाह तुगलक**
- अवध में हुए 'एका आंदोलन' का मुख्य उद्देश्य क्या था? **- लगान का नकद में परिवर्तन करना**
- किस साहित्यिक कृति के कुछ अंश 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' नामक वास्तुकृति से मिलते हैं? **- हरिकेलि नाटक**
- किस विदेशी यात्री ने 'अनारकली' की दंतकथा का उल्लेख किया है? **- विलियम फिंच**
- पुराणों के संदर्भ में कौन-सा / से कथन सही है/हैं?
  **- विष्णु पुराण को मौर्यों के इतिहास के लिए अधिक प्रमाणिक माना जाता है।**
- कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है? **- सरखेल - पैदल सेना का प्रमुख**
- नीचे दो कथन हैं, जिनमें से एक को अभिकथन और दूसरे को कारण **(R)** कहा गया है

**- अभिकथन (A): भगत सिंह पूरी तरह और चेतन से धर्म-निरपेक्ष विचारक थे।**

**कारण (R)% वे अपने साथियों से कहा करते थे कि "साम्प्रदायिकता भी उतना ही बड़ा शत्रु है, जितना कि अंग्रेजी उपनिवेशवाद और इसका सख्ती से मुकाबला करना होगा।"**

- फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया के संदर्भ में कौन-सा/ से कथन सही है/हैं?
  **- फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना 1664 में हुई थी।**
- मुगल बादशाह अकबर के शासन काल में किस ग्रन्थ का वह उल-असमार के शीर्षक से फारसी में अनुवाद किया गया? **- राजतरंगिणी**
- सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सम्बन्ध में यह किसने कहा था, ''यह केवल एक सूक्ष्म-अल्पसंख्यक वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है''? **- लॉर्ड मिन्टो**
- केसों को सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए -

| | |
|---|---|
| फाह्यान | ट्रेन-त्सांग |
| इत्सिंग | अल-बेरुनी |

- लॉर्ड माउंटबेटन ने किसे वन मैन बाउंड्री फोर्स कह कर संबोधित किया? **- महात्मा गांधी**
- हड़प्पा सभ्यता के किस स्थान से जल संरक्षण के साक्ष्य मिले हैं? **- धौलावीरा**
- कौन-सा (वंश संस्थापक) सही सुमेलित नहीं है? **- तुलुवा - कृष्णदेवा राय**
- ऋग्वेद में उल्लिखित "दशराज युद्ध'' किस नदी के तट पर लड़ा गया था? **- परुष्णी**
- मुगलकाल में 'देह' का तात्पर्य किससे था? **- गांव**
- 'द फिलॉसफी ऑफ द बॉम्ब' के लेखक कौन थे? **- भगवती चरण वोहरा**
- कौन-सा (शाहजहां के शासन काल में विद्रोह-विद्रोह का नेता) सही सुमेलित नहीं है? **- मालवा में भील विद्रोह - लक्ष्मण सिंह**
- 'गिजाली' किसके काल के विख्यात रचनाकार थे? **- अकबर**
- तबकात-ए-अकबरी के लेखक कौन थे? **- निजामुद्दीन**
- 1924 में संयुक्त प्रांत (वर्तमान उत्तर प्रदेश) के किस शहर में सम्पूर्ण भारत से क्रांतिकारियों की बैठक बुलाई गई थी? **- कानपुर**
- चोल वंश के किस शासक ने शिवपाद शेखर की उपाधि धारण की थी? **- राजराजा - प्रथम**
- सर्वप्रथम 'हिन्दुस्तान' शब्द का उल्लेख किस राजवंश के अभिलेखों में हुआ है? **- मौर्य**
- सही सुमेलित कीजिए

| (समाचार पत्र) | (भाषा) |
|---|---|
| कॉमरेड | अंग्रेजी |
| नवजीवन | गुजराती |
| स्वदेशमित्रन | तमिल |
| सुलभ समाचार | बंगाली |

- 'रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया' के संस्थापक कौन थे? **- डॉ. बी. आर. अम्बेडकर**

## समसामयिकी

- कौन अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय के वर्तमान उपाध्यक्ष है? **- किरिल गेवोर्गियनू**
- आठवें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का सूत्र (थीम) क्या **है?** **- मानवता के लिए योग**
- कौन टॉम्ब ऑफ सैण्ड के रचयिता हैं, जिनको अन्तरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है? **- गीतांजली श्री**
- डब्ल्यू.एच.ओ. पारम्परिक औषधि वैश्विक केन्द्र भारत में कहां स्थापित किया जा रहा है? **- जामनगर**
- सही सुमेलित है

| (योजना) | (संघीय मंत्रालय) |
|---|---|
| स्माइल | सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण |
| सेहत | रक्षा |
| स्वनिधि | आवास एवं नागरीय मामले |
| सार्थक | शिक्षा |

- कोविड-19 महामारी के समय 'सफरिंग इन साइलेंस' शीर्षक से नाइजर की दुर्दशा को दर्शाने वाली रिपोर्ट किस संस्था ने जारी की थी? **- यूनिसेफ**
- किस अन्तरराष्ट्रीय संगठन में "कोविड-19 वैक्सीनमार्केट डैश बोर्ड" शुरू किया है? **- यूनिसेफ**
- खरबपति जेफ बेजोस के स्वामित्व वाली एयरोस्पेस कम्पनी का क्या नाम है? **- ब्ल्यू ऑरिजिन**

- किस भारतीय वृत्तचित्र को 2022 में ऑस्कर नामांकन प्राप्त हुआ है? **- राइटिंग विद फायर**
- यू.एस. डॉलर के नामित ऋण के बाद, दिसम्बर 2001 के अन्त तक भारत के बाहरी ऋण में से किसके नामित ऋण का दूसरा सबसे बड़ा भाग है? **- भारतीय रुपया**
- उत्तर प्रदेश सरकार की 2022-23 में क्या बजटीय प्राथमिकता में नहीं है? **- महिलाओं को उच्च्य शिक्षा सहायता**
- किस देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया था ''भारत चलो, भारत से जुड़ो''? **- जापान**
- ऑस्ट्रेलिया द्वारा किस देश के साथ साझेदारी में "ए.आई.आई.पी.ओ.आई.पी. अनुदान कार्यक्रम" शुरू किया गया है? **- भारत**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के पहले नैनो यूरिया संयंत्र का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है? **- गुजरात**
- किन भारतीय कर्मियों को डब्ल्यू.एच.ओ. ग्लोबल हैल्थ लीडर्स अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ है? **- आशा कर्मी**
- सही सुमेलित कीजिए

| (सैन्य अभ्यास) | (शामिल देश) |
|---|---|
| डस्टलिन | भारत-उज्बेकिस्तान |
| ईर्स्टर्न ब्रिज | भारत-ओमान |
| खंजर | भारत-किर्गिस्तान |
| लामितिए | भारत-सेशल्स |

- भारत के किस शहर में राष्ट्रीय स्तर का पहला 'अमृत सरोवर' बनकर तैयार हुआ है? **- रामपुर, उ.प्र.**

### भूगोल

**सही सुमेलित है**

| (स्थानान्तरणशील कृषि) | (राज्य) |
|---|---|
| पोनम | केरल |
| बीरा | मध्य प्रदेश |
| झूम | असम |
| पोडु | ओडिशा |

- कौनसी झील भारत के दो राज्यों द्वारा साझा की जाती है? **- पुलिकट**
- कौन-सा (शास्त्रीय गायक-घराना) सही सुमेलित नहीं है? **- पं. छन्नूलाल मिश्रा - पटियाला**
- कौन सा/से तारा हमारे सौर मण्डल के सबसे नजदीक है? **- प्रोक्सिमा - सेन्चुरी**
- कौन-सा (रेलवे जोन - मुख्यालय) सही सुमेलित नहीं है? **- दक्षिण मध्य रेलवे - बेंगलुरु**
- पृथ्वी की सतह से ऊपर भूस्थित उपग्रह की भूमध्यरेखीय परिधि में ऊंचाई लगभग होती है **- 32,000 कि.मी.**
- किस नदी में 'माजुली-नदीय द्वीप' स्थित है? **- ब्रह्मपुत्र**
- नाभिकीय संयंत्रों से संबंधित स्थानों में सुमेलित है?

| | |
|---|---|
| कल्पक्कम | तमिलनाडु |
| नरोरा | उ.प्र. |
| तारापुर | महाराष्ट्र |
| काकरापारा | गुजरात |

- सही कथन है **- अभ्रक कोडरमा में प्रचुर मात्रा पाया जाता है।**
- नदियों में से कौन-सी नदी भ्रंश घाटी से प्रवाहित होती है? **- तापी**
- खदान और राज्य के संबंध में सही सुमेलित नहीं है? **- दंतेवाड़ा - मध्य प्रदेश**
- कौन-सा पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र गुजरात राज्य में स्थित नहीं है? **- मोरन**
- बौद्ध साहित्य में 'थेरीगाथा' किस निकाय से सम्बन्धित है? **- खुद्दक निकाय**
- कौन-सा (दर्रा राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश) सही सुमेलित नहीं है? **- चांग ला - सिक्किम**
- भारत का पहला 14-लेन महामार्ग (एक्सप्रेसवे) कौन-सा है? **- दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेसवे**
- कौनसी जल विद्युत आधारित परियोजना नहीं है? **- झानोर**
- 'डोडाबेट्टा चोटी कौनसी पहाड़ी श्रृंखला पर स्थित है? **- नीलगिरी पहाड़ियां**
- कौन-सा (बहुउद्देशीय परियोजना-नदी) सही सुमेलित नहीं है? **- उकाई - बनास**
- कौनसा (जैवमण्डल आगार राज्य) सही सुमेलित नहीं है? **- देहांग देबांग - उत्तराखण्ड**
- भारत का कौनसा जैवभण्ड, विश्व श्रृंखला के जैवभण्डार आरक्षित क्षेत्रों में सम्मिलित नहीं है? **- मानस**
- सही सुमेलित कीजिए

| | |
|---|---|
| खेतड़ी | तांबा |
| गिरीडीह | कोयला |
| सुन्दरगढ़ | लौह अयस्क |
| कोरापुट | बॉक्साइट |

- वातावरण की अवधारणा किस पर निर्भर करती है? **- वातावरण के कुल आयामों पर, रुचि में बदलाव, वैश्विकता**
- नदियों में से कौन-सी एक 'पंचनद' में सम्मिलित नहीं है? **- सिन्धु**
- किस राज्य की सीमा भूटान से नहीं मिलती है? **- मेघालय**
- भारत के कितने राज्य तटरेखा पर स्थित है? **- 9**
- कौन-सा शोध संस्थान - सही सुमेलित नहीं है? **- लकड़ी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान - हैदराबाद** ■

# उत्तर प्रदेश एस.एस.एस.सी. PET परीक्षा
# हल प्रश्न पत्र

**16-10-2022**

**व्याख्यात्मक हल**

**1. निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण के लिए शर्तें निर्धारित की?**

(a) बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970

(b) भारतीय रिजर्व बैंक (सार्वजनिक स्वामित्व में हस्तांतरण) अधिनियम

(c) बैंकिंग विनियमन अधिनियम

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1970 के तहत बैंकों के राष्ट्रीयकरण हेतु शर्तों का निर्धारण किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1969 में देश में 14 बड़े निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का निर्णय लिया था। भारतीय स्टेट बैंक का वर्ष 1955 में राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था।

**2. 1991 में नई आर्थिक नीति (एन.ई.पी.) के तहत उदारीकण और निजीकरण की पहल का प्राथमिक परिणाम निम्नलिखित में से कौन-सा था?**

(a) राजकोषीय नीति सुधार (b) मौद्रिक नीति सुधार

(c) वैश्वीकरण (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** 1991 में नई आर्थिक नीति के तहत उदारीकरण और निजीकरण की पहल का प्राथमिक पहल वैश्वीकरण था। 1991 का संकट अधिक घरेलू मांग के कारण आयात में कमी और चालू खाता घाटे के बढ़ने के कारण हुआ था।

**3. निम्नलिखित में से किसे भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है?**

(a) डॉ. अरुण कृष्णन (b) एम.एस. स्वामीनाथन

(c) वर्गीज कुरियन (d) सैम पित्रोदा

**उत्तरः (b),** भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में एम. एस. स्वामीनाथन को जाना जाता है। भारत में अनाजों के उत्पादन को बढ़ाने हेतु 1960 के दशक में हरित क्रांति का आरंभ हुआ जिसके जनक नॉर्मन बोलॉडा थे तथा बोरलॉग को शांति के नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**4. भारतीय संविधान के लिए DPSP (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) निम्नलिखित में से किस संविधान से प्रेरित थे?**

(a) यू.एस.ए. (b) फ्रांस

(c) आयरलैंड (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** भारत के संविधान में नीति-निदेशक सिद्धांतों की अवधारणा आयरलैंड के संविधान से प्रेरित है। भारत के संविधान के भाग-4 में अनुच्छेद 36-51 तक इन निदेशक सिद्धांतों का उल्लेख है। यह राज्य पर बाध्यकारी नहीं है और न ही न्याययोग्य है, परंतु यह राज्य को कल्याणकारी कार्यों के लिए निर्देश जारी करता है।

**5. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में कौन-सा अधिकार शामिल है?**

(a) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(b) वाक् और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार

(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(d) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

**उत्तरः (d),** भारतीय संविधान के भाग-3 में वर्णित अनुच्छेद -19 एक मौलिक अधिकार है। अनुच्छेद-19 में वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है तथा इसी अनुच्छेद के 19(1) से प्रेस की स्वतंत्रता को समाहित किया गया है। भाग 3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक मौलिक अधिकारों का उल्लेख किया गया है। शोषण के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद 23, 24 में उल्लिखित है तथा अनुच्छेद-32 में संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल है।

**6. संसदीय प्रणाली में कार्यपालिका किसके प्रति उत्तरदायी होती है?**

(a) विधान-मंडल (b) जनता

(c) न्यायपालिका (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** संसदीय प्रणाली में कार्यपालिका विधानमंडल के प्रति उत्तरदायी होती है। इसके विपरीत अध्यक्षीय प्रणाली में राज्य का अध्यक्ष सरकार (कार्यपालिका) का भी अध्यक्ष होता है। संसदीय शासन प्रणाली को उत्तरदायी शासन प्रणाली भी कहा जाता है। संविधान के अनुच्छेद 74 और 75 के अंतर्गत केंद्र में तथा अनुच्छेद 163 और 164 के अंतर्गत राज्यों में संसदीय प्रणाली की व्यवस्था की गई है।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता नहीं है?**

(a) लिखित और विस्तृत संविधान

(b) द्वि-स्तरीय सरकार

(c) एकल नागरिकता

(d) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

**उत्तरः (b),** भारतीय संविधान की विशेषता में द्वि-स्तरीय सरकार की प्रणाली शामिल नहीं है। भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता में लिखित और विस्तृत संविधान, एकल नागरिकता तथा मौलिक अधिकार, एकल न्यायपालिका तथा सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार शामिल है।

**8. एक हॉर्स पॉवर लगभग कितने वाट के बराबर होता है?**

(a) 746 वाट (b) 748 वाट
(c) 756 वाट (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** एक हार्सपावर 746 वाट के बराबर होता है। यह शक्ति के मापन की इकाई है। इस शब्द को 18वीं शताब्दी में परिभाषित किया गया था। जब भाप इंजन का आविष्कार किया गया था।

**9. निम्नलिखित में से कौन-सी एक रासायनिक अभिक्रिया नहीं है?**

(a) कोयले का जलना (b) भोजन का पाचन
(c) कागज का जलना
(d) पानी का भाप में रूपांतरण

**उत्तरः (d),** पानी का भाप में रूपांतरण, रासायनिक अभिक्रिया नहीं है। रासायनिक परिवर्तन के निम्नलिखित उदाहरण हैं-

- कागज का जलना, कोयले का जलना।
- भोजन का पचना
- फलों का सड़ना
- कचरे का अपघटन

भौतिक परिवर्तन के निम्न उदाहरण हैं- दूध का दही जमना, पानी का जमना आदि रासायनिक परिवर्तन में पदार्थ में होने वाला परिवर्तन से नया पदार्थ बनता है।

**10. पायरिया निम्न में से किसका रोग है?**

(a) नाक (b) मसूड़ों
(c) हृदय (d) फेफड़ों

**उत्तरः (b),** पायरिया मसूड़ों में होने वाला रोग है। यह जीवाणुओं के संक्रमण से होने वाला रोग है, जिसे पायरिया एलेवोलारिस के रूप में जाना जाता है। पायरिया के प्रमुख लक्षण में मसूड़ों से खून आना, मवाद निकलना, सांसों की दुर्गंध और ढीले दांत हैं।

**11. फ्लोएम एक ऊतक है, जो निम्नलिखित में से किसमें पाया जाता है?**

(a) पौधों
(b) स्तनधारियों
(c) जानवरों के प्रजनन अंगों
(d) कीटों

**उत्तरः (a),** फ्लोएम ऊतक पौधों में पाया जाता है। जाइलम भी पौधों में पाया जाने वाला ऊतक है। यह दोनों जटिल ऊतक है। समान उत्पत्ति संरचना एवं कार्यों वाली कोशिकाओं के समूह को ऊतक कहते हैं।

- फ्लोएम का मुख्य कार्य पत्तियों द्वारा बनाए गए भोजन को पौधों के अन्य भागों तक पहुंचाना है, जबकि जाइलम जल व खनिज लवणों का संवहन करता है तथा यांत्रिक दृढ़ता प्रदान करता है।

**12. भारत की पंचायती राज व्यवस्था में कितने स्तर हैं?**

(a) एक स्तर (b) तीन स्तर
(c) दो स्तर (d) चार स्तर

**उत्तरः (b),** भारत में पंचायती राजव्यवस्था का स्वरूप त्रिस्तरीय है। इसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति तथा जिला स्तर पर जिला परिषद के गठन की व्यवस्था की गई है। अनुच्छेद 243(च) के अनुसार पंचायत का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष है।

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा एसिड कार बैटरी में प्रयोग किया जाता है?**

(a) एसीटिक एसिड (b) हाइड्रोक्लोरिक एसिड
(c) नाइट्रिक एसिड (d) सल्फ्यूरिक एसिड

**उत्तरः (d),** सल्फ्यूरिक एसिड ($H_2SO_4$) का प्रयोग एसिड कार बैटरी में किया जाता है। इसका अन्य उपयोग प्रयोगशाला में प्रतिकारक के रूप में, रंग उत्पादन में, पेट्रोलियम के शुद्धिकरण में तथा स्टोरेज बैटरी में किया जाता है। हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl) क्लोरीन बनाने में, अम्लराज बनाने में, रंग बनाने में किया जाता है।

**14. 'जागृति' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित शुभंकर है?**

(a) आयकर (b) उपभोक्ता जागरूकता
(c) जलवायु परिवर्तन (d) क्रिप्टो मुद्रा

**उत्तरः (b),** 'जागृति' उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित शुभंकर है। 1985 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा उपभोक्ता सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के दिशा-निर्देशों को अपनाया तथा भारत में उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम 1986 को पारित किया गया, जो COPRA के नाम से प्रसिद्ध है। उपभोक्ता जिन वस्तुओं और सेवाओं को खरीदता है, उसके बारे में सूचना पाने का अधिकार होता है।

**15. महाराष्ट्र में स्थित औरंगाबाद का नया नाम लिखिए।**

(a) संभाजी नगर (b) धुले
(c) धाराशिव (d) सतारा

**उत्तरः (a),** महाराष्ट्र स्थित औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजी नगर कर दिया गया है।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है?**

(a) बांग्लादेश (b) भूटान
(c) नेपाल (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** बांग्लादेश के साथ भारत सर्वाधिक लंबी सीमा रेखा (4,096.7 km) साझा करता है। बांग्लादेश से भारतीय राज्य असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा तथा पश्चिम बंगाल की सीमा लगती है। बांग्लादेश के पश्चात सर्वाधिक सीमा चीन (3,488 km), पाकिस्तान (3]323 km) तथा नेपाल (1751 km) की लगती है।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सी इजराइल की राजधानी है?**

(a) येरूसलेम (b) बगदाद
(c) डबलिन (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** इजरायल की राजधानी येरूशलम है। येरूशलम यहूदी, ईसाई और इस्लाम धर्मों का पवित्र स्थल है। वर्ष 2018 में पश्चिम येरूशलम को इजरायल की राजधानी के रूप में ऑस्ट्रेलिया ने मान्यता दी थी।

**18. 'डाक कर्मयोगी' पोर्टल का उद्देश्य है-**

(a) शिकायत निवारण
(b) लगभग 4 लाख ग्रामीण डाक सेवकों की क्षमताओं में वृद्धि
(c) सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ताओं को पुरस्कार
(d) जनता की भागीदारी

**उत्तरः (b),** 'डाक कर्मयोगी' पोर्टल का उद्देश्य लगभग 4 लाख ग्रामीण डाक सेवाओं की क्षमताओं में वृद्धि करना है। इसे 28 जून, 2022 को लांच किया गया है, जो एक ई-लर्निंग प्लेटफार्म है। यह पोर्टल 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

**19. निम्नलिखित में से किस राज्य में विधान परिषद है?**

(a) झारखंड (b) कर्नाटक
(c) ओडिशा (d) गुजरात

**उत्तरः (b),** कर्नाटक राज्य में विधान परिषद है। वर्तमान में 6 राज्यों उत्तर प्रदेश (99), कर्नाटक (75), महाराष्ट्र (78), बिहार (75), आंध्र प्रदेश (80), तथा तेलंगाना (40) में विधान परिषदें विद्यमान है। इसका सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 30 तथा इसका कार्यकाल 6 वर्ष का होता है। राज्य विधानपरिषद की स्थापना और समाप्ति का प्रावधान अनुच्छेद 169 में दिया गया है।

**20. किस दिन को भारतीय वायु सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है?**

(a) 8 फरवरी (b) 8 सितंबर
(c) 8 अक्टूबर (d) 8 नवंबर

**उत्तरः (c),** 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। आधुनिक भारतीय सेना की स्थापना का इतिहास 8 अक्टूबर, 1932 को ब्रिटिश भारत सरकार द्वारा गठित की गई रॉयल इंडियन एयरफोर्स से तैयार हुई थी।

**21. निम्नलिखित में से किसे भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है**

(a) कूर्ग (b) श्रीनगर
(c) मसूरी (d) दार्जिलिंग

**उत्तरः (a),** कूर्ग को भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। कूर्ग या कोडगु पर्यटन स्थल कर्नाटक राज्य में है। यह पश्चिम घाट के किनारे स्थित है। दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में तथा मसूरी उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं।

**22. -----कला मथुरा से स्टेंसिलिंग की पारंपरिक कला है।**

(a) कजरी
(b) लघु कला
(c) सांझी
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** सांझी कला मथुरा से स्टेंसिलिंग की पारम्परिक कला है। यह ब्रज क्षेत्र की कला एवं श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी हुई है। यह सज्जा या श्रृंगार से निकला है। कजरी पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध लोकगीत है। इसकी उत्पत्ति मिर्जापुर से मानी जाती है तथा यह वर्षा ऋतु का लोकगीत है।

**23. निम्नलिखित में से 2014 में बनाया गया भारत का 29वां राज्य कौन-सा है?**

(a) तेलंगाना (b) झारखंड
(c) उत्तराखंड (d) सिक्किम

**उत्तरः (a),** तेलंगाना का गठन आंध्र प्रदेश से अलग कर एक राज्य के रूप में 2 जून, 2014 को किया गया था। यह देश का 29वां राज्य था, परन्तु वर्तमान में भारत में कुल 28 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेश हैं। तेलंगाना राज्य का निर्माण श्रीकृष्ण समिति की सिफारिश पर की गई थी।

**24. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने प्रसिद्ध पुस्तक ''द स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रूथ'' लिखी है?**

(a) महर्षि दयानंद सरस्वती (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) महात्मा गांधी (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

**उत्तरः (c),** द स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रूथ या 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' नामक प्रसिद्ध पुस्तक के रचयिता महात्मा गांधी थे। जवाहरलाल नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ इंडिया नामक पुस्तक लिखा था। वल्लभभाई पटेल को लौहपुरुष के नाम से जाना जाता है।

**25. वायुमण्डल में ग्रीनहाउस गैसें पृथ्वी के अधिकांश उत्सर्जित ........... को अवशोषित करती हैं, जो निचले वायुमण्डल को गर्म करती हैं।**

(a) पराबैंगनी विकिरण
(b) अवरक्त विकिरण
(c) दृश्यमान प्रकाश
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (b),** वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसें पृथ्वी के अधिकांश उत्सर्जित अवरक्त विकिरण को अवशोषित करती है। यह विकिरण निचले वायुमंडल को गर्म करती है।

**26. वॉलीबाल निम्नलिखित में से किस देश का राष्ट्रीय खेल है?**

(a) इंडोनेशिया (b) नेपाल
(c) अर्जेंटीना (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (d),** वॉलीबाल दिए गए विकल्पों में से किसी भी देश का राष्ट्रीय खेल नहीं है।

**27. गौतम बुद्ध को ज्ञान किस नदी के तट पर प्राप्त हुआ था?**

(a) गंगा (b) गंडक
(c) पुनपुन (d) निरंजना

**उत्तरः (d),** गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति बोधि वृक्ष के नीचे निरंजना नदी के तट पर हुआ था। बुद्ध के गृह त्याग की घटना महाभिनिष्क्रमण कहलाती है तथा ज्ञान प्राप्ति के पश्चात बुद्ध को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने अपना पहला प्रवचन सारनाथ में दिया था।

**28. हर्षवर्द्धन के शासन के दौरान निम्नलिखित में से थानेश्वर राजधानी को कहां स्थानांतरित किया गया था?**

(a) कन्नौज (b) पाटलिपुत्र
(c) मगध (d) कुरुक्षेत्र

**उत्तरः (a),** हर्षवर्द्धन के शासनकाल में थानेश्वर से कन्नौज राजधानी का हस्तांतरण हुआ था। हर्षवर्द्धन पुष्भूति वंश का शासक था तथा इसके काल में ह्वेनसांग ने भारत की यात्रा की थी।

- राज्यवर्द्धन की मृत्यु के बाद 606 ई. में 16 वर्ष की अवस्था में हर्षवर्द्धन थानेश्वर की गद्दी पर बैठा था।

**29. निम्नलिखित में से किस सेना की ताकत छापामार (गुरिल्ला) रणनीति थी?**

(a) मराठा (b) ब्रिटिश
(c) मुगल (d) नायक

**उत्तरः (a),** मराठा सेना की ताकत छापामार या गुरिल्ला पद्धति थी।

**30. हड़प्पा सभ्यता के दौरान डांसिंग गर्ल (नर्तकी) की कांस्य प्रतिमा बनाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया गया था।**

(a) पत्थर की नक्काशी (b) हाथीदांत नक्काशी
(c) लकड़ी की नक्काशी (d) मोम लोपी ढलाई (कास्टिंग)

**उत्तरः (d),** हड़प्पा सभ्यता के दौरान डांसिंग गर्ल की कांस्य प्रतिमा बनाने के लिए मोप लीपी ढलाई (कास्टिंग) का प्रयोग किया जाता था।

**31. पूर्ण स्वराज की मांग करने वाले प्रथम कार्यकर्त्ता का नाम लिखिए।**

(a) मघफूर अहमद अजाजी (b) बिपिन चंद्र पाल
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) हसरत मोहानी

**उत्तरः (d),** पूर्ण स्वराज की मांग करने वाले प्रथम कार्यकर्त्ता का नाम हसरत मोहानी था। कांग्रेस ने 1929 ई. के लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' को अपना लक्ष्य घोषित किया था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता नेहरू ने किया था। 31 दिसंबर, 1929 ई. की रात के 12 बजे जवाहरलाल नेहरू ने रावी नदी के तट पर नवगृहित तिरंगे झण्डे को फहराया था।

**32. निम्नलिखित में से किसे स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख कारण माना जाता है?**

(a) महिला शिक्षा के बजाय पुलिस और रेलवे के लिए वित्त पोषण
(b) कलकत्ता निगम अधिनियम, 1899
(c) बंगाल को विभाजित करने का निर्णय
(d) पंजाब भूमि हस्तांतरण अधिनियम 1900

**उत्तरः (c),** बंगाल विभाजन के विरोध में 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता के टाउन हॉल में स्वदेशी आन्दोलन की घोषणा की गई थी। लॉर्ड कर्जन द्वारा 20 जुलाई, 1905 ई. को बंगाल विभाजन का निर्णय की घोषणा की गई तथा यह 16 अक्टूबर, 1905 से प्रभावी हुआ था।

**33. ब्रिटिश ने निम्नलिखित में से किस भाषा को भारतीय समाज में प्रस्तुत करने की उत्सुकता दिखाई?**

(a) संस्कृत (b) हिंदी
(c) अंग्रेजी (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** ब्रिटिश सरकार द्वारा अंग्रेजी भाषा को भारतीय समाज में लागू करने की उत्सुकता दिखाई थी तथा लॉर्ड मैकाले भारत में अंग्रेजी शिक्षा का कट्टर समर्थक था।

**34. भारत सरकार अधिनियम 1935 के प्रावधानों में ब्रिटिश सरकार के अंतिम अधिकार का एक उदाहरण कौन-सा था?**

(a) प्रांतीय सरकारों पर गवर्नर के लिए विशेष शक्तियां
(b) प्रांतीय स्तर पर द्वैधशासन का उन्मूलन
(c) संघीय बैंक की स्थापना
(d) शक्ति का विभाजन

**उत्तरः (a),** प्रांतीय सरकारों पर गवर्नर के लिए विशेष शक्तियों का प्रावधान भारत सरकार अधिनियम 1935 के प्रावधानों में ब्रिटिश सरकार के अंतिम अधिकार का उदाहरण है। इस अधिनियम में एक अखिल भारतीय संघ, प्रांतीय स्वायत्तता तथा केंद्र में द्वैध शासन की स्थापना का प्रावधान शामिल था।

**35. फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई थी?**

(a) महात्मा गांधी
(b) सुभाष चंद्र बोस
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (b),** फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना 1939 में सुभाष चन्द्र बोस के द्वारा किया गया था। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक (ओडिशा) में हुआ था। फॉरवर्ड ब्लॉक कांग्रेस के अंदर ही एक गुट था। उन्होंने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान 'फ्री इंण्डियन लीजन' नामक सेना का गठन किया था।

**36. खिलाफत मुद्दे को उठाने के महात्मा गांधी के निर्णय के पीछे मुख्य कारण था-**

(a) हिंदुओं और मुसलमानों के बीच अधिक एकता लाने के लिए।
(b) ईसाइयों और मुसलमानों के बीच अधिक एकता लाने के लिए।
(c) हिंदुओं और ईसाइयों के बीच अधिक एकता लाने के लिए।
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** खिलाफत आन्दोलन के मुद्दे को उठाने का मुख्य कारण यह था कि गांधीजी हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच अधिक एकता लाना चाहते थे। खिलाफत आन्दोलन भारतीय मुसलमानों का मित्र राष्ट्रों के विरुद्ध विशेषकर ब्रिटेन के खिलाफ टर्की के खलीफा में समर्थन में आन्दोलन था। 17 अक्टूबर, 1919 को समूचे देश में खिलाफत दिवस मनाया गया था।

**37. भारत में निम्नलिखित में से किस स्थान पर दिन और रात के तापमान में व्यापक अंतर पाया जा सकता है?**

(a) थार मरुस्थल
(b) केरल
(c) अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह
(d) गोवा

**उत्तरः (a),** थार मरुस्थल में दिन-रात के तापमान में व्यापक अंतर पाया जाता है। थार मरुस्थल उष्ण मरुस्थल है। यहां वर्षा 15 सें.मी. से भी कम वार्षिक वर्षा होती है। राजस्थान के चार जिले श्रीगंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर तथा बीकानेर इसके अंतर्गत शामिल हैं।

**38. विश्व को कितने प्रमुख काल क्षेत्रों (टाइम जोन) में विभाजित किया गया है?**

(a) 12 (b) 30
(c) 24 (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** विश्व को कुल 24 प्रमुख टाइम जोन में विभाजित किया गया है। भारत में समय का निर्धारण $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशांतर जो इलाहाबाद के नैनी से गुजरती है, को आधार मानकर निकाला जाता है।

**39. निम्नलिखित में से कौन जनसंख्या परिवर्तन का घटक नहीं है?**

(a) रुग्णता (b) प्रवसन
(c) मृत्यु (d) जन्म

**उत्तरः (a),** रुग्णता, जनसंख्या परिवर्तन का घटक नहीं है। जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक (1) जन्म, (2) मृत्यु, (3) प्रवासन जनसंख्या अध्ययन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। जनसांख्यिकी शब्द ग्रीक शब्द 'डेमोस' और 'ग्राफी' से लिया गया है, जिसका अर्थ है, जनसंख्या और विज्ञान।

**40. लक्षद्वीप की राजधानी निम्नलिखित में से कौन-सी है?**

(a) कवरत्ती (b) आइजॉल
(c) सिलबासा (d) पोर्टब्लेयर

**उत्तरः (a),** लक्षद्वीप की राजधानी कवरत्ती है। अन्य केंद्र शासित प्रदेश की राजधानी है।

| केंद्रशासित प्रदेश | राजधानी |
|---|---|
| ● लद्दाख | लेह |
| ● जम्मू-कश्मीर | श्रीनगर |
| ● अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह | पोर्टब्लेयर |

**41. ''स्थिरता के साथ विकास'' के उद्देश्य से निम्नलिखित में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना शुरू की गई थी?**

(a) चौथी पंचवर्षीय योजना
(b) छठी पंचवर्षीय योजना
(c) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(d) पांचवीं पंचवर्षीय योजना

**उत्तरः (a),** स्थिरता के साथ विकास चौथी पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य था। चौथी पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 1969-74 ई. था। यह योजना डी.आर. गाडगिल मॉडल पर आधारित था। इस योजना में भारत की कृषि वृद्धि दर सर्वाधिक थी। श्वेत क्रांति इसी योजना काल में प्रारंभ की गई थी।

**42. निम्नलिखित में से किसमें व्यक्तियों या व्यक्तियों के समूह के स्वामित्व वाले व्यवसाय शामिल हैं?**

(a) सार्वजनिक क्षेत्र
(b) राज्य के स्वामित्व वाले उद्यम
(c) निजी क्षेत्र
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** निजी क्षेत्र में व्यक्तियों या व्यक्तियों के समूह के स्वामित्व वाले व्यवसाय को शामिल किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र में सामुदायिक अधिकार या सरकार का अधिकार होता है।

**43. उस जंगल का नाम बताइए, जिसे ''पृथ्वी ग्रह के फेफड़े'' के रूप में जाना जाता है।**

(a) टैगा वन
(b) टुंड्रा वन
(c) अमेजन वर्षा वन
(d) उत्तर-पूर्वी भारत के वर्षा वन

**उत्तरः (c),** 'अमेजन वर्षा वन' को 'पृथ्वी ग्रह के फेफड़े' के रूप में जाना जाता है। अमेजन वर्षा वन उष्ण कटिबंधीय वर्षावन है। यह उत्तरी-दक्षिण अमेरिका में अमेजन नदी और इसकी सहायक नदियों के बेसिन में मौजूद है। इस तरह के वन एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका में पाए जाते हैं।

**44. सरकारिया आयोग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(a) चुनाव सुधारों
(b) केंद्र और राज्य संबंध
(c) भारत में प्रेस की स्वतंत्रता
(d) बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र

**उत्तरः (b),** सरकारिया आयोग का गठन 1983 में केंद्र राज्य संबंधों पर सिफारिश प्रस्तुत करने हेतु तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग के अन्य सदस्यों में वी. शिवरामन और एम.आर. सेन थे। अप्रैल 2007 में केंद्र-राज्य संबंधों पर पूंजी आयोग का गठन किया गया था।

**45. प्रकाश वर्ष ................. का एक माप है।**

(a) इनमें से कोई नहीं
(b) हवाई जहाजों की गति
(c) प्रकाश की गति
(d) तारकीय दूरी

**उत्तरः (c),** प्रकाश वर्ष का प्रयोग बहुत लम्बी दूरियों को मापने के लिए किया जाता है अर्थात 1 प्रकाशवर्ष = $9.46 \times 10^{15}$ मीटर है। दूरी मापने की सबसे बड़ी इकाई पारसेक है। 1 पारसेक = 3.26 प्रकाशवर्ष = $3.08 \times 10^{16}$ मीटर होता है।

**46. 'जजिया' फिर से लगाने वाले मुगल शासक का नाम लिखिए।**

(a) इनमें से कोई नहीं (b) औरंगजेब
(c) जहांगीर (d) हुमायूं

**उत्तरः (b),** जजिया कर लगाने वाला मुगल शासक औरंगजेब था, उसने 1679 ई. में जजिया कर को पुनः लागू किया था। औरंगजेब सुन्नी धर्म को मानता था तथा इसे जिंदा पीर कहा जाता था। अकबर ने 1562 में दासप्रथा का अंत किया तथा 1563 ई. में जजिया कर को समाप्त किया था। ■■

# समसामयिक प्रश्न

**26 जनवरी से 25 फरवरी तक के घटनाक्रम पर आधारित**

**1. विश्व बैंक की Global Economic Prospects Report के अनुसार, 2023-24 में भारत की अपेक्षित आर्थिक वृद्धि कितनी है?**
(a) 5.9 (b) 6.6 %
(c) 4.8 (d) 7.2

**2. स्कॉर्पीन क्लास की पांचवीं स्टेल्थ सबमरीन का नाम क्या है, जिसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है?**
(a) INS वेला (b) INS वागीर
(c) INS करंज (d) INS खन्देरी

**3. किस राज्य ने बिजली वितरण नेटवर्क में सुधार के लिए ADB के साथ 2275 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं?**
(a)मेघालय (b)मणिपुर
(c)नागालैंड (d) त्रिपुरा

**4. भारतीय सेना ने कहाँ पहली बार 3D प्रिंटेड हाउस ड्वेलिंग यूनिट का उद्धघाटन किया है?**
(a) अहमदाबाद (b) नागपुर
(c) बेंगलुरु (d) पणजी

**5. शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) फिल्म फेस्टिवल 2023 कहाँ आयोजित की गई है?**
(a) दिल्ली (b) टोक्यो
(c) शंघाई (d) मुंबई

**6. सूर्य का अवलोकन करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष मिशन का नाम क्या है?**
(a) आदित्य-L1 (b) हेलियोस 2 सोलर प्रोब
(c) विंड (d) हिनोड

**7. अमेरिका बेस्ड हिंडनबर्ग रिसर्च (Hindenburg Research) ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमें किस व्यापार समूह पर स्टॉक हेरफेर का आरोप लगाया गया है?**
(a) अदानी समूह (b) रिलायंस समूह
(c) टाटा समूह (d) बिड़ला समूह

**8. अंडर-19 भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने किस देश को हराकर अपना पहला ICC टी20 विमेंस वर्ल्ड कप जीत लिया है?**
(a) बांग्लादेश (b) श्रीलंका
(c) इंग्लैंड (d) पाकिस्तान

**9. किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने प्रदूषण से निपटने के लिए 'Real&time source apportionment supersite' लॉन्च की?**
(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) राजस्थान (d) नई दिल्ली

**10. 'निधि आपके निकट' किस संस्था का आउटरीच कार्यक्रम है?**
(a) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)
(b) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)
(c) नीति आयोग
(d) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)

**11. किस देश के द्वारा अपने देश के 37 शहरों में मार्शल लॉ घोषित किया गया है?**
(a) बांग्लादेश (b) श्रीलंका
(c) भूटान (d) म्यांमार

**12. मैनुएला रोका बोटी को किस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है?**
(a) इक्वेटोरियल गिनी (b) तंजानिया
(c) केन्या (d) युगांडा

**13. किस मंत्रालय ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के तहत युवा संगम पोर्टल के साथ पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया है?**
(a) खेल एवं युवा मंत्रालय
(b) सूचना-प्रसारण मंत्रालय
(c) सूचना प्रोद्योगीकी मंत्रालय
(d) शिक्षा मंत्रालय

**14. किस भारतीय संगीतकार को 2023 में ग्रैमी पुरस्कार प्रदान किया गया है?**
(a) रवि शंकर (b) रिकी केज
(c) ए. आर. रहमान (d) शिव कुमार शर्मा

**15. किस भारतीय-अमेरिकी छात्रा को हार्वर्ड लॉ रिव्यू का 137वां अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है?**
(a) अप्सरा अय्यर (b) नताशा पेरियानयागम
(c) समध सक्सेना (d) अनुष्का शंकर

**16. जैवविविधता अधिनियम के तहत किस झील को लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल घोषित किया गया है?**

(a) त्सो मोरीरी झील (b) पैंगोंग झील
(c) याया त्सो झील (d) कीगर त्सो

**17. 'डिजिटल पेमेंट उत्सव' किस मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी एक पहल है?**
(a) वित्त मंत्रालय
(b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(c) इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(d) शिक्षा मंत्रालय

**18. भारत ने तुर्किये और सीरिया में हाल ही में आये भूकंप के कारण, प्रभावित लोगों की मदद के लिए कौन-सा अभियान चलाया है?**
(a) ऑपरेशन दोस्त
(b) ऑपरेशन मदद
(c) ऑपरेशन रक्षा
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**19. निसार (NISAR) इसरो और किस अन्य देश की अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक पृथ्वी-अवलोकन उपग्रह है?**
(a) अमेरिका (b) फ्रांस
(c) रूस (d) ईरान

**20. क्रिस हिपकिंस किस देश के 41वें प्रधानमंत्री बने हैं?**
(a) कनाडा (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) न्यूजीलैंड (d) मालदीव

**21. FAO के के अनुसार, कौन सा देश दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है?**
(a) डेनमार्क (b) भारत
(c) कनाडा (d) ब्राजील

**22. 5वें 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर कौन रहा?**
(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) राजस्थान (d) महाराष्ट्र

**23. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने किस राज्य में 5.9 मिलियन टन के लीथियम भंडार का पता लगाया है?**
(a) झारखण्ड (b) ओडिशा
(c) छतीसगढ़ (d) जम्मू और कश्मीर

**24. देश की पहली मोहल्ला लोक अदालत का आयोजन किस राज्य के पांच जिलों में एकसाथ किया गया?**
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) बिहार
(c) छत्तीसगढ़ (d) दिल्ली

**25. विश्व का पहला सुपर मैग्नेट Demo4 किस देश के द्वारा विकसित किया गया है?**
(a) अमेरिका (b) ब्रिटेन
(c) चीन (d) जापान

**26. भारत सरकार ने मैंग्रोव वृक्षारोपण के लिए केंद्रीय बजट 2023 में किस योजना की घोषणा की गई है?**
(a) आत्मनिर्भर बागवानी स्वच्छ पौधा कार्यक्रम
(b) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल
(c) मिष्टी योजना
(d) वेटलैंड रेस्टोरेशन योजना

**27. किस राज्य सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल, ''फैमिली आईडी - वन फैमिली वन आइडेंटिटी'' लॉन्च किया है?**
(a) मध्य प्रदेश (b) बिहार
(c) उत्तर प्रदेश (d) राजस्थान

**28. ग्लोबल क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स (जीक्यूआईआई) 2021 में भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के तहत भारत की राष्ट्रीय मान्यता प्रणाली (India's accreditation system) को विश्व में किस स्थान पर रखा गया है?**
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**29. द इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट 17-18 फरवरी 2023 को कहाँ आयोजित किया गया?**
(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) राजस्थान (d) नई दिल्ली

**30. भारतीय मूल के किस अमेरिकी को यूट्यूब का नया सीईओ नियुक्त किया गया है?**
(a) सुंदर पिचाई (b) सत्य नडेला
(c) नील मोहन (d) अरविंद कृष्ण

**31. स्विस एयर ट्रैकिंग इंडेक्स IQAir (रियल टाइम वर्ल्ड वाइड एयर क्वालिटी मॉनिटर) के अनुसार विश्व का दूसरा सबसे बड़ा प्रदूषित शहर कौन है?**
(a) लाहौर (b) दिल्ली
(c) काबुल (d) मुंबई

**32. वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम किस देश में बना हुआ है?**
(a) फ्रांस (b) भारत
(c) जर्मनी (d) रूस

**33. किस अफ्रीकी देश में मारबर्ग वायरस (Marburg Virus) तेजी से फैल रहा है?**
(a) केन्या (b)युगांडा
(c) तंजानिया (d) इक्वेटोरियल गिनी

**34. T20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाली भारत की पहली गेंदबाज कौन बन गयी है?**
(a) मिताली राज (b) पूनम यादव
(c) हरमनप्रीत कौर (d) दीप्ति शर्मा

**35. जस्टिस सोनिया गोकानी किस राज्य की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनीं हैं?**
(a) केरल (b) महाराष्ट्र
(c) गुजरात (d) गोवा

**36. किस राज्य में पर्यटन सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए कई जिलों में धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर टूरिस्ट पुलिस थानों का उद्घाटन किया गया है?**
(a) आंध्र प्रदेश (b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

**37. 17- 18 फरवरी 2023 को द इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट में कहाँ आयोजित किया गया?**
(a) मुंबई (b) नागपुर
(c) लुधियाना (d) नई दिल्ली

**38. किस देश ने 18 फरवरी 2023 को भारत से फ्रोजन सीफूड के आयात पर वर्ष 2022 में लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया?**
(a) ओमान (b) फ्रांस
(c) कतर (d) जापान

**39. हाल ही में भारत किस देश के साथ क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी की शुरुआत की है?**
(a) श्रीलंका (b) सिंगापुर
(c) जापान (d) मालदीव

**40. हाल ही में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (Archaeological Survey of India) ने देश में कितने स्थानों पर खुदाई के लिए मंजूरी दी है?**
(a) 47 (b) 52
(c) 65 (d) 72

**41. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22वें विधि आयोग के कार्यकाल को 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया है। 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?**
(a) न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी
(b) बलबीर सिंह चौहान
(c) न्यायमूर्ति रवि आर.त्रिपाठी
(d) एस.शिव कुमार

**42. 2022 में किस देश की प्रजनन दर दुनिया में सबसे कम 0.78 है?**
(a) रुस (b) ब्राजील
(c) सिंगापुर (d) दक्षिण कोरिया

**43. किस देश ने 'कमर्शियल आर्म्स ट्रांसफर (CAT) पॉलिसी' लॉन्च की है?**
(a) अमेरिका (b) चीन
(c) फ्रांस (d) जर्मनी

**44. 44. किस देश ने 'National Green Fiscal Incentives Policy Framework' लॉन्च किया?**
(a) तंजानिया (b) केन्या
(c) युगांडा (d) इटली

**45. अल्ट्रासैट, किस देश का पहला टेलीस्कोप मिशन है?**
(a) जापान (b) रुस
(c) इजरायल (d) ब्रिटेन

**46. 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2023' कब मनाया गया ?**
(a) 5 फरवरी (b) 20 जनवरी
(c) 5 जनवरी (d) 21 फरवरी

**47. हाल ही में खबरों में रही 'न्यू स्टार्ट ट्रीटी' किन दो देशों के बीच की संधि है?**
(a) अमेरिका-रूस (b) ब्रिटेन-रुस
(c) अमेरिका-चीन (d) ब्रिटेन-चीन

**48. किस फिल्म को 76वें ब्रिटिश अकादमिक फिल्म पुरस्कार-बाफ्टा पुरस्कार में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया है?**
(a) द बंशीज ऑफ इनिशेरिन
(b) ऑल क्वीट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट
(c) गिलर्मो डेल टोरो पिनोचियो
(d) एवेर्थिंग एवेर्व्हेर ऑल एट वन्स

**49. 'Global Labour Resilience Index 2023' के अनुसार, किस क्षेत्र में सबसे अधिक श्रम बाजार लचीलापन है?**
(a) उत्तरी अमेरिका (b) दक्षिण अमेरिका
(c) पूर्वी यूरोप (d) ऑस्ट्रेलिया

**50. अमृत नगरोत्थान योजना (Amrutha Nagarothana Scheme) किस राज्य में लागू है?**
(a) राजस्थान (b) केरल
(c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

## उत्तरमाला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (b) | 2 (b) | 3 (d) | 4 (a) | 5 (d) |
| 6 (a) | 7 (a) | 8 (c) | 9 (d) | 10 (a) |
| 11 (d) | 12 (a) | 13 (d) | 14 (b) | 15 (a) |
| 16 (c) | 17 (c) | 18 (a) | 19 (a) | 20 (c) |
| 21 (b) | 22 (d) | 23 (d) | 24 (c) | 25 (b) |
| 26 (c) | 27 (c) | 28 (a) | 29 (d) | 30 (c) |
| 31 (d) | 32 (b) | 33 (d) | 34 (d) | 35 (c) |
| 36 (a) | 37 (d) | 38 (c) | 39 (b) | 40 (a) |
| 41 (a) | 42 (d) | 43 (a) | 44 (b) | 45 (c) |
| 46 (d) | 47 (a) | 48 (b) | 49 (a) | 50 (d) |